बीजगणितम् ।

श्रीमद्भास्कराचार्यैः प्रणीतम् ।

जयपुरमहाराजाश्रितेन संस्कृतपाठशालाध्यक्षेण

श्रीदुर्गाप्रसादद्विवेदेन

कृताभ्यां संस्कृत-हिन्दीभाषाव्याख्याभ्यां

समलंकृतम् ।

तच्च

द्वितीयावृत्तौ

लक्ष्मणपुरे

मनोहरलालभार्गवसुपरिंटेंडेंटस्य प्रबन्धेन

नवलकिशोरयन्त्रालये मुद्रितम् ।

१९१७ ई०

ॐ नमः शिवाय ।

अथ तत्र भवद्भिः श्री ६ भास्कराचार्यैः प्रणीतस्य
बीजगणितस्य

भूमिका ।

अयि गणितानुरागिणः ! लीलावतीसंज्ञितं व्यक्तगणितं संस्कृत-हिन्दीभाषालेखाभ्यां प्राग् व्याख्यातमस्माभिरिति प्रसिद्धं तावत् । यदनन्तरमेवास्या लीलावत्या द्वित्रा हिन्दीटीका मोहमय्यादिनगर्यां प्रकाशिता इति श्रूयते । संप्रति बीजसंज्ञितमव्यक्तगणितं तथा प्राग् व्याख्यातमेव यथास्थानं परिवर्त्य परिष्कृत्य च प्रकाशितम् । अपि चेदानीमहरहः पाश्चात्त्यनूतनसंकेतेनैव भारतीयगणितोपपत्तीनामुल्लेखो बोभूयते, तत्रैव पुनर्नव्यगाणितिकानां सानुरागा प्रवृत्तिरुपचीयते; तावता मन्ये कतिपयसमयेन प्राचीनगणितप्रक्रिया लुप्ता भविष्यतीति ।

---

१ प्राचीन शिलालेख अथवा ताम्रपत्रों में कहीं कहीं बीजगणित के अनुसार संवत् शक आदिका लेख रहता है, इसलिये पुरातत्त्व ढूंढ़नेवालों को इस गणित में भी परिचय रखना आवश्यक है। उदाहरण—

'यस्मिन्नह्नि चतुर्षु पक्षतिथिवारर्क्षेषु पक्षो नग-
त्रिघ्नोऽन्यैस्त्रिभिरन्वितः स्मृतिलवः स्यात्सहित्रिशाकस्य सः ।
नन्दघ्नस्तिथिरन्ययुक् सच लवो विश्वघ्नवारोऽन्ययुग्
वा तत्त्वघ्नभमन्ययुक्तमथवैषास्योद्धृतौ स्यान्मितिः ॥

यहां शक, पक्ष, तिथि, वार और नक्षत्र के मान क्रम से उनके आद्यवर्ण कल्पना करने से शक आदि के मान ये सिद्ध होते हैं— $\frac{१ति}{६प}$, $\frac{२वा}{१ति}$, $\frac{२न}{१वा}$ फिर कुट्टक द्वारा नक्षत्र का मान ३ रूप जानकर शक आदिकों में उत्थापन देने से यह समय ज्ञात होता है—शक=१६९४ पक्ष=२ तिथि=१२ वार=६ और नक्षत्र ३ अर्थात् शालिवाहन शक १६९४ वैशाख शुक्ल द्वादशी शुक्रवार कृत्तिका नक्षत्र ।

उक्त श्लोक जयपुर—यन्त्रालय के 'दक्षिण गोलयन्त्र' पर जो श्लोक खुदे हैं उनमें से सातवां श्लोक है । इसका संशोधन और गणित हमारे प्रिय शिष्य श्रीमाधवशास्त्री पुरोहित ने किया है ।

सेयं गणितशैली भारतीयैर्दत्तहस्तावलम्बा लुप्ता माभूद् एतदर्थमत्र विशिष्य प्राचीनपरिपाट्या गणितजातं विश्वविद्यालयच्छात्रतुष्ट्यै प्रादर्शि। किं बहुना, यथा विस्मृतबीजगणितानामपि ग्रन्थपाठमात्रेणाधीतस्मरणं स्याद्, यथा वा परीक्षाकामुकानां गणितकरणमन्तरेण बोधः स्यात्, तथात्र प्रयत्नोऽकारि। भवति चात्र श्लोकः—

अत्युत्तानतरप्रमेयरचनापारम्परीबन्धुरं
स्पष्टोदाहरणक्रमं क्वचिदहो नूत्नक्रियामांसलम्।
एवं बालकबोधसाधनकृते टीकान्तरेभ्योऽधिकं
भाषाभाष्यमिदं पठन्तु गणका व्युत्पत्तिसंपत्तये॥

एतदेव श्रीमद्भास्करीयं बीजगणितं संप्रति सर्वत्र पठनपाठनव्यवहारेषु प्रवर्तते। श्रीधरपद्मनाभबीजे तु नामतो ज्ञायेते। यद् ब्रह्मगुप्तबीजं ब्राह्मस्फुटसिद्धान्तान्तर्गतं दृश्यते, तत्तु शब्दार्थतः संकुचितमेव। एकं बीजं ज्ञानराजदैवज्ञैरुपनिबद्धं तदपि स्वल्पम्। एवं नारायणीयबीजमपीति दिक्।

बीजगणिते प्रसङ्गादुद्धृतानि प्राचां वाक्यानि यथा—

(१) द्वौ राशी क्षिपेत्तत्र (इष्टहतेऽधोराशौ) पृ. १३८ ।
(२) 'पञ्चकशतदत्तधनात्—' पृ. २४६ ।
(३) 'चतुराहतवर्गसमैः—' श्रीधराचार्यसूत्रम् । पृ. ३०९ ।
(४) 'व्यक्तपक्षस्य चेन्मूलं—' पद्मनाभबीजे । पृ. ३३८ ।
(५) 'राशिक्षेपाद् वधक्षेपः—' पृ. ३४२ ।
(६) 'त्रिभिः पारावताः पञ्च—' पृ. ३८५ ।
(७) 'निराधारा क्रिया यत्र—' पृ. ४३८ ।
(८) 'षडष्टशतकाः क्रीत्वा—' पृ. ४३९ ।
(९) 'आलापो मतिरमला—' पृ. ४४१ ।
(१०) 'राशियोगकृतिः—' पृ. ४६६ ।
(११) 'यत्स्यात्साल्पवधार्धतः—' पृ. ४९९ ।
(१२) 'राश्योर्ययोः कृतियुतिवियुती—' पृ. ५१९ ।
(१३) 'को राशिस्त्रिभिरभ्यस्तः—' पृ. ५३० ।
(१४) 'हरभक्ता यस्य कृतिः—' पृ. ५३८ ।

आशासे मदीयेनानेन प्रयत्नेन गणितप्रणयिनः सफलसमीहिता भविष्यन्तीति ।

जयपुरम्.
चैत्र कृ. ८ शुक्रे.
वि० सं० १९७३.

दुर्गाप्रसादद्विवेदी ।

ॐ नमः शिवाय ।

अथ तत्र भवद्भिः श्री ६ भास्कराचार्यैः प्रणीतस्य

बीजगणितस्य

भूमिका ।

अयि गणितानुरागिणः ! लीलावतीसंज्ञितं व्यक्तगणितं संस्कृत-हिन्दीभाषालेखाभ्यां प्राग् व्याख्यातमस्माभिरिति प्रसिद्धं तावत् । यदनन्तरमेवास्या लीलावत्या द्वित्रा हिन्दीटीका मोहमय्यादिनगर्यां प्रकाशिता इति श्रूयते । संप्रति बीजसंज्ञितमव्यक्तगणितं तथा प्राग् व्याख्यातमेव यथास्थानं परिवर्त्य परिष्कृत्य च प्रकाशितम् । अपि चेदानीमहरहः पाश्चात्यनूतनसंकेतेनैव भारतीयगणितोपपत्तीनामुल्लेखो बोभूयते, तत्रैव पुनर्नव्यगाणितिकानां सानुरागा प्रवृत्तिरुपचीयते; तावता मन्ये कतिपयसमयेन [1]प्राचीनगणितप्रक्रिया लुप्ता भविष्यतीति ।

---

१ प्राचीन शिलालेख अथवा ताम्रपत्रों में कहीं कहीं बीजगणित के अनुसार संवत् शक आदिका लेख रहता है, इसलिये पुरातत्त्व ढूंढ़नेवालों को इस गणित में भी परिचय रखना आवश्यक है । उदाहरण—

> ' यस्मिन्नह्नि चतुर्षु पक्षतिथिवारर्क्षेषु पक्षो नग-
> त्रिघ्नोऽन्यैस्त्रिभिरन्वितः स्मृतिलवः स्यात्साष्टिशाकस्य सः ।
> नन्दघ्नस्तिथिरन्ययुक् स च लवो विश्वघ्नवारोऽन्ययुग्
> वा तत्त्वघ्नभमन्ययुक्तमथवैषास्योद्धृतौ स्यान्मितिः ॥

यहां शक, पक्ष, तिथि, वार और नक्षत्र के मान क्रम से उनके आद्यवर्ण कल्पना करने से शक आदि के मान ये सिद्ध होते हैं— $\frac{१ति}{६प}$, $\frac{२वा}{१ति}$, $\frac{२न}{१वा}$ फिर कुट्टक द्वारा नक्षत्र का मान ३ रूप जानकर शक आदिकों में उत्थापन देने से यह समय ज्ञात होता है—शक=१६६४ पक्ष=२ तिथि=१२ वार=६ और नक्षत्र ३ अर्थात् शालिवाहन शक १६६४ वैशाख शुक्ल द्वादशी शुक्रवार कृत्तिका नक्षत्र ।

उक्त श्लोक जयपुर-यन्त्रालय के 'दक्षिण गोलयन्त्र' पर जो श्लोक खुदे हैं उनमें से सातवां श्लोक है । इसका संशोधन और गणित हमारे प्रिय शिष्य श्रीमाधवशास्त्री पुरोहित ने किया है ।

सेयं गणितशैली भारतीयैर्दत्तहस्तावलम्बा लुप्ता माभूद् एतदर्थमत्र विशिष्य प्राचीनपरिपाट्या गणितजातं विश्वविद्यालयच्छात्रतुष्ट्यै प्रादर्शि। किं बहुना, यथा विस्मृतबीजगणितानामपि ग्रन्थपाठमात्रेणा-धीतस्मरणं स्याद्, यथा वा परीक्षाकामुकानां गणितकरणमन्तरेण बोधः स्यात्, तथात्र प्रयत्नोऽकारि। भवति चात्र श्लोकः—

अत्युत्तानतरप्रमेयरचनापारम्परीबन्धुरं
स्पष्टोदाहरणक्रमं क्वचिदहो नूत्नक्रियामांसलम्।
एवं बालकबोधसाधनकृते टीकान्तरेभ्योऽधिकं
भाषाभाष्यमिदं पठन्तु गणका व्युत्पत्तिसंपत्तये॥

एतदेव श्रीमद्भास्करीयं बीजगणितं संप्रति सर्वत्र पठनपाठन-व्यवहारेषु प्रवर्तते। श्रीधरपद्मनाभबीजे तु नामतो ज्ञायेते। यद् ब्रह्मगुप्तबीजं ब्राह्मस्फुटसिद्धान्तान्तर्गतं दृश्यते, तत्तु शब्दार्थतः संकुचितमेव। एकं बीजं ज्ञानराजदैवज्ञैरुपनिबद्धं तदपि स्वल्पम्। एवं नारायणीयबीजमपीति दिक्।

बीजगणिते प्रसङ्गादुद्धृतानि प्राचां वाक्यानि यथा—

(१) द्वौ राशी क्षिपेत्तत्र (इष्टहतेऽधोराशौ) पृ. १३८।
(२) 'पञ्चकशतदत्तधनात्—' पृ. २४६।
(३) 'चतुराहतवर्गसमैः—' श्रीधराचार्यसूत्रम्। पृ. ३०६।
(४) 'व्यक्तपक्षस्य चेन्मूलं—' पद्मनाभबीजे। पृ. ३३८।
(५) 'राशिक्षेपाद् वधक्षेपः—' पृ. ३४२।
(६) 'त्रिभिः पारावताः पञ्च—' पृ. ३८५।
(७) 'निराधारा क्रिया यत्र—' पृ. ४३८।
(८) 'षडष्टशतकाः क्रीत्वा—' पृ. ४३६।
(९) 'आलापो मतिरमला—' पृ. ४४१।
(१०) 'राशियोगकृतिः—' पृ. ४६६।
(११) 'यत्स्यात्सालपवधार्धतः—' पृ. ४६६।
(१२) 'राश्योर्ययोः कृतियुतिवियुती—' पृ. ५१६।
(१३) 'को राशिस्त्रिभिरभ्यस्तः—' पृ. ५३०।
(१४) 'हरभक्ता यस्य कृतिः—' पृ. ५३८।

आशासे मदीयेनानेन प्रयत्नेन गणितप्रणयिनः सफलसमीहिता भविष्यन्तीति।

जयपुरम्.
चैत्र कृ. ८ शुक्रे.
वि० सं० १९७३.

दुर्गाप्रसादद्विवेदी।

श्रीगणेशाय नमः ॥

बीजगणितम् ।

विलासिनामकेन व्याख्यानेनालंकृतम् ।

जयति जगदमन्दानन्दमन्दारकन्दो
वृजिनशमनबीजं पार्वतीजानिरेकः ।
तदनु गणितविद्यानाटिकासूत्रधारो
जयति धरणिरत्नं भास्कराचार्यवर्यः ॥ १ ॥

तातश्रीसरयूप्रसादचरणस्वर्वृक्षसेवापरो
मातृश्रीहरदेव्यपारकरुणापीयूषपूर्णान्तरः ।
हृत्पद्मभ्रमरायमाणगिरिशो दुर्गाप्रसादः सुधी-
रध्येतृप्रतिभोद्गमाय कुरुते बीजोपरि व्याकृतिम् ॥ २ ॥

अथ तत्रभवान् भास्कराचार्यो ग्रहगणितरूपं सिद्धान्तशिरोमणिं चिकीर्षुस्तदुपयोगितया तदध्यायभूतां लीलावतीनामिकां व्यक्तगणितपाटीं निर्माय तथाभूतं बीजगणितमारभमाणः प्रत्यूहव्यूहनिरासाय शिष्यशिक्षार्थं मङ्गलमादौ निबध्नाति—

उत्पादकं यत्प्रवदन्ति बुद्धे-
रधिष्ठितं सत्पुरुषेण सांख्याः ।
व्यक्तस्य कृत्स्नस्य तदेकबीज-
मव्यक्तमीशं गणितं च वन्दे ॥ १ ॥

उत्पादकमिति । पद्यमिदमर्थत्रयवाचि । तत्र प्रथमं तावदव्यक्त-पक्षे व्याख्यायते—तद् अव्यक्तं प्रधानं सांख्यशास्त्रे जगत्कारणतया प्रसिद्धं वन्दे अभिवादये । सांख्याः सेश्वराः श्रीभगवत्पतञ्जलि-मतानुसारिणो यद् बुद्धेः महत्तत्त्वस्य उत्पादकमभिव्यञ्जकं प्रव-दन्ति कथयन्ति । ननु प्रधानमचेतनं कथं कार्यमुत्पादयेदित्यत उक्तं पुरुषेणाधिष्ठितं सदिति । यथाहि—कुलालादिना चेतनेनाधिष्ठितं कपालादि घटाद्युत्पादकं तद्वदित्यर्थः । निरीश्वराः कपिलमतानु-सारिणस्तु पुरुषनिरपेक्षमेव प्रधानमुत्पादकं प्रवदन्ति ।

तदुक्तं श्रीमदीश्वरकृष्णचरणैः—

'वत्सविवृद्धिनिमित्तं क्षीरस्य यथा प्रवृत्तिरज्ञस्य ।
पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य' ॥ ५७ ॥

'यथा तृणोदकं गवा भक्षितं क्षीरभावेन परिणम्य वत्सविवृद्धिं करोति पुष्टे च वत्से निवर्तते । एवं पुरुषविमोक्षनिमित्तं प्रधानमि-त्यज्ञस्य प्रवृत्तिः' इति तद्भाष्यम् । ननु तादृशे प्रधाने किं प्रमाण-मित्यत आह—कृत्स्नस्य व्यक्तस्यैकबीजमिति । समस्तस्य व्यक्तस्य कार्यजातस्य एकं बीजं कारणमिति ॥ अथेशपक्षे—अत्र यत्तदोर्लिङ्ग-विपरिणामेन यदिति स्थाने यं तदिति स्थाने तं चेति बुद्धिमता व्याख्येयम् । तमीशं सच्चिदानन्दरूपं वन्दे । सांख्याः, सम्यक् ख्यायते ज्ञायते आत्मा यया सा संख्या आत्माकारान्तःकरणवृत्तिः, सा विद्यते येषां ते सांख्याः । आत्मज्ञानिन इत्यर्थः । सत्पुरुषेण नित्यानित्यवस्तुविवेकेहामुत्र फलभोगविरागशमदमादिसंपत्तिमुमु-

श्रुत्वेतिसाधनचतुष्टयसंपन्नेन अधिष्ठितमादरनैरन्तर्याभ्यां श्रवणाविषयीकृतं सन्तं बुद्धेस्तत्त्वज्ञानस्योत्पादकं प्रवदन्ति । ननु तस्याजनकत्वाद्बुद्धिजनकत्वे मानाभाव इत्यत आह–समस्तस्य व्यक्तस्य एकमसाधारणं बीजमुपादानमित्यर्थः । 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इति 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः' इति च । अथ गणितपक्षे–तदव्यक्तं गणितं बीजगणितमिति यावत् । वन्दे । गणितवन्दनेन तदधिष्ठात्री देवता वन्द्यत इति । सांख्याः संख्याविदो गणकाः सत्पुरुषेण स्वरूपयोग्येन अधिष्ठितमभ्यस्तं यद् बुद्धेः प्रज्ञायाः उत्पादकं प्रवदन्ति । कीदृशम् । समस्तस्य व्यक्तगणितस्य एकं बीजं मूलमित्यर्थः ॥ उपजातिवृत्तमेतत् ॥ १ ॥

भाषाभाष्य ।

सकलभुवनैकहेतुं सेतुं संसारसागरस्यैकम् ।
आर्यापदारविन्दं जितकुरुविन्दं नमस्कुर्मः ॥ १ ॥

श्रीभास्कराचार्यविनिर्मितस्य
विधाय पाटीगणितस्य टीकाम् ।
अद्यास्य बीजस्य चिकीर्षुरस्मि
भव्याकृति व्याकृतिरत्नमार्याः ॥ २ ॥

प्रणम्य सादरं मूर्ध्ना पित्रोः पादारविन्दयोः ।
दुर्गाप्रसादः कुरुते भाषाभाष्यं मिताक्षरम् ॥ ३ ॥

श्रीमन्महामहोपाध्याय महेश्वराचार्य के सुत श्रीभास्कराचार्य ग्रहगणितरूप सिद्धान्तशिरोमणि के बनाने की इच्छा से लीलावतीनामक गणितपाटी को बनाकर बीजगणित की निर्विघ्नसमाप्ति के लिये पाठकजनशिक्षार्थ मङ्गलाचरण करते हैं—

---

१ गौरीचरणपङ्कजमित्यर्थः । २ कान्त्या तिरस्कृतप्रबालमित्यर्थः । ३ भव्या दोषहानेन रम्या आकृती रचनाविशेषो यस्य तत् ।

सांख्यशास्त्रसंबन्धी पहिला अर्थ—

सांख्यशास्त्र के जाननेवाले पुरुष करके संनिहित हुए जिसको बुद्धि कहिये महत्तत्त्व का उत्पादक कहते हैं, ऐसा जो संपूर्ण कार्यों का अद्वितीय कारण अव्यक्त अर्थात् सांख्यशास्त्र में संसार का कारण होने से सुप्रसिद्ध प्रधान उसकी मैं वन्दना करता हूं ॥

उत्तर मीमांसा (वेदान्त) शास्त्रसंबन्धी दूसरा अर्थ—

आत्मज्ञानी लोग सत्पुरुष अर्थात् साधनसंपन्न[1] पुरुष करके भलीभांति आराधित हुए जिसको बुद्धि कहिये तत्त्वज्ञान का उत्पन्न करनेवाला कहते हैं, ऐसा जो ब्रह्माण्डोदरवर्ती घटपटादि कार्योंका असाधारण कारण सच्चिदानन्दस्वरूप ईश्वर उसकी मैं वन्दना करता हूं ॥

ज्योतिःशास्त्रसंबन्धी तीसरा अर्थ—

संख्या के जाननेहारे ज्यौतिषीलोग सूक्ष्मबुद्धि और परिश्रमशाली पुरुषों करके अभ्यस्तकिये हुए जिसको बुद्धि अर्थात् मति का उत्पादक बतलाते हैं, ऐसा जो संपूर्ण व्यक्तगणित (पाटीगणित) का मूलभूत बीजगणित उसकी मैं वन्दना करता हूं ॥ १ ॥

---

१ ब्रह्महीं एक नित्य वस्तु है उससे भिन्न संपूर्ण वस्तु अनित्य हैं ऐसा जो विवेचन उसे नित्यानित्यवस्तुविवेक कहते हैं। गन्ध माल्य चन्दन वनिता आदि लौकिक विषय भोग और अमृतपान नन्दनवनक्रीड़ा आदि पारलौकिक विषयभोग से जो अत्यन्त विरक्ति अर्थात् अलग होना उसे इहामुत्रफलभोगविराग कहते हैं। तत्त्वज्ञान के सहायक जो श्रवण मनन आदि विषय उन्हें छोड़ और विषयों से जो मनोवृत्तिको रोकना उसको शम कहते हैं। तत्त्वज्ञान के साधन श्रवण मननादिकोंको छोड़कर शब्दादि विषयों में प्रवृत्तहुए जो कर्णादि बाह्येन्द्रिय सो जिस वृत्ति से निवृत्त हों उसे दम कहते हैं। तत्त्वज्ञानके सहयोगी जो श्रवण मननादि उन्हें छोड़ शब्दादि विषयों से जो बाह्येन्द्रिय का उपराम उसे उपरति कहते हैं। अथवा, भलीभांति भोगेहुए गन्ध माल्य चन्दन वनिता प्रभृति विषयों का चतुर्थाश्रम (संन्यास) अङ्गीकार करने से जो परित्याग उसे उपरति कहते हैं। शीत और उष्ण इनकी जो सहनशीलता उसको तितिक्षा कहते हैं। शब्दादि विषयों से रोकेहुए मन का तत्त्वज्ञानोपकारक श्रवण आदिकों में जो समाधि उसे समाधान कहते हैं। गुरु और वेदान्तवाक्यों में जो निश्चल विश्वास उसे श्रद्धा कहते हैं। मोक्षविषयक जो इच्छा उसको मुमुक्षुता कहते हैं। नित्यानित्यवस्तुविवेक, इहामुत्रफलभोगविराग, शम आदि छः पदार्थ और मुमुक्षुता ये चार साधन वेदान्तशास्त्र में सुप्रसिद्ध हैं ॥

पूर्वं प्रोक्तं व्यक्तमव्यक्तबीजं
प्रायः प्रश्ना नो विनाऽव्यक्तयुक्त्या ।
ज्ञातुं शक्या मन्दधीभिर्नितान्तं
यस्मात्तस्माद्वच्मि बीजक्रियां च ॥ २ ॥

इदानीं प्रेक्षावत्प्रवृत्तिहेतुविषयादिचतुष्टयं संगतिं च प्रदर्शयति—पूर्वमिति । तस्माद्धेतोः बीजस्य यावत्तावदादिवर्णकल्पनाभिः क्रियमाणस्य गणितस्य क्रियामितिकर्तव्यतां वच्मि ब्रुवे । यस्माद्व्यक्तं वर्णकल्पनानिरपेक्षं गणितं पूर्वं प्रोक्तम् । ततः किमित्यत आह—अव्यक्तबीजमिति । अव्यक्तं बीजगणितं मूलं यस्य तत् । तथा च पूर्वं प्रोक्तमपि व्यक्तं तावत्सम्यक्तया न ज्ञायते यावद्बीजक्रिया नोपपद्यते । तत्किं व्यक्तज्ञानार्थमेवारम्भो न चेत्याह—यस्मात्सुधीभिः प्राज्ञैरव्यक्तयुक्त्या विना प्रश्नाः प्रायो ज्ञातुं नो शक्याः । मन्दधीभिस्तु नितान्तं ज्ञातुं नो शक्याः । अशक्या एवेत्यर्थः । प्रश्नाश्चात्र सिद्धान्तशिरोमण्युक्ताः । इतरे च पृच्छकेच्छावशादपि ज्ञातव्याः । अत्र बीजक्रियां वच्मीति वदता आचार्येण एकवर्णसमीकरणानेकवर्णसमीकरणमध्यमाहरणभावितरूपभेदचतुष्टयाभिन्नं गणितं विषयत्वेन प्रदर्शितम् । तदुपयुक्ततया धनर्णषड्विधखषड्विधवर्णषड्विधकरणीषड्विधकुट्टकवर्गप्रकृतिचक्रवालान्यपि विषयत्वेन प्रदर्शितानि । विषयस्य शास्त्रस्य च प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावः संबन्धोऽपि बीजक्रियां वच्मीत्यनेन दर्शितः । प्रयोजनं तु प्रश्नोत्तरार्थज्ञानं गोलज्ञानं च । परम्परया जगतः शुभाशुभफलादेशश्च । अध्येतॄणां धर्मार्थकामप्राप्तिश्च वेदाङ्गत्वादिति । शालिनीवृत्तमेतत् ॥ २ ॥

अब पाठकजनों की प्रवृत्ति के लिये विषय, संबन्ध, प्रयोजन, अधिकारी और ग्रन्थसंगति कहते हैं—

अव्यक्त अर्थात् बीजगणित है मूल जिसका ऐसा व्यक्त कहिये लीलावतीनामक पाटीगणित पहिले कहा, पर प्रायः बीजगणित की युक्ति विना

प्रश्न नहीं जाने जाते और मन्दबुद्धि करके तो किसी भांति नहीं जाने जाते इसलिये अब मैं बीजगणित की क्रिया (रीति) को कहताहूं । यहां पर एकवर्णसमीकरण, अनेकवर्णसमीकरण, मध्यमाहरण, भावित और इन्होंके उपयोगी धनर्णषड्विध, खषड्विध, वर्णषड्विध, करणीषड्विध, कुट्टक, वर्गप्रकृति और चक्रवाल ये विषय हैं। विषय और शास्त्र का प्रतिपाद्य-प्रतिपादकभावसंबन्ध है, अर्थात् विषय प्रतिपाद्य (कथन करने के योग्य) हैं और शास्त्र (बीजगणित) प्रतिपादक अर्थात् उक्त विषयोंका निरू-पण करनेवाला है। प्रश्नोत्तरका ज्ञान गोलका ज्ञान और संसार का शुभा-शुभ फलादेश कहना यह प्रयोजन है। शास्त्र के मुख्य अधिकारी ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य हैं क्योंकि ग्रन्थकारने गणिताध्याय के प्रारम्भ में कहाहै—

'तस्माद् द्विजैरध्ययनीयमेतत् पुण्यं रहस्यं परमं च तत्त्वम् ॥'

धनर्णसंकलने करणसूत्रं वृत्तार्द्धम्-

योगे युतिः स्यात्क्षययोः स्वयोर्वा
धनर्णयोरन्तरमेव योगः ॥

अथ धनर्णसंकलनां तावदुपजातिकापूर्वार्धेनाह–योगे युतिरिति। क्षययोः ऋणयोः स्वयोर्धनयोर्वा योगे कर्तव्ये युतिः स्यात् । अस्यायमभिप्रायः–ययो राश्योर्योगो विधेयोऽस्ति तौ रूपात्मकौ वर्णात्मकौ करण्यात्मकौ वा स्यातां, तर्हि तयो राश्योः 'कार्यः क्रमादुत्क्रमतोऽथ वाङ्कयोगः–' इति व्यक्तोक्तरीत्या योगः कार्यः स एवात्र योगः स्यात् । करण्योस्तु योगोऽन्तरं वा 'योगं करण्योर्म-हतीं प्रकल्प्य–' इत्यादिवक्ष्यमाणप्रकारेण विधेयम् । एवं बहूना-। इत्थं सजातीययोगोऽवधेयः । यत्र त्वेकराशिर्धनमपरऋणं योगे कर्तव्ये किं करणीयमित्याह–धनर्णयोरन्तरमेव योग इति । तस्य धनर्णत्ववशाद्युतेरपि धनर्णत्वमवसेयम् ॥

जोड़ने का प्रकार—

धन अथवा ऋण जो दो राशि होवें उनका व्यक्तगणितकी रीति से योग करो वही यहां योग होगा। जो एक राशि धन हो और दूसरा ऋण तो भी व्यक्तगणित के प्रकार से उनका अन्तर करो और उसीको यहां पर योग जानो। यदि राशि करणी होवें तो 'योगं करण्योर्महतीं प्रकल्प्य—' इस वक्ष्यमाण (आगे जो कहाजायगा) प्रकार से उनका योग और अन्तर करो। यहां शेष धन बचै तो धन और ऋण बचै तो ऋण जानो॥

उपपत्ति—

(अ) ने (क) से तीन रुपये ऋण लिया, फिर चार रुपये ऋण लिया इस प्रकार (अ) ने सात रुपये ऋण लिया। फिर (अ) को तीन रुपये और चार रुपये इस प्रकार सात रुपये मिले परन्तु धन कुछ नहीं बचा, क्योंकि सात रुपये ऋण लिया था। अब जो (अ) चार रुपये ऋणकरै और तीन रुपये अर्जन (पैदा) करै तो उसके एक रुपया ऋण रहैगा। यदि चार रुपये अर्जन करै और तीन रुपये ऋणकरै तो अवश्य ही एकरुपया धन रहैगा। इससे 'योगे युतिः—' यह सूत्र उपपन्न हुआ॥

उदाहरणम्—

रूपत्रयं रूपचतुष्टयं च
क्षयं धनं वा सहितं वदाशु।
स्वर्णं क्षयं स्वं च पृथक् पृथङ् मे
धनर्णयोः संकलनामवैषि॥ १॥

अत्र रूपाणामव्यक्तानां चाद्याक्षराण्युपलक्षणार्थं लेख्यानि यानि ऋणगतानि तान्यूर्ध्वबिन्दूनि च॥

न्यासः। रू ३̇ रू ४̇ योगे जातम् रू ७̇

न्यासः। रू ३ रू ४ योगे जातम् रू ७

न्यासः । रू ३ रू ४ं योगे जातम् रू १ं

न्यासः । रू ३ं रू ४ योगे जातम् रू १

एवं भिन्नेष्वपि

इति धनर्णसंकलना ।

उदाहरण—

तीन ऋण, चार ऋण वा तीन धन चार धन, वा तीन धन चार ऋण, वा तीन ऋण और चार धन इनका योग अलग २ बतलाओ ॥

यहां भली भांति मालूम पड़ने के लिये रूप और अव्यक्तराशि के आदि के अक्षर लिखते हैं । जैसे 'रूप' इसको रू और 'अव्यक्त राशि यावत्तावत्' इत्यादिकों को या इत्यादि । ऋण राशिके मस्तकपर एक बिन्दु का चिह्न देते हैं । जैसा—रू १ं । रूप उस राशि को कहते हैं कि जिसका मान ज्ञात (मालूम) हो और अव्यक्त राशि वह कहलाता है कि जिसका मान अज्ञात (न मालूम) हो । देखो कि 'रू ३ं रू ४ं' इस पहिले उदाहरण में रूप तीन तथा रूप चार ऋण हैं इसलिये इनके शिरपै बिन्दु का चिह्न लगाया गया है । अब इन दोनों का योग उक्त प्रकार से रूप सात ऋण होता है रू ७ं ऐसाही आगे भी जानो ॥

(१) न्यास । रू ३ं रू ४ं । इनका योग रू ७ं हुआ ।

(२) न्यास । रू ३ रू ४ । इनका योग रू ७ हुआ ।

(३) न्यास । रू ३ रू ४ं । इनका योग रू १ं हुआ ।

(४) न्यास । रू ३ं रू ४ । इनका योग रू १ हुआ ।

इसी प्रकार भिन्नाङ्कों का भी योग कियाजाता है, परंतु वहां समच्छेद विधि का स्मरण रखना चाहिये ॥

जोड़ने का प्रकार समाप्त हुआ ।

---

१ अत्रेदं पद्यं स्मरणीयम्—

अणोरणीयान् महतो महीयानचिन्त्यमूलप्रकृतिप्रभावः ।
महेश्वरो वा ऋणरूपराशिर्विचारणीयो हृदि सांख्यविद्भिः ॥

धनर्णव्यवकलने करणसूत्रं वृत्तार्धम्—
संशोध्यमानं स्वमृणत्वमेति
स्वत्वं क्षयस्तद्युतिरुक्तवच्च ॥ ३ ॥

अथ धनर्णव्यवकलनमुपजात्युत्तरार्धेनाह—संशोध्यमानमिति । संशोध्यते अपनीयते यत्तत्संशोध्यमानम् रूपं वर्णः करणी चेति त्रिलिङ्गी । सामान्यान्नपुंसकत्वम् । तद्यदि धनमस्ति तर्हि ऋण-त्वमेति, यदि क्षयोऽस्ति तर्हि धनत्वमेति । पश्चादुक्तवद्योगश्च । अस्यायमभिप्रायः—ययोरन्तरं कर्तव्यमास्ते तयोर्मध्ये संशोध्यमा-नस्य धनर्णतावैपरीत्यं विधाय ' योगे युतिः स्यात्— ' इत्यादिना तयोर्योगः कार्यस्तदेव व्यवकलनफलमवधेयम् ॥ ३ ॥

घटाने का प्रकार—

जो राशि घटाया जाता है उसको संशोध्यमान कहते हैं । वह संशोध्य-मान (घटने वाला) राशि धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन होजाता है बाद उनका योग 'योगे युतिः स्यात्—' इस कहेहुए प्रकार से करो ॥

उपपत्ति—

(अ) के धन सात रुपयों से धन तीन रुपया घटाना है तो सात रुपयों का स्वरूप 'रू ४ रू ३' यह हुआ । अब इसमें से तीन रुपया घटाने से शेष 'रू ४' रहा । इसी प्रकार ऋण सात रुपयों से ऋण तीन रुपया घटाना है तो सात रुपयों का स्वरूप 'रू ४̇ रू ३̇' यह हुआ । इसमें तीन रुपया जोड़ने से शेष 'रू ४̇' रहा । यह बात संशोध्यमान राशि के वैपरीत्य[१] से सिद्ध होती है । इसी प्रकार धन सात रुपयों से ऋण तीन रुपया घटाना है तो धन सात रुपयों का स्वरूप 'रू १० रू ३̇' यह हुआ । इसमें तीन रुपये जोड़देने से अन्तर सिद्ध होता है तो यहां

---

१ वैपरीत्य अर्थात् उलटापन जैसे कोई संख्या धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन ।

भी संशोध्यमान राशि का वैपरीत्य सिद्ध हुआ। इसी प्रकार ऋण सात रुपयों से धन तीन रुपया घटाना है तो ऋण सात रुपयों का स्वरूप 'रू १०̇ रू ३' यह हुआ। इसमें तीन रुपया घटाने से 'रू १०̇' यह अन्तर हुआ। यहां पर भी संशोध्यमान राशि का वैपरीत्य सिद्ध हुआ। ऐसाही सर्वत्र जानो। इससे 'संशोध्यमानं स्वमृणत्वमेति' इस प्रकार की उपपत्ति स्पष्ट प्रकाशित होती है ॥ ३ ॥

उदाहरणम्-

त्रयाद् द्वयं स्वात्स्वमृणादृणं च
व्यस्तं च संशोध्य वदाशु शेषम् ॥

न्यासः। रू ३ रू २ अन्तरे जातम् रू १।
न्यासः। रू ३̇ रू २̇ अन्तरे जातम् रू १̇।
न्यासः। रू ३ रू २̇ अन्तरे जातम् रू ५।
न्यासः। रू ३̇ रू २ अन्तरे जातम् रू ५̇।

इति धनर्णव्यवकलनम्।

उदाहरण—

तीन धन में दो धन, वा तीन ऋण में दो ऋण, वा तीन धन में दो ऋण अथवा तीन ऋण में दो धन घटा कर शेष जल्दी बतलाओ ॥

(१) न्यास। रू ३ रू २ इनका अन्तर रू १ हुआ।
(२) न्यास। रू ३̇ रू २̇ इनका अन्तर रू १̇ हुआ।
(३) न्यास। रू ३ रू २̇ इनका अन्तर रू ५ हुआ।
(४) न्यास। रू ३̇ रू २ इनका अन्तर रू ५̇ हुआ।

घटाने का प्रकार समाप्त हुआ।

गुणने करणसूत्रं वृत्तार्धम्—

स्वयोरस्वयोः स्वं वधः स्वर्णघाते

क्षयो———————————॥

अथ गुणनं भुजंगप्रयातपूर्वार्धखण्डेनाह—स्वयोरिति । स्वयोर्धनयोः अस्वयोर्ऋणयोर्वा वधो गुणनं एकस्यापरतुल्यावृत्तिर्धनं भवति । स्वर्णघाते तु क्षयः स्यात् । एतदुक्तं भवति—यदि गुण्यो गुणकश्चेति द्वावपि धनमृणं वा स्यातां तर्हि तदुत्पन्नं फलं धनं स्यात् । अत्र गुणनफलस्य धनर्णत्वमात्रं प्रतिपादितम् । अङ्कतस्तु व्यक्तोक्ताः सर्वेऽपि गुणनप्रकारा द्रष्टव्याः ॥

गुणन का प्रकार—

गुणन के दो राशि में एक को गुण्य और दूसरे को गुणक कहते हैं। वे दो राशि धन वा ऋण हों तो उनका घात धन होगा और उनमें एक धन दूसरा ऋण होवे तो उनका घात ऋण होगा ॥

उपपत्ति—

गुण्य की गुणक समान जो आवृत्ति उसे गुणनफल कहते हैं और गुण्य गुणकों में चाहो जिसको गुण्य दूसरे को गुणक कल्पना करसकते हैं। (यह बात लीलावती के 'गुण्यान्त्यमङ्कं—' इत्यादि गुणनसूत्रों के व्याख्यान से स्पष्ट है) गुण्य और गुणक धन हों तो गुणनफल धन होगा। उनमें एक धन दूसरा ऋण होवे तो गुणनफल ऋण होगा, क्योंकि गुणकतुल्य स्थानगत ऋण गुण्यों का योग ऋण होता है। अथवा, पूर्वोक्त रीति से समान धन और ऋण जो दो राशि हों उनका योग शून्य होता है। जैसे 'रू २ रू २̇' इनका योग रू० हुआ। इनको किसी एक तुल्य अङ्क से गुण दो तो भी योग शून्यही होगा इसलिये 'रू २ रू २̇' इनको धन तीन से गुणने से पहिले स्थान में धन धन का घात

रू ६ धन हुआ। दूसरे स्थान में धन और ऋण का घात यदि ऋण न अङ्गीकार करैं तो 'रू ६ रू ६̇' इनका योग क्योंकर शून्यात्मक होगा इस कारण धन और ऋण का घात ऋणही होगा। इसी प्रकार 'रू २ रू २̇' इन दो राशि को ऋण तीन से गुणने से पहिले स्थान में धन और ऋण का घात ऋण रू ६̇ हुआ दूसरे स्थान में यदि ऋण ऋण का घात धन न अङ्गीकार करैं तो 'रू ६ रू ६̇' इनका योग क्योंकर शून्य होगा इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि ऋणात्मक राशियों का घात धनही होता है। 'स्वयोरस्वयोः स्वं वधः—' इस गुणनसूत्र की उपपत्ति स्पष्ट होती है॥

उदाहरणम्—

धनं धनेनर्णमृणेन निघ्नं
द्वयं त्रयेण स्वमृणेन किं स्यात्॥ २॥

न्यासः। रू २ रू ३ धनं धनघ्नं धनं स्यादिति जातम् रू ६
न्यासः। रू २̇ रू ३̇ ऋणमृणघ्नं धनं स्यादिति जातम् रू ६
न्यासः। रू २ रू ३̇ धनमृणगुणमृणं स्यादिति जातम् रू ६̇
न्यासः। रू २̇ रू ३ ऋणं धनगुणमृणं स्यादिति जातम् रू ६̇

इति धनर्णगुणनम्।

उदाहरण—

धन दो को धन तीन से, वा ऋण दो को ऋण तीन से, वा धन दो को ऋण तीन से अथवा ऋण दो को धन तीन से गुणकर गुणनफल अलग अलग बतलाओ॥

(१) न्यास। रू २ रू ३। धन को धन से गुणने से गुणनफल रू ६ धन हुआ।

(२) न्यास । रू २ं रू ३ं । ऋण को ऋण से गुणने से गुणनफल रू ६ धन हुआ ।

(३) न्यास । रू २ रू ३ं । धन को ऋण से गुणने से गुणनफल रू ६ं ऋण हुआ ।

(४) न्यास । रू २ं रू ३ । ऋण को धन से गुणने से गुणनफल रू ६ं ऋण हुआ ।

धन और ऋण राशि का गुणन समाप्त हुआ ।

—भागहारेऽपि चैवं निरुक्तम् ॥

उदाहरणम्—

रूपाष्टकं रूपचतुष्टयेन
धनं धनेनर्णमृणेन भक्तम् ।
ऋणं धनेन स्वमृणेन किं स्या-
द्धृतं वदेदं यदि बोबुधीषि ॥ ३ ॥

न्यासः। रू ८ रू ४ । धनं धनहृतं धनं स्यादिति जातम् रू २ ।
न्यासः। रू ८ं रू ४ं । ऋणमृणहृतं धनं स्यादिति जातम् रू २ ।
न्यासः। रू ८ं रू ४ । ऋणं धनहृतमृणं स्यादिति जातम् रू २ं ।
न्यासः। रू ८ रू ४ं । धनमृणहृतमृणं स्यादिति जातम् रू २ं ।

इति धनर्णभागहारः ।

अथ भागहारं भुजंगप्रयातपूर्वार्धशेषशकलेनाह—भागहार इति । भागहारेऽपि गुणनवदेव निरुक्तमित्यर्थः । अस्यायमभिप्रायः—भाज्यभाजकयोरुभयोरपि धनत्वे ऋणत्वे वा लब्धिर्धनमेव स्यात् । यदा त्वेकतरस्य धनत्वमितरस्य ऋणत्वं तदा लब्धिर्ऋणमेव भवति॥

भागहार का प्रकार—

भाज्य और भाजक धन या ऋण होवे तो लब्धि धन आती है यदि एक धन हो और दूसरा ऋण हो तो लब्धि ऋण आवेगी ॥

उपपत्ति—

भागहार में गुणन के समान संपूर्ण क्रिया करने को कही है। जैसा— गुणन में धन धन का या ऋण ऋण का घात धन होता है, वैसाही यहां पर धन राशि में धन राशि का या ऋण राशि में ऋण का भाग देने से लब्धि धन मिलैगी, क्योंकि धन या ऋण राशियों का घात धनही होता है। इसी प्रकार भाज्य और भाजक में कोई एक धन होवे और दूसरा ऋण तो भी लब्धि ऋण आवेगी, क्योंकि धन और ऋण का घात ऋण होता है। और हर लब्धि का घात सर्वत्र भाज्य राशि के समान है। इससे 'भागहारे—' यह उपपन्न हुआ ॥

उदाहरण—

धन आठ में धन चार का, वा ऋण आठ में ऋण चार का, वा ऋण आठ में धन चार का, अथवा धन आठ में ऋण चार का भाग देने से क्या लब्धि मिलैगी ॥

(१) न्यास । रू ८ रू ४ । धन ८ में धन ४ का भाग देने से धन रू २ लब्धि मिली ॥

(२) न्यास । रू ८̇ रू ४̇ । ऋण ८̇ में ऋण ४̇ का भाग देने से धन रू २ लब्धि मिली ॥

(३) न्यास । रू ८̇ रू ४ । ऋण ८̇ में धन ४ का भाग देने से ऋण रू २̇ लब्धि मिली ॥

(४) न्यास । रू ८ रू ४̇ । धन ८ में ऋण ४̇ का भाग देने से ऋण रू २̇ लब्धि मिली ॥

धन और ऋण राशि के भागहार का प्रकार समाप्त हुआ ।

वर्गादौ करणसूत्रं वृत्तार्धम्—

कृतिः स्वर्णयोः स्वं स्वमूले धनर्णे
न मूलं क्षयस्यास्ति तस्याकृतित्वात् ॥ ४ ॥

उदाहरणम्—

धनस्य रूपत्रितयस्य वर्गं
क्षयस्य च ब्रूहि सखे ममाशु ॥

न्यासः। रू ३ रू ३̇ । जातौ वर्गौ रू ९ रू ९ ।

उदाहरणम्—

धनात्मकानामधनात्मकानां
मूलं नवानां च पृथग्वदाशु ॥ ४ ॥

न्यासः । रू ९ । मूलम् ३ वा ३̇ ।

न्यासः । रू ९̇ । एषामवर्गत्वान्मूलं नास्ति ।

इति धनर्णवर्गमूले ।

इति धनर्णषड्विधम्

अथ वर्गं तन्मूलं च भुजंगप्रयातोत्तरार्धेनाह—कृतिरिति । स्वस्य धनस्य ऋणस्य च वा वर्गः स्वं स्यात् । अथ मूलमाह—स्वमूले धनर्णे इति । स्वस्य धनस्य मूले धनर्णे भवतः । धनस्यैव वर्गस्य मूलमृणमपि भवतीति भावः । अथात्र विशेषमाह—न मूलं क्षयस्यास्तीति । अत्र हेतुं प्रदर्शयति—तस्याकृतित्वादिति । वर्गस्य मूलं लभ्यते । ऋणाङ्कस्तु न वर्गः कथमतस्तस्य मूलं स्यात् ॥ ४ ॥

इति द्विवेदोपाख्याचार्यश्रीसरयूप्रसादसुत-दुर्गाप्रसादोन्नीते लीलावतीहृदयग्राहिणि बीजविलासिनि धनर्णषड्विधविवरणं समाप्तम् ॥

वर्ग और वर्गमूल का प्रकार—

धन अथवा ऋण राशि का वर्ग धन होता है और उस धनात्मक राशि का वर्गमूल धन वा ऋण होता है । ऋणराशि का मूल नहीं होता क्योंकि वह (ऋणात्मक राशि) वर्ग नहीं हैं ॥ ४ ॥

उपपत्ति—

किसी एक राशि के समान दो घात को वर्ग कहते हैं । धनात्मक राशि को धनात्मक राशि से, या ऋणात्मक राशि को ऋणात्मक राशि से गुण दो तो उनका घात धन होता है यह बात सिद्ध है, इसलिये वर्गात्मक राशि सदा धन होता है और उसका मूल धन वा ऋण होता है । ऋणात्मक राशि वर्ग नहीं है, क्योंकि धन, ऋण राशि का घात ऋण होता है वह किसी का समद्विघात नहीं होसक्ता । इससे 'कृतिः स्वर्णयोः—' उपपन्न हुआ ॥ ४ ॥

उदाहरण—

धन तीन और ऋण तीन इनका वर्ग कहो ॥

(१) न्यास । रू ३ । इसका वर्ग रू ९ हुआ ।

(२) न्यास । रू ३̇ । इसका वर्ग रू ९ हुआ ।

उदाहरण—

धन नौ अथवा ऋण नौ का वर्गमूल कहो ॥

(१) न्यास रू ९ इसका मूल रू ३ धन, या, रू ३̇ ऋण हुआ ।

(२) न्यास । रू ९̇ यह वर्गात्मक राशि नहीं है इस कारण इसका मूल नहीं मिलसक्ता है ॥

धन और ऋण राशि के वर्ग और वर्गमूल का प्रकार समाप्त हुआ ॥

उपपत्ति सहित धनर्णषड्विध अर्थात् संकलन, व्यवकलन, गुणन, भजन, वर्ग और वर्गमूल समाप्त हुआ ॥

दुर्गाप्रसादरचिते भाषाभाष्ये मिताक्षरे ।
वासनाभङ्गिसुभगं संपूर्णं स्वर्णषड्विधम् ॥

खसंकलनव्यवकलने करणसूत्रं वृत्तार्धम्—
खयोगे वियोगे धनर्णं तथैव
च्युतं शून्यतस्तद्विपर्यासमेति ॥

अथ शून्यस्य संकलनव्यवकलने भुजंगप्रयातपूर्वार्धेनाह—खयोग इति । रूपस्य यावत्तावदादिवर्णस्य करण्या वा शून्येन सह योगे वियोगे वा कर्त्तव्ये रूपादिकं धनमृणं तथैव भवेत् । योगवियोगकृतो न कश्चिद्विशेष इत्यर्थः । अत्र खयोगो द्विविधः । खेन योगो रूपादेः खयोग इत्येकः । खस्य योगो रूपादिना खयोग इति द्वितीयः । एवं वियोगोपि द्विविधः । खेन वियोग इत्येकः । खाद्वियोग इति द्वितीयः । तत्र द्विविधेऽपि खयोगे पूर्वस्मिन्खवियोगे च रूपादिकं धनमृणं वा यथास्थितमेव । खाद्वियोगे विशेषमाह—च्युतमिति । धनमृणं वा रूपादिकं शून्यतः शोधितं सद्विपर्यासं वैपरीत्यमेति प्राप्नोति । धनं शून्यतश्च्युतमृणमृणं चेद्धनं भवतीत्यर्थः ॥

शून्य के जोड़ने और घटाने का प्रकार—

शून्य को किसी राशि में जोड़ दो, वा शून्य में किसी राशि को जोड़ दो और शून्य को किसी राशि में घटा दो तो भी धन या ऋण का विपर्यास अर्थात् हेर फेर नहीं होता । जो शून्य में किसी राशि को घटा दो तो वह धन होवे तो ऋण और ऋण होवे तो धन होजाता है ॥

उपपत्ति—

जो योग करने की संख्या केवल दो हो तो उनमें से जिस संख्या में दूसरी संख्या जोड़नी होगी उस पहिली संख्या को योज्य और दूसरी को योजक कहते हैं । योज्य और योजक के बीच में योजक का जितना ह्रास होगा उतनाहीं योगज फल अर्थात् जोड़ का भी ह्रास होगा इस प्रकार योजक के तुल्य योजक का ह्रास होने से योगज फल में भी योजकतुल्य ह्रास होगा । उस दशा में योज्य के समान योगज फल सिद्ध होगा । और

जब योज्य योजक में योज्य के समान ह्रास होगा तब योजक के तुल्य योगज फल होगा। इस लिये कहा है कि शून्य को किसी राशि में जोड़ दो अथवा शून्य में किसी राशि को जोड़ दो तो भी वह राशि ज्यों का त्यों रहता है॥

घटाने की दो संख्याओं में बड़ी संख्या को वियोज्य और छोटी को वियोजक कहते हैं। वियोज्य का वियोजक के तुल्य ह्रास होने से अन्तर सिद्ध होता है और वियोजक का जितना ह्रास होगा उतनाहीं अन्तर की वृद्धि होगी। अब जो वियोजक के तुल्य वियोजक का ह्रास होवे तो अन्तर में वियोज्य तुल्य वृद्धि होगी अर्थात् वियोज्य संख्या के तुल्य अन्तर सिद्ध होगा। इस लिये कहा है कि शून्य को किसी राशि में घटाने से उसका मान नहीं बिगड़ता। वियोज्य का जैसा जैसा ह्रास होता जावेगा वैसाही अन्तर का भी ह्रास होगा यह बात प्रसिद्ध है। जैसा वियोज्य ५ और वियोजक ३ है तो अन्तर २ हुआ, अब यहां ४ वियोज्य रक्खा तो अन्तर १ हुआ, ३ वियोज्य रक्खा तो अन्तर ० हुआ, २ वियोज्य रक्खा तो अन्तर १̇ हुआ, १ वियोज्य रक्खा तो अन्तर २̇ हुआ, और ०शून्य वियोज्य रक्खा तो अन्तर ३̇ हुआ। इस लिये कहा है कि शून्य में किसी राशि को घटादेने से उसके धन ऋण चिह्न बदल जाते हैं अर्थात् वह धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन होजाता है। इससे 'खयोगे वियोगे धनर्णं तथैव—' यह सूत्र उपपन्न हुआ॥

उदाहरणम्—

रूपत्रयं स्वं क्षयगं च खं च
किं स्यात्खयुक्तं वद खच्[1]युतं च॥

न्यासः। रू ३ रू ३̇ रू ०। एतानि खयुतान्यविकृतान्येव।

न्यासः। रू३ रू३̇ रू०। एतानि खाच्च्युतानि रू ३̇ रू ३ रू ०।

इति खसंकलनव्यवकलने।

---

१ बहुत्र 'खाच्च्युतम्' इति पाठो दृश्यते स प्रामादिक एव।

रूपत्रयमिति । धनं रूपत्रयम् ऋणं रूपत्रयं खं च एतत्त्रयमपि पृथक् पृथक् खयुक्तं किं स्यात् । अत्र खेन युक्तं खयुक्तम् । खे युक्तं खयुक्तम् । इत्युदाहरणद्वयमपि द्रष्टव्यम् । एवं खच्युतमित्यत्रापि तृतीयापञ्चमीतत्पुरुषाभ्यामुदाहरणद्वयं द्रष्टव्यम् ॥

उदाहरण—

धन तीन, ऋण तीन और शून्य, इनमें शून्य को जोड़ने से अथवा शून्य में इनको जोड़ने से और उन्हीं में शून्य को घटाने से वा शून्य में उनको घटाने से क्या फल होगा सो कहो ॥

न्यास ।

(१) योज्य । रू३ रू३̇ रू०
योजक । रू० रू० रू०
योग । रू३ रू३̇ रू०

न्यास ।

(२) योज्य । रू० रू० रू०
योजक । रू३ रू३̇ रू०
योग । रू३ रू३̇ रू०

न्यास ।

(३) वियोज्य । रू३ रू३̇ रू०
वियोजक । रू० रू० रू०
अन्तर । रू३ रू३̇ रू०

न्यास ।

(४) वियोज्य । रू० रू० रू०
वियोजक । रू३ रू३̇ रू०
अन्तर । रू३̇ रू३ रू०

यहां चार उदाहरण दिये हैं पर पहिले तीन उदाहरणों में योग और अन्तर करने से कुछ विकार नहीं हुआ चौथे उदाहरण में ऋण और धन का व्यत्यय हुआ है ॥

शून्य के जोड़ने और घटाने का प्रकार समाप्त हुआ ॥

खगुणनादिषु करणसूत्रं वृत्तार्धम्-

वधादौ वियत्खस्य खं खेन घाते

खहारो भवेत्खेन भक्तश्च राशिः ॥ ५ ॥

अथ खगुणनादिकं भुजंगप्रयातोत्तरार्धेनाह-वधादाविति । यथा पूर्वं खयोगवियोगयोर्द्वैविध्यमुक्तं तथा खगुणनभजनयोरपि द्वैविध्यमास्ते । खस्येति खेनेति च । वर्गादिषु तु खस्येत्येक एव प्रकारः संभवति । वर्गादिकरणे द्वितीयसंख्यानपेक्षणात् । तत्र खस्येति प्रकारेष्वाह—खस्य शून्यस्य वधादौ गुणनभजनवर्गतन्मूलघनतन्मूलेषु कर्तव्येषु गुणनफलादिकं शून्यं स्यात् । खेनेतिगुणनप्रकारे फलमाह—खं खेन घात इति । खेन शून्येन घाते कस्यचिदङ्कस्य गुणनफलं खं स्यात् । अत्र 'खगुणश्चिन्त्यश्च शेषविधौ' इति व्यक्तोक्तो विशेषो द्रष्टव्यः । अन्यथा

'त्रिभज्यकोन्मण्डलशङ्कुघाता-
चरज्ययाप्तं खलु यष्टिसंज्ञम्'

---

१ अत्र जीवन्मुक्त दृष्टान्तः—

शून्याभ्यासवशात्खतामुपगतो राशिः पुनः खोद्धृतो
ऽप्यावृत्तिं पुनरेव तन्मयतया न प्राक्तनीं गच्छति ।
आत्माभ्यासवशादनन्तममलं चिद्रूपमानन्ददं
प्राप्य ब्रह्मपदं न संसृतिपथं योगी गतीयानिव ॥

इत्यानयने गोलसंधौ यष्ट्यभावापत्तिः स्यात् । तत्र तु गोलजरीत्या लम्बज्यासमाना यष्टिरायातीति विस्तर उपपत्तीन्दुशेखरे द्रष्टव्यः । खेनेति भजनप्रकारे फलमाह—खहारो भवेदिति खेन भक्तो राशिः खहारो भवेत् । खं शून्यं हारश्छेदो यस्य स खहारोऽनन्त इत्यर्थः ॥ ५ ॥

शून्य के गुणन, भजन, वर्ग और वर्गमूल का प्रकार—

जैसा शून्य का योग और अन्तर दो प्रकार का होता है वैसाही गुणन और भजन भी दो प्रकार का है, वर्ग, वर्गमूल घन और घनमूल ये एकही प्रकार के हैं क्योंकि इनके करने में दूसरी संख्या की अपेक्षा नहीं पड़ती। गुणन में शून्य को किसी राशि से गुण दो अथवा किसी राशि को शून्य से गुण दो तो भी गुणनफल शून्यही होगा। भागहार में इतना विशेष है कि—शून्य में किसी राशि का भागदेने से फल शून्यही मिलता है पर शून्य का किसी राशि में भागदेने से वह राशि खहर अर्थात् उसके नीचे शून्य छेद होता है॥

उपपत्ति—

अङ्क के अभाव में उस स्थान की पूर्णता के वास्ते शून्य० यह चिह्न विशेष लिखते हैं । गुणक यह आवर्तक है क्योंकि गुणकतुल्य गुण्य की आवृत्ति करने से गुणनफल होता है इस कारण गुण्य के अभाव से गुणनफल का भी अभाव सिद्धहुआ। इसी प्रकार भाज्य के ह्रासवश से लब्धि का भी ह्रास होता है जब कि भाज्य शून्य है तो लब्धि अवश्य ही शून्य होगी। इसी प्रकार जैसा जैसा भाजक का ह्रास होगा वैसाही लब्धि की वृद्धि होगी जब कि भाजक का परम ह्रास होगा उस दशा में लब्धि की परमवृद्धि होगी इसी हेतु लब्धि की अनन्तता कहा है, शेष वासना स्पष्ट है, इससे 'वधादौ वियत्—' इस सूत्र की उपपत्ति स्पष्ट प्रतीत होती है ॥ ५ ॥

उदाहरणम्—

द्विघ्नं त्रिहृत्खं खहृतं त्रयं च
शून्यस्य वर्गं वद मे पदं च ॥ ५ ॥

न्यासः। गुण्यः रू०। गुणकः रू २ गुणिते जातम् रू० ।
न्यासः। भाज्यः रू०। भाजकः रू ३ भक्ते जातम् रू० ।
न्यासः। भाज्यः रू ३। भाजकः रू ० भक्ते जातम् रू $\frac{3}{0}$
अयमनन्तो राशिः खहर इत्युच्यते ।

द्विघ्नमिति । द्वाभ्यां हन्यते गुण्यते तद् द्विघ्नमिति व्युत्पत्त्या शून्ये गुण्ये द्वौ हन्तीति व्युत्पत्त्या शून्ये गुणके च पृथगुदाहरणं द्रष्टव्यम् । इन्द्रवज्राछन्द इदम् ॥

उदाहरण—

शून्य को दो से गुणने से वा दो को शून्य से गुणने से, शून्य में तीन का भाग देने से, वा तीन में शून्य का भाग देने से क्या फल मिलेगा और शून्य का वर्ग, वर्गमूल क्या होगा सो कहो ।

(१) न्यास । गुण्य रू० गुणक रू २ गुणनफल रू० हुआ ।

(२) न्यास । गुण्य रू २ गुणक रू० गुणनफल रू० हुआ ।

(३) न्यास । भाज्य रू० भाजक रू ३ भजनफल रू० हुआ ।

(४) न्यास । भाज्य रू ३ भाजक रू० भजनफल रू $\frac{3}{0}$ हुआ ।

यह $\frac{3}{0}$ अनन्तराशि खहर कहलाता है ॥

अस्मिन्विकारः खहरे न राशा-
वपि प्रविष्टेष्वपि निःसृतेषु ।
बहुष्वपि स्याल्लयसृष्टिकाले
ऽनन्तेऽच्युते भूतगणेषु यद्वत् ॥ ६ ॥

न्यासः। रू० अस्य वर्गः रू०। मूलम् रू० एवं खघनादि।

इति खषड्विधम् ॥

अथात्र खहरराशेरविकारतादृष्टान्तप्रसङ्गेन भगवन्तमनन्तं स्तौति-अस्मिन्निति । प्रलयकाले कल्पान्तसमये भगवति अष्टैश्वर्यसंपन्ने अनन्ते अन्तरहिते अच्युते विष्णौ बहुष्वपि भूतगणेषु प्रविष्टेषु लीनेषु । अपि वा सृष्टिकाले निःसृतेषु देहादिमत्तया भगवतोऽच्युतात्पृथग्भूतेष्वपि यद्वद्विकारो नास्ति । नहि तेषु प्रविष्टेषु महान् भवति निःसृतेषु वा लघुर्भवति । तथास्मिन् खहरे राशावपि बहुष्वपि राशिषु प्रविष्टेषु निःसृतेषु वा विकारो नास्तीति । उपजातिवृत्तमेतत् ॥ ६ ॥

इति द्विवेदोपाख्याचार्यश्रीसरयूप्रसादसुत–दुर्गाप्रसादोन्नीते लीलावतीहृदयग्राहिणि बीजविलासिनि खषड्विधविवरणं समाप्तम् ॥

इस खहर राशि में कोई राशि जोड़ दियेजावें अथवा घटादिये जावें तो भी कुछ विकार नहीं होता जैसे प्रलयकाल में परमेश्वर के शरीर में अनेक जीव प्रविष्ट होते हैं और सृष्टि काल में निकल आते हैं तो भी उस परमेश्वर के शरीर में कुछ विकार नहीं होता कि जीवों के प्रविष्ट होने से मोटा और निकलने से दुबला होजावे। यद्यपि इस खहर राशि में भिन्नाङ्क के जोड़ने आदि से स्वरूप में विकार पड़जाता है तो भी उसकी लब्धि का अनन्तत्व (अनन्तपना) नहीं नष्ट होता । जैसे अवतारों के भेद होने से उस परमेश्वर के स्वरूप में तो अन्तर पड़जाता है पर अभीष्ट फलदातृत्व में कुछ विकार नहीं होता । ऐसाही खहर राशि को जानना चाहिये ॥ ६ ॥

अब इस खहर राशि के विषय में छात्रजनों की व्युत्पत्ति के लिये कुछ विशेष वर्णन करते हैं—जैसे $\frac{३}{०}$ इस खहरराशि में ३ जोड़ना है तो 'कल्प्यो हरो रूपमहारराशेः' इस व्यक्तगणित की रीति के अनुसार १ हर कल्पना

किया क्योंकि जिस राशि में ३ को जोड़ना है वह राशि भिन्न है अर्थात् उसके नीचे शून्य का छेद लगा हुआ है। फिर 'अन्योन्यहाराभिहतौ हरांशौ—' इस प्रकार से समच्छेद करके उन दो राशियों का योग वा अन्तर करने से कुछ विकार नहीं पड़ा अर्थात् वह योग और अन्तर से उत्पन्न होनेवाला राशिस्वरूप समान रहा। न्यास $\frac{३}{०}$ में $\frac{३}{१}$ को जोड़ने के लिये समच्छेद करने से $\frac{३}{०}+\frac{०}{०}$ ऐसा स्वरूप हुआ फिर इनका योग $\frac{३}{०}$ वही अविकृत राशि हुआ। इसी प्रकार अन्तर करने से वही राशि आया $\frac{३}{०}$।

यहांपर स्वरूप में विकार नहीं पड़ा परन्तु भिन्नाङ्क के साथ योग या अन्तर करने से पूर्वोक्त राशि में विकार पड़ेगा। जैसे $\frac{३}{०}$ में $\frac{१}{३}$ को जोड़ना है तो समच्छेद करने से $\frac{६}{०}+\frac{०}{०}$ ऐसा स्वरूप हुआ इनका योग $\frac{६}{०}$ हुआ। यदि ऐसा कथन करो कि एक राशि के छेद से दूसरे राशि के छेदांश को गुण देने से समान छेद होजाने पर आगे का श्रम व्यर्थ है। जैसे प्रकृत में $\frac{३}{०}$ खहर राशि के सून्य हर से दूसरे राशि $\frac{१}{३}$ के छेद और अंश को गुण देने से $\frac{३}{०}$ $\frac{०}{०}$ ये समान छेद वाले होगये अब इनका योग अथवा अन्तर करने से कुछ भी विकार नहीं है तो खहर, खहर राशि के योग अथवा अन्तर करने में अवश्य विकार होगा। जैसे $\frac{३}{०}+\frac{५}{०}$ ये दो खहर राशि हैं इन के तुल्य हर होने से योग $\frac{८}{०}$ हुआ। इस अवस्था में क्योंकर कहसक्ते हैं कि विकार नहीं हुआ, पर वास्तव (असल) में यहां पर भी फल में विकार नहीं हुआ किन्तु स्वरूपमात्र में। देखो ऐसा नहीं होता कि ३ तीन में ० शून्य का भाग देने से और फल मिले और ८ आठ में भागदेने से और, किन्तु दोनों स्थान में अनन्तता का व्यभिचार नहीं होता।

जैसे 'उन्नतांशज्यारूप शङ्कु में दृग्ज्याभुज तो इष्टद्वादशाङ्गुल आदि शङ्कु में क्या, इस प्रकार त्रैराशिक से सिद्धान्त में छायासाधन किया है। उदयकाल में उन्नतांश की जीवा का अभाव होता है और दृग्ज्या

त्रिज्या १२० के समान होती है । अब दो तीन चार आदि अङ्गुल के शङ्कुओं पर से उक्त त्रैराशिक से ये खहर छाया सिद्ध होती हैं $\frac{२४०}{०}$ । $\frac{३६०}{०}$ । $\frac{४८०}{०}$ । इनमें फल का भेद नहीं है अर्थात् उस काल में न्यूनाधिक प्रमाण वाले भी शङ्कुओं से जो छाया सिद्ध की हैं उनकी अनन्तता ही है । उसी काल में ३४३८, १२०, १००, ९० इन त्रिज्याओं पर से उक्त त्रैराशिक के अनुसार द्वादशाङ्गुल शङ्कु की ये छाया आती हैं $\frac{४१२५६}{०}$ । $\frac{१४४०}{०}$ । $\frac{१२००}{०}$ । $\frac{१०८}{०}$ इनमें भी फल भेद नहीं है । इसी विषयपर विश्वरूपापर-नामा श्रीमुनीश्वर ने पाटीसार नामक ग्रन्थ में कहा है—

ननु यो येन भक्तोऽसौ तद्धरः स्यादतो न सत् ।
खभक्त इति पृच्छाया उत्तरं खहरात्मकम् ॥ १ ॥
तस्मात्खभक्तराशेः किं फलं प्रश्नार्थगोचरम् ।
अस्योत्तरं खहारोऽयमनन्तफल उच्यते ॥ २ ॥
भाज्याद्धरापचयकेन फलस्य वृद्धि-
रस्मात्परापचितखात्महरेण भक्तात् ।
लब्धे परोपचय एतदनन्तसंख्या-
मारोहतीति नियते परता न चास्ति ॥ ३ ॥
श्रीभास्करार्येण कृतेत्र बीजे
खहारराशौ परमेशसाम्यात् ।
उक्तं यतोऽङ्केन वियोजितोऽयं
संयोजितश्चाविकृतोऽस्ति नित्यम् ॥ ४ ॥
अस्मिन्विकारः खहरेस्ति राशौ
भिन्नाङ्कयोगे त्वथ भिन्नहीने ।
योगोऽन्तरं तुल्यहरत्वपूर्वं
कार्यं ततः केचिदिदं वदन्ति ॥ ५ ॥

---

१ सिद्धान्तसुन्दरप्रणेतारः कवितारः श्रीज्ञानराजदैवज्ञाः ।

तन्नैव युक्तं गुणनेन जातो
विकारको नैव युतेर्वियोगात् ।
यतः समच्छेदतया वियोग-
योगाङ्कता तद्गुणनस्य सिद्धा ॥ ६ ॥
विकारेऽपि नानन्तलब्धेर्विकारो
यतस्तुल्यलब्धं द्वयोर्नाधिकोनम् ।
यतश्चोदयेऽनेकराशित्रयज्या-
वशाच्छून्यहारप्रभेदेऽपि भैक्यम् ॥ ७ ॥
एवं पितृभ्यः[1] प्रवदन्ति बीज-
नवाङ्कुरे ते खहराः समानाः ।
फलेन सिद्धान्तजवासनाभि-
र्युक्ता यतस्तत्खलु युक्तियुक्तम् ॥ ८ ॥
एवं त्वभिन्नत्रयमौर्विकोत्था
अनेकशङ्कुप्रविकल्पितेन ।
तत्रोदयास्ते खहराः प्रभिन्ना-
स्तल्लब्धिसाम्यं गणकैरमान्यम् ॥ ९ ॥
शङ्कुप्रभेदोद्भवभाः प्रभिन्नाः
सिद्धान्तयुक्त्या कथमन्यथा भाः ।
तद्भिन्नकालेऽपि समाः कुतो न
त्वन्ते खहारास्तु फलैर्न तुल्याः ॥ १० ॥
तस्मात्फलोनाधिकशून्यहारे-
ष्वानन्त्यरूपेण फलप्रसाम्यम् ।
युक्तं समाभाति सुवासनाढ्यं
संख्यागतं नैव फलं यतोत्र ॥ ११ ॥

---

१ नवाङ्कुरकाराः कृष्णदैवज्ञाः ।

(१) न्यास । रू० इसका वर्ग रू० हुआ ।
(२) न्यास । रू० इसका वर्गमूल रू० हुआ ।
इसी भांति शून्यराशि के घनादिकों को भी जानो ।

सोपपत्तिक खषड्विध समाप्त हुआ

दुर्गाप्रसादरचिते भाषाभाष्ये मिताक्षरे ।
वासनाभङ्गिसुभगं संपूर्णं शून्यषड्विधम् ॥

**यावत्तावत्कालको नीलकोऽन्यो
वर्णः पीतो लोहितश्चैतदाद्याः ।
अव्यक्तानां कल्पिता मानसंज्ञा-
स्तत्संख्यानं कर्तुमाचार्यवर्यैः ॥ ७ ॥**

अथाव्यक्तषड्विधत्वं निरूपयति—तत्र द्वित्र्यादीनां राशीनामव्यक्तत्वे संजाते भेदमन्तरेण तत्संकरः स्यादतस्तन्निरासाय अव्यक्तसंज्ञा आह—यावदिति । 'यावत्तावत्' इत्येका संज्ञा । शेषं सुगमम् ॥ शालिनीवृत्तमेतत् ॥ ७ ॥

अव्यक्त राशियों की संज्ञा—

पूर्वाचार्यों ने अव्यक्त (अज्ञातमान) राशियों की गणना करने के लिये उनकी यावत्तावत्, कालक, नीलक, पीतक, और लोहितक आदि संज्ञा की हैं कि जिसमें वे आपसमें मिल न जावैं ॥ ७ ॥

**अव्यक्तसंकलनव्यवकलने करणसूत्रं वृत्तार्धम्-
योगोऽन्तरं तेषु समानजात्यो-
र्विभिन्नजात्योस्तु पृथक् स्थितिश्च ॥**

अव्यक्तसंज्ञा अभिधाय तत्संकलनव्यवकलने उपजातिपूर्वार्धेनाह—योगोऽन्तरमिति । तेषु वर्णेषु मध्ये, रूपेष्वपि द्रष्टव्यम् । समानजात्योः, समाना एका यावत्तावत्त्वादिधर्मरूपा जातिर्ययो-

स्तौ। तथा तयोः समानजात्योः पूर्वोक्तौ योगोऽन्तरं वा स्यात्। अत्र 'स्यात्' इति पदमुत्तरदलस्थमन्वेति देहलीदीपन्यायेन। 'समानजात्योः' इत्युपलक्षणम्। तेन समानजातीनामित्यपि द्रष्टव्यम्। विभिन्ना जातिर्ययोस्तौ। तयोर्योगेऽन्तरे वा क्रियमाणे पृथक् स्थितिरेव स्यात्। अस्यायमभिप्रायः—रूपस्य रूपेण, यावत्तावतो यावत्तावता, कालकस्य कालकेन, यावत्तावद्वर्गस्य यावत्तावद्वर्गेण, यावत्तावद्घनस्य यावत्तावद्घनेन, एवं कालकवर्गस्य कालकवर्गेण, कालकघनस्य कालकघनेन, कालकनीलकभावितस्य कालकनीलकभावितेन, एवं समानजात्योर्योगेऽन्तरे वा कर्तव्ये योगोऽन्तरं वा प्रोक्तवद्भवति। रूपस्य यावत्तावता कालकादिना वा, एवं भिन्नजात्योर्योगेऽन्तरे वा पृथक्स्थितिरेव। अत्रैकपङ्क्ताविति द्रष्टव्यम्। अन्यथा योगान्तरज्ञापकाभावादिति॥

अव्यक्तराशि के जोड़ने और घटाने का प्रकार—

यावत्तावत् आदि जो अव्यक्तराशियों के द्योतक वर्ण कल्पना किये हैं, वे सजातीय कहिये एकजाति के हों तो उनका योग और अन्तर कहे हुए प्रकार से करो और यदि विजातीय हों तो एक पङ्क्ति में लिखदो इस प्रकार क्रिया करने से योग और अन्तर होगा। यहांपर साजात्य (एकजातिपना) इस भांति जानना योग्य है कि रूप का रूप के साथ, यावत्तावतका यावत्तावत के साथ, यावत्तावतवर्ग का यावत्तावतवर्ग के साथ, यावत्तावतघनका यावत्तावतघन के साथ, कालक का कालक के साथ, कालकवर्ग का कालकवर्ग के साथ, कालकघन का कालकघन के साथ इसी प्रकार उन उन वर्गों के चतुर्घात पञ्चघात आदि उन्हीं वर्गों के चतुर्घात पञ्चघात आदि के सजातीय होते हैं और यावत्तावत, यावत्तावद्वर्ग, यावत्तावद्घन, कालक, कालकवर्ग, कालघन आदि विजातीय कहलाते हैं। यह बात उदाहरणों पर और भी स्पष्ट प्रतीत होगी॥

उपपत्ति—

इसकी युक्ति अतिस्पष्ट है कि ५ पैसे ५ रुपये और ५ असर्फियां

इनके द्योतक क्रम से ५ या, ५ का, ५ नी, यदि कल्पना किये तो राशियों का योग १५ पैंसे या १५ रुपये या १५ असर्फियां नहीं होसक्ता किंतु -)। पैसे ५) रुपये ५)) असर्फियां यही होगा, क्योंकि वे आपसमें एक-जाति के नहीं हैं इससे सिद्धहुआ कि उनको अलग अलग स्थापितकरना चाहिये। यदि एकजाति के होते तो योग निर्विवादही था। इसी प्रकार अन्तर में भी सजातीय और विजातीय वर्णों की व्यवस्था जानो इससे 'योगोऽन्तरं तेषु समानजात्योः' यह सूत्र उपपन्नहुआ ॥

उदाहरणम्—

स्वमव्यक्तमेकं सखे सैकरूपं
धनाव्यक्तयुग्मं विरूपाष्टकं च ।
युतौ पक्षयोरेतयोः किं धनर्णे
विपर्यस्य चैक्ये भवेत्किं वदाशु ॥ ७ ॥

न्यासः । या १ रू १ । या २ रू ८̇ । अनयोर्योगे जातम् या ३ रू ७̇ ।

आद्यपक्षस्य धनर्णव्यत्यासे

न्यासः । या १̇ रू १̇ । या २ रू ८̇ । अनयोर्योगे जातम् या १ रू ९̇ ।

द्वितीयस्य व्यत्यासे

न्यासः । या १ रू १ । या २̇ रू ८ ।
योगे जातम् या १̇ रू ९ ।

उभयोर्व्यत्यासे

न्यासः। या १ रू १। या २। रू ८। योगे जातम् या ३ रू ७

अथोदाहरणान्याह—स्वमव्यक्तमिति। 'एकरूपयुक्तमेकं धनमव्यक्तम्, इत्येकः पक्षः। 'अष्टभी रूपै रहितं धनमव्यक्तयुग्मम्, इति द्वितीयः पक्षः। एतयोः पक्षयोः संकलने किं फलं स्यात्। अथ पक्षयोर्धनर्णे विपर्यस्य विपर्यासं विधाय युतौ किं फलं स्यात्। इह पूर्वपक्षमात्रव्यत्ययेन उत्तरपक्षमात्रव्यत्ययेन उभयपक्षव्यत्ययेन च प्रश्नत्रयं व्यत्ययाभावे चैक इत्युदाहरणचतुष्टयं द्रष्टव्यम्। 'धनर्णे' इत्यत्र भावप्रधानो निर्देशः॥

उदाहरण—

यावत्तावत् एक और रूप एक यह पहिला पक्ष है और यावत्तावत् दो रूप आठ ऋण यह दूसरा पक्ष है। अब इन दोनों पक्षोंका योग क्या होगा और यदि पहिले दूसरे पक्ष के और दोनों पक्ष के ऋण धन चिह्न बदल दिये जावें तो योग क्या होगा॥

(१) न्यास। या १ रू १। या २ रू ८̇। यहां पर पहिले पक्षमें यावत्तावत् १ का और रूप १ का योग २ नहीं होता क्योंकि वे एकजाति के नहीं हैं, इस कारण एक पङ्क्ति में लिखने से एकपक्ष सिद्ध हुआ, प्रथमपक्ष=या १ रू १। इसीप्रकार धन यावत्तावत् २ में से रूप ८ को घटाना है तो 'संशोध्यमानं स्वमृणत्वमेति—' इस सूत्र के अनुसार रूप ८̇ ऋण हुआ, अब इन दोनों धन ऋणों का 'धनर्णयोरन्तरमेव योगः' इस सूत्र के अनुसार ऋण ६̇ योग नहीं होता किंतु एकजाति के न होने से अलग अलग स्थापित किये गये तो दूसरा पक्ष सिद्ध हुआ, द्वितीयपक्ष= या २ रू ८̇। योग के लिये दोनों पक्षोंका न्यास।

प्रथम पक्ष = या १ रू १

द्वितीय पक्ष = या २ रू ८̇

अब कहीहुई रीति के अनुसार धन यावत्तावत् १ और धन यावत्तावत् २ का योग धन यावत्तावत् ३ हुआ । धन रूप १ और ऋणरूप ८̇ इनका योग ऋणरूप ७̇ हुआ । ऐसाही आगे भी जानो ॥

(२) पहिले पक्ष के व्यत्यय अर्थात् चिह्न बदलने से ये दो पक्ष सिद्ध हुए—

प्रथम पक्ष = या १̇ रू १̇ ।

द्वितीय पक्ष = या २ रू ८̇ ।

इनमें सजातीय ऋण यावत्तावत् १̇ और धन यावत्तावत् २ का योग धन यावत्तावत् १ हुआ । इसी प्रकार सजातीय ऋण रूप १̇ और ऋण रूप ८̇ इनका योग ऋणरूप ९̇ हुआ ॥

(३) दूसरे पक्ष के व्यत्यय करने से ये दो पक्ष और सिद्ध हुए—

प्रथम पक्ष = या १ रू १ ।

द्वितीय पक्ष = या २̇ रू ८ ।

इनमें सजातीय धन यावत्तावत् १ और ऋण यावत्तावत् २̇ का योग ऋण यावत्तावत् १̇ हुआ । इसी प्रकार सजातीय धन रूप १ और धन रूप ८ का योग धन रूप ९ हुआ ॥

(४) दोनों पक्षों के व्यत्यय करनेसे ये दो पक्ष और उत्पन्न हुए—

प्रथम पक्ष = या १̇ रू १̇

द्वितीय पक्ष = या २̇ रू ८

अब इन दोनों पक्षों में सजातीय ऋण यावत्तावत् १̇ ऋण यावत्तावत् २̇ का योग ऋण यावत्तावत् ३̇ हुआ । इसी प्रकार सजातीय ऋण रूप १̇ और धन रूप ८ इनका योग धन रूप ७ हुआ । इसी प्रकार सर्वत्र ऋण, धन, सजातीय और विजातीय का विवेचन जानो ॥

उदाहरणम्—

धनाऽव्यक्तवर्गत्रयं सत्रिरूपं
क्षयाऽव्यक्तयुग्मेन युक्तं च किं स्यात् ॥

न्यासः। याव ३ रू ३। या २̇। योगे जातम् याव ३ या २̇ रू ३।

धनाऽव्यक्तयुग्मादृणाऽव्यक्तषट्कं
सरूपाष्टकं प्रोह्य शेषं वदाशु ॥ ८ ॥

न्यासः। या २। या ६̇ रू ८̇। शोधिते जातम् या ८ रू ८̇

इत्यव्यक्तसंकलनव्यवकलने।

अथ त्रयाणां वैजात्ये सत्युदाहरणं भुजंगप्रयातपूर्वार्धेनाह—त्रिभी रूपैः सहितं धनमव्यक्तवर्गत्रयं क्षयाऽव्यक्तयुग्मेन युक्तं किं स्यात्तच्चाशु वदेति पूर्वेणान्वयः ॥ अथोत्तरार्धेन व्यवकलनोदाहरणमाह—धनाव्यक्तयुग्मादिति। धनं यद् अव्यक्तयुग्मं तस्मात् रूपाष्टकेन सहितं ऋणमव्यक्तषट्कं प्रोह्य अपास्य शेषं व्यवकलनसंभूतं फलं आशु वदेति ॥

उदाहरण—

रूप तीन से युक्त धन यावत्तावद्वर्ग तीन और ऋण यावत्तावत् दो इनका योग क्या होगा ॥

(१) न्यास। याव ३ रू ३। या २̇। इस उदाहरण में यावत्तावद्वर्ग ३ और रूप ३ इनका यावत्तावत् २̇ के साथ योग नहीं होसक्ता क्योंकि वे परस्पर एक जाति के नहीं हैं, इसी कारण उनकी पृथक् स्थिति हुई याव ३ या २̇ रू ३।

उदाहरण—

धनयावत्तावत् दो में से धन रूप आठ से युक्त ऋण यावत्तावत् दो को घटाकर शेष बतलाओ॥

(१) न्यास। या २। या ६ रू ८। यहांपर भी यावत्तावत् २ में से यावत्तावत् ६ और रूप ८ घटाने लगे तो 'संशोध्यमानं स्वमृणत्व-मेति—' इस सूत्र के अनुसार यावत्तावत् ६ धन और रूप ८̇ ऋण हुए बाद सजातीयों के योग करने से यावत्तावत् ८ धन रूप ८̇ ऋण हुआ, यही उत्तर है॥

अव्यक्तराशि के जोड़ने और घटाने का प्रकार समाप्तहुआ॥

अव्यक्तादिगुणने करणसूत्रं सार्धवृत्तद्वयम्—

स्याद्रूपवर्णाभिहतौ तु वर्णो
द्वित्र्यादिकानां समजातिकानाम्॥ ८॥
वधे तु तद्वर्गघनादयः स्यु-
स्तद्भावितं चासमजातिघाते।
भागादिकं रूपवदेव शेषं
व्यक्ते यदुक्तं गणिते तदत्र॥ ९॥

अथ वर्णगुणनमुपजातिकोत्तरार्धेनोपजातिकया चाह—स्या-दिति। वर्णगुणनं द्विधैव संभवति, रूपेण सजातीयवर्णेन विजातीय-वर्णेन वा। तत्र रूपेण गुणने 'स्याद्रूपवर्णाभिहतौ तु वर्णः' इति रूपवर्णाभिहतौ वर्णः स्यात्। अस्यायमभिप्रायः—रूपेण वर्णे गुणनीये वर्णेन वा रूपे गुणनीये अङ्कतस्तु गुणनफलं भवति, नाम तु वर्णस्यैव। अथ सजातीयवर्णेन गुणने समजातिकानां द्वित्र्या-

दिकानां वर्णानां वधे तु तद्वर्गघनादयः स्युः । एतदुक्तं भवति-यावत्तावता यावत्तावति गुणिते समजात्योर्द्वयोर्घात इति यावत्तावद्वर्गः स्यात् । स चेत्पुनर्यावत्तावता गुण्यते तदा समत्रिघातत्वात् यावत्तावद्घनः स्यात् । अयमपि चेत्तेन गुण्यते तदा समचतुर्घातत्वाद् यावत्तावद्वर्गवर्गः स्यात् । असावपि तेन गुणितश्चेत्पञ्चघातत्वाद् यावत्तावद्वर्गघनयोर्घातः स्यात् । एवं षड्घाते यावत्तावद्वर्गघनो यावत्तावद्घनवर्गो वा भवेत्, इत्यादि । कालकादीनामपि समद्वित्र्यादिवधे कालकादिवर्गघनादयो ज्ञेयाः । अथ विजातीयवर्णेन गुणने 'असमजातिघाते तद्भावितं स्यात्, इति विजातीयवर्णयोर्घाते तयोर्वर्णयोर्भावितं स्यात् । तथा यावत्तावता कालके गुणिते यावत्तावत्कालकभावितं स्यात् । कालकेन नीलके गुणिते कालकनीलकभावितं स्यात् । इत्यादि बुद्धिमता ज्ञेयम् । यावत्तावत्कालकभावितं यदि कालकेन गुण्यते तदा यावत्तावत्कालकवर्गभावितं स्यात् । इदमपि यदि यावत्तावता गुण्यते तदा यावत्तावद्वर्गकालकवर्गभावितं स्यात् । एवमग्रेऽपि सुधियावधेयम् । एवं गुणनमभिधायेदानीं भागादिकमाह—भागादिकमिति । शेषं भागादिकं भागवर्गवर्गमूलघनघनमूलादिकं यद् व्यक्तगणित उक्तं तदत्र रूपवदेव ज्ञेयम् । ' भाज्याद्धरः शुध्यति- ' इत्यादिना भजनफलमवधेयम् । ' समद्विघातः कृतिः ' इत्यादिना वर्गो ज्ञेय इति । भागादीनां गुणनपूर्वकत्वाद्गुणनसंज्ञाविशेषस्य चोक्तत्वात्तत्र कोऽपि विशेषो वक्तव्यो नास्तीति भावः । इदमुपलक्षणम् । अत्रासंकरार्थं गुणनफलसंज्ञामात्रमुक्तम् । अङ्कतस्तु गुणनादिकं व्यक्तगणिते यदुक्तं तदत्रापि वेदितव्यम् ॥ ८ । ९ ॥

अव्यक्तराशि के गुणन का प्रकार—

रूप और वर्ण इनके घात करने से गुणनफल वर्ण होता है । तात्पर्य

यह है कि रूप से वर्ण को गुणने से अथवा वर्ण से रूप को गुणने से गुणनफल अङ्कात्मक और रूप के स्थान में वर्ण होजाता है अर्थात् 'रू' इस अक्षर के आगे लिखे हुए जो अङ्क हों उनका और यावत्तावत् आदि वर्ण के आगे लिखे हुए अङ्कों का आपस में व्यक्तगणित में कही हुई रीति के अनुसार गुणन होगा और 'रू' अक्षर के स्थान में यावत्तावत् कालक नीलक आदि संज्ञाओं के पहिले के वर्ण या, का, नी आदि अक्षर लिखे जाते हैं। सजातीय वर्णों से सजातीय दो तीन आदि वर्णों को गुणने से उनके वर्ग घनचतुर्घात आदि होते हैं। आशय यह है कि यावत्तावत् को यावत्तावत् से गुणने में उन दो सजातीयों के समद्विघात होने से यावत्तावद्वर्ग होता है, जो यही (यावत्तावद् वर्ग) फिर यावत्तावत् से गुण दिया जावे तो समान तीन घात होने से यावत्तावद्घन होगा, वह फिर यावत्तावत् से गुणा जावे तो समान चार घात होने से यावत्तावद्वर्गवर्ग होगा, वह भी जो यावत्तावत् से गुण दिया जावे तो समान पांचघात होने के कारण यावत्तावद्वर्ग और उसके घन का घात होगा, इसी भांति षड्घात करने में यावत्तावत् के वर्ग का घन या यावत्तावत् के घन का वर्ग होगा। इसी प्रकार कालक आदि वर्णों के समान दो तीन आदि घात करने से उन के (कालक आदिकों के) वर्ग घन आदि होंगे। विजातीय वर्णों के घात करने में उनका भावित होता है अर्थात् यावत्तावत् से कालक को गुणने से यावत्तावत्कालकभावित होगा, कालक से नीलक को गुणने से कालकनीलकभावित होगा, यावत्तावत्कालकभावित जो कालक से गुणदिया जावे तो यावत्तावत्-कालकवर्गभावित होगा, यह जो यावत्तावत् से गुण दिया जावे तो यावत्तावत्वर्ग कालकवर्गभावित होगा, यहां पर लाघव के लिये यावत्तावत्-कालकभावित के स्थानपर केवल 'याकाभा' ये उनके आद्याक्षर लिखते हैं। इस प्रकार गुणन की रीति को कहकर अब भागहार आदि कहते

हैं—भागहार, वर्ग, वर्गमूल, घन और घनमूल ये जिस प्रकार व्यक्तगणित (लीलावती) में कहे हैं वैसाही यहां पर भी जानो अर्थात् 'भाज्याद्धरः शुध्यति—' इस सूत्र के अनुसार भागहार और 'समद्विघातः कृतिः—' इस सूत्र के अनुसार वर्ग को जानो और '—वर्गघनप्रसिद्धावाद्याङ्कतो वविधिरेष कार्यः' इस सूत्र के अनुसार जैसा व्यक्तगणित में आदि से वर्ग और घन सिद्ध किये जाते हैं वैसा यहां पर भी सिद्ध करो ॥

उपपत्ति—

रूप कहिये ज्ञातमान १, २, ३, आदि संख्या उनको रूप से गुण देने में गुणनफल रूपात्मक ही होगा यह बात अत्यन्त सुप्रसिद्ध है। रूप से वर्ण को गुणने में गुणनफल रूप होगा अथवा वर्ण, इस संदेह की निवृत्ति के लिये अज्ञातराशि को रूपसमूह मानकर युक्ति दिखलाते हैं— कोई एक अन्न सात आढकवाले मान से मापने में एक मान होता है यदि उसे सात से गुणदेवें तो गुणनफल रूपात्मक होगा या समूहात्मक, जो रूपात्मक मानें तो सात आढक अन्न होगा पर ऐसा मानना उचित नहीं है क्योंकि गुणन करने के प्रथमही सात आढक अन्न विद्यमान था अब गुणन के बाद उनचास आढक अन्न होंगे इस कारण समूहात्मक कहना उचित है तो सात आढक अन्न का समूह सात है इससे 'स्याद्रूपवर्णाभिहतौ वर्णः' यह सूत्रखण्ड उपपन्न हुआ। रूप यह एक व्यक्त संख्या का बोधक है उससे गुणन करने में अङ्कों से गुणन होता है किंतु अक्षरों से नहीं, यदि ऐसा संदेह करो कि रूप और अव्यक्त संख्या के भेद के लिये संख्या के बोधक अङ्कही लिखे जावें रूप के प्रथम अक्षर लिखने का क्या प्रयोजन है तो देखो अङ्क में ऐसा कोई भेद दिखलानेवाला चिह्न नहीं है कि जिसके होने से रूप और वर्णाङ्क के संनिधि में उनका भेद स्पष्ट प्रतीत हो, इस कारण रूप का आदि अक्षर लिखते हैं। अब सजातीय वर्णों के गुणन में वर्ण को रूपसमूह मान कर युक्ति दिखलाते

हैं–जैसा सात आढक धान्य का १ एक समूह वर्तमान है इसको इसीसे गुण देने से १ हुआ, अब इस सात आढक के समूहात्मक होने से एक से गुणा हुआ समूह अथवा समूह से गुणा हुआ समूह इसका भेद दुर्ज्ञेय होता है, पर एक गुण्य में गुणक के भेद होने के कारण गुणनफल में अवश्य भेद होता है इसलिये गुणनफल को समूह वर्गरूपी कहना उचित है तो वे उनचास आढक हुए इस कारण सजातीय दो वर्णों का घात वर्ग होता है यह बात सिद्ध हुई । इसी प्रकार दो तीन चार आदि सजातीय वर्णों के घात करने से उनके घन, और वर्गवर्ग आदि होते हैं इससे 'द्वित्र्यादिकानां समजातिकानां वधे तु तद्वर्गघनादयः स्युः' इतना सूत्रखण्ड उपपन्न हुआ ॥

अब विजातीय वर्णों के घातकरन में उनका भावित होता है ऐसा जो पूर्व कहा है उसकी युक्ति दिखलाते हैं—सात आढक धान्यवाला १ एक समूह है और पांच आढक धान्यवाला दूसरा १ एक समूह है, इन दोनों समूहों का घात १ हुआ, अब इसे सात आढक धान्यवाला समूह नहीं कहसक्के क्योंकि एक गुणित और समूहगुणित का अभेद होगा, और समूहवर्ग भी नहीं कहसक्के क्योंकि समूह को अपने से गुणनेसे और दूसरे समूह के गुणने से जो गुणनफल उत्पन्न होंगे उनका भेद होना उचित है, इस कारण उन दोनों समूहों का घात एक विलक्षण ही है, ऐसा माननें से ३५ आढक होते हैं और ऐसा होना योग्य भी है इसलिये विजातीय वर्णों का घात अक्षर से होना युक्त है । यहां आचार्यों ने घात की 'भावित' यह संज्ञा रक्खी यदि 'वध' यह संज्ञा की जाती तो कदाचित् यावत्तावत्वर्ग के साथ संकर (मेल) होता, 'घात' संज्ञा करने से कभी यावत्तावत् घन के साथ संकर होना संभव था, गुणनशब्द के आदि अक्षर लिखने से 'गुह्य' इस अश्लील शब्द की भावना होती और हतिशब्द के प्रथम अक्षर लिखने से कदाचित् हरितकवर्ण की भ्रान्ति होती यदि और

किसी शब्द के आदि वर्ण लिखने से संकर आदिक दोष न हो तो उसका लिखना योग्य है तो भी पूर्व आचार्यों के अनुरोध से 'भावित' यह संज्ञा की इससे 'तद्भाविनं चासमजातिघाते' यह सूत्रखण्ड उपपन्न हुआ ॥ ८।९॥

गुण्यः पृथग्गुणकखण्डसमो निवेश्य-
स्तैः खण्डकैः क्रमहतः सहितो यथोक्त्या।
अव्यक्तवर्गकरणीगुणनासु चिन्त्यो
व्यक्तोक्तखण्डगुणनाविधिरेवमत्र ॥ १० ॥

अथ शिष्यजनसौकर्यार्थं 'गुण्यस्त्वधोधो गुणखण्डतुल्यः–' इत्यादिव्यक्तोक्तखण्डगुणनं वसन्ततिलकया विशदयति–गुण्य इति। गुणकस्य यावन्ति खण्डानि तावत्सु स्थानेषु पृथग्गुण्यो निवेश्यः। अत्र खण्डानि संज्ञाभेदेन अवगन्तव्यानि। अथ पृथङ्निवेशितो गुण्यस्तैर्गुणकखण्डैः प्रथमस्थाने प्रथमखण्डेन, द्वितीयस्थाने द्वितीयखण्डेन, तृतीयस्थाने तृतीयखण्डेन, एवं क्रमेण 'स्याद्रूपवर्णाभिहतौ तु वर्णः–' इत्यादिना गुणितः सन् यथोक्त्या पूर्वोक्तप्रकारेण 'योगोऽन्तरं तेषु समानजात्योः–' इत्यादिना 'योगे युतिः स्यात् क्षययोः स्वयोर्वा–' इत्यादिना च सहितः। अत्र अव्यक्तगणिते अव्यक्तवर्गकरणीगुणनासु तथा अव्यक्तगुणनासु वर्गार्थं वर्गगुणनासु करणीगुणनासु च व्यक्तोक्तखण्डगुणनाविधिरेवं चिन्त्यः। एवमन्येऽपि गुणनप्रकारा द्रष्टव्याः ॥ १० ॥

अब शिष्यजनों की सुगमता के लिये 'गुण्यस्त्वधोधो गुणखण्डतुल्यः –' इस व्यक्तोक्त खण्डगुणन को विशद (खुलासा) करते हैं—

गुणक के जितने खण्ड किये जावें उतने स्थानों में अलग अलग गुण्य को स्थापन करो और उन स्थापित किये हुए गुण्य खण्डों को इस क्रम से गुणो कि प्रथम स्थान में प्रथम खण्ड से, दूसरे स्थान में दूसरे

खण्ड से, तीसरे स्थान में तीसरे खण्ड से इस प्रकार 'स्याद्रूपवर्णाभिहतौ तु वर्णः—' इस सूत्र के अनुसार गुणन करने से जो फल उत्पन्न हो उसको पहिले कहे हुए 'योगोऽन्तरं तेषु समानजात्योः—' इस सूत्र की और 'योगे युतिः स्यात् क्षययोः स्वयोर्वा—' इस सूत्र की रीति से जोड़ो वह गुणनफल होगा। यहां अव्यक्त के गुणन करने में वर्ग के गुणन करने में और करणी के गुणन करने में, व्यक्त में जो खण्डगुणन का प्रकार कहा है उसीको जानो। यहां 'खण्डगुणन' यह पद उपलक्षण है इस कारण और भी गुणन के प्रकारों को जानो॥

उपपत्ति—

इसकी उपपत्ति लीलावती की टीका में देखो॥

उदाहरणम्—

यावत्तावत्पञ्चकं व्येकरूपं
यावत्तावद्भिस्त्रिभिः सद्विरूपैः।
संगुण्य द्राग् ब्रूहि गुण्यं गुणं वा
व्यस्तं स्वर्णं कल्पयित्वा च विद्वन्॥ ६॥

न्यासः। गुण्यः या ५ रू १̇। गुणकः या ३ रू २।
गुणनाज्जातं फलम् याव १५ या ७ रू २̇।

गुण्यस्य धनर्णत्वव्यत्यासे

न्यासः। गुण्यः या ५̇ रू १ गुणकः या ३ रू २
गुणनाज्जातम् याव १५̇ या ७̇ रू २।

गुणकस्य धनर्णत्वव्यत्यासे

न्यासः। गुण्यः या ५ रू १̇ गुणकः या ३̇ रू २̇

गुणनाज्जातम् याव १५̇ या ७̇ रू २ ।

द्वयोर्धनर्णत्वव्यत्यासे

न्यासः । गुण्यः या ५̇ रू १ गुणकः या ३̇ रू २̇
गुणनाज्जातम् याव १५ या ७ रू २̇

उदाहरण—

रूप १ से हीन यावत्तावत् ५ को रूप २ से युक्त यावत्तावत् ३ से गुण दो और गुण्य गुणक को धन ऋण अथवा व्यस्त अर्थात् ऋण धन मानकर गुणन करने से जो अलग अलग गुणनफल हों उन्हें बतलाओ ॥

(१) न्यास । गुण्य=या ५ रू १̇ । गुणक = या ३ रू २ । अब स्थान गुणन की रीति से

या ५ रू १̇
या ३ रू २
याव १५ या ३̇
या १० रू २̇
गुणनफल=याव १५ या ७ रू २̇ हुआ ॥

(२) गुण्य या ५ रू १̇ में यावत्तावत् पांच को ऋण और ऋण रूप एक को धन मानकर स्थान गुणन की रीति से

या ५̇ रू १
या ३ रू २
याव १५̇ या ३
या १०̇ रू २
गुणनफल=याव १५̇ या ७̇ रू २ हुआ ॥

(३) गुणक या ३ रू २ में यावत्तावत् तीन और रूप दो को ऋण मान कर स्थान गुणन की रीति से

या ५ रू १ं
या ३ं रू २ं
―――――――――
याव १५ं या ३
या १०ं रू २
―――――――――

गुणनफल=याव १५ं या ७ं रू २ हुआ ॥

(४) गुण्य या ५ रू १ं और गुणक या ३ रू २ में धन ऋण का व्यत्यास अर्थात् हेर फेर कर स्थान गुणन की रीति से

या ५ं रू १
या ३ं रू २ं
―――――――――
याव १५ या ३ं
या १० रू २ं
―――――――――

गुणनफल=याव १५ या ७ रू २ं हुआ ॥

भागहारे करणसूत्रं वृत्तम्-

भाज्याच्छेदः शुध्यति प्रच्युतः सन्
स्वेषु स्वेषु स्थानकेषु क्रमेण ।
यैर्यैर्वर्णैः संगुणो यैश्च रूपै-
र्भागाहारे लब्धयस्ताः स्युरत्र ॥ ११ ॥

पूर्वगुणनफलस्य स्वगुणच्छेदस्य प्रथमपक्षस्य भागहारार्थं न्यासः ।

भाज्यः । याव १५ या ७ रू २ं ।

भाजकः । या ३ रू २ ।

भजनादाप्तो गुणयः या ५ रू १ं

द्वितीयस्य न्यासः ।

भाज्यः । याव १५ं या ७ं रू २ ।

भाजकः । या ३ रू २ ।

भजनेन लब्धो गुणयः या ५ं रू १ ।

तृतीयस्य न्यासः ।

भाज्यः । याव १५ं या ७ं रू २ ।

भाजकः । या ३ं रू २ं ।

हरणादाप्तो गुणयः या ५ रू १ं ।

चतुर्थस्य न्यासः ।

भाज्यः । याव १५ या ७ रू २ं

भाजकः । या ३ं रू २ं

हृते लब्धो गुणयः या ५ं रू १ ।

इत्यव्यक्तगुणनभजने

अथ ‘ भाज्याद्धरः शुध्यति– ’ इत्यादिना भजनफलसिद्धावपि वर्णसंज्ञावधानार्थं मन्दावबोधनार्थं च पुनः शालिन्या विशदयति–भाज्यादिति । छेदो हरः । स यैर्यैर्वर्णैर्यैः रूपैश्च गुणितः सन् भाज्यात् स्वेषु स्वेषु स्थानेषु यथास्वं समानजातिषु प्रच्युतः सन् शुध्यति नावशिष्यते ता अत्र लब्धयः स्युः । ते वर्णाः तानि च रूपाणि लब्धयः स्युरित्यर्थः ॥ ११ ॥

अव्यक्त राशि के भागहार का प्रकार—

अब 'भाज्याद्धरः शुध्यति—' इस सूत्र के अनुसार भजनफल के सिद्ध होने पर भी वर्णसंज्ञा का परिचय और मन्दजनों के बोध के लिये फिर भी उसे स्पष्ट करते हैं—जिन जिन वर्ण और रूप से गुणा हुआ भाजक भाज्य से अपने अपने स्थानों में घटायाहुआ शुद्ध हो अर्थात् अवशिष्ट न रहै वे वर्ण और रूप यहां लब्धि होते हैं ॥

उपपत्ति—

इस प्रकार की उपपत्ति मेरी बनाई हुई लीलावती की टीका में स्पष्ट है ॥

(१) भाज्य = याव १५ या ७ रू २̇ । भाजक = या ३ रू २ यहां भाज्य में पहिले यावत्तावत् वर्ग १५ हैं इस कारण उनमें यावत्तावत् वर्ग ही को घटाना युक्त है भाजक में पहिले यावत्तावत् ३ हैं उनको रूप से गुणने से 'स्याद्रूपवर्णाभिहतौ तु वर्णः' इस सूत्र के अनुसार वर्ण ही होता है किंतु उनका वर्ग नहीं होता, यावत्तावत् से गुण देने में समान जातियों के घात होने से यद्यपि यावत्तावत्वर्ग होगा तो भी अङ्कों में तीन होंगे इसलिये शोधन करने पर भी भाज्य में यावत्तावत्वर्ग न घटसकैंगे इस कारण यावत्तावत् पांच से भाजक को गुणने से यावत्तावत्वर्ग पंद्रह होंगे तो घटजायंगे, अब या ५ से भाजक 'या ३ रू २̇' को गुणने से हुआ 'याव १५ या १०' इसको भाज्य 'याव १५ या ७ रू २̇' में यथास्थान घटाने से शेष 'या ३̇ रू २̇' बचा यावत्तावत् पांच से गुणाहुआ भाजक शुद्ध हुआ है इसलिये यावत्तावत् ५ लब्धि आई । अब भाज्य शेष में यावत्तावत् तीन हैं इस कारण भाजक को रूप से गुण देने से जो गुणनफल होगा वह भाज्यशेष में घट सकैगा परंतु धन रूप से गुणन करने में 'संशोध्यमानं स्वमृणत्वमेति' इस सूत्र के अनुसार दोनों के ऋण होने से योग होगा तो शुद्धि न होगी इस कारण ऋणरूप से गुणने से शुद्धि होगी, अब 'रू १̇' से भाजक 'या ३ रू २' को गुणने से 'या

३ रू २ ' हुआ उसको ' या ३ रू २' इस भाज्य शेष में घटाने से ऋणरूप १ लब्धि मिली, इस प्रकार ' या ५ रू १' यह संपूर्ण लब्धि हुई यही पहिला गुण्य था ॥

(२) भाज्य = याव १५ या ७ रू २ । भाजक = या ३ रू २ । यहां पर भी उक्तरीति के अनुसार 'या ५ रू १' यह लब्धि मिली ॥

(३) भाज्य = याव १५ या ७ रू २ । भाजक = या ३ रू २ । यहां पर भी उक्त प्रकार के अनुसार लब्धि ' या ५ रू १' आई ॥

(४) भाज्य = याव १५ या ७ रू २ भाजक = या ३ रू २ । उक्त प्रकार से लब्धि मिली या ५ रू १ ॥

अव्यक्त राशि के गुणन और भागहार का प्रकार समाप्त हुआ ॥

वर्गोदाहरणम्-

रूपैः षड्भिर्वर्जितानां चतुर्णा-
मव्यक्तानां ब्रूहि वर्गं सखे मे ॥ ६ ॥

न्यासः या ४ रू ६ । जातो वर्गः याव १६ या ४८ रू ३६

अथ यद्यपि वर्गसूत्रमन्तरा तदुदाहरणं वक्तुमनुचितं तथापि वर्गस्य समद्विघातरूपत्वाद् गुणनसूत्रेणैव तत्सिद्धेः 'अव्यक्तवर्ग-करणीगुणनासु चिन्त्यः' इति विशेषोक्तेश्च तदुचितमेवेति शालि-न्युत्तरार्धेन तदाह-रूपैरिति । स्पष्टोऽर्थः ।

अब यहांपर यद्यपि वर्गसूत्र के कहने के विना उसके (वर्ग के) उदा-हरण का कथन अनुचित प्रतीत होता है तो भी वर्ग के समद्विघातरूप होने से गुणनसूत्र ही से उसका (वर्ग का) साधन होता है इस कारण वर्ग का उदाहरण कहते हैं—ऋणरूप छ से रहित यावत्तावत् चार का वर्ग कहो ॥

न्यास । या ४ रू ६ इनका वर्ग करने के लिये स्थान गुणन की रीति

या ४ रू ६̇
या ४ रू ६̇
―――――――
याव १६ या २४̇
या २४̇ रू ३६
―――――――
गुणनफल = याव १६ या ४८̇ रू ३६ यही वर्ग हुआ ।

वर्गमूले करणसूत्रं वृत्तम्—

कृतिभ्य आदाय पदानि तेषां
द्वयोर्द्वयोश्चाभिहतिं द्विनिघ्नीम् ।
शेषात्त्यज्येद्रूपपदं गृहीत्वा
चेत्सन्ति रूपाणि तथैव शेषम् ॥ १२ ॥

अथ वर्गे दृष्टे कस्यायं वर्ग इति मूलाङ्कज्ञानार्थमुपायमुपजातिकयाह—कृतिभ्य इति । तेषां वर्गराशिगताव्यक्तानां मध्ये कृतिभ्यो वर्गेभ्यः पदानि मूलान्यादाय तेषां पदानां परस्परं द्वयोर्द्वयोरभिहतिं द्विनिघ्नीं शेषाद्विशोधयेत्, यदि शुद्धिर्भवेत्तदा तानि तस्य वर्गस्य पदानि भवेयुरित्यर्थादुक्तं भवति । कृत्योरित्यपि द्रष्टव्यम् । अथ यदि वर्गराशौ रूपाणि सन्ति तर्हि रूपपदं गृहीत्वा शेषं तथैव द्वयोर्द्वयोश्चाभिहतिं द्विनिघ्नीं शेषात्त्यजेदिति । रूपेषु सत्सु यदि रूपपदं न लभ्यते तदा स वर्गराशिर्नेत्यर्थादुक्तं भवति ॥ १२ ॥

---

१ यहांपर 'गुण्यस्त्वधोधो गुणखण्डतुल्यः—' इस व्यक्तगणितोक्त खण्डगुणनकी अपेक्षा भी 'स्थानैः पृथग्वा गुणितः समेतः' इस स्थानगुणन करने में अधिक सौकर्य होता है इस कारण प्रायः सब जगह स्थानगुणनही की रीति पर गणित दिखलाया है । वर्ग भी इस रीति से तुरंत सिद्ध होता है इस कारण '—वर्गघनप्रसिद्धावाद्याङ्कतो वा विधिरेष कार्यः' इस सूत्र के अनुसार जो आद्याङ्कविधि से लाघव से वर्ग आदि सिद्ध किये जाते हैं उसकी भी कुछ विशेष आवश्यकता नहीं है ॥

अव्यक्तराशि के वर्गमूल का प्रकार—

वर्गराशि में जितने अव्यक्त अर्थात् वर्ण हों उनका मूल लो और उन मूलों में से दो दो मूलों के दूने घात को शेष में (जिस वर्गात्मक राशि से मूल लिया गया था उसमें) घटादो तो वे मूल होते हैं, इसी प्रकार यदि वर्गराशि में रूप होवैं तो उनका मूल लेकर उक्त क्रियाकरो, जो रूपों के होनेपर उनका मूल न मिले तो वह वर्गराशि ही नहीं है ॥

उपपत्ति—

राशि का समान दो घात वर्ग होता है, यह पारिभाषिक संज्ञा है। जिसका वर्ग किया जाता है वह राशि गुण्य और गुणक दोनों होता है वहां एकखण्डात्मक वर्ग में किसका यह समद्विघात है इस प्रकार समद्विघात के खोजकरने से मूल का जानना सुगम है। अब दो खण्डवाले राशि के वर्ग करने के लिये न्यास।

गुण्य=या ४ रू ६̇
गुणक=या ४ रू ६̇
पहिली पङ्क्ति=याव १६ या २४̇
दूसरी पङ्क्ति= या २४̇ रू ३६
गुणनफल = याव १६ या ४८̇ रू ३६

देखो यहां पहिली पङ्क्ति में पहिले खण्ड का (या ४ का वर्ग १६) वर्ग और दोनों खण्डों का घात (या ४ रू ६̇ का घात या २४̇) है इसी प्रकार दूसरी पङ्क्ति में दोनों खण्डों का घात (या ४ रू ६̇ का घात या २४̇) और दूसरे खण्ड का वर्ग (रू ६̇ का वर्ग रू ३६) है। अर्थात् दोनों पङ्क्ति में दोनों खण्डों का घात है अब उन दोनों खण्डों का योग करने से दूना दोनों खण्डों का घात होता है वही द्विगुण दोनों खण्डों का घात या ४८̇ गुणनफल की पङ्क्ति में लिखा है। इससे स्पष्ट

मालूम होता है कि दो खण्ड वाले राशि के वर्ग करने में तीन खण्ड होते हैं खण्डों के वर्ग और दूना खण्डों का घात याव १६ या ४८ रू ३६ ॥

तीन खण्ड वाले राशि के वर्ग करने के लिये न्यास ।

गुण्य = या ३ का ४ नी ५

गुणक = या ३ का ४ नी ५

पहिली पङ्क्ति = याव ९ या·का १२ या·नी १५

दूसरी पङ्क्ति = का·या १२ काव १६ का·नी २०

तीसरी पङ्क्ति = नी·या १५ नी·का २० नीव २५

गुणनफल = याव ९ या·का २४ या·नी ३० काव १६ कानी ४० नीव २५

देखो यहां पहिली पङ्क्ति में पहिले खण्ड का वर्ग, पहिले खण्ड का दूसरे का घात और पहिले खण्ड का तीसरे का घात है । दूसरी पङ्क्ति में दूसरे खण्ड का वर्ग, पहिले खण्ड का दूसरे का घात और दूसरे खण्ड का तीसरे का घात है । तीसरी पङ्क्ति में तीसरे खण्ड का वर्ग, पहिले खण्ड का तीसरे का घात और दूसरे खण्ड का तीसरे का घात है । अर्थात् वर्ग करने में हर एक खण्डों का वर्ग और दूना दोनों खण्डों का घात होता है इसके देखने से 'कृतिभ्य आदाय—' इस सूत्र की उपपत्ति स्पष्ट ज्ञात होती है ॥ १२ ॥

पूर्वसिद्धस्य वर्गस्य मूलार्थं न्यासः। याव १६ या ४८ रू ३६।

लब्धं मूलम् या ४ रू ६

इत्यव्यक्तवर्गवर्गमूले ।

इत्यव्यक्तषड्विधम्

'रूपैः षड्भिः—' इस प्रश्न के अनुसार सिद्ध किये हुए वर्ग को वर्गमूल के लिये लिखते हैं—

न्यास । याव १६ या ४८̇ रू ३६ । इस वर्गराशि में यावत्तावत् वर्ग सोलह और रूप छत्तीस ये दो वर्ग हैं इनसे मूल या ४ रू ६ मिले, इन दोनों के घात द्विगुण को या ४८ 'संशोध्यमानं स्वमृणत्वमेति—' इस सूत्र के अनुसार शेष या ४८̇ में घटाने लगे तो ऋणों का योग होजाने से न घटा इस लिये उन दोनों में से एक को ऋण कल्पना किया तो द्विगुण दोनों का घात या ४८̇ 'संशोध्यमानमृणं धनं भवति' इस रीति से धन होनेपर 'धनर्णयोरन्तरमेव योगः' इसके अनुसार घटगया तो या ४ रू ६̇ अथवा या ४̇ रू ६ मूल मिला परंतु यहांपर पूर्व मूल ही अपेक्षित है क्योंकि इसी मूल का वर्ग किया था ॥

अव्यक्त राशि के वर्ग और वर्गमूल का प्रकार समाप्त हुआ।

अव्यक्त षड्विध समाप्त हुआ

अथानेकवर्णषड्विधम् ।

तत्र संकलनव्यवकलनयोरुदाहरणम्—

यावत्तावत्कालक-
नीलकवर्णास्त्रिपञ्चसप्तधनम् ।
द्वित्र्येकमितैः क्षयगैः
सहिता रहिताः कति स्युस्तैः ॥ १० ॥

न्यासः । या ३ का ५ नी ७ । या २̇ का ३̇ नी १̇ ।
योगे जातम् या १ का २ नी ६ । वियोगे जातम् या ५ का ८ नी ८ ।

इत्यनेकवर्णसंकलनव्यवकलने

इस प्रकार एक वर्णषड्विध के उदाहरण कहकर अब अनेकवर्णषड्विध के उदाहरण कहते हैं—वहां भी पहिले अनेकवर्ण के संकलन और व्यवकलन का उदाहरण—

धन यावत्तावत् तीन, कालक पांच और नीलक सात ये ऋण यावत्तावत् दो, कालक तीन और नीलक एक से सहित और रहित क्या होंगे ॥

(१) न्यास ।

योज्य = या ३ का ५ नी ७ }
योजक = या २̇ का ३̇ नी १̇ } इनका योग या १ का २ नी ६ हुआ ।

(२) न्यास ।

वियोज्य = या ३ का ५ नी ७ }
वियोजक = या २̇ का ३̇ नी १̇ } इनका अन्तर उक्त प्रकार के अनुसार या ५ का ८ नी ८ हुआ ।

अनेकवर्ण का संकलन और व्यवकलन समाप्त हुआ ॥

गुणनादेरुदाहरणम्—

यावत्तावत्त्रयमृणमृणं कालकौ नीलकः स्वं
रूपेणाढ्या द्विगुणितमितैस्ते तु तैरेव निघ्नाः ।
किं स्यात्तेषां गुणनजफलं गुण्यभक्तं च किं स्याद्
गुण्यस्याथ प्रकथय कृतिं मूलमस्याः कृतेश्च ॥ ११ ॥

न्यासः ।

गुण्यः या ३̇ का २̇ नी १ रू १
गुणकः या ६̇ का ४̇ नी २ रू २

गुणिते जातम् याव १८ काव ८ नीव २ याकाभा २४

यानीभा १२ं का नी भा ८ं या १२ं का ८ं नी ४ रू २।
अस्मादेव गुणनफलाद्गुण्येनानेन या ३ं का २ं
नी १ रू १ भक्तादाप्तो गुणकः या ६ं का ४ं नी २ रू २।

इत्यनेकवर्णगुणनभजने ।

पूर्वगुण्यस्य वर्गार्थं न्यासः ।

या ३ं का २ं नी १ रू १

जातो वर्गः याव ९ काव ४ नीव १ याकाभा १२ यानीभा ६ं
कानीभा ४ं या ६ं का ४ं नी २ रू १।
वर्गादस्मान्मूलम् या ३ं का २ं नी १ रू १

इत्यनेकवर्णवर्गवर्गमूले ।

इत्यनेकवर्णषड्विधम् ॥

अनेक वर्ण के गुणन का उदाहरण—

धनरूप एक से सहित ऋण यावत्तावत् तीन, ऋण कालक दो और धन नीलक एक, इन को धनरूप दो से सहित ऋण यावत्तावत् छ ऋण कालक चार और धन नीलक दो से गुणकर गुणनफल कहो ।

(१) न्यास ।

गुण्य=या ३ं का २ं नी १ रू १

गुणक=या ६̇ का ४̇ नी २ रू २

याव १८ या. का १२ या. नी ६̇ या ६̇
का. या १२ काव ८ का. नी ४̇ का ४̇
नी. या ६̇ नी. का ४̇ नीव २ नी २
या ३̇ का २̇ नी १ रू १

गुणनफल=याव १८ या. का २४ या.नी १२̇ या १२̇ काव ८ का.नी ८̇ का ८̇ नीव २ नी ४ रू २।

अनेकवर्ण के भजन का उदाहरण—

याव १८ या.का २४ या.नी १२̇ या १२̇ काव ८ का.नी ८̇ का ८̇ नीव २ नी ४ रू २ इसमें या ३̇ का २̇ नी १ रू १ इसका भाग देने से क्या लब्धि मिलैगी।

(१) यहांपर 'भाज्याच्छेदःशुध्यति—' इस रीति के अनुसार लब्धि लेनी चाहिये तो भाज्य में प्रथम यावत्तावद्वर्ग अठारह हैं और भाजक में यावत्तावत् तीन हैं भाजक को यावत्तावत् तीनसे गुण देनेमें ऋण यावत्ताव-द्वर्ग अठारह होते हैं इनको यदि घटा देवें तो धन होजाने के कारण योग होनेसे शोधन न होगा इसलिये ऋण यावत्तावत् छः से भाजक को गुण देने से शोधन होगा इस कारण या ६̇ से भाजक को गुणने से 'याव १८ या. का १२ या.नी ६̇ या ६̇' हुआ इसको भाज्य में यथास्थान घटाने से या. का १२ या.नी ६̇ या ६̇ काव ८ का.नी ८̇ का ८̇ नीव २ नी ४ रू २' शेष रहा लब्धि या ६̇ मिली। अब भाज्य में यावत्तावत्कालक भावित है तो ऋण कालक चार से भाजक को गुणने से 'या. का १२ का व ८ का. नी ४̇ का ४̇' हुआ इसको भाज्य में यथास्थान घटा देने से 'या.नी ६̇ या ६̇ का.नी ४̇ का ४̇ नी व २ नी ४ रू २' शेष बचा लब्धि का ४̇ मिली। फिर भाज्य में यावत्तावन्नीलक भावित है तो नीलक दो से भाजक को गुण देनेसे 'या. नी ६̇ का.नी ४̇ नी व २ नी २' हुआ

इसको भाज्य में यथास्थान घटाने से 'या ६̇ का ४̇ नी २ रू २' शेष रहा लब्धि नी २ मिली। फिर भाज्य में यावत्तावत् ६̇ हैं भाजक को रूप दोसे गुण देने से जो गुणनफल होगा वह भाज्यसे शुद्ध होगा इस कारण रूप २ से भाजक 'या ३̇ का २̇ नी १ रू १' को गुणने से या ६̇ का ४̇ नी २ रू २' हुआ इसको भाज्य शेष 'या ६̇ का ४̇ नी २ रू २' में घटाने से शेष कुछ नहीं बचा और सब लब्धि या ६̇ का ४̇ नी २ रू २ मिली॥

अनेकवर्णों का गुणन और भजन समाप्त हुआ॥

अनेकवर्ण के वर्ग का उदाहरण—

रूप एक से सहित ऋण यावत्तावत् तीन, ऋण कालक दो और धन नीलक एक इनका वर्ग क्या होगा।

(१) वर्ग के लिये न्यास।

या ३̇ का २̇ नी १ रू १
या ३̇ का २̇ नी १ रू १

याव ९ या. का ६ या. नी ३̇ या ३̇
का. या ६ काव ४ का. नी २̇ का २̇
नी. या ३̇ नी. का २̇ नीव १ नी १
या ३̇ का २̇ नी १ रू १

वर्ग हुआ=याव ९ या. का १२ या. नी ६̇ या ६̇ काव ४ का. नी ४̇ का ४̇ नीव १ नी २ रू १।

अनेकवर्ण के मूल का उदाहरण—

'याव ९ या. का १२ या. नी ६̇ या ६̇ काव ४ का. नी ४̇ का ४̇ नीव १ नी २ रू १' इस वर्गात्मक संख्या का मूल क्या होगा।

(१) यहां 'कृतिभ्य आदाय पदानि' इस सूत्र के अनुसार या व ९ का व ८ नीव १ और रू १ इनके मूल 'या ३ का २ नी १ रू १' आये इनमें दो दो का दूना घात करने से 'या. का १२ या. नी ६

या ६' हुआ, इसको वर्ग शेषमें घटाना है तो 'संशोध्यमानं स्वमृणत्व-मेति—' इस रीति के अनुसार यद्यपि यावत्तावत्कालकभावित के ऋण होने के कारण 'धनर्णयोरन्तरमेव योगः' इससे शुद्धि होगी तोभी यावत्तावन्नीलकभावित और यावत्तावद् वर्ण साजात्य के कारण दूने हो जायँगे तो शुद्धि न होगी इसलिये ऋण यावत्तावत् तीन मूल कल्पना करो क्योंकि 'स्वमूले धनर्णे' ऐसा कहा है तो दो दो राशि के दूना घात करने से 'या. का १२ या. नी ६ या ६' हुआ, यहांपर यद्यपि 'संशोध्यमानं स्वमृणत्वमेति–' इस के अनुसार यावत्तावन्नीलकभावित और यावत्तावत् की शुद्धि होगी तो भी यावत्तावत्कालकभावित के दूना होजाने से शुद्धि न होगी, इसलिये यावत्तावन्नीलकभावित और यावत्तावत् के व्यत्यास के लिये नीलक और रूपको ऋण कल्पना करना चाहिये, अथवा यावत्तावत्-कालकभावित के लिये कालक को ऋण मानना चाहिये इस प्रकार दो गति हैं तो मूल 'या ३ का २ नी १ रू १' यह अथवा 'या ३ का २ नी १ रू १' यह हुआ। इन दोनों मूलों का आपस में दो दो का दूना घात तुल्यही होता है 'या. का १२ या. नी ६ या ६ का. नी ४ का ४ नी २, इसके घटाने से सर्वशुद्धि होती है इस कारण उन दोनों का मूलत्व सिद्ध हुआ ॥

इति द्विवेदोपाख्याचार्यश्रीसरयूप्रसादसुत-दुर्गाप्रसादोन्नीते लीलावतीहृदयग्राहिणि बीजविलासिन्यनेकवर्णषड्विधं समाप्तम् ॥

अनेकवर्ण का वर्ग और वर्गमूल समाप्त हुआ ।
सोपपत्तिक अनेकवर्णषड्विध समाप्तहुआ ॥
दुर्गाप्रसादरचिते भाषाभाष्ये मिताक्षरे ।
वासनाभङ्गिसुभगं संपूर्णं वर्णषड्विधम् ॥

अथ करणीषड्विधम् ।

तत्र संकलनव्यवकलनयोः करणसूत्रं वृत्तद्वयम्-

योगं करण्योर्महतीं प्रकल्प्य
घातस्य मूलं द्विगुणं लघुं च ।
योगान्तरे रूपवदेतयोः स्तो
वर्गेण वर्गं गुणयेद्भजेच्च ॥ १३ ॥
लघ्व्या हृतायास्तु पदं महत्याः
सैकं निरेकं स्वहतं लघुघ्नम् ।
योगान्तरे स्तः क्रमशस्तयोर्वा
पृथक्स्थितिः स्याद्यदि नास्ति मूलम् ॥ १४ ॥

अथ करणीषड्विधं व्याख्यायते–तत्र तावदिन्द्रवज्रोपजातिकाभ्यां करणीसंकलनव्यवकलने गुणनभजनयोश्च विशेषं प्रतिपादयति–यस्य राशेर्मूलेऽपेक्षिते निरग्रं मूलं न संभवति स 'करणी' इत्युच्यते । करण्योर्योगेऽन्तरे वा कर्तव्ये रूपवत् कृतो यः करणीयोगः सा 'महती करणी' इति कल्पयेत् । करण्योर्घातस्य मूलं द्विगुणं सा 'लघुः करणी' इति कल्पयेत् । तयोर्लघुमहत्योः कल्पितकरण्यो रूपवत्कृते ये योगान्तरे ते प्रथमकरण्योर्योगान्तरे स्तः । अथ 'अव्यक्तवर्गकरणीगुणनासु चिन्त्यः' इत्यादिना 'भाज्याद्धरः शुध्यति—' इत्यादिना च करणीगुणनभजनयोः सिद्धौ सत्यामपि तत्र विशेषमाह–'वर्गेण वर्गं गुणयेद्भजेच्च' इति । एतदुक्तं भवति–करणीगुणने कर्तव्ये यदि रूपाणां गुण्यत्वं गुणकत्वं वा स्यात् करणीभजने कर्तव्ये यदि रूपाणां भाज्यत्वं भाजक-

त्वं वा स्यात्तर्हि रूपाणां वर्गं कृत्वा गुणनभजने कार्ये । करण्या वर्गरूपत्वादिति । वर्गस्यापि समद्विघाततया गुणनविशेषत्वादुक्तवत्सिद्धिः । 'स्थाप्योऽन्त्यवर्गो द्विगुणान्त्यनिघ्नाः—' इत्यादिना व्यक्तोक्तप्रकारेण वा करणीवर्गस्य सिद्धिः स्यात् । किंतु 'वर्गेण वर्गं गुणयेत्' इत्युक्तत्वात् 'द्विगुणान्त्यनिघ्नाः' इत्यत्र चतुर्गुणान्त्यनिघ्ना इति द्रष्टव्यम् । मूलज्ञानार्थं तु सूत्रं वक्ष्यति ॥ १३ ॥ अथ प्रकारान्तरेण योगान्तरे 'लघ्व्या हृतायाः—' इत्यादिना निरूपयति—लघ्व्या करण्या हृतायाः महत्याः करण्या यत्पदं तदेकत्र सैकमपरत्र निरेकं कार्यम् । उभयमपि वर्गितं लघुकरणीगुणितं च क्रमेण करण्योर्योगान्तरे स्तः । अत्र लघ्व्या महत्या भागे यदि भिन्नता स्यात्तर्हि मूलाभावे मूलार्थं यथासंभवमपवर्तो द्रष्टव्यः । अत्र करण्योर्मध्ये याङ्कतो लघुः सा लघुः । याङ्कतो महती सा महतीति ज्ञेयम् । अत्र लघ्व्या हृताया महत्या यदि मूलं न लभ्यते तर्हि योगान्तरे कथं कर्तव्ये इत्यत आह—'पृथक्स्थितिः स्याद्यदि नास्ति मूलम्' इति ॥ १४ ॥

करणी के जोड़ने और घटाने का प्रकार—

जिस राशि का निरग्र अर्थात् पूरा मूल न मिलै उसे करणी कहते हैं। योज्य योजक अथवा वियोज्य वियोजकरूप जो करणी होवें उनका योग करो और उसको महतीसंज्ञक जानो । फिर उन्हीं करणियों के घात को दूना करो और उसकी लघुसंज्ञा जानो । इस प्रकार महती और लघुसंज्ञक जो दो करणी सिद्ध हुई उनका रूप के समान योग और अन्तर करो । करणी के गुणन करने में जो रूप गुण्य और गुणक हों, भजन करने में भाज्य और भाजक हों तो रूपों का वर्ग करके बाद गुणन और भजन करो ॥

करणी के जोड़ने और घटाने का दूसरा प्रकार—

योज्य योजक और वियोज्य वियोजकरूप जो दो करणी होती हैं उन में जो अङ्कसे बड़ी हो उसको महती जो छोटी हो उसे लघु कहते हैं।

महती करणी में लघु करणी का भाग देने से जो फल मिलै उसका मूल लेकर दो स्थान में रक्खो और एक स्थान में १ जोड़दो दूसरे स्थान में घटादो फिर उनके वर्ग को लघुकरणी से गुण दो बाद उनका योग और अन्तर रूपराशि के समान करो। यदि महती करणी में लघुकरणी का भाग देने से मूल न मिलै तो उनको एक पङ्क्ति में अलग अलग लिखदो॥

पहिले प्रकार की उपपत्ति—

योज्ययोजकरूप करणियों के मूलों का योग जिसका मूल होगा वह करणियों का योग है और वही मूलों के योग का वर्ग है, अन्यथा क्योंकर उसका मूल मूलों का योग होगा। इसी प्रकार वियोज्य वियोजकरूप करणियों के मूलों का अन्तर जिसका मूल होगा वह करणियों का अन्तर है और वही मूलों के अन्तर का वर्ग है, अन्यथा क्योंकर उसका मूल मूलों का अन्तर होगा। यहां जो करणी हैं वे मूलवर्ग हैं इसकारण प्रथम करणियों का मूल लेकर पीछे जो योग वर्ग किया जायगा सो उनका योग होगा। इसी प्रकार करणियों के मूलों के अन्तर का वर्ग उनका अन्तर होगा, परंतु करणी का मूल नहीं मिलता इस कारण यत्नान्तर करना चाहिये, देखो यहांपर योगवर्ग और अन्तरवर्ग साधना है वे वर्गयोग के ज्ञान से जाने जाते हैं सो इस स्थान में करणियों की वर्गरूपता होने के कारण इनका योगही वर्गयोग है। वर्गयोग के ज्ञान से योगवर्ग और अन्तरवर्ग यों जाने जाते हैं—जैसा ३ और ५ राशि हैं इनका वर्गयोग ३४ हुआ, इसमें इन्हींका दूना घात ३० जोड़ने से योगवर्ग ६४ सिद्धहुआ। ऐसाही ३ और ८ राशि हैं इनका वर्गयोग ७३ हुआ, अब इसमें इन्हींका दूना घात ४८ घटा देने से अन्तरवर्ग २५ सिद्ध हुआ। इससे स्पष्ट मालूम पड़ता है कि उद्दिष्ट दो राशियों के वर्गयोग में उनका द्विगुण घात जोड़ने से युतिवर्ग और घटाने से अन्तरवर्ग सिद्ध होता है। यह प्रकार और इसकी वासना एक वर्णमध्यमाहरण में लिखी है। यहां मूलोंका जो वर्गयोग

है वही करणियों का योग होता है इस कारण इसमें दो करणियों का दूना मूलघात युतिवर्ग के लिये जोड़ते हैं और अन्तरवर्ग के अर्थ घटाते हैं। करणियों के मूलों का घात और करणियों के घात का मूल ये एक ही होते हैं, कारण यह है कि जो वर्गों का मूलघात होता है वही घातमूल भी होता है। वर्गक्रिया में उद्दिष्ट राशि का समान दो घात होने से वर्गघात चतुर्घात है, इसी प्रकार उद्दिष्ट दो राशि को दो स्थान में रक्खो और उनका घात करो वह चतुर्घात वर्गघात होता है। जैसा—३ । ५ ये दो राशि हैं। इनके वर्गघात अथवा घातवर्ग के लिये चार राशि होंगे ३ । ३ । ५ । ५ । इनका वर्ग ९ । २५ और घात १५ । १५ हुआ अब उन वर्गों का घात २२५ और घातों का घात २२५ पहिले के चार राशियों का घात है इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि वर्गघात और घातवर्ग इनका भेद न होने से जो घातवर्गका मूल होता है वही वर्गघात का मूल है और घातवर्ग वर्गघात इनका मूलघात ही होता है इससे 'योगं करण्योर्महतीं प्रकल्प्य घातस्य मूलं द्विगुणं लघुं च। योगान्तरे रूपवदेतयोः स्तः—' इतना सूत्र उत्पन्न हुआ।

करणीषड्विध में करणियों के मूलों का षड्विध साधते हैं जैसा-क २। क ८ इनका योग १० सिद्ध होनेपर भी मूलों के योग के लिये क १८ सिद्ध की वैसाही करणियों का गुणन ऐसा करना चाहिये जिसमें उनके मूल गुणे जावें, केवल करणियों को दो आदि संख्याओं से गुण देने से उनके मूल दो आदि संख्याओं से नहीं गुणे जाते इसलिये उनको दो आदि संख्याओं के वर्ग से गुणना योग्य है जैसा—४ राशिको दूना करना है तो इसके वर्ग १६ को दूना किया तो ३२ हुआ परंतु इसका मूल दूना नहीं हुआ इस कारण राशि के वर्ग को दो के वर्ग से गुण देने से मूल दूना होजायगा इसी प्रकार भजन में भी युक्ति जानो इस लिये 'वर्गेण वर्गं गुणयेद्भजेच्च' यह सूत्रशेष भी उपपन्न हुआ॥

दूसरे प्रकार की उपपत्ति-

यहांपर भी करणियों का मूलयोगवर्ग और मूलान्तरवर्ग साधना है परंतु करणियों का मूल नहीं मिलता इस कारण दोनों करणियों में ऐसा अपवर्तन देना चाहिये जिससे मूल मिले परंतु वैसे मूल मिलने पर भी उनके योगवर्ग और अन्तरवर्ग अपवर्तित आवेंगे क्योंकि अपवर्तित करणी का मूल अपवर्तनाङ्क के मूल से अपवर्तित है। और उनके मूलों का योग भी अपवर्तनाङ्क के मूल से अपवर्तित आवेगा योगवर्ग अपवर्तनाङ्कके मूलवर्गसे अपवर्तित है और अपवर्तनाङ्कमूलवर्ग अपवर्तन का अङ्कहै इससे यह सिद्ध होता है कि योगवर्ग और अन्तरवर्ग को अपवर्तन के अङ्क से गुण देना चाहिये, अब जो महती करणी को अपवर्तनाङ्क कल्पना करें तो उसका लघुकरणी में अपवर्तन न लगैगा इस कारण लघु करणी का अपवर्तन देने से उसके स्थान में रूप होगा उसका मूल रूपही है और महती करणी में अपवर्तन देनेसे लब्धि का मूल लेना चाहिये इसलिये 'लब्ध्या हृतायास्तु पदं महत्याः' यह कहा है। अपवर्तित महती करणी का मूल रूप भिन्न है और अपवर्तित लघु करणीका मूल रूप अर्थात् १ है इसलिये इनके याग और अन्तर करने में महती करणी के मूल में एक जोड़ना और घटाना कहा है इस कारण 'सैकं निरेकं' यह सूत्रखण्ड उपपन्न हुआ। इस प्रकार करणियों का मूलयोग और मूलान्तर सिद्ध हुआ अब इनका वर्ग करनेसे योगवर्ग और अन्तरवर्ग होता है परंतु ये अपवर्तित हैं इस कारण लघुकरणीरूप अपवर्तनाङ्क से इनको गुणदिया है इससे 'स्वहतं लघुघ्नम्' यह उपपन्न हुआ।

यहां पर लघुकरणियों का अपवर्तन देना जो कहा है सो उपलक्षण है इस कारण जिसका अपवर्तन देने से करणियों का मूल मिलै उसका अपवर्तन देकर करणियों का मूल लेलो और उनके युतिवर्ग अन्तरवर्ग को अपवर्तन के अङ्क से गुण दो वह करणियों का योग और अन्तर होगा। इसी अभिप्राय को लेकर किसीने—

'आदौ करण्यावपवर्तनीये
तन्मूलयोरन्तरयोगवर्गौ ।
इष्टापवर्ताङ्कहतौ भवेतां
क्रमेण विश्लेषयुती करण्योः ॥'

इस श्लोक को बनाया है ॥ १४ ॥

उदाहरणम्—

द्विकाष्टमित्योस्त्रिभसंख्ययोश्च
योगान्तरे ब्रूहि पृथक्करण्योः ।
त्रिसप्तमित्योश्च चिरं विचिन्त्य
चेत्षड्विधं वेत्सि सखे करण्याः ॥ १२ ॥

न्यासः । क २ क ८ योगे जातम् क १८। अन्तरे च क २।

द्वितीयोदाहरणे—

न्यासः । क ३ क २७ योगे जातम् क ४८ । अन्तरे च क १२ ।

तृतीयोदाहरणे—

न्यासः । क ३ क ७ अनयोर्घाते मूलाभावात्पृथक्स्थितिरेव योगे जातम् क ३ क ७। अन्तरे च क ३ क ७।

इति करणीसंकलनव्यवकलने

उदाहरण—

करणी दो करणी आठ, करणी तीन करणी सत्ताईस और करणी तीन करणी सात इन दो दो करणियों के योग और अन्तर अलग अलग बतलाओ ॥

(१) क २ क ८ इनका योग क १० हुआ इसकी महती संज्ञा है फिर क २ क ८ इनका घात क १६ हुआ इसका मूल ४ हुआ इसको दूना किया तो ८ हुआ इसकी लघु संज्ञा है, अब महती क १० और लघु क ८ हैं इनका योग क १८ और अन्तर क २ हुआ ॥

(२) क ३ क २७ इनका योग क ३० हुआ, फिर इनके घात ८१ के मूल ९ को दूना किया तो क १८ हुई बाद महती और लघु करणियों का योग क ४८ अन्तर क १२ हुआ ॥

(३) क ३ क ७ इनका योग क १० हुआ, इनका घात क २१ हुआ अब करणीघात इक्कीस का मूल नहीं मिलता इसकारण क ३ क ७ यह पृथक् स्थितिही योग हुआ। इसीप्रकार क ३̇ क ७ अन्तर हुआ ॥

इस प्रकार प्रथमविधि के अनुसार करणियों के योग और अन्तर का गणित दिखलाया। अब दूसरे विधि के अनुसार गणित दिखलाते हैं—

(१) क ८ में क २ का भाग लेने से लब्धि ४ आई इसका मूल २ हुआ इसमें १ जोड़ा और घटाया तो क ३। क १ हुई इनका वर्ग रू ९। रू १ हुआ बाद इनको लघु करणी से गुणदिया तो योग क १८ और अन्तर क २ हुआ ॥

(२) क २७ में क ३ का भाग देने से ९ लब्धि मिली इसका मूल ३ हुआ इसमें १ जोड़ा और घटाया तो क ४, क २ हुई इनका वर्ग रू १६, रू ४ हुआ इनको लघु करणी से गुण दिया तो योग क ४८ और अन्तर क १२ हुआ ॥

(३) क ७ में क ३ का भाग देने से मूल नहीं मिलता इस कारण अलग अलग रख देने से क ७ क ३ योग और क ३̇ क ७ अन्तर हुआ ॥ करणी के जोड़ने और घटाने का प्रकार समाप्त हुआ ॥

गुणनोदाहरणम्—

द्वित्र्यष्टसंख्या गुणकः करण्यो-
र्गुण्यस्त्रिसंख्या च सपञ्चरूपा।
वधं प्रचक्ष्वाशु विपञ्चरूपे
गुणोऽथ वा त्र्यर्कमिते करण्यौ ॥ १२ ॥

न्यासः। गुणकः। क २ क ३ क ८

गुण्यः। क ३ रू ५

अत्र गुण्ये गुणके वा, भाज्ये भाजके वा, करणीनां करण्योर्वा, यथासंभवं लाघवार्थं योगं कृत्वा गुणन-भजने कार्ये। तथा कृते जातः

गुणकः। क १८ क ३

गुण्यः। क २५ क ३

गुणिते जातम् रू ३ क ४५० क ७५ क ५४।

अथ गुणने उदाहरणद्वयमुपजातिकयाह—द्वित्र्यष्टेति। अत्र पञ्चरूपसहिता त्रिसंख्या करणी गुण्यः। गुणकस्तु द्वित्र्यष्टसंख्याः करण्यः। पञ्चरूपोने त्र्यर्कमिते करण्यौ वा। अत्र गुणक-द्वयादुदाहरणद्वयं ज्ञेयम् ॥

उदाहरण—

रूप पांच से सहित करणी तीन को करणी दो करणी तीन करणी आठ से, और रूप पांच से सहित करणी तीनको रूप पांच से रहित करणी तीन करणी बारह से गुणकर गुणनफल अलग अलग कहो ॥

यहां पर गुण्य गुणक और भाज्य भाजक में लाघव के वास्ते जिन जिन करणियों का उक्त रीति के अनुसार योग होसकै उनका योग करके गुणन तथा भजन करते हैं और जो उदाहरण में रूप हों उनको करणी के स्वरूप में करलेते हैं ॥

(१) क २ क ३ क ८ इस गुणक में 'क २ क ८' का योग क १८ होता है इस लिये क १८ क ३ गुणक हुआ। गुण्यमें रूप पांचका करणीगत रूप करने से क २५ हुई अब स्थान गुणन की रीति से

गुण्य =क २५ क ३
गुणक=क १८ क ३

क ४५० क ५४
क ७५ क ९

गुणनफल=रू ३ क ४५० क ७५ क ५४

विशेषसूत्रं वृत्तम्-

क्षयो भवेच्च क्षयरूपवर्ग-
श्चेत्साध्यतेऽसौ करणीत्वहेतोः।
ऋणात्मिकायाश्च तथा करण्या
मूलं क्षयो रूपविधानहेतोः॥ १५ ॥

द्वितीयोदाहरणे न्यासः।

गुणकः क २५ क ३ क १२ ।

गुण्यः क २५ क ३ ।

अत्र गुणके करण्योर्योगे कृते गुणकः क २५ क २७ गुणिते जातम् क ६२५ क ६७५ क ७५ क ८१ ।

एतास्वनयोः क ६२५ क ८१ मूले रू २५ रू ९ अनयोर्योगे जातम् रू १६ अनयोः क ६७५ क ७५ अन्तरे योग इति जातो योगः क ३०० यथाक्रमं न्यासः रू १६ क ३०० इति करणीगुणनम् ॥

अथोपजातिकया विशेषमाह–क्षय इति । यदि क्षयरूपाणां वर्गस्तर्हि क्षयो भवेत् असौ क्षयरूपवर्गश्चेत्करणीत्वनिमित्तं साध्यते । 'न मूलं क्षयस्यास्ति–' इत्यस्यापवादमाह–ऋणात्मिकाया इति । ऋणात्मिकायाः करण्या मूलं तर्हि क्षयो भवेच्चेन्मूलं रूपविधाननिमित्तं साध्यते इति ॥ १५ ॥

विशेष–

ऋणरूप का वर्ग ऋण होता है जो वह करणी के लिये सिद्ध किया जावे । और ऋणकरणी का मूल ऋण होता है जो उसका रूप करना हो यह ' न मूलं क्षयस्यास्ति तस्याकृतित्वात् ' इस सूत्र का अपवाद है ॥

उपपत्ति–

यहांपर जो करणीगुणन के लिये रूप का वर्ग किया जाता है वह यद्यपि धन है तोभी उसका मूल ऋण होगा क्योंकि 'स्वमूले धनर्णे' अर्थात् धन का मूल धन और ऋण होता है । करणी के योग से मूलों का योग वर्ग साधा जाता है वहां जो ऋणरूपवर्गकरणी को धन कल्पना करलें तो उस धन करणी का योग होजायगा और उसका मूल मूलयोग होगा परंतु वहांपर मूलान्तर होना उचित है क्योंकि ' धनर्णयोरन्तरमेव योगः ' अर्थात् धन और ऋण राशि का अन्तरही योग होता है इस कारण करणी की ऋणसंज्ञा मूल की ऋणता के प्रकाश के लिये किया है जैसा रू ३ रू ७ इनका योग ४ वर्ग १६ होता है परंतु यह करणी को

धन मानने से नहीं सिद्ध होता। जैसा—उदाहृत रूपों की करणियों का योग 'योगं करण्योर्महतीं—' इस प्रकार से क १०० होता है पर यह योगवर्ग नहीं है इस कारण करणी ऋण कल्पना करनी चाहिये। यहां करणी यह उपलक्षण है जहां कहीं करणी योग के समान वर्गयोग से योगवर्ग आदि साधे जावें वहां ऋणरूप वर्ग को ऋण ही मानना उचित है॥

(१) उदाहरण में क २५ क ३ गुण्य और रू ५̇ क ३ क १२ गुणक है। यहां गुणक की क ३ क १२ करणियों का योग करने से क २७ हुई और रूप ५̇ का वर्ग क २५̇ हुआ।

गुण्य = क २५ क ३
गुणक = क २५̇ क २७

क ६२५̇ क ७५̇
क ६७५ क ८१

गुणनफल = रू १६̇ क ३००

यहां क ६२५̇ का मूल रू २५̇ हुआ और क ८१ का मूल रू ९ हुआ इन दोनों मूलों का योग रू १६̇ हुआ। अब क ६७५ का ७५̇ इनका योग करना चाहिये तो 'योगं करण्योर्महतीं—' इस प्रकार से क ७५̇० यह महती करणी हुई और करणियों का घात ५०६२५ हुआ इसका मूल २२५ आया इसे दूना करने से ४५० हुआ फिर महती-करणी ७५̇० और लघुकरणी ४५० का अन्तर करने से क ३०० योग हुआ॥

करणी के गुणन का प्रकार समाप्त हुआ।

पूर्वगुणनफलस्य स्वगुणच्छेदस्य भागहारार्थं न्यासः। भाज्यः क ६ क ४५० क ७५ क ५४ । भाजकः क २ क ३ क ८। अत्र 'क २ क ८' एतयोः करण्योर्योगे कृते जातम् क १८ क ३। 'भाज्याच्छेदः शुध्यति प्रच्युतः सन्' इत्यादिकरणेन लब्धो गुण्यः रू ५ क ३।

भागहार—

(१) भाज्य क ६ क ४५० क ७५ क ५४ और भाजक क २ क ३ क ८ है। यहां भाजक के क २, क ८ इन करणियों का योग करने से क १८, क ३ भाजक हुआ।

भाजक।	भाज्य।	लब्धि।
क १८ क ३)	क ६ क ४५० क ७५ क ५४	(रू ५ क ३
	क ४५० क ७५	
	क ६ क ५४	
	क ६ क ५४	
	...	

यहां 'भाज्याच्छेदः शुध्यति—' इस रीति से क २५ क ३ अर्थात् रू ५ क ३ लब्धि मिली॥

द्वितीयोदाहरणे

न्यासः। भाज्यः क ६२५[1] क ३००। भाजकः क २५ क ३ क १२ करण्योर्योगे कृते जातम् क २५ क २७। [अत्रादौ त्रिभिर्गुणयित्वा धनकरण्योः ऋणकर-

(१) कुत्रचित् पाठोऽयं नोपलभ्यते।

णयोश्च योगं विधाय पश्चात्पञ्चविंशत्या गुणयित्वा शोधिते लब्धम् रू ५ क ३] अत्रापि पूर्ववल्लब्धो गुणयः रू ५ क ३ ॥

(२) भाज्य क २५६ क ३०० । भाजक क २५ क ३ क १२ है यहां भाजककी क ३ क १२ का योग करने से क २७ हुई तो क २५ क २७ भाजक हुआ

भाजक ।	भाज्य ।	लब्धि ।
क २५ क २७)	क२५६ क ३००	(रू ५ क ३
	क ७५ क ८१	
	क६७५ क६२५	
	क६७५ क६२५	

यहां पर क २५ और क ३ के समान लब्धि अपेक्षित है इसलिये पहिले तीन से गुणेहुए भाजक को भाज्य में घटा देने से क ७५ क ८१ अवशिष्ट रहीं क्योंकि यहां धन और ऋण जो भाजक है उसका अन्तर नहीं होता, बाद क २५६ क ८१ इन करणियों के मूल योगका वर्ग करनेसे क ६२५ हुआ और क ३०० क ७५ का योग उक्तप्रकार से क ६७५ हुआ इनका क्रमसे न्यास ' क ६७५ क ६२५' यह भाज्य शेष रहा अब इसमें क २५ क २७ का भाग देने से क२५लब्धि मिली॥

अथान्यथोच्यते-

धनर्णताव्यत्ययमीप्सिताया-
श्छेदे करण्या असकृद्विधाय ।
तादृक्छिदा भाज्यहरौ निहन्या-
देकैव यावत्करणी हरे स्यात् ॥ १६ ॥

भाज्यास्तया भाज्यगताः करण्यो
लब्धाः करण्यो यदि योगजाः स्युः ।
विश्लेषसूत्रेण पृथक्च कार्या-
स्तथा यथा प्रष्टुरभीप्सिताः स्युः ॥ १७ ॥

तथा च विश्लेषसूत्रं वृत्तम्-

वर्गेण योगकरणी विहृता विशुध्ये-
त्खण्डानि तत्कृतिपदस्य यथेप्सितानि ।
कृत्वा तदीयकृतयः खलु पूर्वलब्ध्या
क्षुण्णाः भवन्ति पृथगेवमिमाः करण्यः ॥१८॥

अत्र द्वितीयोदाहरणे (भाज्यः क २५६ क ३०० । भाजकः क २५ क २७) कियद्गुणो भाजको भाज्यं त्वलुप्यतीति दुरवबोधमतः परमकरुणाशालिन आचार्याः शिष्यबोधार्थमुपायान्तरमुपजातिकाद्वयेन निरूपयन्ति—धनर्णतेति । छेदे ईप्सिताया एकस्याः करण्या धनर्णताविपर्यासं कृत्वा तादृशेन छेदेन यथास्थितौ भाज्यहरौ गुणयेत् । एवं कृते करणीनां यथोक्त्या योगे च कृते भाज्यभाजकौ स्त ।अथास्मिन्नपि भाजके यदि द्व्यादीनि करणीखण्डानि स्युस्तदात्रापि एकस्याः करण्या धनर्णताविपर्यासं कृत्वा तादृशभाजकेन पूर्वगुणनसंपन्नौ भाज्यभाजकौ गुणयेत् । तत्रापि यथासंभवं करणीयोगे कृते तौ भाज्यभाजकौ स्तः । एवमसकृत् तावद्विधेयं यावद् भाजके एकैव करणी भवेत् । अथ संपन्नया भाजककरण्या भाज्यकरण्यो रूपवदेव भाज्याः, यल्लभ्यते ता लब्धिकरण्यो भवन्ति । अथ यदि लब्धाः करण्यो योगजाः स्युर्न पुनः प्रष्टुरभीप्सितास्तदा वक्ष्यमाणविश्लेषसूत्रेण तथा पृथक्कार्या यथा-

भीप्सिताः स्युः ॥ १६ ॥ १७ ॥ अथ पृथक्करणसूत्रं वसन्ततिलकया निरूपयति—वर्गेणेति । योगकरणी येन वर्गेण विहृता सती विशुध्येत्तत्कृतिपदस्य यथेप्सितानि खण्डानि कृत्वा तदीयकृतयः पूर्वलब्ध्या क्षुण्णाः पृथक्करण्यो भवन्ति । सा चासौ कृतिश्चेति कर्मधारयो द्रष्टव्यः । एतदुक्तं भवति–योगकरणी येन वर्गेण विहृता सती निःशेषा भवेत्तस्य वर्गस्य मूलं ग्राह्यम्, तस्य खण्डानि प्रष्टुर्यावन्त्यभीष्टानि तावन्ति कृत्वा तेषां खण्डानां वर्गाः कर्तव्याः । ते वर्गाः पूर्वलब्ध्या क्षुण्णाः वर्गेण हृतायां योगकरण्यां या लब्धिः सा पूर्वलब्धिः । तया गुणितास्ते वर्गाः पृथक्करण्यो भवन्ति ॥ १८ ॥

दूसरे उदाहरण में कितना गुणभाजक भाज्य में घट सकेगा यह ज्ञान होना अत्यन्त दुर्बोध है इस लिये परमकृपालु आचार्य शिष्यजनों के बोध के वास्ते इस दूसरे प्रकार को कहते हैं—छेद कहिये भाजक में अभीष्ट एक करणी के धन और ऋणका व्यत्यय अर्थात् हेर फेर करके वैसे छेदसे भाज्य और भाजकको गुण दो । यह क्रिया वारवार तबतक करते जाओ कि जबतक छेद में एकही करणी न होजाय । बाद उस करणी का भाज्यगतकरणियों में भाग दो जो लब्धि मिले वह इष्ट करणी होगी, यदि योगजकरणी लब्ध आवें तो उनको प्रश्नकर्त्ता की इच्छा के अनुसार विश्लेष सूत्र से अलग करो ॥

विश्लेषसूत्र अर्थात् करणियों के अलगाने का प्रकार—

योगकरणी जिस वर्गसंख्या के भाग देनेसे निःशेष हो उसका मूल लो और प्रश्नकर्त्ता को जितने खण्ड अपेक्षित होवें उतने उस मूलसंख्या के खण्ड करो बाद उन खण्डों का वर्ग करके उन्हें योगकरणी में वर्गसंख्या का भाग देने से जो लब्धि मिली थी उससे गुण दो वे अलग अलग योगकरणी के खण्ड होंगे ॥

उपपत्ति—

भाज्य और भाजकमें किसी एक इष्ट अङ्क का अपवर्तन देनेसे अथवा उनको इष्टसे गुणदेने से भजनफल में विकार नहीं होता यह बात सुप्रसिद्ध है । यहां भाजक के तुल्य इष्टाङ्कसे भाजक को गुण देनेसे भाजकके खण्डोंका वर्ग होता है और पहिले भाजक के खण्डों में धन ऋणका हेर फेर भी किया है इसकारण वैसे भाजक से गुणनेसे भाजक के खण्डों में धन और ऋणकी समता होजाती है तो खण्डों के उड़जानेसे उनका अन्तर शून्य होता है और भाजकमें एकही करणीखण्ड बचता है उससे भाग देने में क्रियाका लाघव होता है । यहां जो भाजक में अनेक खण्ड हों तो उनका एकवार नाश नहीं होता इसकारण वारवार क्रिया करने को कहाहै । इससे 'धनर्णताव्यत्ययमीप्सितायाः—' यह प्रकार उपपन्न हुआ ॥

विश्लेषसूत्र की उपपत्ति—

दो वा अनेक करणियों में किसी का अपवर्त्तन देकर उनके मूलों के योगवर्ग को अपवर्त्तन के अङ्क से गुण दो वह योगकरणी होगी, और जो जो योगकरणी होगी वह मूलयोगवर्ग और अपवर्तनाङ्क का घात है इसलिये वह वर्गाङ्क के भाग देने से निःशेष होगी । लब्धि अपवर्तनाङ्क है, जिसके वर्ग के भाग देने से करणी निःशेष होती है वह मूल योगवर्ग है और उसका मूल मूलों का योग है, योग के खण्ड अपवर्तित करणियों के मूल हैं, उनके वर्ग अपवर्तित करणी होते हैं इसलिये उनको अपवर्तन के अङ्क से गुण देने से यथास्थित करणी होजाती हैं इससे 'वर्गेण योगकरणी विहृता विशुध्येत्—' यह सूत्र उपपन्न हुआ ॥

न्यासः । भाज्यः क ९ क ४५० क ७५ क ५४ ।

भाजकः क १८ क ३ ।

अत्र भाजके त्रिमितकरण्याः ऋणत्वं प्रकल्प्य

क १८ क ३̇ अनेन भाज्ये गुणिते योगे च कृते जातम् क ५६२५ क ६७५। भाजके च क २२५ अनया हृते भाज्ये लब्धम् क २५ क ३।

जैसा (१) उदाहरण में भाज्य क ९ क ४५० क ७५ क ५४ और भाजक क १८ क ३ है। यहां क ३ को ऋण माना तो क १८ क ३̇ भाजक हुआ। अब इस भाजक से भाज्य को गुण दो

गुण्य = क ९ क ४५० क ७५ क ५४
गुणक= क १८ क ३̇

क १६२ क ८१०० क १३५० क ९७२
क २७̇ क १३५०̇ क २२५̇ क १६२̇

गुणनफल=क ५६२५ क ६७५

यहां धन और ऋणकरणियों का योग करने से क ८१०० क २२५̇ क ९७२ क २७̇ ये करणियां अवशिष्ट रहीं इनमें पहिली दूसरी और तीसरी चौथी करणी का योग करने से भाज्य में 'क ५६२५ क ६७५ हुई'। इसीभांति भाजक की करणियों को भी गुण दो।

गुण्य = क १८ क ३
गुणक= क १८ क ३̇

क ३२४ क ५४
क ५̇४ क ९̇

गुणनफल= क २२५

यहां भी करणियों का योग करने से क २२५ अवशिष्ट रही, यह छेद है इसका भाज्य में भाग दो।

भाजक। भाज्य। लब्धि।

क २२५) क ५६२५ क ६७५ (रू ५ क ३
क ५६२५
क ६७५
क ६७५
. . . .

द्वितीयोदाहरणे न्यासः।

भाज्यः क २५६ क ३००

भाजकः क २५ क २७

अत्र भाजके पञ्चविंशतिकरण्या धनत्वं प्रकल्प्य क २५ क २७ भाज्ये गुणिते धनर्णकरणीनामन्तरे च कृते जातम् क ३०० क १२। भाजके च क ४। अनया भाज्ये हृते लब्धम् क २५ क ३॥

इदानीं पूर्वोदाहरणे गुण्ये भाजके च कृते न्यासः।

भाज्यः क ६ क ४५० क ७५ क ५४

भाजकः क २५ क ३

अत्रापि त्रिकरण्याः ऋणत्वं प्रकल्प्य भाज्ये गुणिते युते च जातम् क ८७१२ क १४५२। भाजके च क ४८४। अनया हृते भाज्ये लब्धो गुणकः क १८ क ३। पूर्वं गुणके खण्डत्रयमासीदिति योगकरणीयम् क १८ विश्लेष्या। तत्र 'वर्गेण योगकरणी विहृता विशुध्येत्—' इति नवात्मकवर्गेण ९ विहृता सती

शुध्यतीति लब्धम् २। नवानां ९ मूलम् ३। अस्य खण्डे १।२। अनयोः कृती १।४। पूर्वलब्ध्या गुणिते २।८ एवं जातो गुणकः क २ क ३ क ८।

इति करणीभजनम्।

(२) उदाहरण में भाज्य क २५̇६ क ३०० और भाजक क २̇५ क २७ है। भाजक के क २५̇ को धन मानकर भाज्यको गुण दो

गुण्य=क २५̇६ क ३००

गुणक=क २५ क २७

क ६४̇०० क ७५००

क ६९१२̇ क ८१००

गुणनफल=क १०० क १२ यह हुआ।

यहां क ६४̇०० क ८१०० इन करणियों के मूल ८०, ९० हुए इनका अन्तर १० हुआ। इसका वर्ग क १०० हुआ। क ७५०० क ६९१२̇ इन करणियों का मूल नहीं मिलता इसलिये तीन का अपवर्तन देने से क २५०० क २३०̇४ हुई, इनके मूल क्रम से ५० और ४८ आये, इनका अन्तर २ हुआ, इसके वर्ग ४ को अपवर्तन के अङ्क से गुणने से क १२ हुई। इस प्रकार भाज्य में क १०० और क १२ हुई। इसी भांति भाजक को भी गुण दो तो

गुण्य=क २५ क २७

गुणक=क २̇५ क २७

क६२̇५ ६७५̇

क६७५ क७२९

गुणनफल=क४ यह हुआ।

करणियों का योग करने से क ४ छेद हुआ, इसका भाज्य में भागदो

भाजक । भाज्य । लब्धि ।

क ४) क १०० क १२ (रू ५ क ३
क १००
क १२
क १२

(१) उदाहरण में गुण्य को भाजक मानने से क ६ क ४५० क ७५ क ५४ भाज्य और क २५ क ३ भाजक हुआ, यहां भी क ३ को ऋण मानकर भाज्य को भाजक से गुण दो

गुण्य = क ६ क ४५० क ७५ क ५४
गुणक = क २५ क ३̇
क २२५ क ११२५० क १८७५ क १३५०
क २७̇ क १३५̇० क २२५̇ क १६२̇
गुणनफल = क ८७१२ क १४५२

यहां तुल्य धन और ऋण करणियों के नाश करने से क ११२५० क १८७५ क २७̇ क १६२̇ ये करणी अवशिष्ट रहीं इनमें दूसरी तीसरी और पहिली चौथी का योग करने से क १४५२ क ८७१२ भाज्य हुआ । इसीप्रकार भाजक की करणियों को गुण दो ।

गुण्य = क २५ क ३
गुणक = क २५ क ३̇
क ६२५ क ७५
क ७५̇ क ९̇
गुणनफल = क ४८४

करणियों का योग करने से क ४८४ यह भाजक हुआ, इसका भाज्य में भागदो

भाजक ।	भाज्य ।	लब्धि ।
क ४८४)	क ८७१२ क १४५२ (	क १८ क ३
	क ८७१२	
	क १४५२	
	क १४५२	
	० ० ०	

यहां जो लब्धि आई सो (१) उदाहरण में गुणकरूप थी और इसके तीन खण्ड थे इसलिये १८ योगकरणी है, इसमें नौका भाग देने से २ लब्धि आई नौका मूल ३ हुआ इसके दो खण्ड किये १ । २ इनके वर्ग १ । ४ हुए अब इनको पूर्वलब्धि २ से गुणने से २ । ८ हुए यही योगजकरणी १८ के खण्ड थे, यथाक्रम न्यास करने से क २ क ३ क ८ गुणक हुआ ॥

करणी का भागहार समाप्त हुआ

करणीवर्गादेरुदाहरणम्-

द्विकत्रिपञ्चप्रमिताः करण्य-
स्तासां कृतिं त्रिद्विकसंख्ययोश्च ।
षट्पञ्चकत्रिद्विकसंमितानां
पृथक् पृथङ् मे कथयाशु विद्वन् ॥ १४ ॥
अष्टादशाष्टद्विकसंमितानां
कृतीकृतानां च सखे पदानि ॥

न्यासः । प्रथमः क २ क ३ क ५ ।
द्वितीयः क ३ क २ ।
तृतीयः क ६ क ५ क ३ क २ ।
चतुर्थः क १८ क ८ क २ ।

'स्थाप्योन्त्यवर्गश्चतुर्गुणान्त्यनिघ्नाः–' इत्यनेन 'गुण्यः पृथग्गुणकखण्डसमः–' इत्यनेन वा जाताः क्रमेण वर्गाः

प्रथमः रू १० क २४ क ४० क ६० ।
द्वितीयः रू ५ क २४ ।
तृतीयः रू १६ क १२० क ७२ क ६० क ४८ क ४० क २४ ।

अत्रापि करणीनां यथासंभवं योगं कृत्वा वर्गवर्गमूले कार्ये । तद्यथा–क १८ क ८ क २ आसां योगः क ७२ । अस्या वर्गः क ५१८४ अस्या मूलम् रू ७२ ।

इति करणीवर्गः ।

करणी के वर्ग आदि का उदाहरण–

क २ क ३ क ५, क ३ क २, क ६ क ५ क ३ क २ और क १८ क ८ क २ इनका अलग अलग बर्ग कहो और वर्गमूल भी कहो ॥

यहां 'स्थाप्योऽन्त्यवर्गः–' इस व्यक्तोक्त प्रकार के अनुसार वर्ग करो अथवा अन्य प्रकारों से करो परंतु जैसा व्यक्तगणित में जिस उद्दिष्ट राशिका वर्ग करना हो उसे दूना करके उसीसे और अङ्कों को गुण

देते हो वैसा न करो, किंतु उसको चौगुना करके और अङ्कों को गुण दो।

(१) क २ क ३ क ५

क ४ क २४ क ४०

क ६ क ६०

क २५

रू १० क २४ क ४० क ६० यह उद्दिष्टराशि का वर्गहुआ।

यहां सर्वत्र जिन करणी राशियोंका मूल मिलता है उनके मूलों का योग करके लिखते हैं। जैसा इस उदाहरण में क ४ क ९ क २५ के क्रम से २, ३, ५ मूल मिलते हैं इनका योग १० हुआ इसको 'रू १०' यों लिखते हैं॥

(२) क ३ क २

क ९ क २४

क ४

रू ५ क २४ यह उद्दिष्टराशि का वर्ग हुआ।

(३) क ६ क ५ क २ क ३

क ३६ क १२० क ४८ क ७२

क २५ क ४० क ६०

क ४ क २४

क ९

रू १६ क १२० क ७२ क ६० क ४८ क ४० क २४ वर्ग हुआ। यहां परभी उक्त प्रकार से करणियों का योग करके वर्ग

और वर्गमूल साधते हैं जैसा—'क १८ क ८ क २' इन करणियों का वर्ग करना है तो पहिले योग क ७२ हुआ अब इसका वर्ग करो

(४) क ७२

क ५१८४

रू ७२

क ५१८४ वर्ग और रू ७२ उस वर्ग का मूल हुआ ।

वर्ग समाप्त हुआ

करणीमूले सूत्रद्वयम्—

वर्गे करण्या यदि वा करण्यो-
स्तुल्यानि रूपाण्यथ वा बहूनाम् ।
विशोधयेद्रूपकृतेः पदेन
शेषस्य रूपाणि युतोनितानि ॥ १९ ॥
पृथक्तदर्धे करणीद्वयं स्या-
न्मूलेऽथ बह्वी करणी तयोर्या ।
रूपाणि तान्येवमतोऽपि भूयः
शेषाः करण्यो यदि सन्ति वर्गे ॥ २० ॥

अथ वर्गे दृष्टे कस्यायं वर्ग इति मूलज्ञानार्थमुपजातिकाद्वयेनाह—वर्ग इति । वर्गे करण्यास्तुल्यानि, करण्योर्वा तुल्यानि, बहूनां करणीनां वा तुल्यानि रूपाणि रूपकृतेर्विशोधयेत् । अत्र रूपग्रहणं योगवियोगयोः 'योगं करण्योर्महतीं प्रकल्प्य—' इत्यादिप्रकारस्य व्यावृत्त्यर्थम् । शेषस्य पदेन रूपाणि पृथग्युतोनितानि कृत्वा तदर्धे कार्ये, मूले तत्करणीद्वयं भवति । यदि पुनर्वर्गे शेषाः करण्यः

सन्ति तर्हि तयोर्मूलकरण्योर्मध्ये अल्पा मूलकरणी, या महती तानि रूपाणि प्रकल्प्य अतो रूपेभ्यो भूयोऽप्येवम् । करणीतुल्यानि रूपाणि रूपकृतेर्विशोधयेदित्यादिना पुनरपि मूलकरणीद्वयं स्यात् । पुनरपि यदि शेषाः करण्यो भवेयुस्तदैवमेव पुनः कुर्यात् । अत्र महती रूपाणीत्युपलक्षणम्, क्वचिन्महती मूलकरणी अल्पा तु रूपाणीति द्रष्टव्यम् । वक्ष्यति चाचार्यः । 'चत्वारिंशदशीतिः-' इत्युदाहरणावसरे ॥ १९ । २० ॥

करणी के मूल लाने का प्रकार—

रूपवर्ग में उद्दिष्टवर्ग के एक वा दो वा अनेक करणीखण्डों को घटा दो और शेष का वर्गमूल लो बाद उसे रूपमें जोड़ और घटा दो फिर उनका आधा करो वे मूल में दो करणी होंगी । जो उद्दिष्ट वर्ग में करणी अवशिष्ट रहैं तो उन दो करणियों में से जो बड़ी करणी हो उसको रूप मानकर पहिले के तुल्य क्रिया करो । यहां जो रूपवर्ग में करणीखण्डों को घटाना कहा है सो छोटे करणीखण्डों से घटाना आरम्भ करना चाहिये क्योंकि यदि ऐसा न किया जायगा तो बड़ी रूप और छोटी मूलकरणी यह नियम न रहैगा । कहीं छोटी करणी रूप और बड़ी मूलकरणी होती है ॥

उपपत्ति—

यहां करणीवर्ग 'स्थाप्योऽन्त्यवर्गश्चतुर्गुणान्त्यनिघ्नाः-' इसप्रकार से करते हैं । इसमें प्रथम स्थान में प्रथमकरणीवर्ग और प्रथम द्वितीय आदि करणियों का चतुर्गुण घात होता है फिर द्वितीय करणीवर्ग और द्वितीय तृतीय आदि करणियों का चतुर्गुण घात होता है। योंही आगे भी जानो । यहां जितने करणीखण्ड होते हैं उनके अवश्य वर्ग होते हैं, वर्गत्व होने से उनके मूल मिलते हैं और वे मूलकरणी के समान होते हैं, वर्गराशि में जो रूपोंका समूह होता है वह मूलकरणियों का योग है, परंतु वह योग

रूप की रीति से है करणी की रीति से नहीं, यदि करणीरीति से होता तो 'वर्गेण योगकरणी विहृता विशुध्येत्–' इसप्रकार से अलग करना सुलभ था परंतु प्रकृत में रूपरीति से करणियों का योग है इसलिये 'चतुर्गुणस्य घातस्य युतिवर्गस्य चान्तरम् । राश्यन्तरकृतेस्तुल्यं–' इसप्रकार से अलग करना चाहिये । यह प्रकार एकवर्णमध्यमाहरण में लिखा है । यहां रूप, करणीयोग और रूपवर्ग करणी योगवर्ग है, वर्गराशि में जितने करणीखण्ड हैं वे पहिली दूसरी आदि करणियों के चतुर्गुण घात हैं, उनका योग पहिली करणी और शेषकरणी योग का चतुर्गुण घात है, पहिली करणी और शेष करणियों का योग योगवर्ग है, इसलिये उन दोनों का अन्तर करने से पहिली करणी और शेष करणियों के योग का अन्तरवर्ग सिद्ध होता है, इसलिये 'वर्गे करण्या यदि वा करण्योस्तुल्यानि रूपाण्यथ वा बहूनाम् । विशोधयेद्रूपकृतेः–' यह कहा है । इसप्रकार अन्तर वर्ग का ज्ञान हुआ, इसका मूल पहिली करणी और शेष करणियों के योग का अन्तर होता है और रूप उन्हों का योग है, तो योग और अन्तर के ज्ञान होने से 'योगोऽन्तरेणोनयुतोऽर्धितः–' इस संक्रमणसूत्र से उन राशियों का जानना सुलभ है । इसलिये 'पदेन, शेषस्य रूपाणि युतोनितानि, पृथक्कदर्धे करणीद्वयं स्यात्–' यह कहा है । इसप्रकार पहिली करणी और अवशिष्ट करणीयोग हुआ, मूल में दो करणी आईं इनमें से किसे पहिली करणी मानें और किसे शेष करणियों का योग, तो करणीयोग में महत्त्व होना और एक करणी में अल्पत्व होना उचित है इसकारण पहिली लघुकरणी और शेषकरणीयोग महती अर्थात् बड़ीकरणी कल्पना की जाती है इससे 'मूलेथ बह्वी करणी तयोर्या–' इत्यादि सूत्र उपपन्न हुआ ॥

प्रथमवर्गस्य मूलार्थं न्यासः ।

रू १० क २४ क ४० क ६० ।

रूपकृतेः १०० चतुर्विंशतिचत्वारिंशत्करण्योस्तु-ल्यानि रूपाण्यपास्य शेषम् ३६ अस्य मूलम् ६ अनेनोनाधिकरूपाणामर्धे जाते २। ८ अत्रापीयं २ मूल-करणी द्वितीयां रूपाण्येव प्रकल्प्य पुनः शेषकरणीभिः स एव विधिः कार्यः। तत्रेयं रूपकृतिः ६४ अस्याः षष्टिरूपाण्यपास्य शेषम् ४ अस्य मूलम् २ अनेनोनाधिकरूपाणामर्धे ३। ५ जाते मूलकरण्यौ क ३ क ५। मूलकरणीनां यथाक्रमं न्यासः क २ क ३ क ५

द्वितीयवर्गस्य न्यासः।

रू ५ क २४।

रूपकृतेः २५ करणीतुल्यानि रूपाणि २४ अपास्य शेषम् १ अस्य मूलेनोनाधिकरूपाणामर्धे जाते मूलक-रण्यौ क २ क ३।

तृतीयवर्गस्य न्यासः।

रू १६ क १२० क ७२ क ६० क ४८ क ४० क २४।

रूपकृतेः २५६ करणीत्रितयस्यास्य 'क ४८ क ४० क २४' तुल्यानि रूपाण्यपास्योक्तवज्जाते खण्डे २। १४। महती रूपाणीत्यस्याः १४ कृतिः १९६ अस्याः करणी-यस्यास्य 'क ७२ क १२०' तुल्यानि रूपाण्यपास्योक्त-

वज्जाते खण्डे ६ । ८ । पुना रूपकृतेः ६४ षष्टिरूपाण्यपास्योक्तवत्खण्डे ३ । ५ एवं मूलकरणीनां यथाक्रमं न्यासः क ६ क ५ क ३ क २ ।

चतुर्थवर्गस्य न्यासः ।

रू ७२ क० ।

इयमेव लब्धा मूलकरणी ७२ । पूर्वं खण्डत्रयमासीदिति 'वर्गेण योगकरणी विहृता विशुध्येत्—' इति षट्त्रिंशता विहृता शुध्यतीति षट्त्रिंशतो मूलम् ६ । एतस्य खण्डानां १ । २ । ३ । कृतयः १ । ४ । पूर्वलब्ध्यानया २ क्षुण्णाः २ । ८ । १८ एवं पृथक्करण्यो जाताः क २ क ८ क १८ ।

अब पहिले सिद्ध किये हुए वर्गों को मूल के लिये लिखते हैं—

(१) 'रू १० क २४ क ४० क ६०' यहां रूप १० का वर्ग १०० हुआ। इसमें एक करणी के तुल्य रूप घटाने से मूल नहीं मिलता और तीन करणी के तुल्य रूप घट नहीं सकता, इस कारण दो करणी के तुल्य रूप घटाना चाहिये तो 'क २४ क ४०' अथवा 'क २४ क ६०' अथवा 'क ४० क ६०' इन दो दो करणियों के तुल्य रूप घटता है, अब यहां क २४ और क ४० को घटा कर मूल साधते हैं—रूप १० के वर्ग १०० में 'क २४ क ४०' के तुल्य रूप घटाने से शेष ३६ बचा इसका मूल ६ हुआ इसको रूप में जोड़ने और घटाने से १६ और ४ हुए इनका आधा ८ । २ हुआ इसप्रकार मूल में दो करणी हुईं । वर्ग में एक करणी और अवशिष्ट रही इस कारण बड़ी मूलकरणी ८ को रूप कल्पना

कर उसका वर्ग ६४ हुआ इसमें शेष क ६० के तुल्य रूप घटाने से मूल २ मिला इसको रूप ८ में जोड़ने घटाने से १० और ६ हुए इनका आधा ५ और ३ हुआ, इस भांति मूलकरणी सिद्ध हुईं क २ क ३ क ५। इसी प्रकार से 'क २४ क ६०' अथवा 'क ४० क ६०' को पहिले घटाने से पहिले वाले करणीखण्ड मिलते हैं ॥

(२) 'रू ५ क २४' उदाहरण में रूप ५ का वर्ग २५ हुआ इसमें क २४ के तुल्य रूप घटाने से १ शेष रहा इसका मूल १ हुआ इसको रूप में जोड़ने घटाने से ६ और ४ हुए इनका आधा ३ और २ हुआ इस प्रकार क २ क ३ ये मूलकरणी होती हैं ॥

(३) 'रू १६ क १२० क ७२ क ६० क ४८ क ४० क २४' इस उदाहरण में रूप १६ का वर्ग २५६ हुआ इसमें क १२० क ७२ और क ४८ के समान रूप घटाने से १६ शेष रहा इसका मूल ४ हुआ इसको रूप में जोड़ने और घटाने से २० । १२ हुए इनका आधा १० । ६ हुआ । इन में छोटी को मूलकरणी और बड़ी को रूप कल्पना करने से रूप १० का वर्ग १०० हुआ इस में क ६० और २४ के तुल्य रूप घटाने से शेष १६ रहा इसका मूल ४ हुआ इसको रूप १० में जोड़ने और घटाने से १४ और ६ हुए इनका आधा ७ और ३ हुआ, फिर ३ को मूलकरणी और ७ को रूपकल्पना करने से रूप ७ के वर्ग ४९ में क ४० के समान रूप घटाने से मूल ३ मिला इसको रूप ७ में जोड़ने घटाने से १० और ४ हुए इनका आधा ५ । २ हुआ इस प्रकार मूलकरणी हुईं क ६ क ३ क ५ क २ ॥

(४) 'रू ७२ क ०' इस उदाहरण में रूप ७२ का वर्ग ५१८४ हुआ इसमें करणी शून्यके तुल्य रूप घटा देनेसे ७२ मूल मिला इस को रूप ७२ में जोड़ने और घटाने से १४४ और ० हुए इनका आधा ७२ और ० हुआ । इसप्रकार यहां मूलकरणी ७२ सिद्ध हुई । यह योगकरणी

है इसके पहिले तीन खण्ड थे इसलिये 'वर्गेण योगकरणी विहृता विशुध्येत्—' इस विश्लेष सूत्र से उसके खण्डों को अलग करना चाहिये तो क ७२ में ३६ का भाग देने से २ लब्धि मिली और भाजक ३६ का मूल ६ मिला, इसके ३ । २ । १ खण्ड किये और इनके वर्ग को पहिले जो २ लब्धि मिली थी उससे गुण देने से क १८ क ८ क २ ये पूर्व करणीखण्ड हुए ॥

अथ वर्गगतऋणकरण्या मूलानयनार्थं सूत्रं वृत्तम्—

ऋणात्मिका चेत्करणी कृतौ स्या-
द्धनात्मिकां तां परिकल्प्य साध्ये ।
मूले करण्यावनयोरभीष्टा
क्षयात्मिकैका सुधियावगम्या ॥ २१ ॥

अथ यत्र वर्गराशावृणकरणी भवति तत्र मूलग्रहणे विशेषमुपजातिकयाह—ऋणात्मिकेति । यदि वर्गे करणी ऋणात्मिका स्यात्तर्हि तां धनात्मिकां परिकल्प्य मूले करण्यौ साध्ये । अनयोर्मूलकरण्योर्मध्येऽभीष्टा एका करणी सुधिया क्षयात्मिका ज्ञेया । अत्र 'सुधिया' इति हेतुगर्भमुक्तम् । तेन वर्गे यद्येकैव क्षयकरणी भवति तदैव एकस्या मूलकरण्याः क्षयत्वम् । यदि द्व्यादयो भवन्ति तदैकस्या द्वयोर्बहूनां वा मूलकरणीनां युक्त्या यथा संभवति तथा क्षयत्वं कल्प्यम् । यत्र वर्गे सर्वा अपि धनकरण्यस्तत्रापि सर्वासामपि मूलकरणीनां पक्षे क्षयत्वमवगन्तव्यम् ॥ २१ ॥

वर्गगत ऋणकरणी के मूल का प्रकार—

यदि वर्ग में कोई ऋणकरणी होवे तो उसे धन मानकर 'वर्गे करण्या यदि वा करण्योः—' इस सूत्र की रीति से दो मूलकरणी

सिद्धकरो, और उन दो करणियों में से एक करणी को ऋण मानलो। यहां 'सुधिया' इस हेतुगर्भलेख से यह प्रयोजन निकलता है कि जो उद्दिष्ट वर्ग में कईएक करणी ऋणगत होवें तो मूलकरणियों में से जिस करणी का ऋण होना संभव हो उसे ऋण कल्पना करो और जो वर्ग में सब करणियां धन होवें तो पक्ष में मूलकरणियों को ऋणात्मक भी मानो॥

उपपत्ति—

ऋण और धनकरणियों का वर्ग एकही होताहै परंतु ऋणकरणी के वर्ग में करणी ऋण और धनकरणी के वर्ग में करणी धन होती हैं, इस दशा में वर्ग में करणी ऋणात्मक अथवा धनात्मक हो पर मूल तो अङ्कों में समानहीं उचित है। उक्तविधि से रूप के वर्ग में ऋणकरणी घटा देने से धन होजाती है इसकारण रूप और उस करणी का योग धन होता है और रूपवर्ग में धनकरणी घटा देने से ऋण होजाती है इसलिये उसका और रूपका अन्तर होता है, बाद मूलाङ्क का साधन सुलभ है इसलिये 'धनात्मिकां तां परिकल्प्य—' यह कहा है। परंतु इस भांति धनात्मक वर्गही का मूल आताहै इस कारण 'क्षयात्मिकैका—' यह कहाहै॥२१॥

उदाहरणम्—

त्रिसप्तमित्योर्वद मे करण्यो-
र्विश्लेषवर्गं कृतितः पदं च॥१५॥
द्विकत्रिपञ्चप्रमिताः करण्यः
स्वस्वर्णगा व्यस्तधनर्णगा वा।
तासां कृतिं ब्रूहि कृतेः पदं च
चेत्षड्विधं वेत्सि सखे करण्याः॥१६॥

प्रथमोदाहरणे न्यासः ।

क ३ं क ७ । वा क ३ क ७ं

अनयोर्वर्गः सम एव रू १० क ८४ं अत्र वर्गे ऋणकरण्या धनत्वं प्रकल्प्य प्राग्वल्लब्धकरण्योरेकाभीष्टा ऋणगता स्यादिति जातम् क ३ं क ७ । वा क ३ क ७ं

द्वितीयोदाहरणे न्यासः ।

क २ क ३ क ५ं । वा क २ं क ३ं क ५

आसां वर्गः सम एव जातः रू १० क २४ क ४ं० क ६ं० । अत्र ऋणकरण्योस्तुल्यानि धनरूपाणि १०० रूपकृतेः १०० अपास्य मूलम् ० अनेनोनाधिकरूपाणामर्धे क ५ क ५ । अत्रैका ऋणम् क ५ं । अन्यानि रूपाणीति न्यासः रू ५ क २४ । पूर्ववज्जाते करण्यौ धनमेव क ३ क २ । यथाक्रमं न्यासः क २ क ३ क ५ं । अथवा अनयोः क २४ क ६० तुल्यानि धनरूपाणि ८४ रूपकृतेरपास्योक्तवज्जाते मूलकरण्यौ क ७ क ३ । अनयोर्महती ऋणम् क ७ं तान्येव रूपाणि प्रकल्प्य रू ७ं क ४० अतःप्राग्वत्करण्यौ क ५ । क ३ । अनयोरपि महती ऋणमिति यथाक्रमं न्यासः क ३ क २ क ५ं ।

अथ द्वितीयोदाहरणे प्राग्वत्प्रथमपक्षे मूलकरण्यौ क ५ क ५ । अनयोरेका ऋणम् क ५̇ । तान्येव रूपाणीति ऋणोत्पन्ने करणीखण्डे ऋण एवेति यथाक्रमं न्यासः क २̇ क ३̇ क ५ । द्वितीयपक्षेणापि यथोक्ता एव मूलकरण्यः क ३̇ क २̇ क ५ एवं बुद्धिमतानुक्तमपि ज्ञायत इति ॥

उदाहरण—

करणी तीन, करणी सात इनके अन्तर का वर्ग और उस वर्ग का मूल कहो । करणी दो, करणी तीन, करणी पांच ऋण अथवा करणी दो ऋण, करणी तीन ऋण, करणी पांच धन इनका वर्ग और उस वर्ग का मूल बतलाओ ॥

(१) क ३̇ क ७ । अथवा क ३ क ७̇ इनका वर्ग तुल्यही हुआ रू १० क ८४̇ । अब इस वर्ग पर से मूल साधन करते हैं—रूप १० के वर्ग १०० में क ८४ के तुल्य रूप घटाने से १८४ शेष बचा, इसका मूल नहीं मिलता इसकारण क ८४̇ को धन मानकर रूप वर्ग में घटाने से १६ शेष बचा, इसका मूल ४ हुआ, इसको रूप में जोड़ने घटाने से १४ और ६ हुए, इन का आधा ७ और ३ हुआ, इसप्रकार 'क ७ क ३' ये मूलकरणी सिद्ध हुईं, इनमें से मनमानी एक करणीको ऋण कल्पना करने से क ३̇ क ७ । या, क ३ क ७̇ ये पूर्वोक्त मूलकरणी हुईं ।

(२) क २ क ३ क ५̇, या क २̇ क ३̇ क ५ इनका वर्ग रू १० क २४ क ४०̇ क ६०̇ यह समानही हुआ । अब इसका वर्गमूल साधते हैं—रूप १० का वर्ग १०० में धन क ४०, क ६० के समान रूप घटाने से शेष ० रहा, इसका मूल ० हुआ, इसको रूप में जोड़ने और

घटाने से १० । १० हुए, इनका आधा ५ । ५ हुआ, इन में से एक को अवश्य ऋण मानना चाहिये नहीं तो उद्दिष्टवर्ग में ऋणकरणी न होगी, अब मूलकरणीको ऋण और दूसरी को धन मानकर क्रिया करते हैं— क ५ यह मूलकरणी है शेष क ५ को रूप कल्पना करने से, उसका वर्ग २५ हुआ, इसमें क २४ के तुल्य रूप घटाने से शेष १ रहा, इसका मूल १ मिला, इसको रूप ५ में जोड़ने घटाने से ६ । ४ हुए, इन का आधा ३ और २ हुआ, इसप्रकार 'क ३ क २' ये करणी सिद्ध हुईं । यहां दोनों करणी धन होनी चाहिये क्योंकि यदि एक करणी ऋण मानीजाय तो वर्ग में क २४ धन न होगी, यदि दोनों करणियों को ऋण मानलो तो शेष क २४ ऋण न होगी, पर जब वर्गकरने में चतुर्गुण मूलकरणी २० से 'क ३ क २' इन मूलकरणियों को गुण देने में इनका ऋणत्व नष्ट होजायगा इसकारण उन दोनों करणियों को धन मान लेना योग्य है, इस रीति से 'क ५ क ३ क २' यह मूल सिद्ध हुआ । अब मूलकरणी को धन मानकर गणित दिखलाते हैं—यहां मूलकरणी क ५ है और दूसरी करणी ५ को रूप मानकर वर्ग २५ हुआ, इस में शेष करणी २४ के तुल्य रूप घटा देने से पूर्वप्रकार के अनुसार क ३ क २ सिद्ध हुईं, यहां दोनों करणी ऋण होनी चाहिये क्योंकि एक को ऋण मानने से उक्त रीति के अनुसार क २४ धन न होगी, यदि दोनों करणियों को धन मान लो तो उक्त युक्ति से क ४० और क ६० ये ऋण न होंगी, इसप्रकार क ५ क ३ क २ यह मूल हुआ । अथवा रूपवर्ग में क २४ क ६० के तुल्य रूप घटाने से शेष १६ रहा, इसका मूल ४ हुआ, इसको रूप १० में जोड़ने घटाने से १४ । ६ हुए, इनका आधा ७ । ३ हुआ, इनमें से क ७ को रूप कल्पना करने से वर्ग ४९ हुआ, इसमें धन क ४० के तुल्य रूप घटाने से शेष का ३ मूल मिला, इसको रूप ७ में जोड़ने घटाने से १० और ४ हुए, इनका आधा ५ । २

हुआ, इनमें से ५ को ऋण मानने से 'क ३ क २ क ५' यह मूल सिद्ध हुआ इसीप्रकार रूप वर्ग में क २४ और धन क ४० के समान रूप घटाने से शेष ३६ रहा इसका मूल ६ हुआ, इसको रूप में जोड़ने घटाने से १६ और ४ हुए, इन का आधा ८। २ हुआ। इन में से क ८ को रूप मानकर उक्तक्रिया करने से 'क २ क ३ क ५' ये मूलकरणी सिद्ध हुईं। इस भांति अनुक्त भी बुद्धिमान् लोग जानते हैं॥

पूर्वैर्नायमर्थो विस्तीर्योक्तो बालावबोधार्थं तु मयोच्यते-

एकादिसंकलितमित-
करणीखण्डानि वर्गराशौ स्युः।
वर्गे करणीत्रितये
करणीद्वितयस्य तुल्यरूपाणि॥ २२॥
करणीषट्के तिसृणां
दशसु चतसृणां तिथिषु च पञ्चानाम्।
रूपकृतेः प्रोह्य पदं
ग्राह्यं चेदन्यथा न सत्क्वापि॥ २३॥
उत्पत्स्यमानयैवं
मूलकरण्याऽल्पया चतुर्गुणया।
यासामपवर्तः स्या-
द्रूपकृतेस्ता विशोध्याः स्युः॥ २४॥
अपवर्ते या लब्धा
मूलकरण्यो भवन्ति ताश्चापि।

शेषविधिना न यदि ता
भवन्ति मूलं तदा तदसत् ॥ २५ ॥

करणीवर्गराशौ रूपैरवश्यं भवितव्यम् । एककरण्या वर्गे रूपाण्येव, द्वयोः सरूपैका करणी, तिसृणां तिस्रः, चतसृणां षट्, पञ्चानां दश, षण्णां पञ्चदश इत्यादि । अतो द्व्यादीनां करणीनां वर्गेष्वेकादिसंकलितमितानि करणीखण्डानि सरूपाणि यथाक्रमं स्युः । यद्युदाहरणे तावन्ति न भवन्ति तदा संयोज्य योगकरणीं विश्लेष्य वा तावन्ति कृत्वा मूलं ग्राह्यमित्यर्थः । 'वर्गेकरणीत्रितये करणीद्वितयस्य तुल्यरूपाणि—' इत्यादि स्पष्टार्थम् ।

अथ 'वर्गे करण्या यदि वा करण्योः-' इत्याद्युक्तेरनियमेन करणीशोधने सति मूलाशुद्धिः स्यादिति करणीवर्गे करणीसंख्यानियमपूर्वकं शोध्यकरणीनियमं गीतिद्वयेनार्याद्वयेन च निरूपयति-एकादीति । अत्र द्वितीयगीतौ 'तिथिषु पञ्चानाम्' इति बहवः पठन्ति तत्र 'तिथिषु च पञ्चानाम्' इति पठनीयम् । अन्यथा छन्दोभङ्गः स्यात् । उत्पत्स्यमानयेति । अत्र 'अल्पया' इत्युलक्षणम् । यत्र महती मूलकरणी अल्पा रूपाणि तत्र महत्या चतुर्गुणया यासामपवर्तः स्यात्ता एव विशोध्याः स्युः । आचार्यमते त्वल्पत्वं पारिभाषिकम्, यतोऽस्य सूत्रस्योदाहरणे 'यां मूलकरणीं रूपाणि प्रकल्प्यान्ये करणीखण्डे साध्येते सा महतीत्यर्थः, इति व्याकरिष्यति । पुनर्नियमान्तरमाह—अपवर्त इति । अल्पया

कचिन्महत्या वा चतुर्गुणया अपवर्ते कृते याः करण्यो लब्धास्ता एव मूलकरण्यो भवन्तीति वस्तुस्थितिः। अथ यदि शेषविधिना 'मूलेऽथ बह्वी करणी तयोर्या-' इत्यादिना ता न भवन्ति तदा तन्मूलमसदिति। अत्र 'अल्पया' इत्युपलक्षणमिति यद्व्याख्यातं तद्बृहत्खण्डशोधनपूर्वकं मूलग्रहणे, लघुखण्डशोधनपूर्वकं मूलग्रहणे त्वल्पयेत्येव ॥ २२ । २३ । २४ । २५ ॥

करणीवर्ग में नियमित. करणीखण्ड के शोधन का प्रकार-

एकसे लेकर १, ३, ६, १०, १५, २१, २८, ३६, ४५ इत्यादि (१) जितने संकलित हैं उतने हीं उद्दिष्ट वर्ग में करणीखण्ड होते हैं।

---

(१) यह नियम प्रायिकहै अर्थात् सर्वत्र नहीं मिलैगा, जैसा-'स्थाप्योऽन्त्यवर्गश्चतुर्गुणान्त्यनिघ्नाः-' इस रीति से जो वर्ग कियाजाता है उस में संकालितामितही करणीखण्ड होंगे। परंतु कहीं यथासंभव करणियों का योग करने से संकलितमित करणीखण्ड न रहैंगे। उदाहरण-

(१) क २ क ३ क ५ क ६ क १०
क २ क ३ क ५ क ६ क १०
क ४ क २४ क ४० क ४८ क ८०
क ९ क ६० क ७२ क १२०
क २५ क १२० क २००
क ३६ क २४०
क १००

वर्ग=रू २६ क २४ क ४० क ४८ क ८० क ६० क ७२ क १२० क १२० क २०० क २४०।

यहां पर संकलितामित करणीखण्ड हैं।

उक्तवर्ग में क १२० क १२०, क ६० क २४०, और क ७२ क २०० इनका योग करने से रू २६ क २४ क ४० क ४८ क ८० क ४८० क ५४० क ५१२ यह हुआ। अब यहां संकलितमित करणीखण्ड नहीं हैं इसलिये आचार्य ने कहा है कि (अथ यद्युदाहरणे तावन्ति न भवन्ति तदा संयोज्य योगकरणीं विश्लिष्य वा तावन्ति कृत्वा मूलं ग्राह्यमित्यर्थः) यदि उदाहरण में संकलितमित करणीखण्ड न हों तो योग करके

अथवा योगज करणी को अलगाकर संकलितमित करणीखण्ड करलो, बाद मूल लो । परंतु यह करना अत्यन्त दुःसाध्य है क्योंकि जिस वर्ग में धनर्णसाम्य से कुछ करणी उड़ जाती है वहां उन्हें संकलितमित करना बहुत कठिन है । उदाहरण–

(२)　क १० क ६ क ५ क ३
　　　क १० क ६ क ५ क ३
　　　क १०० क २४० क २०० क १२०
　　　क ३६ क १२० क ७२
　　　क २५ क ६०
　　　क ६

वर्ग=रू २४ क २४० क २०० क १२० क १२० क ७२ क ६०

अब यथासंभव करणियों का योग करने से रू २४ क ६० क ३२ यह वर्ग हुआ । यहां संकलितमित करणीखण्ड करना अशक्य है ॥

कई एक स्थल में वर्ग में संकलितामित करणीखण्ड रहते हैं परंतु उक्तनियम के अनुसार वर्गमूल नहीं मिलता । जैसा–

(३)　क ३ क ५ क ६ क १०
　　　क ३ क ५ क ६ क १०
　　　क ६ क ६० क ७२ क १२०
　　　क २५ क १२० क २००
　　　क ३६ क २४०
　　　क १००

वर्ग=रू २४ क ६० क ७२ क १२० क १२० क २०० क २४०

यथासंभव करणियों का योग करने से 'रू २४ क ४८० क ५१२ क ५४०' यह उद्दिष्टराशि का वर्ग हुआ । यहांपर संकलितामित करणीखण्ड तो हैं परन्तु उक्तनियमानुसार मूल नहीं मिलता । अब यह न कहना चाहिये कि जिस सरूपसंयुक्त करणी का वर्गमूल न मिले वह वर्गही नहीं है इत्यादि ।

उद्दिष्टवर्गमें जो तीन करणीखण्ड हों तो रूपके वर्ग में दो करणीखण्ड घटाकर मूल लो, जो छ करणीखण्ड हों तो तीन करणीखण्ड घटाकर मूल लो, जो दस करणीखण्ड हों तो चार करणीखण्ड घटाकर मूल लो, जो पंद्रह करणीखण्ड हों तो पांच करणीखण्ड घटाकर मूल लो ।

यदि इस नियमके विना मूल लिया जायगा तो वह अशुद्ध होगा। इस प्रकार जो छोटी मूलकरणी उत्पन्न होगी उसको चतुर्गुण करो और उस चतुर्गुण मूलकरणीका जिन करणीखण्डों में अपवर्तन लगे वे रूपवर्ग में शोध्य अर्थात् घटाने के योग्यहैं (इससे यह अर्थ निकलता है कि उक्त नियमानुसार करणीखण्डों को रूपके वर्गमें घटाने से जो मूलकरणी उत्पन्न होगी उससे घटाये हुए करणीखण्ड अवश्य निःशेष होंगे, यदि निःशेष न हों तो मूल अशुद्ध होगा) और उन घटाये हुए करणीखण्डों में चतुर्गुण मूलकरणीका अपवर्तन देनेसे जो मूलकरणी होंगी वे यदि शेषविधिसे न आवें तो वह मूल असत् होगा ॥

उपपत्ति—

एक करणी होवे तो उसका वर्ग करके मूल लेनेसे रूपही होगा। दो करणी हों तो 'स्थाप्योऽन्त्यवर्गश्चतुर्गुणान्त्यनिघ्नाः-' इस प्रकारसे उनका चौगुना घात करणी होगी और उन दो करणियों का योग रूप होगा। तीन करणी हों तो उक्तविधिसे पहिलीसे दूसरी और तीसरी को गुण देनेसे दो खण्ड और दूसरी से तीसरीको गुणने से एक खण्ड, इस प्रकार तीनखण्ड होंगे और करणियोंका योग रूप होगा। इस भांति एकोन पद-संकलित के समान करणीखण्ड होते हैं। जैसा—दो करणीखण्ड के वर्ग में एक करणीखण्ड होता है, और तीन करणीखण्ड के वर्ग में तीन करणीखण्ड होते हैं, चार करणीखण्डके वर्ग में छ करणीखण्ड होते हैं, इसी भांति आगे भी जानो। इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि जो वर्गस्थान में तीन करणीखण्ड और रूपहों तो तीन मूलकरणीखण्ड होंगे। यहां रूप-वर्ग करणियों के योगका वर्ग है पहिली करणी पहिला खण्ड और दू-सरी तीसरी करणी का योग दूसरा खण्ड है, इन खण्डों के योग का वर्ग रूपवर्ग के समान है इसलिये दोनों करणियोंके योग के तुल्य रूप घ-टाने से अन्तरवर्ग अवशिष्ट रहता है इसका कारण कहचुके हैं। जैसा—

क २ क ३ क ५ ये मूलकरणी हैं इनका वर्ग रू १० क २४ क ४० क ६० हुआ । यहां पहिला खण्ड २ और शेष मूलकरणी के योग के समान दूसरा खण्ड ८ कल्पना करने से इन दोनों खण्ड का चौगुना घात ६४ हुआ यह वर्गस्थानीय क २४ और क ४० का योग है क्योंकि वर्ग करने में पहिली करणी से दूसरी और तीसरी करणी को गुण दो, बाद उसको चौगुनी करके योग करो, अथवा दूसरी और तीसरी करणी के योग को पहिली से गुण दो और उसे चौगुनी करो, फल समान ही होगा । अब २ । ८ करणीखण्डों का योग रूप १० होता है, इसका वर्ग १०० हुआ, इस में चतुर्गुण खण्डोंका घात ६४ घटादेनेसे शेष ३६ रहा, इसका मूल ६ हुआ, यह उन खण्डों का अन्तर है इसलिये 'योगोऽन्तरेणोनयुतोऽर्धितस्तौ राशी–' इस संक्रमण विधि से ८ और २ खण्ड हुए यहां छोटा खण्ड २ पहिली करणी है और बड़ा खण्ड ८ शेष करणी का योग है इस्से फिर क्रिया की है इसलिये 'वर्गे करणीत्रितये करणीद्वितयस्य तुल्यरूपाणि–' यह विधि उपपन्न हुआ । ऐसाही आगे भी जानो । यहां चतुर्गुण प्रथमकरणी और शेषकरणी का घात घटाते हैं इस लिये शोधित अर्थात् घटाये हुए करणीखण्डों में चतुर्गुण प्रथम करणी का अपवर्तन अवश्य लगेगा, यदि अपवर्तन न लगे तो उदाहरण अशुद्ध होगा । जैसा–प्रकृत में छोटी करणी २ है चतुर्गुण ८ हुई, इस का वर्गस्थानीय 'क २४ क ४०' इन करणियों में अपवर्तन देने से ३ । ५ ये खण्ड मिले । और यही खण्ड शेषविधि से भी आते हैं, जैसा– ८ और २ ये प्रथम के सिद्ध कियेहुए करणीखण्ड हैं इनमें बृहत्खण्ड ८ को रूप मानकर वर्ग ६४ हुआ, इसमें शेषकरणी ६० घटाने से ४ अवशिष्ट रहा, इस का मूल २ हुआ, इसको रूप ८ में जोड़ने घटाने से १० । ६ ये दो खण्ड सिद्ध हुए, इनका आधा ५ और ३ ये मूलकरणी के खण्ड सिद्ध हुए । इस प्रकार क २ क ३ क ५ ये मूलकरणी

हुई । यहां शेषविधि और अपवर्तनदेने से क ५ क ३ ये खण्ड आते हैं इस कारण यह उदाहरण असत् नहीं है इससे अन्यथा जो उदाहरण होंगे वे अशुद्धहैं ॥ २२ । २३ । २४ । २५ ॥

उदाहरणम्-

वर्गे यत्र करण्यो
दन्तैः सिद्धैर्गजैर्मिता विद्वन् ।
रूपैर्दशभिरुपेताः
किं मूलं ब्रूहि तस्य स्यात् ॥ १७ ॥

न्यासः । रू १० क ३२ क २४ क ८ । अत्र वर्गे करणीत्रितये करणीद्वितयस्यैव तुल्यानि रूपाणि प्रथमं रूपकृतेरपास्य मूलं ग्राह्यम्, पुनरेकस्याः, एंव क्रियमाणेऽत्र पदं नास्तीत्यतोऽस्य करणीगतमूलाभावः । अथानियमेन सर्वकरणीतुल्यानि रूपाण्यपास्य मूलमानीयते तदिदं 'क २ क ८' समागच्छति । इदमसत् । यतोऽस्य वर्गोऽयम् रू १८ । अथवा दन्तगजमितयोर्योगं कृत्वा रू १० क ७२ क २४ आनीयते तदिदमप्यसत् रू २ क ६ ॥

अथ 'वर्गे करणीत्रितये-' इत्यादि नियमं विना मूलग्रहणे मूलासत्त्वमित्यत्रोदाहरणमार्ययाह-वर्गे इति । हे विद्वन् यत्र वर्गे करण्यः दन्तैः द्वात्रिंशता, सिद्धैः चतुर्विंशत्या, गजैः अष्टाभिः, मिताः संमिताः सन्ति । किं भूता दशभी रूपैः उपेताः संयुक्ताः । तस्य वर्गस्य मूलं किं स्यादिति ब्रूहि ॥

अब 'वर्गे करणीत्रितये-' इस कहेहुए नियम के विना जो मूल ग्रहण करें तो वहां पर मूल नहीं मिलेगा इस बातके दिखलाने के लिये उदाहरण-

जिस वर्ग में रूप दस से सहित करणी बत्तीस, करणी चौबीस और करणी आठ हैं उस का क्या मूल होगा।

यहां वर्ग में करणीखण्ड तीनहैं इसलिये पहिले रूपवर्ग में दो करणीखण्डके समान रूप घटाकर मूल लेना चाहिये, बाद एक करणीखण्ड के समान रूप घटाकर, परंतु इस नियम से मूल नहीं मिलता। जैसा-रूप १० का वर्ग १०० हुआ, इसमें क २४ क ८ के तुल्य रूप घटाने से शेष ६८ बचा, इस का मूल नहीं मिलता, अब अनियम से रूप वर्ग १०० में क ३२ क २४ क ८ के तुल्यरूप ६४ घटाने से ३६ शेष बचा, इसका मूल ६ हुआ, इसको रूप में जोड़ने घटाने से १६।४ हुए, इनका आधा ८ और २ हुआ, ये दो मूलकरणी हुईं। परंतु क ८ क २ यह मूल शुद्ध नहीं है क्योंकि इसका वर्ग रू १८ होता है। अथवा उक्त प्रकारसे क ३२ और क ८ का योग करनेसे वर्ग हुआ रू १० क ७२ क २४ अब रूपवर्ग १०० में क ७२ और क २४ के तुल्य रूप ९६ घटाने से शेष ४ बचा, इसका मूल २ आया, इसको रूप में जोड़ने और घटाने से १२ और ८ हुए इनका आधा ६ और ४ हुआ, अब यहां छोटी करणी चार का मूल दो मिलता है इसलिये रू २ क ६ मूल हुआ। परंतु यह मूल ठीक नहीं है क्योंकि इस का वर्ग रू १० क ९६ होताहै॥

उदाहरणम्-

वर्गे यत्र करण्य-
स्तिथिविश्वहुताशनैश्चतुर्गुणितैः।
तुल्या दशरूपाढ्याः

किं मूलं ब्रूहि तस्य स्यात् ॥ १८ ॥

न्यासः । रू १० क ६० क ५२ क १२ । अत्र किल वर्गे करणीत्रयमस्तीति तत्करणीद्वयद्विपञ्चाशद्द्वादशमितस्य 'क ५२ क १२' तुल्यरूपाण्यपास्य ये मूलकरण्यावुत्पद्येते 'क ८ क २' तयोरल्पयानया चतुर्गुणया ८ द्विपञ्चाशद्द्वादशमितयोरपवर्तौ न स्यात् अतस्ते न शोध्ये । यत उक्तम्-'उत्पत्स्यमानयैवम्-' इत्यादि । अत्र 'अल्पया' इत्युपलक्षणम् । तेन क्वचिन्महत्यापि । तदा (यां) मूलकरणीं रूपाणि प्रकल्प्यान्ये करणीखण्डे साध्ये सा महती प्रकल्प्येत्यर्थः ॥

अथ 'वर्गे करणीत्रितये-' इत्यादिनियमेनापि मूलग्रहणेऽग्रिमनियमं विना मूलं दुष्टमित्यत्रोदाहरणमार्ययाह—वर्गे इति । स्पष्टार्थेयम् ॥

अब 'वर्गे करणीत्रितये-' इस नियम के अनुसार मूल ग्रहण करने पर भी अगिले नियम विना मूल अशुद्ध होगा यह दिखलाने के लिये उदाहरण-

जिस वर्ग में रूप दस से सहित करणी साठ करणी बावन और करणी बारह हैं उसका मूल क्या होगा ।

यहांपर करणीखण्ड तीन हैं इसलिये रूप वर्गमें क ५२ और क १२ के समान रूप घटाने से ३६ शेष रहा, इस का मूल ६ हुआ इस को रूप १० में जोड़ने और घटाने से १६ और ४ हुए, इन का आधा ८।२

हुआ, इन में २ मूलकरणी और ८ रूप कल्पना करने से, रूपका वर्ग ६४ हुआ, इस में शेष करणी ६० के तुल्य रूप घटाने से ४ शेष बचा, इस का मूल २ हुआ, इस को रूप ८ में जोड़ने घटाने से १० और ६ हुए, इनका आधा ५ और ३ हुआ. इस प्रकार क २ क ३ क ५ ये मूलकरणी हुईं । परंतु यह मूल ठीक नहीं है क्योंकि इसका वर्ग रू १० क २४ क ४० क ६० है । इसीलिये ' अल्पया चतुर्गुणया, यासामपवर्तः स्याद्रूपकृतेस्ता विशोध्याः स्युः, यह विशेष कहा है । देखो यहां छोटी करणी २ है, यह चतुर्गुण करने से ८ हुई, इस का शोधित क ५२ क १२ में अपवर्तन नहीं लगता इस कारण मूल अशुद्ध है । यहां जो छोटी करणी को चौगुनी करके शोधित करणीखण्डों में अपवर्तन देना कहा है सो उपलक्षण है इसलिये कहीं चौगुनी बड़ी करणी का भी शोधित करणीखण्डों में अपवर्तन देते हैं । जिस मूलकरणी को रूप मानकर और दो करणीखण्ड साधे जाते हैं वह महती अर्थात् बड़ी करणी है ॥

उदाहरणम्—

अष्टौ षट्पञ्चाशत्
षष्टिः करणीत्रयं कृतौ यत्र ।
रूपैर्दशभिरुपेतं
किं मूलं ब्रूहि तस्य स्यात् ॥ १६ ॥

न्यासः । रू १० क ८ क ५६ क ६० । अत्राद्यखण्डद्वये ' क ८ क ५६ ' शोधिते उत्पन्नयाऽल्पया चतुर्गुणया ८ तयोः खण्डयोरपवर्तनलब्धे खण्डे १ । ७ परं शेषविधिना मूलकरण्यौ नोत्पद्येते अतः खण्डे

न शोध्ये। अन्यथा शोधने कृते मूलं नायातीत्य-तस्तदसत् ॥

अथात्र 'उत्पत्स्यमानयैवं मूलकरण्याल्पया चतुर्गुणया। यासामपवर्तः स्याद्रूपकृतेस्ता विशोध्याः स्युः' इति नियमे सत्यपि मूलग्रहणेऽग्रिमनियमाभावे मूलमसदित्यत्रोदाहरणमार्ययाह-अष्टाविति। यत्र कृतौ वर्गे दशभी रूपैरुपेतं सहितम् 'अष्टौ षट्पञ्चाशत्, षष्टिः' इदं करणीत्रयं वर्तते तत्र वर्गे पदं किं स्यादिति ब्रूहि ॥

अब 'उत्पत्स्यमानयैवं—' इस नियम के करने पर भी जो मूल साधते हैं उसमें अगिले नियम के विना मूल अशुद्ध होता है यह दिखलाने के लिये उदाहरण—

जिस वर्ग में रूपदश से सहित करणी आठ, करणी छप्पन और करणी साठ हैं वहां क्या मूल होगा ॥

यहां उक्तनियम के अनुसार दो करणीखण्ड घटाना चाहिये इसलिये रूपवर्ग १०० में क ५६ और क ८ के समान रूप घटाने से शेष ३६ बचा, इसका मूल ६ आया, इसको रूप में जोड़ने और घटाने से १६। ४ हुए, इनका आधा ८। २ हुआ, ये करणीखण्ड हुए, इन में से बड़े करणीखण्ड को रूप मानकर वर्ग करने से ६४ हुआ, इसमें क ६० के तुल्य रूप घटा देनेसे ४ शेष रहा, इसका मूल २ हुआ, इसको रूप ८ में जोड़ने और घटाने से १०। ६ हुए, इन का आधा ५। ३ हुआ, ये मूलकरणी हुईं, इसभांति क २ क ३ क ५ मूल हुआ, परंतु यह मूल अशुद्धहै क्योंकि चौगुनी छोटी करणी का शोधित क ८ क ५६ में अपवर्तन देनेसे १ और ७ ये खण्ड उत्पन्न हुए और शेषविधि से क ५ क ३ आती हैं इसलिये रूपवर्ग में 'क ८ क ५६, इन खण्डों को नहीं घटाना चाहिये ॥

उदाहरणम्—

चतुर्गुणाः सूर्यतिथीषुरुद्र-
नागर्तवो यत्र कृतौ करण्यः ।
सविश्वरूपा वद तत्पदं ते
यद्यस्ति बीजे पटुताभिमानः ॥ २० ॥

न्यासः । रू १३ क ४८ क ६० क २० क ४४ क ३२ क २४ । अत्र करणीषट्के तिसृणां करणीनां तुल्यानि रूपाणि प्रथमं रूपकृतेरपास्य मूलं ग्राह्यम्, पश्चाद्द्वयोः, तत एकस्याः, एवं कृतेऽत्र मूलाभावः । अन्यथा तु प्रथममाद्यकरण्यास्तुल्यानि रूपाण्यपास्य, पश्चाद्द्वितीयतृतीययोः, ततः शेषाणां रूपकृतेर्विशोध्यानीतं मूलम् क १ क २ क ५ क ६ तादिदमप्यसत् यतोऽस्य वर्गोऽयम् रू [illegible] क ८ क ८० क १६० । यैरस्य मूलानयनस्य नियमो न कृतस्तेषामिदं दूषणम् । एवंविधवर्गे करणीनामासन्नमूलकरणेन मूलान्यानीय रूपेषु प्रक्षिप्य मूलं वाच्यम् ।

अथ वर्गे षट्प्रभृतिषु करणीखण्डेष्वप्येवमेवेति व्याप्तिं प्रदर्शयितुमुपजातिकयोदाहरणमाह—चतुर्गुणा इति । हे गणक, ते तव यदि बीजे पटुताभिमानः पाटवाहंकारोऽस्ति तर्हि यत्र कृतौ सूर्य १२ तिथी १५ षु ५ रुद्र ११ नाग ८ र्तवः ६ चतुर्गुणाः करण्यः सन्ति । किंभूताः । सविश्वरूपाः त्रयोदशसंख्याकैः रूपैः सहिताः । तत्पदं वर्गमूलं वद कथय ॥

उदाहरण—

जिस वर्ग में रूप तेरह से सहित करणी अड़तालीस, करणी साठ, करणी बीस, करणी चौवालीस, करणी बत्तीस और करणी चौबीस हैं उस का वर्गमूल क्या होगा ॥

यहां करणीखण्ड छ हैं, इसलिये पहिले रूपवर्ग में तीन करणीखण्ड के समान रूप घटाकर मूल लेना चाहिये, फिर दो करणी के तुल्य, फिर एक करणी के तुल्य, इस प्रकार क्रिया करनेसे मूल नहीं आता तो अनियम से रूपवर्ग १६९ में पहिली करणी ४८ के तुल्य रूप घटाने से १२१ अवशिष्ट रहा, इसका मूल ११ आया, इसको रूप १३ में जोड़ने घटाने से २४ । २ हुए इनका आधा १२ और १ हुआ, इनमें से बड़े खण्डको रूप मानकर वर्ग १४४ हुआ, इसमें क ६० क २० के तुल्य रूप घटाने से ६४ बचा, इस का मूल ८ हुआ, इसे रूप १२ में जोड़ने और घटाने से २० । ४ हुए, इन का आधा १० और २ हुआ, इनमें से बड़े खण्ड १० को रूप मानकर वर्ग १०० हुआ इस में क ४४ क ३२ और क २४ के तुल्य रूप घटाने से शेष ० बचा, इसके मूलको रूपमें जोड़ने और घटाने से १० । १० हुए, इन का आधा ५ । ५ हुआ, इसभांति 'क १ क २ क ५ क ५' यह मूल आया परंतु यह ठीक नहींहै क्योंकि इसका वर्ग 'रू १३ क ८ क २० क २० क ४० क ४० क १००' यहहै, इसमें यथासंभव करणीखण्डों का योग करने से रू २६ क ८ क ८० क १६० हुआ । जिन आचार्यों ने मूलके आनयन विषयमें नियम नहीं कहा उनको यह दूषणहै। ऐसे स्थल में करणीखण्डों का आसन्न मूललेकर उसे रूप में जोड़ दो और उसको मूल कहो ।

अथ 'महती रूपाणि' इत्युपलक्षणम्, यतः क्वचिदल्पापि । तत्रोदाहरणम्—

चत्वारिंशदशीति-
द्विशतीतुल्याः करण्यश्चेत् ।
सप्तदशरूपयुक्ता-
स्तत्र कृतौ किं पदं ब्रूहि ॥ २१ ॥

न्यासः । रू १७ क ४० क ८० क २०० । शोधिते जाते खण्डे क १० क ७ । पुनर्लब्धीं करणीं रूपाणि कृत्वा लब्धे करण्यौ क ५ क २ । एवं मूलकरणीनां न्यासः । क १० क ५ क २ ।

इति करणीषड्विधम् ।

इति (षट्) त्रिंशत्परिकर्माणि ॥

क्वचिदल्पापि रूपाणीत्यत्रोदाहरणमुद्दीत्याह—चत्वारिंशदिति । 'अशीतिः' इति रेफान्तः पाठो न युक्तः । स्पष्टार्थः ॥

इति द्विवेदोपाख्याचार्यश्रीसरयूप्रसादसुत—दुर्गाप्रसादोन्नीते लीलावतीहृदयग्राहिणि बीजविलासिनि करणीषड्विधं समाप्तम् ॥

उदाहरण—

जिस वर्गमें रूप सत्तरह से सहित करणी चालीस, करणी अस्सी और करणी दोसव हैं वहां क्या वर्गमूल होगा ॥

---

१ अयं पाठष्टीकापुस्तके नोपलभ्यते, तथाच '—षड्विधचतुष्टयमुक्त्वा—' इति बीजनवाङ्कुरन्यस्तकुट्टकोपोद्घातलेखाचारसंगतः प्रतीयते । किंच अनेकवर्णषड्विधगणनया कथंचित्त्रिंशत्परिकर्माणि संभवन्ति परं टीकाविसंवादान्न सुष्ठु ॥

यहां रूपवर्ग २८९ में क ८० क २०० के तुल्य रूप घटाकर उक्तविधि से १० । ७ करणीखण्ड उत्पन्नहुए, इन में छोटे करणीखण्ड को रूप मानकर कहे हुए प्रकार से ५ । २ करणीखण्ड हुए, इस भांति क १० क ५ क २ मूल हुआ । यह मूल शुद्ध है क्योंकि इसका वर्ग ' रू १७ क ४० क ८० क २००, होताहै । यहां पहिली मूलकरणी १० और ७ हैं, इन में बड़ी करणी चतुर्गुण ४० हुई इसका घटायेहुए ' क ८० क २००' इन करणीखण्डों में अपवर्तन देने से २ । ५ करणीखण्ड लब्ध हुए और शेष विधिसे भी येही खण्ड आते हैं इसलिये यह मूल शुद्ध है । और जो (२४) वें सूत्र के भाष्य में कह आये हैं कि चौगुनी छोटी करणी का जिन वर्गस्थानीय करणीखण्डों में अपवर्तन लगै वे रूपवर्ग में घटाने के योग्य हैं सो उपलक्षण है इसीलियें यहांपर चौगुनी बड़ी करणी का शोधित करणीखण्डों में अपवर्तन दिया है ॥

सोपपत्तिक करणीषड्विध समाप्त हुआ ॥

दुर्गाप्रसादरचिते भाषाभाष्ये मिताक्षरे ।
वासनाभङ्गिसुभगं करणीषड्विधं गतम् ॥

अथ कुट्टकः ।

भाज्योहारः क्षेपकश्चापवर्त्यः
केनाप्यादौ संभवे कुट्टकार्थम् ।
येन च्छिन्नौ भाज्यहारौ न तेन
क्षेपश्चैतद्दुष्टमुद्दिष्टमेव ॥ २६ ॥

एवं सामान्यतोऽव्यक्तक्रियोपयुक्तं षड्विधचतुष्टयमुक्त्वा सांप्रतमनेकवर्णसमीकरणप्रक्रियोपयुक्तं कुट्टकमाह—कुट्टको नाम गुणकः । हिंसावाचकशब्दैर्गुणनाभ्युपगमात् । योगरूढ्या[१] गुणकविशेषश्चायम् । कश्चिद्राशिर्येन गुणित उद्दिष्टक्षेपयुतोन उद्दिष्टहरेण भक्तः सन्निःशेषो भवेत्स गुणकः कुट्टक इति पूर्वेषां व्यपदेशात् । तत्र कुट्टकज्ञानार्थं प्रथममितिकर्तव्यतामुद्देशाखिलत्वं च शालिन्या निरूपयति—भाज्यो हार इति । 'कश्चिद्राशिर्येन गुणित उद्दिष्टक्षेपेण युतोन उद्दिष्टहरेण भक्तः सन्निःशेषः स्यात् तस्य गुणकविशेषस्य 'कुट्टकः' इति संज्ञा' इति प्रागेवाभिहितम् । अत्रागता लब्धिर्लब्धिसंज्ञैव । हरो हरसंज्ञ एव । क्षेपोऽपि क्षेपसंज्ञ एव । अन्वर्थसंज्ञाश्चैताः । यो राशिर्गुण्यते तस्य 'भाज्यः' इति संज्ञा । भजनयोगात् । अस्य कुट्टकस्य ज्ञानार्थमादौ स भाज्यो हारः क्षेपकश्च केनापि तुल्येनाङ्केनापवर्त्यः । भाज्यहारक्षेपा एकेनैवाङ्केनापवर्त्या इत्यर्थः । कस्मिन्सति अपवर्तनसंभवे सति । अपवर्तनं नाम निःशेषभजनम् । तच्चैकातिरिक्तेनाभिन्नेन ज्ञेयम् । अन्यथा 'संभवे' इत्यस्यानुपपत्तेः । एकेन भिन्नेन वा केनचिदङ्केन सर्वत्रापवर्तनसंभवात् । 'तौ भाज्यहारौ दृढसंज्ञकौ स्तः' इत्यस्य व्याख्यानावसरे

---

१ यत्र त्ववयवशक्तिविषये समुदायशक्तिरप्यस्ति तद्योगरूढम् ।

"दृढाः' इत्यन्वर्थसंज्ञा । पुनर्नापवर्तन्ते न क्षीयन्त इत्यर्थः" इति बुद्धिविलासिन्यां श्रीगणेशदैवज्ञैरप्युक्त एवायमर्थः । भाज्यहारक्षेपाणामपवर्तनसंभवे सत्यवश्यमपवर्त्या एव । अन्यथा कुट्टको न संभवतीति सिद्धम् । उद्देशस्य खिलत्वज्ञापनार्थमाह-येनेति । येनाङ्केन भाज्यहारौ छिन्नावपवर्तितौ तेनैवाङ्केन क्षेपश्चेन्न छिन्नः अपवर्तितो न स्यात्तर्हि एतदुद्दिष्टं पृच्छकेन पृष्टं दुष्टमेव । अयं भाज्यो येन केनापि गुणितस्तेन क्षेपेण युतोनस्तेन हरेण भक्तः सन् कदाचिदपि निःशेषो न भवेदित्यर्थः ॥ २५ ॥

कुट्टक ।

इस भांति सामान्य बीजक्रिया के उपयोगी धनर्णषड्विध, खषड्विध, वर्णषड्विध और करणीषड्विध कहकर अब अनेकवर्ण समीकरण के अर्थ कुट्टक का निरूपण करते हैं-उद्दिष्टराशि जिस अङ्क से गुणाहुआ उद्दिष्टक्षेप के जोड़ने अथवा घटाने से और उद्दिष्ट भाजक के भाग देने से निःशेष हो उस गुणक की 'कुट्टक' यह संज्ञा की है । यहां पर जो राशि गुणा जाता है उसे भाज्य, जो जोड़ा अथवा घटाया जाता है उसे क्षेप, जिसका भाग दिया जाताहै उसे हार और जो लब्धि आती है उसे लब्धि कहते हैं । ये संपूर्ण संज्ञा अन्वर्थ अर्थात् यथार्थ हैं ।

अब कुट्टक के ज्ञानके लिये पहिले क्या करनाचाहिये सो कहते हैं—

कुट्टक के जानने के लिये पहिले भाज्य, हार और क्षेपमें किसी एक ही समान अङ्कका अपवर्तन दो, (अपवर्तन वह कहलाताहै कि जिसका पूरा पूरा भाग लगि जावे) और वह अपवर्तन की संख्या एक अथवा भिन्न न हो क्योंकि एक वा भिन्न अङ्क का सर्वत्र अपवर्तन लग सकता है । इसभांति अपवर्तन देने से भाज्य और हार अपवर्तित हों परंतु क्षेप न अपवर्तित हो तो वह उदाहरण दुष्ट अर्थात् अशुद्ध होगा ॥

उपपत्ति—

अपवर्तित भाज्य भाजकों पर से जैसी लब्धि आती है वैसेही किसी एक अङ्कसे गुणेहुए अथवा अपवर्तन न दियेहुए भाज्य भाजकोंपर से आती है यह बात प्रसिद्ध है। प्रकृतमें किसी गुण से गुणाहुआ धन वा ऋण क्षेप से जुड़ाहुआ कल्पित भाज्य भाज्य होताहै और भाजक यथास्थित रहताहै इस प्रकार भाज्य के दोखण्ड होतेहैं—गुण से गुणाहुआ पहिला खण्ड, क्षेप दूसरा खण्ड, इन दोनों खण्डोंका योग भाज्यहै। भाज्य और भाजकमें अपवर्तन देने से लब्धिमें विकार नहीं होता इसलिये जिसअङ्क से भाजक अपवर्तित हुआ है उसीसे खण्डद्वययोगरूप भाज्य भी अपवर्त्य (अपवर्तनयोग्य) है। वहां खण्डोंका योग अपवर्तित अथवा अपवर्तित खण्डों का योग ये तुल्य होतेहैं। जैसा — $\frac{२७}{१५}$ इन भाज्य भाजकों में तीन का अपवर्तन देनेसे $\frac{९}{५}$ ये अपवर्तित भाज्य भाजक हुए, अथवा ९। १८ ये भाज्य के खण्ड तीन के अपवर्तन देनेसे ३। ६ हुए, इन खण्डोंका योग वही अपवर्तित भाज्य ९ हुआ। इसीभांति भाज्यके दोसे ज्यादे खण्ड करके उनमें अपवर्तन दो और उन अपवार्तित खण्डोंका योग करो तो भी वही अपवर्तित भाज्यहोगा। इसलिये भाजक के अपवर्तित होने से गुण से गुणाहुआ कल्पित भाज्य और क्षेप भी अपवर्त्य होताहै। यद्यपि गुण के न जानने से गुणगुणित भाज्य भी अज्ञात है तो उसमें क्योंकर अपवर्तन होसकेगा तथापि कल्पितभाज्यमें अपवर्तन देकर पश्चात् उसे गुण से गुण दो तो कल्पितभाज्यरूपी भाज्यखण्डही अपवार्तित होगा क्योंकि गुणे हुए में अपवर्तन देनेसे अथवा अपवर्तन दियेहुए को गुणने से कुछ विशेष नहीं होता, कल्पित भाज्य जिस गुण से गुणा हुआ भाज्यखण्ड होताहै उसी से गुणाहुआ अपवर्तित भाज्यभी अपवार्तित भाज्यखण्ड होगा और अपवर्तित क्षेप दूसरा खण्ड, इस भांति भाज्य हार और क्षेप अपवर्तितहों अथवा अनपवर्तितहों तोभी गुण लब्धिमें विशेष नहीं होता। इसकारण

लाघवार्थ भाज्य हार और क्षेप अपवर्तित किये जाते हैं इससे 'भाज्यो हारः-' यह श्लोकार्ध उपपन्न हुआ। गुणगुणित भाज्य के समान एक खण्ड, क्षेपके समान दूसरा खण्ड, हरसे भागे हुए उन खण्डों का योग और हरसे भागा हुआ खण्डयोग, ये तुल्य होतेहैं। जैसा—गुणगुणित भाज्य = ५×२२१ = ११०५। क्षेप = ६५। हर १९५ से भागे हुए $\frac{११०५}{१९५}$, $\frac{६५}{१९५}$ इनका योग $\frac{११७०}{१९५}$ यह भाज्य ११०५ क्षेप ६५ के योग ११७० हर १९५ से भागे हुए $\frac{११७०}{१९५}$ के समान है। इसी प्रकार केवल भाज्य और भाजक परसे जैसी लब्धि आती है वैसेही उनमें अपवर्तन देने से आती है। इसालिय $\frac{११०५}{१९५}$, $\frac{६५}{१९५}$ इन खण्डों में १३ का अपवर्तन देने से $\frac{८५}{१५}$, $\frac{५}{१५}$ इन का योग $\frac{९०}{१५}$ हुआ। अथवा इन खण्डों के योग $\frac{११०५}{१९५}+\frac{६५}{१९५}=\frac{११७०}{१९५}$ में १३ का अपवर्तन देनेसे योग हुआ $\frac{९०}{१५}$। गुण से गुणित इष्टाङ्क से अपवर्तित, अथवा इष्टाङ्क से अपवर्तित और गुण से गुणित भाज्य में अन्तर नहीं पड़ता तो यदि पहिले लिखे हुए खण्डों के योग में $\frac{११७०}{१९५}=\frac{९०}{१५}$ अपवर्तन देते हैं तो $\frac{११०५}{१९५}$, $\frac{६५}{१९५}$ इन खण्डों में भी अपवर्तन देना उचित है नहीं तो क्योंकर फलकी समता होगी। इसलिये भाज्य और हार के समान क्षेपक मेंभी अपवर्तन का अत्यावश्यक है इससे 'येन च्छिन्नौ भाज्यहारौ न तेन क्षेपः-' यह श्लोक का उत्तरार्ध उपपन्न हुआ॥

परस्परं भाजितयोर्ययोर्यः
शेषस्तयोः स्यादपवर्तनं सः।
तेनापवर्तेन विभाजितो यौ
तौ भाज्यहारौ दृढसंज्ञकौ स्तः॥ २७॥

मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ
यावद्विभाज्ये भवतीह रूपम् ।
फलान्यधोधस्तदधो निवेश्यः
क्षेपस्तथान्त्ये खमुपान्तिमेन ॥ २८ ॥
स्वोर्ध्वे हतेऽन्त्येन युते तदन्त्यं
त्यजेन्मुहुः स्यादिति राशियुग्मम् ।
ऊर्ध्वो विभाज्येन दृढेन तष्टः
फलं गुणः स्यादधरो हरेण ॥ २९ ॥

अथापवर्तनाङ्कं कुट्टकस्येतिकर्तव्यतां चोपजातित्रयेणाह—परस्परमित्यादि । ययो राश्योः परस्परमन्योन्यं भाजितयोः सतोर्यः शेषाङ्कः स तयोरपवर्तनं स्यात् । तेन तौ निःशेषं भाज्येते एव । एतदुक्तं भवति—हरेण भाज्ये भक्ते यच्छेषं तेनापि स हरो भाजनीयः, तच्छेषेणापि भाज्यशेषं, तेनापि हरशेषमिति । पुनः पुनः परस्परभजने क्रियमाणे यद्यन्ते रूपं शेषं स्यात्तदा तौ नापवर्तेते एव, रूपस्यैव शेषत्वात्तेनापवर्ते भाज्यहारक्षेपाणामविकार एव । यदा तु शून्यं शेषं स्यात्तदा हरीभूतं यत्प्राक् शेषमधः स्थापितं तदेव भाज्यहारयोरपवर्तनं स्यात् शेषो ह्यपवर्तनाङ्कः । तस्मादन्तिमशेषोङ्क एवापवर्तनाङ्कः । एवं ज्ञातेनापवर्तनाङ्केन यौ भाज्यहारौ विभाजितौ तौ दृढसंज्ञकौ स्तः । तेनैव क्षेपोऽप्यपवर्त्यः । 'भाज्यो हारः क्षेपकश्चापवर्त्यः' इत्युक्तत्वात् । सोऽपि दृढसंज्ञः स्यात् । अथ तौ दृढभाज्यहारौ उक्तवन्मिथः परस्परं तावद्भजेद्यावद्विभाज्ये भाज्यस्थाने रूपं भवेत् । इहैतेषु परस्परभजनेष्वागतानि फलान्यधोऽधो निवेश्यानि । फलं च फले च फलानि च फलानि । द्वन्द्वैकशेषः ।

तेषां फलानां वल्लीवदधोधः स्थापितानामधोभागे क्षेपो निवेश्यस्तथा तेषामप्यधोऽन्ते खं निवेश्यम्, एवं वल्ली जायते। तत उपान्तिमेनाङ्केन स्वोर्ध्वे स्वोर्ध्वस्थितेऽङ्के हते अन्त्येनाङ्केन युते च सति तदन्त्यं त्यजेत् इति मुहुः। उपान्तिमेन स्वोर्ध्वे हतेऽन्त्येन युते तदन्त्यं त्यजेत्, इति पुनः पुनः कृते राशियुग्मं स्यात्। तत्रोर्ध्वराशिर्दृढेन विभाज्येन तष्टः सन् फलं भवेत्। फलं नाम लब्धिः। अधरोऽधस्तनो राशिर्दृढेन हरेण तष्टः सन् गुणः स्यात्। तक्षू त्वक्षू तनूकरणे, इति धातोः कर्मणि क्तः। तष्टस्तनूकृतोऽवशेषित इति यावत्। अत्र 'तष्टः' इत्यनेन भक्तावशेषितो राशिर्ग्राह्यो नतु लब्धिरित्यर्थः। तेन गुणेन दृढभाज्ये गुणिते दृढक्षेपयुतोने दृढहरेण भक्ते शेषं न स्यादिति। उद्दिष्टेष्वपि भाज्यहारक्षेपेषु ते एव गुणलब्धी स्त इत्यर्थसिद्धमविशेषात्॥

अपवर्तनाङ्क और दृढ भाज्य हार क्षेप के जानने का प्रकार—

उद्दिष्ट दो राशियों के आपस में भाग देनेसे जो शेष बचै वह उनका अपवर्तनाङ्क होगा अर्थात् उससे वे दोनों राशि निःशेष भागे जांयगे, तात्पर्य यह है कि भाज्य में हरका भाग देनेसे जो शेष बचै उसका हरमें भाग दो और उस हरशेषका भाज्यशेषमें भागदो, इसभांति बार बार क्रिया करनेसे अन्त में जो रूप शेष रहै उससे वे भाज्य हार और क्षेप अविकृतही रहैंगे अर्थात् छोटे न होंगे। यदि शून्य शेष बचै तो भाजकरूप भाज्य के नीचे स्थापितकिया हुआ पहिला शेषही उनका अपवर्तनाङ्क होगा, इसप्रकार ज्ञातहुआ जो अपवर्तन का अङ्क उससे अपवर्तन दियेहुए भाज्य हार और क्षेप दृढसंज्ञक कहलाते हैं। और उन दृढसंज्ञक भाज्यहारों को परस्पर तबतक भागते जाओ जबतक कि भाज्य के स्थान में रूप न होजावे इस भांति जो लब्धि मिलैं उन्हें एकके नीचे एक इस क्रमसे लिखो और उन लब्धियों के नीचे क्षेपको लिखकर शून्य लिखो, यों

करनेसे एक ऊर्ध्वाधर अङ्कोंकी पङ्क्ति उत्पन्न होगी उसकी वल्लीसंज्ञा की है। उपान्तिम अर्थात् अन्त के समीपवाले अङ्क से उसके ऊपरवाले अङ्क को गुणदो और उसमें अन्तवाले अङ्कको जोड़दो बाद उसे बिगाड़ दो, यों बारबार क्रिया करतेजाओ जबतक कि दोराशि न होजावें बाद उनमें से ऊपरवाला राशि दृढ भाज्य से तष्टितहुआ फल (अर्थात् लब्धि) होगा और नीचेवाला राशि दृढहार से तष्टितहुआ गुण होगा ॥

उपपत्ति—

भाज्य हारों का ऐसा एक बड़ा अपवर्तनाङ्क ढूंढ़ना चाहिये कि जिस से अपवर्तित वे फिर न अपवर्तित हों, और एवंविध अपवर्तनाङ्क से अपवर्तित वे भाज्यहार दृढसंज्ञक कहलाते हैं। जैसा—| २२१ / १९५ | इन भाज्य हारों में १९५ यह छोटा है इससे बड़ा अपवर्तनाङ्क नहीं होसक्ता, १९५ हार का भाज्य २२१ में भाग देने से निःशेषता नहीं होती इस कारण भाज्य के दो खण्डकिये एक हरलब्धिके घातके समान १×१९५, दूसरा शेषके समान २६। ये दोनों खण्ड जिससे निःशेष भागे जांयगे उसीसे भाज्यभी निःशेष होगा, अब १९५। २६ इन खण्डों में लघुखण्ड का अपवर्तन संभव है पर निःशेषता नहीं होती तो यहां परभी हर २६ लब्धि ७ के घात के समान एक खण्ड २६ × ७ = १८२, शेषके समान दूसरा खण्ड १३। इन में लघुखण्ड का अपवर्तन संभव है और १३ का भाग देनेसे १८२। १३ ये दोनों खण्ड निःशेषहोंगे क्योंकि पहिला खण्ड १८२ पहिली लब्धि ७ और हर २६ के घातके समान है, हर २६ दूसरे खण्ड १३ के भाग देनेसे निःशेष होता है तो पहिला खण्ड १८२ दूसरे खण्ड १३ से अवश्य निःशेष होगा और उनका योग भी १९५ उसी हर के भाग देनेसे निःशेष होगा। अब दूसरे शेष १३ से यदि पहिला शेष २६ निःशेष होगा तो १९५। २६ इन खण्डों का योग भी २२१ उसी १३ से निःशेष होगा।

इससे 'परस्परं भाजितयोर्ययोर्यः-' यह श्लोक उपपन्न हुआ।

अथवा। भाज्य=८१ हार=१५। यहां पहिली लब्धि ५ पहिला शेष ६, इसका हार १५ में भाग देनेसे दूसरी लब्धि २ दूसरा शेष ३, इसका पहिले शेष ६ में भाग देनेसे तीसरी लब्धि २ तीसरा शेष ० रहा। हर लब्धिका घात भाज्यराशि के समान होता है, इस कारण दूसरा शेष ३ और तीसरी लब्धि २ से पहिला शेष ६ ज्ञातहुआ, इसी भांति पहिला शेष ६ और दूसरी लब्धि २ के घात १२ से ऊन हार दूसरा शेष होता है, इसलिये दूसरे शेष से जुड़ा हुआ पहिला शेष दूसरी लब्धि का घात हार के समान है, जैसा—

पशे × दूल + दूशे = हार। ६ × २ + ३ = १५।

यहां पहिले शेषसे गुणी हुई दूसरी लब्धि है और पहिला शेष, दूसरे शेष तीसरी लब्धिके घात के समान है इसलिये ऐसा रूप बना—

दूल × दूशे × तील + दूशे = हार।

हार को पहिली लब्धि से गुणकर उस में पहिले शेष के समान तीसरी लब्धि और दूसरे शेष के घात को जोड़ देनेसे भाज्यहुआ—

पल × दूल × तील × दूशे + पल × दूशे + तील × दूशे = भाज्य। इस भाज्य में तीन खण्डहैं और हार में दो खण्ड हैं, येदोनों दूसरे शेष (दूशे) से भागे हुए निःशेष होते हैं इसकारण भाज्य ८१ हार १५ दूसरे शेष ३ से भागे हुए दृढहुए भाज्य=२७। हार=५।

भाज्य हार और क्षेप ये कुट्टक विधिके सहयोगी हैं कि किस गुणक से गुणित क्षेप से सहित वा रहित और हार से भक्त भाज्य निःशेष होगा, तो यहां जो लब्धि होगी वही लब्धि और गुणक गुण होगा अब उन के ज्ञान के लिये यत्न करते हैं—भाज्यमें हारका भाग देने से जो लब्धि मिलै उससे गुणाहुआ हार एक खण्ड, शेष के समान दूसरा खण्ड। जैसा—भाज्य १७३ में हार ७१ का भाग देने से २ लब्धि मिली और

३१ शेष रहा उक्तवत् १४२ । ३१ ये दो खण्ड हुए इनका योग भाज्य के तुल्य है, पहिलाखण्ड १४२, हार ७१ लब्धि २ के घात १४२ के समान है इसकारण हार का भागदेने से निःशेष होगा और क्षेप दूसरे खण्ड ३१ से भागाहुआ यदि निःशेष हो तो जो लब्धि है वही गुण होगा। जैसा—ऋणक्षेप ६२ दूसरे खण्ड ३१ का भागदेने से निःशेष होता है और २ लब्धि आती है तो यही गुण होगा क्षेप दूसरे खण्डका भागदेने से निःशेष नहीं होता इस कारण गुण के जानने के लिये दूसरा यत्न करते हैं—भाज्य के दो खण्डों में यदि दूसराखण्ड रूपके समान हो तो वह क्षेपके समान गुण के गुणने से क्षेप के समान होगा वहां यदि ऋणक्षेप हो तो उसके घटानेसे दूसरे खण्डका नाश होगा, जैसा—भाज्य=९ हार = ४ । यहां भाज्य के दो खण्ड ८ । १ दूसरा खण्ड १ क्षेप ६२ से गुणने से ६२ हुआ इस में क्षेप ६२ घटादेनेसे शून्य ० हुआ, और पहिला खण्ड ८ क्षेप ६२ से गुणने से ४९६ हुआ इसमें हार ४ का भाग देने से १२४ लब्धि आई । अथवा पहिले खण्ड ८ में हार ४ का भाग देने से २ लब्धि आई इसे क्षेपतुल्य गुण ६२ से गुणने से पहिली लब्धि हुई । यहां भाज्य में हारका भागदेने से यदि रूप शेष न रहै तो गुण का ज्ञान न होगा इसलिये भाज्यहारों के आपस में भागदेने से जहां रूप शेष हो उसी स्थान में क्षेप के तुल्य गुण होगा परंतु ऋणक्षेप में, जैसा— भाज्य=१७३ हार=७१ क्षेप=३, यहां दृढभाज्यहारों के परस्पर भागदेने से लब्धि और भिन्नभिन्न भाज्य हार होते हैं—

(१) भाज्य १७३	(२) भाज्य ७१	(३) भाज्य ३१	(४) भाज्य ९	२
हार ७१	हार ३१	हार ९	हार ४	२
				३
				२

यहां अन्त भाज्य के दो खण्ड ८ । १ और उक्तरीति से ऋणक्षेप में क्षेप ३ के समान गुण हुआ । अन्त्यलब्धि २ क्षेप ३ से गुणने से ६ हुई इसमें द्वितीयखण्डोत्पन्न शून्यके समान लब्धि जोड़नेसे ६ लब्धिहुई ।

क्योंकि भाज्यके दूसरे खण्ड १ को क्षेप ३ से गुणदेने से ३ हुए इनमें ऋणक्षेप ३ घटा देने से शून्य० शेषरहा इसमें हार ४ का भाग देने से शून्य०लब्धि आती है। इससे 'मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ यावद्विभाज्ये भवतीह रूपम्। फलान्यधोधस्तदधो निवेश्य: क्षेपस्तथान्त्ये खं-' यह वल्ली

२ २ ३ २ ३ ०	उत्पन्न होती है। क्षेपके समान उपान्तिम कहिये अन्तके समीप वाले ३ से उसके ऊपरवाले २ को गुणने से ६ हुए, इनमें अन्त्य० जोड़ने से ६ लब्धि हुई। और गुण क्षेप ३ के समानहै। आलाप

भाज्य ९ गुण ३ से गुणनेसे २७ हुआ, इसमें क्षेप ३ घटानेसे शेष २४ रहा इसमें हार ४ का भाग देनेसे वही निःशेष लब्धि ६ हुई। इसी क्षेप ३ परसे तीसरे भाज्यमें गुण का विचार करते हैं—यहांपर भी लब्धि के समान एक खण्ड और शेष के समान दूसराखण्ड, जैसा—२७ | ४ इनमें पहिला खण्ड किसी से गुणित और हार ९ से भागा निःशेष होगा तो दूसरे खण्ड ४ में गुण का निर्णय करतेहैं—भाज्य ४ हार ९ ये चौथे भाज्य हारके उलटे हैं, अब चौथे भाज्य ९ को उसके गुण ३ से गुणने से २७ हुए इनमें क्षेप ३ घटाकर हार ४ का भाग देने से वहां ६ लब्धि मिली और विलोमविधि के अनुसार लब्धि ६ से हार ४ को गुणने से २४ हुए, इनमें क्षेप ३ जोड़ने से २७ हुए, इनमें भाज्य ९ का भाग देनेसे वही गुण ३ मिला। इसप्रकार तीसरे भाज्यका दूसरा खण्ड ४ लब्धि ६ से गुणित क्षेप ३ से युक्त हार ९ से भागा निःशेष होताहै और लब्धि ३ आती है। तीसरे भाज्यका पहिला खण्ड २७ हार ९ से भागनेसे निःशेष होताहै और लब्धि ३ आती है। इसको पहिली लब्धि ६ से गुणनेसे १८ हुए इन में दूसरे खण्डसे उत्पन्न हुई ३ लब्धि के जोड़ने से संपूर्ण लब्धि २१ हुई और गुण ६ हुआ ये धनक्षेप में सिद्ध हुए। इससे 'उपान्तिमेन, स्वोर्ध्वे हतेऽन्त्येन युते तदन्त्यं त्यजेत्-' उपपन्न हुआ। अर्थात् उपान्तिम ६ से उसके ऊपरवाले ३ को गुणनेसे १८ हुए इनमें

अन्त्य ३ जोड़नेसे २१ हुए और अन्त्यको बिगाड़ देनेसे यह क्रिया सिद्धहुई। आलाप तीसरे भाज्य ३१ को उसके गुण ६ से गुणनेसे १८६ हुए इनमें क्षेप ३ जोड़नेसे १८६ हुए हार ९ का भाग देनेसे वही २१ लब्धि हुई। दूसरे भाज्य ७१ के भी दो खण्ड ६२। ९ यहां दूसरे खण्ड में गुण का विचार करते हैं—पहिले सिद्ध की हुई २१ लब्धि को हार ९ से गुणनेसे १८९ हुए इनमें क्षेप ३ घटाकर गुण ६ का भाग देनेसे तीसरा भाज्य ३१ मिला, और विलोम विधिसे भाज्य को हार, हार को भाज्य और क्षेपकी धनर्णता का व्यत्यय मानकर लब्धि का गुणत्व और गुणका लब्धित्व सिद्धहोता है इसकारण दूसरे भाज्यका दूसरा खण्ड ९ पूर्वसिद्ध लब्धि २१ से गुणनेसे १८९ हुआ यह क्षेप ३ घटाकर हार ३१ का भाग देनेसे निःशेष हुआ और लब्धि ६ मिली, पहिले खण्ड ६२ में हार ३१ का भाग देने से २ लब्धि आई इस २ को पूर्व सिद्ध लब्धि२१ से गुणनेसे ४२ हुए इनमें पहिले सिद्ध की हुई दूसरे खण्ड की लब्धि ६ जोड़नेसे समस्त लब्धि ४८ हुई और पूर्व लब्धि २१ गुण हुआ। इससे दूसरे भाज्य ७१ को गुणनेसे १४९१ हुए, इनमें क्षेप ३ घटाकर हार ३१ का भाग देने से वही ४८ लब्धि मिली पहिले भाज्य के दो खण्ड १४२। ३१ इनमें पहिला खण्ड किसी एक अङ्क से गुणा और हार से भागा निःशेष होगा, दूसरे खण्ड में गुणका विचार करतेहैं—विलोमविधि से गुण ४८ लब्धि २१ आती है, अब भाज्य का दूसरा खण्ड ३१ गुण ४८ से गुणनेसे १४८८ हुआ इसमें क्षेप तीन जोड़कर हार ७१ का भाग देने से वही द्वितीय खण्डोत्पन्न लब्धि २१ हुई। पहिले खण्ड १४२ में हार ७१ का भाग देने से जो २ लब्धि आती है उसे गुण ४८ से गुणदेनेसे उसी में दूसरे खण्ड से उत्पन्न हुई २१ लब्धि जोड़देनेसे समस्त लब्धि हुई ११७ और गुण ४८ पहिले ही सिद्ध होचुका है।

क्रिया का सारांश ।

	व.		व.
(१) १४२+३१।३	व.	(२) ६२+१।३	व.
७१	२	३१	२
ल ११७=९६+२१	२	ल ४८=४२+६	३
गु ४८	३	गु २१	२
	२		३
	३		०
	०		

	व.		व.
(३) २७+४।३	व.	(४) ८+१।३	व.
६	३	४	२
ल २१=१८+३	२	ल ६	३
गु ६	३	गु ३	०
	०		

इसभांति बारबार क्रिया करने से पहिले भाज्यहार के संबन्धी लब्धि गुण यों होते हैं—प्रथम ऋणक्षेप में चौथे भाज्यहार से उत्पन्न लब्धि गुण, फिर धनक्षेप में तीसरे भाज्यहार से उत्पन्न लब्धि गुण, फिर ऋणक्षेप में दूसरे भाज्यहार से उत्पन्न लब्धि गुण, फिर धनक्षेप में पहिले भाज्यहार से उत्पन्न लब्धि गुण होते है, इस से स्पष्ट है कि भाज्यहारों के परस्पर भाग देने से जो लब्धि विषम हों तो लब्धि गुण ऋणक्षेप में और सम हों तो धनक्षेप में होते हैं । भाज्य को हारतुल्य गुण से गुण कर हार का भाग देने से भाज्यतुल्य लब्धि आती है तो हारतुल्य गुण की वृद्धि होने से भाज्यतुल्य लब्धि बढ़ैगी और दो आदि संख्या से गुणित हारतुल्य गुण की वृद्धि होने से दो आदि संख्या से गुणित भाज्यतुल्य लब्धि बढ़ैगी इससे 'इष्टाहतस्वस्वहरेण युक्ते ते वा भवेतां बहुधा गुणाप्ती' यह वक्ष्यमाण सूत्र उपपन्न होता है । और इसी रीति से हारके समान गुणक का ह्रास होने से भाज्य के समान लब्धि में ह्रासहोता है इससे 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं धीमता तक्षणे फलम्' यह और 'ऊर्ध्वो

विभाज्येन दृढेन तष्टः फलं गुणः स्यादधरो हरेण' यह कहाहै। भाज्यको गुणोनहार से गुणदो और उसमें क्षेप घटादो तो तीन खण्ड होते हैं—भा.हा १ भा.गु १ क्षे १ पहिले खण्ड में हार का भाग देने से भाज्य लब्ध आता है और दूसरे तीसरे खण्डों के योग में हारका भाग देने से ऋणलब्धि आतीहै इसकारण क्षेपकी धनर्णताके हेरफेर करने से गुणोनहारके समान गुण में लब्ध्यून भाज्य के समान लब्धि योग्य है इसलिये धनक्षेप के लब्धि गुण अपने २ हारसे तष्टित ऋणक्षेप के होते हैं और ऋणक्षेप के लब्धि गुण अपने अपने हार से तष्टित धनक्षेप के होते हैं इससे 'एवं तदैवात्र यदा समास्ताः स्युर्लब्धयश्चेद्विषमास्तदानीम् । यथागतौ लब्धिगुणौ विशोध्यौ स्वतक्षणाच्छेषमितौ तु तौ स्तः ॥' यह और 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे गुणाप्ती स्तो वियोगजे' यह भी उपपन्न हुआ । अव्यक्तक्रिया के अनुसार कुट्टक की वासना मत्कृत उपपत्तीन्दुशेखर प्रतिपादित है ॥

एवं तदैवात्र यदा समास्ताः
स्युर्लब्धयश्चेद्विषमास्तदानीम् ।
यथागतौ लब्धिगुणौ विशोध्यौ
स्वतक्षणाच्छेषमितौ तु तौ स्तः ॥ ३० ॥

अथागतफलेषु विषमेषु सत्सु विशेषमुपजातिकयाह—एवमिति । एवं तदैव स्यात् यदा अत्र परस्परभजने ता आगता लब्धयः समाः स्युः, द्वे चतस्रः षट् अष्टावित्यादयः । यदि तु ता लब्धयो विषमाः स्युः, एका तिस्रः पञ्च सप्तेत्यादयः तदानीं कथितप्रकारेण यथा आगतौ लब्धिगुणौ तौ स्वतक्षणाच्छोध्यौ शेषतुल्यौ तौ लब्धिगुणौ स्तः । तक्ष्यते तनूक्रियतेऽनेनेति तक्षणः । 'तक्ष्णोति' इति तक्षण इति वा । स्वश्चासौ तक्षणश्च स्वतक्षणः तस्मात् । गुणो दृढहाराच्छोध्यो लब्धिर्दृढभाज्याच्छोध्येति तात्पर्यम् ॥

उक्तप्रकार से सिद्ध किये हुए लब्धि यदि विषम हों तो वहांपर क्या करना चाहिये सो कहते हैं—

उक्तप्रकार से किया तभी करना चाहिये यदि आई हुई लब्धियां सम अर्थात् दो चार छ आठ आदिक हों, यदि विषम अर्थात् एक तीन पांच सात आदिहों तो आयेहुए लब्धि गुण अपने अपने तक्षणसे (दृढ भाज्य हार से) घटाये हुए वास्तव लब्धि गुण होंगे ॥

भवति कुट्टविधेर्युतिभाज्ययोः
समपवर्तितयोरपि वा गुणः ।
भवति यो युतिभाजकयोः पुनः
स च भवेदपवर्तनसंगुणः ॥ ३१ ॥

अथ प्रकारान्तरेण गुणकमाह—भवतीति । युतिः क्षेपः । युतिभाज्ययोः समपवर्तितयोः सतोरपि 'मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ' इति यथोक्तात्कुट्टकविधेर्वा गुणः स्यात् । अपिः समुच्चये । वा प्रकारान्तरे । क्षेपभाज्ययोरपवर्तनसंभवेऽप्यपवर्तनमकृत्वापि गुणः सिध्यति । यद्वा । तयोरपवर्तितयोः सतोरपि यथोक्तकुट्टकविधिना स एव गुणः स्यादित्यर्थः । तेन गुणेन भाज्यं संगुण्य क्षेपेण संयोज्य हारेण विभज्य लब्धिरत्रावगन्तव्या । भवति य इति । पुनर्विशेषे वाक्यालंकारे वा । युतिभाजकयोस्त्वपवर्तनसंभवे सत्यपवर्तितयोः सतोर्यथोक्तकुट्टकविधिना यो गुणो भवेत् स च भवेत्, परमपवर्तनसंगुणः सन् । चकारादनपवर्तितयोरपि गुणसिद्धिर्भवति । यद्वा अपिवाशब्दसामर्थ्यादध्याहारेण योजना । सा यथा—युतिभाज्ययोः समपवर्तितयोर्या लब्धिर्भवति, अपि वा युतिभाजकयोस्त्वपवर्तितयोर्यो गुणो भवति, सा लब्धिः स च गुणोऽपवर्तनसंगुणः सन् भवेत् । लिङ्गविपरिणामेन लब्धिरपवर्तनसंगुणा सती भवेदिति

योज्यम् । युतिभाज्ययोः समपवर्तितयोर्लब्धिरपवर्तनाङ्केन गुण्या, गुणस्तु यथागत एव । युतिभाजकयोस्त्वपवर्तितयोर्गुणोऽपवर्तनाङ्केन गुण्यः लब्धिर्यथागता वेत्यर्थः । अत्र 'यद्वा' इत्यादिना व्याख्यातोर्थो युक्ततरोस्ति परं न तथायं शब्दलभ्यः । आचार्याणामपि नायमर्थोऽभिप्रेतः किंतु प्रथम एव । यतस्ते 'शतं हतं येन युतं नवत्या–' इत्याद्युदाहरणे वक्ष्यन्ति 'अत्र लब्धिर्न ग्राह्या गुणघ्न-भाज्ये क्षेपयुते हरभक्ते लब्धिश्च' इति । द्रुतविलम्बितवृत्तमेतत् ॥

प्रकारान्तरसे गुण लानेका विधि–

अपवर्तन दिये हुए भाज्य क्षेपों परसे 'मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ–' इस कहे हुए कुट्टकविधि के अनुसार गुण सिद्ध होताहै और लब्धि अपवर्तनाङ्क से गुणी हुई वास्तव होती है । अथवा, अपवर्तन के संभव होने पर भी अपवर्तन न देकर भाज्यक्षेपों पर से गुण आता है । अथवा, भाज्यक्षेपों में अपवर्तन देकर उक्त कुट्टकविधि से गुणआताहै परंतु लब्धि गुणगुणित क्षेपयुक्त भाज्य में हार का भागदेनेसे मिलेगी । अपवर्तन के संभव होनेपर हार और क्षेपमें अपवर्तन देकर उक्तविधि से गुण सिद्ध करो वह अपवर्ताङ्क से गुणाहुआ वास्तव होगा और लब्धि जैसी आती है वही वास्तव है ॥

उपपत्ति–

गुणगुणित भाज्य क्षेपयुत और हारलब्धि का घात ये दो पक्ष तुल्य होते हैं– गु. भा १ क्षे १=हा. ल १ । ये किसी इष्ट से गुणे हुए भी तुल्य हैं इ. गु. भा १ इ. क्षे १=इ. हा. ल १ । यहां यदि इष्टगुणित भाज्य भाज्य, इष्टगुणित क्षेप क्षेप, और केवल हार हार कल्पना करैं तो लब्धि को इष्ट-गुणित होना उचित है क्योंकि दूसरे पक्ष में हार का भाग देने से इष्ट-गुणित लब्धि फल आता है । अथवा, इष्टगुणित गुण गुण, केवल भाज्य भाज्य, इष्टगुणित क्षेप क्षेप, और इष्टगुणित हार हार कल्पना करने से

लब्धि आवैगी क्योंकि दूसरे पक्ष 'इ. हा. ल १' में इष्टगुणित हार 'इ. हा १' का भाग देने से लब्धिही फल मिलता है, यहां इष्टगुणित गुण को गुण कल्पना करने से '–स च भवेदपवर्तनसंगुणः' यह उपपन्न हुआ । अपवर्तनाङ्क इष्ट कल्पना करके उदाहरण दिखलाते हैं— भाज्य २२१ । हार १९५ । क्षेप ६५ । उक्तप्रकार से लब्धि ६ गुण ५ । अथवा भाज्य क्षेप में तेरह का अपवर्तन देने से भाज्य १७ हार १९५ क्षेप ५ हुआ । उक्त प्रकार से ७ लब्धि और ८० गुण आया, अब भाज्य १७ गुण ८० से गुणने से हुआ १३६० क्षेप ५ जोड़ने से १३६५ हार १९५ का भाग देने से ७ लब्धि आई इसको अपवर्तनाङ्क १३ से गुणने से प्रकृत भाज्य २२१ में ९१ लब्धि हुई, अब भाज्य २२१ गुण ८० से गुणदेने से १७६८० हुआ उसमें क्षेप ६५ जोड़ने से १७७४५ हुआ इसमें हार १९५ का भागदेनेसे ९१ लब्धि आई, इन लब्धि गुण को ९१ । ८० अपने अपने दृढ भाज्य हारसे १७ । १५ तष्टित करने से पहिले के तुल्य लब्धि गुण हुए ६ । ५ । यहां कुट्टकीय भाज्य १७ अपवर्ताङ्क १३ से गुणा भाज्य है २२१ इसलिये लब्धि को भी अपवर्ताङ्क से गुण देते हैं। अथवा हार क्षेप ही में तेरह का अपवर्तन देने से भाज्य २२१ हार १५ क्षेप ५ हुआ। यहां भी उक्तप्रकार से लब्धि ७४ गुण ५ आया, अब भाज्य २२१ गुण ५ से गुणने से ११०५ हुआ इस में क्षेप ५ जोड़ने से १११० हुआ इस में हर १५ का भाग देने से ७४ लब्धि आई । और गुण ५ अप वर्तनाङ्क १३ से गुणा हुआ वास्तव हुआ ६५ इसभांति लब्धि गुण ७४ । ६५ हुए, इन्हें अपने अपने तक्षण १७ । १५ से शोधित करने से वही लब्धि गुण हुए ६ । ५ । यहां कुट्टकीय हार १५ अपवर्ताङ्क १३ से गुणित वास्तवहार १९५ हुआ । अथवा भाज्य क्षेपमें तेरहका अप-वर्तन देने से भाज्य १७ हार १९५ क्षेप ५ हुआ, हारक्षेप में पांचका

अपवर्तन देने से भाज्य १७ हार ३९ क्षेप १, उक्तविधि से ७ । १६ लब्धि गुण, अब भाज्य १७ गुण १६ से गुणने से २७२ हुआ इसमें क्षेप १ जोड़ने से २७३ हार ३९ का भाग देने से ७ लब्धि हुई, यहां लब्धि ७ गुण १६ क्रम से १३ । ५ अपवर्ताङ्क से गुणदेने से ९१ । ८० हुए इन्हें अपने अपने तक्षण १७ । १५ से तष्टित करने से प्रकृत भाज्य हारसंबन्धी लब्धि गुण हुए ६ । ५ । अब भा १७ हा १५ क्षे ५ दृढ भाज्य हार और क्षेप हैं, यहां हार क्षेप में पांचका अपवर्तन देनेसे भाज्य १७ हार ३ और क्षेप १ हुआ। यहांपर भी उक्त प्रकार से ६। १ लब्धि गुण हुए, अब भाज्य १७ गुण १ से गुणने से १७ हुआ इसमें क्षेप १ जोड़ने से १८ हार ३ का भाग देने से ६ लब्धि हुई, यहां गुण १ अपवर्ताङ्क ५ से गुणदेने से ५ हुआ इसभांति ६ । ५ ये दृढ भाज्यहारोपन्न लब्धि गुण हुए ॥

योगजे तक्षणाच्छुद्धे गुणाप्ती स्तो वियोगजे।
(धनभाज्योद्भवे तद्वद्भवेतामृणभाज्यजे॥)

अथ ऋणक्षेपे ऋणभाज्ये वा सति विशेषमनुष्टुभाह—योगजे इति। योगजे धनक्षेपजे ये गुणाप्ती ते स्वतक्षणाच्छुद्धे वियोगजे भवतः। गुणो दृढहराच्छुद्धः सन् लब्धिर्दृढभाज्याच्छुद्धा सती ऋणक्षेपे भवतीत्यर्थः। एवं धनभाज्योद्भवे गुणाप्ती तद्वत्स्वतक्षणाच्छुद्धे ऋणभाज्यजे भवतः। अत्रोत्तरार्धे—

'ऋणभाज्योद्भवे तद्वद्भवेतामृणभाज्यके'

इत्यपि पाठः क्वचिल्लभ्यते। तस्यायमर्थः—योगजे गुणाप्ती स्वतक्षणाच्छुद्धे वियोगजे भवतः। तद्वदृणभाज्योद्भवे भवतः। तद्वदृणभाजकेऽपि गुणाप्ती भवतः क्षेपभाज्यहाराणामन्यतमे ऋणे सति पूर्वसिद्धे गुणाप्ती स्वतक्षणाच्छोध्ये इत्यर्थः। एवं द्वौ चेदृण-

गतौ तदा पुनरपि स्वतक्षणाच्छोध्ये इत्यर्थः । एवं त्रयाणामप्यृणत्वे त्रिवारं स्वतक्षणाच्छोध्ये इत्यर्थः । अयमपपाठः, नहि भाजकस्य धनत्वे ऋणत्वे वास्ति कश्चिदङ्कतो विशेषो येनोपायान्तरमारभ्येत किंतु धनर्णता व्यत्यासमात्रं लब्धेः । भाज्यस्य तु धनत्वे ऋणत्वे च क्षेपयोगे च क्रियमाणेऽस्त्यङ्कतोपि विशेष इति तस्यर्णत्वे उपायान्तरमारम्भणीयमेव । आचार्यस्याप्यनभिमत एवायं पाठः, यतः 'अष्टादशगुणाः केन दशाढ्या वा दशोनिताः । शुद्धं भागं प्रयच्छन्ति क्षयगैकादशोद्धृताः' इत्युदाहृत्य भाज्यः १८ । हारः ११ क्षेपः १० अत्र भाजकस्य धनत्वे कृते गुणलब्धी ८ । १४ । ऋणेऽपि भाजके एते एव, किंतु लब्धिः ऋणगता कल्प्या भाजकस्य ऋणरूपत्वात् ८ । १४ इति वक्ष्यति । अस्मिन्पाठेऽर्थाशुद्धिरप्युदाहरणविवरणावसरे प्रतिपादयिष्यते । वस्तुतस्तूत्तरार्द्धमनपेक्षितमेव । पूर्वार्धेनैव गतार्थत्वात् । तथाहि—योगजे गुणाप्ती वियोगजे भवत इति तदर्थः । तत्र भाज्यक्षेपयोर्धनत्वे ऋणत्वे वा ये गुणाप्ती ते योगजे । यत उभयोर्धनऋणत्वे वा 'योगे युतिः स्यात्क्षययोः स्वयोर्वा—' इति नास्ति कश्चिदङ्कतो विशेषः । यदा पुनर्भाज्यक्षेपयोरन्यतरस्य ऋणत्वं तदा 'धनर्णयोरन्तरमेव योगः' इत्युक्तत्वादन्तरे क्रियमाणे भवत्यङ्कतोपि विशेष इति तदर्थमुपायान्तरमारम्भणीयम् । तदर्थमुक्तम् 'स्वतक्षणाच्छुद्धे वियोगजे भवत इति' । अस्मात्पूर्वार्धार्थादतिरिक्तः को वार्थ उत्तरार्धेन प्रतिपाद्यते येन तदपेक्षितं स्यात् । अयमर्थः 'यद्गुणाक्षयगषष्टिरन्विता—' इत्युदाहरणे "धनभाज्योद्भवे तद्वद्भवेतामृणभाज्यजे, इति मन्दावबोधार्थं मयोक्तम् । अन्यथा 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इत्यादिनैव तत्सिद्धेः" इति वदताचार्येणैव प्रतिपादयिष्यते । तस्मात्सिद्धान्तान्तर्गतबीजमूलसूत्रे पूर्वार्धमात्रं

द्वितीयमर्धं तु तद्विवरणरूपेऽस्मिन्बीजगणिते बालावबोधार्थमुक्तमत-स्तत्पृथग्गणनां नार्हति । अतः कुट्टकसूत्रेष्वनुष्टुभां चतुष्टयमेव न सार्धं तत्, अनुष्टुप्त्रयमेका च गाथेति कल्पनस्यान्याय्यत्वादि-त्यलं विस्तरेण ॥

ऋणक्षेप अथवा ऋणभाज्य में विशेष—

धनक्षेपसंबन्धी लब्धि गुण अपने अपने तक्षण में घटाये हुए ऋणक्षेप के होते हैं अर्थात् दृढहारमें शोधित हुआ गुण गुण, दृढभाज्य में शोधित हुई लब्धि लब्धि होती है। इसीभांति धनक्षेपसंबन्धी लब्धि गुण अपने२ तक्षण में शोधित ऋणभाज्य के होते हैं ॥

गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं धीमता तक्षणे फलम् ॥३२॥

अथ क्षेपे हारमात्राद्भाज्यमात्राद्वा हारभाज्याभ्यां वा न्यूने क्वचिद्विशेषमुत्तरार्धेनाह—गुणलब्ध्योरिति । 'ऊर्ध्वो विभाज्येन दृढेन तष्टः फलं गुणः स्यादधरो हरेण' इत्यत्र गुणलब्धिसंबन्धिनि तक्षणे क्रियमाणे सत्युभयत्र तक्षणस्य फलं तुल्यमेव ग्राह्यम् । केन धीमता बुद्धिमता । हेतुगर्भमिदम् । तथाहि—उभयत्र तक्षणे क्रियमाणे यत्राल्पं तक्षणफलं लभ्यते तत्तुल्यमेवान्यत्रापि ग्राह्यं न त्वधिकं प्राप्तमपि । अत्र पुस्तकेषु 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं—' इत्यादि-श्लोकार्धस्य 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इत्यतः प्राक् पाठो दृश्यते स तु लेखकदोषज इति प्रतिभाति पुस्तकपाठक्रमस्वीकारे तु 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं' इत्यत्र प्रकारान्तरार्थं प्रवृत्तस्य 'हरतष्टे धनक्षेपे—' इत्येतस्य सूत्रस्य व्यवधानं स्यात् । उदाहरणक्रमविरोधश्च स्यात् । लीलावतीपुस्तकेषु पुनरस्मल्लिखितक्रम एवास्ति, युक्तश्चायमिति प्रतिभाति ॥

अन्य विशेष—

'ऊर्ध्वो विभाज्येन दृढेन तष्टः फलं गुणः स्यादधरो हरेण—' इसप्रकार

के अनुसार अपने अपने तक्षण से जो लब्धि गुण तष्टित कियेजाते हैं वहां पर समानफल लेनाचाहिये अर्थात् दोनों स्थान में जहां अल्प तक्षण फल मिले उसीके तुल्य दूसरे स्थानमें भी तक्षण फल लेना चाहिये किंतु न्यूनाधिक नहीं ॥

उपपत्ति-

गुणगुणित भाज्य एक खण्ड, क्षेप दूसरा खण्ड, इन दोनों में से एक के ऋण होने से धन ऋण का अन्तर होता है, और ऋण भाज्य क्षेप में योग होता है ये सब बात सुगम हैं ॥

हरतष्टे धनक्षेपे गुणलब्धी तु पूर्ववत् ॥
क्षेपतक्षणलाभाढ्या लब्धिः शुद्धौ तु वर्जिता ॥२३॥

अथात्र गुणलब्ध्योस्तक्षणे फलयोरतुल्यता यथा न भवति तथा प्रकारान्तरमनुष्टुभाह—हरतष्ट इति । यत्र क्षेपो हारादधिकस्तत्र हारेण क्षेपस्तक्ष्यः तष्टक्षेपमेव प्रकल्प्य पूर्ववद्गुणलब्धी साध्ये । तत्र यत्र गुणो यथागत एव, लब्धिस्तु क्षेपतक्षणलाभाढ्या कार्या । क्षेपस्य तक्षणमवशेषणं तत्र यो लाभः फलं तेन आढ्या युक्ता एवं धनक्षेपे, शुद्धौ ऋणक्षेपे तु हरतष्टे कृते सति पूर्ववत् 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे गुणाप्ती स्तो वियोगजे' इत्युक्तप्रकारेण ये गुणाप्ती स्तस्तत्र लब्धिः क्षेपतक्षणलाभेन वर्जिता कार्या यदा तु भाज्यादन्यूने हारान्न्यूने क्षेपे गुणलब्ध्योस्तक्षणे क्वचित्फलवैलक्षण्यं स्यात्तत्रैतस्य सूत्रस्याप्रवृत्तेः 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं-' इत्यादिनैव तक्षणफलं ग्राह्यमिति । यथा भाज्यः ३ । हारः ४ । क्षेपः ३ । अत्रोक्तवज्जातं राशिद्वयम् | ल ३ | गु ३ | अत्र गुणतक्षणे किंचिन्न लभ्यते लब्धितक्षणे त्वेकः प्राप्यते स न ग्राह्यः । एवं क्षेपस्य हरेण तक्षणेऽपि भाज्यादन्यूनतया यदि क्वचित्फलवैषम्यं स्यात्तत्रापि

'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं-' इत्यादिनैव तक्षणफलं ग्राह्यमिति। यथा भाज्यः ३। हारः ४। क्षेपः ७। एवंविधस्थले फलयोर्यथा वैषम्यं न भवति तथा प्रकारान्तरं न दृश्यते॥

दूसरा विशेष—

जिस स्थान में क्षेप हार से अधिक हो वहां हार से तष्टित किये हुए क्षेपको क्षेप कल्पना करके उक्तरीति से गुण लब्धि सिद्ध करो, वहां गुण जो आया है वही होगा और लब्धि, क्षेपके तष्टित करने में जो फल आया है उससे जुड़ी हुई वास्तव होगी, इसभांति धनक्षेप में जानो। ऋणक्षेप में तो क्षेपको हर से तष्टित करने के बाद 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे गुणाप्ती स्तो वियोगजे' इस रीति के अनुसार गुण लब्धि सिद्ध करो वहां गुण तो यही वास्तव होगा पर लब्धि, क्षेपके तष्टित करने से जो फल आया है उससे ऊन हुई वास्तव होगी। जहां कहीं क्षेप भाज्य से न्यून न हो और हार से न्यून हो वहां गुण लब्धिके तष्टित करने में कहीं फलका वैषम्य (कम-ज्यादापन) होगा तो इस विधिकी प्रवृत्ति न होने से 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं धीमता तक्षणे फलम्' इस सूत्र के अनुसार फल लेना चाहिये॥

अथवा भागहारेण तष्टयोः क्षेपभाज्ययोः॥
गुणः प्राग्वत्ततो लब्धिर्भाज्याद्धतयुतोद्धृतात्॥३४॥

अथ भाज्येऽपि हरादधिकेऽनुष्टुभा विशेषमाह-अथवेति। यत्र भाज्यक्षेपौ हरादधिकौ तत्र पूर्ववद्वा क्षेपमात्रतक्षणेन वा गुणाप्ती साध्ये। अथवा भाज्यक्षेपौ द्वावपि हरेण तक्ष्यौ तष्टयोः क्षेपभाज्ययोः प्राग्वदेव गुणाप्ती साध्ये तत्र गुण एव ग्राह्यो न लब्धिः। कथं तर्हि लब्धिरवगन्तव्येति तदाह-भाज्याद्धतयुतोद्धृतादिति। हतश्चासौ युतश्च हतयुतः, हतयुतश्चासावुद्धृतश्चेति हतयुतोद्धृतस्तस्मात्। गुणेन गुणितात्क्षेपेण युताद्भाजकेन भक्तादुद्दिष्टाद्भाज्याद्या लब्धिर्भवति सा ज्ञेयेत्यर्थः। अस्त्यत्र लब्धिज्ञाने प्रकारा-

न्तरमपि। तथाहि—भाज्यतक्षणलाभो गुणेन गुणनीयः पश्चात्क्षेपतक्षणलाभेन संस्कार्यः, संस्कृतेन तेन गणितागता लब्धिः संस्कार्या सा लब्धिर्भवतीति गौरवादाचार्यैरिदं नोक्तम् ॥

दूसरा विशेष —

जहांपर भाज्य क्षेप, हार से अधिक हों वहां पूर्वप्रकार से अथवा क्षेपमात्र को तष्टित कर गुण लब्धि सिद्ध करो। अथवा भाज्य क्षेपों को हार से तष्टित करो और उन तष्ट भाज्य क्षेप पर से कही हुई रीति के अनुसार गुण लब्धि सिद्धकरो तो गुण वास्तव होगा परंतु लब्धि वास्तव न होगी, किंतु गुणगुणित क्षेपयुक्त भाज्य में हारका भाग देनेसे जो लब्धि मिलेगी वह वास्तव होगी ॥

क्षेपाभावोऽथ वा यत्र क्षेपः शुध्येद्धरोद्धृतः ॥
ज्ञेयः शून्यं गुणस्तत्र क्षेपो हारहृतः फलम् ॥ ३५ ॥

अथ क्षेपाभाव एकादिगुणहरसमे वा क्षेपेऽनुष्टुभा विशेषमाह—क्षेपाभाव इति। यत्रोदाहरणे क्षेपस्य अभावो राहित्यं स्यात् अथवा क्षेपो हरेण उद्धृतो भक्तः शुध्येत् निःशेषतां गच्छेत् तत्र शून्यं गुणः हारहृतः क्षेपः फलं लब्धिरित्यर्थः ॥

दूसरा विशेष—

जिस उदाहरण में क्षेप न हो अथवा हारके भागदेने से क्षेप निःशेष होता हो वहां शून्य गुण होगा और क्षेप में हार का भागदेने से जो फल मिलेगा वही लब्धि होगी ॥

इष्टाहतस्वस्वहरेण युक्ते[1]
ते वा भवेतां बहुधा गुणाप्ती।

अथ गुणलब्ध्योरनेकत्वमुपजातिकापूर्वार्धेनाह—इष्टेति। स्वस्य

---

(१) अस्यैव पद्यस्योत्तरमर्धम् 'क्षेपं विशुद्धिं परिकल्परूपं पृथक् पृथग्ये गुणकारलब्धी' इत्यर्धं वर्तते।

स्वस्य हरः स्वस्वहरः, इष्टेन आहतः इष्टाहतः, इष्टाहतश्चासौ स्वस्वहरश्च इष्टाहतस्वस्वहरः, तेन इष्टाहतस्वस्वहरेण युक्ते गुणाप्ती गुणलब्धी बहुधा भवेताम् । इष्टेन गुणितं हरं गुणे प्रक्षिपेत्, तेनैवेष्टेन गुणितं भाज्यं लब्धौ च प्रक्षिपेत् । एवमेते गुणाप्ती इष्टकल्पनवशादनेकधा भवत इत्यर्थः ॥

एक गुणलब्धि परसे अनेक गुणलब्धि लाने का प्रकार—

उक्त प्रकार से सिद्ध किये हुए जो लब्धि गुण उन्हें इष्टसे गुणे हुए अपने अपने हर से युक्त करो तो अनेक लब्धि गुण होंगे अर्थात् इष्ट गुणित हरको गुण में जोड़ दो और उसी इष्ट से गुणे हुए भाज्य को लब्धि में जोड़दो यों इष्ट कल्पना करने से एकही गुणलब्धि पर से अनेक गुणलब्धि सिद्धहोंगे ॥

उपपत्ति—

गुणगुणित क्षेपयुक्त भाज्य और हारलब्धि का घात ये आपस में समान होते हैं—

गु. भा १ क्षे १=हा. ल १

ये इष्टगुणित हार इ. हा १ जोड़ देने से भी समान ही रहे—गु. भा१ क्षे १ इ. हा १=हा. ल १ इ. हा १

दूसरे पक्ष में हारका भाग देने से इष्टाङ्क और लब्धि की योगरूप लब्धि आती है । इससे 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या लब्धिः—' यह उपपन्न हुआ क्योंकि क्षेप तष्टित करने से जो फल (लब्धि) आताहै उसी को इष्ट अङ्क कल्पना कियाहै ।

इसी भांति पहिले पक्ष में दूसरे खण्डको हर से तष्टित किये हुए धन क्षेप के तुल्य कल्पना किया और तीसरा खण्ड इष्ट और हार का घातहै वह क्षेपको तष्टित करने से जो फल मिला है उससे गुणाहुआ हार है इसलिये उन दोनों के योगको क्षे १ इ. हा १ मुख्य क्षेप कल्पना किया,

अब यहां पहिला खण्ड गुणगुणित भाज्य का स्वरूप है गु. भा १ इसमें मुख्य क्षेप जोड़ कर हार का भाग देने से मुख्य लब्धि मिलनी चाहिये क्योंकि दूसरे पक्ष में हार का भाग देने से इष्ट और लब्धि की योगरूप इ १ ल १ मुख्य लब्धि आती है। इससे धनक्षेप में जो कहआये हैं वह उपपन्न हुआ।

इसीभांति ऋणक्षेप में पहिले पक्ष इष्ट और हार के घात से हीन करने से भी समानही हैं-

गु. भा १ क्षे १̇ इ. हा १̇=हा. ल १ इ. हा १̇

यहां पर पहिले के तुल्य क्रियाकरनेसे इष्टोन लब्धिरूप लब्धि आती है। इसलिये 'शुद्धौ तु वर्जिता-' यह उपपन्न हुआ।

अथवा क्षेपके दो खण्ड किये-एकआदि से गुणित हार के समान एक खण्ड, शेष के समान दूसरा खण्ड, यहां शेषके समान क्षेपमानकर जो गुण सिद्धकिया उससे गुणित शेषमित क्षेप से युक्त भाज्य में हार का भाग देने से शेष नहीं रहैगा किंतु क्षेप का पहिला खण्ड एक आदि गुणित हार के समान होनेसे इस क्षेपखण्ड में हार का भाग देने से क्षेपके तक्षण फल के समान लब्धि आती है उसे पहिली लब्धि में जोड़ देना चाहिये इससे भी वही बात सिद्धहुई।

इसीभांति भाज्य क्षेप भी हार से तष्टित किये जाते हैं और वहांपर भी उक्त रीतिके अनुसार उपपत्ति जाननी चाहिये। जैसे क्षेपके दो खण्ड किये हैं वेसे भाज्यके भी दो खण्ड करो। भाज्य को तष्टित करने से जो लब्धि आवे उसे गुणसे गुणदो और क्षेपतक्षण फलसे संस्कृत (युक्त हीन) करो बाद उसका गणितागत लब्धि में संस्कार (ऋण धन) करो तो वह मुख्य लब्धि होगी परंतु यह बात आचार्य ने गौरव भयसे नहीं कही किंतु लाघव से 'भाज्याद्धतयुतोद्धृतात्' यही कहा॥

जिस स्थान में क्षेप नहीं हो वहां गुण शून्य होताहै, उस शून्य गुण से भाज्य को गुणने से गुणनफल शून्य होताहै और उसमें हारका भाग देने से लब्धि भी शून्यही आती है यह बात अति सुगम है। इसभांति हारका भाग देनेसे यदि क्षेप में निःशेषता होवे तो भी गुण शून्यही होगा और उससे भाज्यको गुणने से गुणनफल शून्य होताहै और वहां क्षेप के जोड़ने से हार का भाग देने से 'क्षेपो हारहृतः फलम्' यही संपन्न होता है। इस सूत्र से और 'मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ–' इस सूत्र से गुण लब्धि के ज्ञानमें नवाङ्कुरकारने लाघव दिखलाया है–जैसा–भाज्य=१००। हार=६३। क्षेप=३७। उक्त प्रकार के अनुसार वल्ली हुई। १

१
१
२
१
३७
०

इससे लब्धि गुण हुए ९९।६२। अथवा भाज्य १०० में हार ६३ का भाग देनेसे १ लब्धि आई और ३७ शेष रहा, अब इसका फिर भाज्य-रूप हार ६३ में भाग देना चाहिये वहां हार ३७ से क्षेप ३७ निःशेषहुआ और लब्धि १ मिली। पहिले की लब्धिही लब्धि है और दूसरी लब्धि क्षेप १ है उसके नीचे शून्य इसप्रकार वल्ली हुई। १

१
०

लब्धि गुण हुए १। १ वल्ली विषम है इस लिये अपने अपने तक्षण में घटाने से हुए ९९। ६२।

भाज्य=१०० । हार=६३ । क्षेप=२६ । उक्त विधि से वल्ली हुई । १
१
१
२
२
१
२६
०

इससे लब्धि गुण हुए २ । १ अथवा भाज्य १०० में हार ६३ का भाग देनेसे पहिली लब्धि १ आई, शेष ३७ रहा, इसका हार ६३ में भाग देनेसे दूसरी लब्धि १ आई, शेष २६ रहा, इसका क्षेप २६ में भाग देनेसे निःशेषता हुई फल १ आया, इससे वल्ली हुई। १
१
१
०

उक्त प्रकार से लब्धि गुण हुए २ । १ ।

भाज्य=१०० । हार=६२ । क्षेप=३३ । उक्त विधि से वल्ली हुई । १
१
१
२
२
१
३३
०

लब्धि गुण हुए ६१ । ५७ । अथवा भाज्य १०० में हार ६२ का

भाग देनेसे पहिली लब्धि १ मिली, शेष ३८ का हार ६२ में भाग देनेसे दूसरी लब्धि १ आई, फिर शेष २६ का पहिले शेष ३८ में भाग देने से तीसरी लब्धि १ आई शेष ११ रहा, इसका क्षेप ३३ में भाग देने से लब्धि ३ आई इससे वल्ली हुई १
१
१
३
०

लब्धि गुण हुए ६ । ६ वल्ली के विषम होने के कारण इन्हें अपने अपने तक्षण में शुद्ध करने से हुए ६१ । ५७ येही पहिले लब्धि गुण आये थे ॥

उदाहरणम्—

एकविंशतियुतं शतद्वयं
यद्गुणं गणकपञ्चषष्टियुक् ।
पञ्चवर्जितशतद्वयोद्धृतं
शुद्धिमेति गुणकं वदाशु तम् ॥ २२ ॥

अथोक्तसूत्राणां क्रमेणोदाहरणानि शिष्यबोधार्थं निरूपयति—तेषु यत्र त्रयाणामप्यपवर्तनं संभवति लब्धयश्च समास्तादृशमुदाहरणं रथोद्धतयाह—एकेति । स्पष्टम् ।

उदाहरण—

ऐसा कौन गुणक है जिससे दोसौ इक्कीसको गुण दो और पैंसठ जोड़ दो बाद एकसौ पंचान्नबे का भाग दो तो वह निःशेष होवे ॥

न्यासः । भाज्यः २२१ । हारः १६५ । क्षेपः ६५ ।

अत्र परस्परं भाजितयोर्भाज्यभाजकयोःशेषम् १३। अनेन भाज्यहारक्षेपा अपवर्तिता जाता दृढाः

भा॰ १७। क्षे॰ ५।
हा॰ १५।

अनयोर्दृढभाज्यहारयोः परस्परं भक्तयोर्लब्धमधोधस्तदधः क्षेपस्तदधः शून्यं निवेश्यमिति न्यस्ते जाता वल्ली

१
७
५
०

'-उपान्तिमेन स्वोर्ध्वे हते-' इत्यादिकरणेन जातं राशिद्वयम् ४० ३५ एतौ दृढभाज्यहाराभ्यां १७ १५ माभ्यां तष्टौ शेषमितौ लब्धिगुणौ ६ ५। अनयोः स्वतक्षणमिष्टगुणं क्षेप इत्यथवा लब्धिगुणौ २३ २० वा ४० ३५ इत्यादि ॥

न्यास। भाज्य=२२१। हार=१९५। क्षेप=६५ यहां अपवर्तनाङ्क जानने के लिये भाज्य २२१ में हार १९५ का भाग देने से २६ शेष रहा, इसका हार १९५ में भाग देने से १३ शेष रहा, इसका पहिले शेष १३ में भाग देने से शेष कुछ नहीं बचता इसलिये परस्पर भाग देने से १३ अन्त्य शेष रहा और यही उनका अपवर्तनाङ्क है इसलिये इस से वे निःशेष भागेजायंगे, अब उससे अपवर्तित हुए भाज्य हार क्षेप दृढ हुए

भा=१७। क्षे=५।
हा=१५।

अब इन दृढ भाज्य हारों के आपस में भाग देने से जो लब्धि मिलें उन्हें एक के नीचे एक इस क्रम से स्थापन करने से और उनके नीचे क्षेप, क्षेप के नीचे शून्य रखने से वल्ली निष्पन्न हुई

$$\begin{matrix} १ \\ ७ \\ ५ \\ ० \end{matrix}$$

यहां उपान्तिम ५ से उसके ऊपरवाले ७ को गुणने से ३५ हुए इनमें अन्त्य० को जोड़कर बिगाड़ने से $\begin{matrix} १ \\ ३५ \\ ५ \end{matrix}$ ऐसा स्वरूपहुआ। फिर उपान्तिम ३५ से उसके ऊपरवाले १ को गुणने से ३५ हुए इन में अन्त्य ५ को जोड़कर उसे बिगाड़ने से दो राशि हुए $\begin{matrix} ४० \\ ३५ \end{matrix}$ । अब इन्हें दृढ भाज्य हार $\begin{matrix} १७ \\ १५ \end{matrix}$ से तष्टित करने से शेषरहा $\begin{matrix} ६ \\ ५ \end{matrix}$ ये क्रम से लब्धि गुणहुए। यहां 'इष्टाहतस्वस्वहरेण युक्ते–' इस सूत्रके अनुसार१ इष्ट कल्पना करके इससे अपने अपने हर १७। १५ को गुणा करने से १७। १५ हुए, इन्हें लब्धि गुणमें जोड़ने से $\begin{matrix} २३ \\ २० \end{matrix}$ ये दूसरे लब्धि गुणहुए। इसीभांति २ इष्ट मानने से $\begin{matrix} ४० \\ ३५ \end{matrix}$ । ३ इष्ट मानने से $\begin{matrix} ५७ \\ ५० \end{matrix}$ । इस प्रकार इष्ट कल्पना करने से अनेक लब्धि गुण आवेंगे।

आलाप–गुण ५ से भाज्य २२१ को गुणने से ११०५ हुए इन में क्षेप ६५ जोड़ने से ११७० हुए इनमें हार १९५ का भाग देनेसे निःशेषता होती है, यही प्रश्न था। इसभांति हर एक गुण परसे आलाप मिला कर प्रतीति उत्पन्न करनी चाहिये॥

उदाहरणम्–

शतं हतं येन युतं नवत्या
विवर्जितं वा विहृतं त्रिषष्ट्या।

निरग्रकं स्याद्वद मे गुणं तं
स्पष्टं पटीयान् यदि कुट्टकेऽसि ॥ २३ ॥

अथ त्रयाणामपवर्ते 'भवति कुट्टविधेः-' इति सूत्रस्य स्वतन्त्रमुदाहरणं 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे-' इत्यस्य च क्रमेणोदाहरणद्वयमुपजातिकयाह-शतमिति। येन गुणेन हतं नवत्या युतं त्रिषष्ट्या विहृतं शतं निरग्रकं स्यात्तं गुणं वद। अथ वियोग उदाहरणम्-विवर्जितं वेति। शतं येन हतं नवत्या विवर्जितं त्रिषष्ट्या विहृतं निरग्रकं स्यात्तं गुणं च वद। यदि त्वं कुट्टके पटीयान् पटुतरोऽसि॥

उदाहरण —

ऐसा कौन गुण है जिससे गुणा नब्बे से जुड़ा और तरेसठ से भागा हुआ सौ निःशेष होता है॥

अथवा, ऐसा कौन सा गुण है कि जिससे गुणित नब्बे से हीन और तरेसठ से भागा सौ निःशेष होताहै॥

न्यासः। भाज्यः १००। हारः ६३। क्षेपः ९० अत्र वल्ली १
१
१
२
२
१
९०
०

'-उपान्तिमेन-' इत्यादिना जातं राशिद्वयम् $\begin{matrix}२४३० \\ १५३०\end{matrix}$

पूर्ववल्लब्धिगुणौ $\begin{matrix}३० \\ १८\end{matrix}$।

अथवा भाज्यक्षेपौ दशभिरपवर्तितौ भा· १० । क्षे· ९ ।
हा· ६३ ।

एभ्योऽपि पूर्ववद्वल्ली ०
६
३
६
०

'–उपान्तिमेन–' इत्यादिना राशिद्वयम् २७ १७१

पूर्ववज्जातौ लब्धिगुणौ ७ ४५

अत्र लब्धयो विषमा इति स्वतक्षणा- १६ ०३ भाभ्यां शोधितौ जातौ लब्धिगुणौ ३ १८ ।

अत्र लब्धिर्न ग्राह्या गुणघ्नभाज्ये क्षेपयुते हारभक्ते लब्धिश्च ३० । अथवा, भाज्यक्षेपापवर्तनेन १० पूर्वानीता लब्धिः ३ गुणिता जाता सैव लब्धिः ३० । अथवा, हारक्षेपौ नवभिरपवर्तितौ

भा· १०० । क्षे· १० ।
हा· ९ ।

पूर्ववद्वल्ली १ ४ ३ १ ० । जातं राशिद्वयम् ४ ३ ० ३ ०

तक्षणे जातम् $\begin{matrix}३०\\२\end{matrix}$ हारक्षेपापवर्तनेन ९ गुणं संगुण्य जातौ लब्धिगुणौ तावेव $\begin{matrix}३०\\१८\end{matrix}$ ।

अथवा भाज्यक्षेपौ हारक्षेपौ चापवर्त्य न्यासः ।

भा· १० । क्षे· १ ।
हा· ७ । अत्र जाता वल्ली १
२
१
०

पूर्ववज्जातं राशिद्वयम् $\begin{matrix}३\\२\end{matrix}$ तक्षणाज्जातं तदेव $\begin{matrix}३\\२\end{matrix}$ भाज्यक्षेपहारक्षेपापवर्तनेन क्रमेण लब्धिगुणौ गुणितौ जातौ तावेव $\begin{matrix}३०\\१८\end{matrix}$ गुणलब्ध्योः स्वहारौ क्षेपावित्यथवा लब्धिगुणौ $\begin{matrix}१३०\\८१\end{matrix}$ वा $\begin{matrix}२३०\\१४४\end{matrix}$ इत्यादि ।

योगजे गुणाप्ती $\begin{matrix}१८\\३०\end{matrix}$ स्वतक्षणाभ्यामाभ्यां $\begin{matrix}६३\\१००\end{matrix}$ शुद्धे जाते नवतिशुद्धौ गुणाप्ती $\begin{matrix}४५\\७०\end{matrix}$ वा । $\begin{matrix}१०८\\१७०\end{matrix}$ वा । $\begin{matrix}१७१\\२७०\end{matrix}$ इत्यादि ।

न्यास । भाज्य=१०० । हार=६३ । क्षेप=९० । यहां हार भाज्यों के परस्पर भागदेने से १ शेषरहा, इसलिये यही अपवर्तनाङ्क हुआ, उससे अपवर्तन न देकर उक्त प्रकार से वल्ली निष्पन्न हुई १
१
१
२
२
१
९०
०

'–उपान्तिमेन, स्वोर्द्धे हतेऽन्त्येन युते तदन्त्यं त्यजेन्मुहुः स्यादिति राशियुग्मम्' इस प्रकारके अनुसार दो राशिहुए २४३०

१५३०

इन्हें अपने अपने हार से तष्टित करने से लब्धि गुण हुए $\frac{३०}{१८}$ अथवा भाज्यक्षेप में १० का अपवर्तन देनेसे हुए भाज्य=१० । हार=६३। क्षेप=९ । यहां उक्तरीति से वल्ली निष्पन्नहुई ०

६

३

५ ९

०

और पूर्व प्रकार सं दो राशिहुए $\frac{२७}{१७१}$ तष्टित करने से हुए $\frac{७}{४५}$ यहां लब्धि विषमथी इसलिये अपने अपने तक्षण $\frac{१०}{६३}$ में तष्टित करने से लब्धिगुण हुए $\frac{३}{१८}$ यहांपर लब्धि वास्तव नहीं हुई किंतु भाज्य को गुण से गुणकर क्षेप जोड़कर उसमें हारका भाग देने से वास्तव लब्धि ३० आई। अथवा पहिली लब्धि ३ को अपवर्ताङ्क १० से गुण देने से वास्तव लब्धि ३० हुई। इसभांति पहिलेकेही लब्धि गुणहुए $\frac{३०}{१८}$ ।

अथवा हारक्षेपमें नौका अपवर्तन देनेसे हुए भाज्य=१००। हार=७ । क्षेप=१० । उक्तरीति से वल्लीहुई १४ उक्तक्रिया के अनुसार $\frac{४३०}{३०}$ दो राशि

३

१०

०

हुए इन्हें तष्टित करने से हुए $\frac{३०}{२}$ यहां गुण २ को अपवर्तनाङ्क ९ से गुणने से वास्तव गुण १८ हुआ इसभांति पहिले के लब्धि गुणहुए $\frac{३०}{१८}$

अथवा भाज्यक्षेप में दस का अपवर्तन देकर फिर हारक्षेप में नौका

अपवर्तन देने से हुए भाज्य=१० । हार=३ । क्षेप=१ । इनसे वल्ली निष्पन्नहुई १
२
१
०

और उक्तरीति से दो राशि हुए $\frac{३}{२}$ अब यहां गुण २ को हारक्षेप के अपवर्तनाङ्क ९ से गुणने से वास्तवगुण १८ हुआ और लब्धि ३ को भाज्य क्षेप के अपवर्तनाङ्क १० से गुणने से वास्तव लब्धिहुई ३० इसभांति पहिलेवाले लब्धि गुण आये $\frac{३०}{१८}$ और १ इष्टकल्पना करने से $\frac{१३०}{८१}$ लब्धि गुणहुए । २ इष्टकल्पनाकरने से $\frac{२३०}{१४४}$ लब्धि गुणहुए ।

अब धन क्षेपसंबन्धी $\frac{३०}{१८}$ ये लब्धि गुण अपने अपने तक्षण $\frac{१००}{६३}$ में शुद्ध कियेगये तो ऋणक्षेप संबन्धी हुए $\frac{७०}{४५}$ इसीभांति और भी हुए $\frac{१७०}{१०८}$ अथवा $\frac{२७०}{१७१}$ ।

उदाहरणम्-

यद्गुणा क्षयगषष्टिरन्विता
वर्जिता च यदि वा त्रिभिस्ततः ।
स्यात्त्रयोदशहृता निरग्रका
तं गुणं गणक मे पृथग्वद ॥ २४ ॥

अथ 'धनभाज्योद्भवे तद्वत्-' इत्यस्योदाहरणद्वयं रथोद्धतयाह- क्षेपस्य धनत्वेन एकम्, ऋणत्वेन द्वितीयम्, एवमुदाहरणद्वयं द्रष्टव्य शेषं स्पष्टम् ॥

---

१ अत्र ज्ञानराजदैवज्ञः-

अश्वानां त्रिशजी च येन गुणिता दिग्वर्गयुक्ता भवे-
द्राज्या रुद्रमितैर्हरैर्वद गुणं प्रत्येकमस्वागमम् ।
एकाशीतिशतत्रयं कतिगुणं भाज्यं द्विशत्या भजे-
त्पञ्चाशत्सहितं (सुधीन्द्रभवता) दृष्टोऽसि चेत्कुट्टकः ॥

उदाहरण—

वह कौनसा गुण है जिससे ऋणसाठको गुण देते हैं और उसमें तीन जोड़ या घटादेते हैं बाद तेरह का भागदेते हैं तो निःशेष होता है ॥

न्यासः । भाज्यः ६० । क्षेपः ३ ।
हारः १३ ।

प्राग्वज्जाते धनभाज्ये धनक्षेपे गुणाप्ती $\begin{matrix}१ & १\\ ५ & १\end{matrix}$ एते स्वस्वतक्षणाभ्यामाभ्यां $\begin{matrix}१३\\ ६०\end{matrix}$ शुद्धे जाते ऋणभाज्ये धनक्षेपे $\begin{matrix}२\\ ८\end{matrix}$ अत्र भाज्यभाजकयोर्विजातीययोः 'भागहारेऽपि चैवं निरुक्तम्' इत्युक्तत्वाल्लब्धेः ऋणत्वं ज्ञेयम् । $\begin{matrix}२\\ ८\end{matrix}$ पुनरेते स्वस्वतक्षणाभ्यामाभ्यां $\begin{matrix}१३\\ ६०\end{matrix}$ शुद्धे जाते ऋणभाज्ये ऋणक्षेपे गुणाप्ती $\begin{matrix}१ & १\\ ५ & १\end{matrix}$

'[१]ऋणभाज्यऋणक्षेपे धनभाज्यविधिर्भवेत् ॥
तद्वत्क्षेपे धनगते व्यस्तं स्यादृणभाज्यके ॥
धनभाज्योद्भवे तद्वद्भवेतामृणभाज्यजे ॥

इति मन्दावबोधार्थं मयोक्तम् । अन्यथा 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे' इत्यादिनैव तत्सिद्धेः । ऋणधनयोर्योगो वियोग एव । अत एव भाज्यभाजकक्षेपाणां धनत्वमेव

---

१ 'ऋणभाज्ये' इत्यारभ्य 'भाज्यके' इत्यन्तः पाठः कस्मिंश्चिन्मूलपुस्तके टीकापुस्तके च नोपलभ्यते 'धनभाज्योद्भवे—' इत्यर्धं तु मूलपुस्तकद्वये टीकापुस्तकद्वये चाप्यवलोक्यते । तथा च "इति मन्दावबोधार्थं मयोक्तम् । अन्यथा 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इत्यादिनैव तत्सिद्धेः" इति मूलग्रन्थलेखाच्चास्य गाथारूपस्य श्लोकपादषट्कस्य मूलसूत्रेऽपाङ्क्तेयता प्रतीयत इति विभावयन्तु तत्त्वविदः ।

प्रकल्प्य गुणाप्ती साध्ये । ते योगजे भवतः । ते स्वतक्षणाभ्यां शुध्ये वियोगजे कार्ये । भाज्ये भाजके वा ऋणगते परस्परं भजनाल्लब्धयः ऋणगताः स्थाप्या इति किंप्रयासेन । तथा कृते सति भाज्यभाजकयोरेकस्मिन्नृणगते गुणाप्ती 'द्वौ[१] राशी क्षिपेत्तत्र–' इत्यादिना परोक्तसूत्रेण लब्धौ व्यभिचारः स्यात् ॥

न्यास । भाज्य=६० । हार=१३ । क्षेप=२ । उक्तप्रकार से बल्ली ४ हुई

$$\begin{matrix}१\\१\\१\\१\\२\\०\end{matrix}$$

बाद दो राशि हुए $\begin{matrix}६९\\१५\end{matrix}$ अपने २ तक्षणों $\begin{matrix}६०\\१३\end{matrix}$ से तष्टित करने से हुए $\begin{smallmatrix}६\\२\end{smallmatrix}$ यहां लब्धि विषम है इस कारण अपने अपने तक्षणों $\begin{smallmatrix}६ & ०\\१ & ३\end{smallmatrix}$ में शुद्ध करने से लब्धि गुण हुए $\begin{smallmatrix}५ & १\\१ & १\end{smallmatrix}$ ये धन भाज्य धनक्षेप संबन्धी हैं, अब इन्हें फिर अपने २ तक्षणों $\begin{smallmatrix}६ & ०\\१ & ३\end{smallmatrix}$ में शुद्ध करने से ऋण भाज्य धनक्षेप संबन्धी लब्धिगुण हुए $\begin{smallmatrix}६\\२\end{smallmatrix}$ यहां भाज्य भाजकों के विजातीय होने से 'भागहारेऽपि चैवं निरुक्तम्' इस सूत्रके अनुसार लब्धि ६ को ऋण जानो । फिर उन

---

१ सूत्रमिदं टीकापुस्तके नोपलभ्यते, किंच कुत्राचिन्मूलपुस्तके पूर्वोक्तसूत्रस्य स्थाने "इष्टहतेऽधोराशौ–' इत्यादिना पूर्वसूत्रेण" इत्याकारः पाठो दृश्यते तत्रैतयोः कतरः पाठो ज्यायानिति वक्तुं न शक्यते सकलसूत्रादर्शनाद्दृढतरप्रमाणानुपलम्भाच्च

को ६/१ ०/१ इन तक्षणों में शुद्ध करने से ऋणभाज्य ऋणक्षेप में लब्धि गुण हुए ५/१ १/१ यहां पर भी हार भाज्य के भिन्न जातीय होनेसे लब्धि ५ १̇ को ऋण जानो ।

अब यहां इस बात पर ध्यान दो कि—प्रथम भाज्य भाजक और क्षेप इनको धन कल्पना करके लब्धि गुण सिद्धकरो, यदि उद्दिष्ट भाज्य क्षेप धन अथवा ऋण हों तो सिद्ध किये हुए लब्धि गुणों परसेही उद्दिष्ट की सिद्धि होगी, यदि भाज्य क्षेपों के बीच में कोई एक धन और दूसरा ऋण हो तो यथागत लब्धि गुणों को अपने अपने तक्षण में शुद्धकरो उनसे उद्दिष्ट की सिद्धि होगी, और हारके धन होने से कुट्टक में कुछ विशेष न होगा उक्त रीति से गुण लब्धि धनही होंगी और भाज्य भाजकों के बीच में यदि कोई एक ऋणहो तो लब्धिमात्र को ऋण जानना चाहिये क्योंकि 'भागहारेऽपि चैवं निरुक्तम्' ऐसा कहा है । इसभांति एकबार शोधन करने से उद्दिष्ट की सिद्धि होगी, और भाज्य ऋणहो तो अपने अपने तक्षण से एकबार शोधनकरो क्षेप ऋणगतहो तो दोबार, यह जो कहा है सो मन्दजनों के बोध के अर्थ, इसीबात को आचार्य ने भी कहा है "धनभाज्योद्भवे तद्वद्भवेतामृणभाज्यजे' इति मन्दावबोधार्थं मयोक्तम् । अन्यथा 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इत्यादिनैव तत्सिद्धेः । यतो धनर्णयोर्योगो वियोग एव । अत एव भाज्यभाजकक्षेपाणां धनत्वमेव प्रकल्प्य गुणाप्ती साध्ये । ते योगजे भवतः । ते स्वतक्षणाभ्यां शुद्धे वियोगजे कार्ये" इत्यादि वाक्योंसे । इन वाक्योंका अर्थ उक्तप्राय है तो भी सुगमता के लिये फिर लिखते हैं—इस भांति धन भाज्य संबन्धी लब्धि गुण ऋण भाज्य में होते हैं यह मैंने मन्दजनों के बोधके लिये कहा है नहीं तो उक्त बात की 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इसी सूत्रसे सिद्धि होती है क्योंकि धन और ऋण राशिका योग ही अन्तर होता है इसीलिये भाज्य भाजक क्षेपोंको धन कल्पना करके उक्त

रीति से गुण लब्धि सिद्धकरो वे धन क्षेप में होंगी और उन्हें अपने २ दृढ भाज्यहारों में शुद्ध करके ऋण क्षेप में लाओ।

इसभांति ऋण भाज्य में निष्प्रयास कुट्टककी सिद्धि होनेपर भी पूर्व आचार्यों ने वृथा परिश्रम किया है, सो कहते हैं—'भाज्ये भाजके वा ऋणगते परस्परभजनाल्लब्धयः ऋणगताः स्थाप्याः किं प्रयासेन' इसका अर्थ—भाज्य अथवा भाजक के ऋणगत होने से उनके आपस में भाग देने से जो लब्धि आती हैं उन्हें ऋणगत स्थापनकरो अर्थात् उन सब लब्धियों के शिरपै बिन्दु देकर एक आड़ी लकीर की भांति लिखो, ऐसा परिश्रम करनेका क्या प्रयोजनहै क्योंकि उक्त बात की सिद्धि बड़ी सुगमताके साथ होती है। और प्रयासमात्रही नहीं है किंतु लब्धि में व्यभिचार भी आता है। जैसा—प्रकृत उदाहरण में भाज्य=६̇० । क्षेप=३ ।

हार=१३ ।

उक्तविधि से वल्ली हुई
४̇
१̇
१̇
१̇
१̇
३̇
०

बाद दो राशि हुए ६̇१ / १५ तष्टित करने से हुए ६̇ / २

लब्धि के विषम होने से अपने २ तक्षणों में शुद्ध करने से ऋण भाज्य न क्षेप में लब्धि गुण हुए ५१̇ / ११

यहां लब्धि व्यभिचरित होती है क्योंकि ११ से भाज्य ६० को गुणने से ६६० हुए इन में क्षेप ३ जोड़ने से ६५७ हुए अब इनमें हार १३ का भाग देने से ५० लब्धि आई और शेष ७ रहा, न कहो यहांपर शेष रहने से गुण भी व्यभिचरित होगा तो लब्धिही में व्यभिचार क्यों कहा? सत्य है, लब्धि का यहां उपलक्षण है इसलिये गुण का भी व्यभिचार सिद्ध हुआ। लब्धि में व्यभिचार का निश्चय होने से ६/२ ये जो लब्धि गुण आये थे उनको ज्यों का त्यों रक्खा, अब इस में आलाप मिलता है जैसा—भाज्य ६० को गुण २ से गुणने से १२० हुआ इस में क्षेप ३ जोड़ने से ११७ हुआ इसमें हार १३ का भाग देने से ऋण लब्धि ९ आई। यहांपर आलाप तो कथंचित् मिलगया परंतु 'एवं तदैवात्र यदा समास्ताः स्युर्लब्धयश्चेद्विषमास्तदानीम्। यथा गतौ लब्धिगुणौ विशोध्यौ स्वतक्षणाच्छेषमितौ तु तौ स्तः' इस सिद्धान्त से विरोध आता है क्योंकि लब्धि विषम आई हैं। और ऐसा मानने से भाज्य, भाजक, क्षेप, इनके धन होने में और लब्धियों के विषम होने में व्यभिचार ज्यों का त्यों बना रहता है। देखो इसी उदाहरण में उक्तरीति से लब्धि गुण सिद्ध हुए ६/२ अब यहां आलाप मिलाता है—भाज्य ६० धनको गुण २ से गुणने से १२० हुआ इसमें क्षेप ३ जोड़ने से १२३ हुआ इस में हार १३ का भाग देने से निःशेषता नहीं होती। यदि यह कहो कि धनात्मक विषम लब्धि में अपने अपने तक्षणों में शोधनका आवश्यक है ऋणात्मक में नहीं, तो ऐसा भी कहना ठीक नहीं है क्योंकि उक्त दोषका परिहार नहीं होता, जैसा—इसी उदाहरण में हारमात्र के ऋण कल्पना करने से लब्धि गुण हुए ६/२ अब भाज्य ६० को गुण २ से गुणने से १२० हुआ इस में क्षेप ३ जोड़ने से १२३ हुआ अब इस में हार १३ का भाग देने से निःशेषता नहीं होती।

और समलब्धि में भी व्यभिचार होता है जैसा—वक्ष्यमाण उदाहरण के

भाज्य=१८ हार=१$\dot{१}$ और क्षेप=१० हैं। उक्त रीति से वल्ली हुई १ इससे
दो राशि हुए $\frac{५}{३}\frac{०}{०}$ इन्हें तष्टित करने से $\frac{१\dot{४}}{८}$ हुए

१
$\dot{१}$
$\dot{१}$
$\dot{१}$
१०
०

अब यहां पर भाज्य १८ को गुण $\dot{८}$ से गुणने से १४४ हुआ इसमें क्षेप १० जोड़ने से १३$\dot{४}$ हुआ अब इसमें हार $\dot{१}$१ का भाग देने से १२ लब्धि आई और २ शेष रहा, इस भांति अनुक्त भी बुद्धिमान् लोग जानते हैं। यहां पर हार के ऋण होने से समलब्धि में और भाज्य के ऋण होने से विषम लब्धि में प्राचीन रीतिसे लब्धि गुण व्यभिचरित होतेहैं॥

उदाहरणम्—

अष्टादश हताः केन दशाढ्या वा दशोनिताः।
शुद्धं भागं प्रयच्छन्ति क्षयगैकादशोद्धृताः॥ २५॥

न्यासः। भाज्यः १८। क्षेपः १०।
हारः १$\dot{१}$।

अत्र भाजकस्य धनत्वं प्रकल्प्य साधितौ लब्धिगुणौ $\frac{१४}{८}$ एतावेव ऋणभाजके। किंतु लब्धेः पूर्ववदृणत्वं ज्ञेयम्। तथाकृते जातौ लब्धिगुणौ $\frac{१\dot{४}}{८}$। ऋणक्षेपे तु 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इत्यादिना लब्धिगुणौ $\frac{४}{२}$ भाजकस्य धनत्वे ऋणत्वे वा लब्धिगुणावेतावेव, परंतु भाजके भाज्ये वा ऋणगते लब्धेः ऋणत्वं सर्वत्र ज्ञेयम्॥

उदाहरण—

वह कौनसा गुण है जिससे अठारह को गुणकर दस जोड़ वा घटा देते हैं और ऋण ग्यारहका भाग देते हैं तो निरग्र होता है ॥

न्यास। भाज्य=१८। हार=११̇। क्षेप=१०। उक्त प्रकार से वल्ली उत्पन्न हुई १ बाद दो राशि हुए $\frac{५०}{३०}$ तष्टित करने से हुए $\frac{१४}{८}$ भाज्य हार और
१ क्षेप इन तीनों के धन होने से $\frac{१४}{८}$ ये लब्धि गुण हुए, और
१ हारमात्र के ऋण होने से भी वही लब्धि गुण हुए किंतु लब्धिमात्र
१ का ऋणत्व होगा क्योंकि 'भागहारेऽपि चैवं निरुक्तम्' यह कहा है।
१० इसभांति ऋणहार में लब्धि गुण हुए $\frac{१४}{८}$ अब ऋणक्षेप में
० 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इस प्रकार से लब्धि गुण हुए $\frac{४}{३}$ यहां हार धन हो वा ऋण पर लब्धि गुण वही होंगे और हार के ऋण होने से लब्धि ऋण होगी। यहां सर्वत्र ऋणत्व के निमित्त अपने अपने तक्षणों में जो शोधन कहा है सो तभी जानो यदि भाज्य क्षेपों के बीच में कोई एक ऋण हो और लब्धि को भी ऋण तभी जानो यदि भाज्य भाजकों के बीच में कोई सा ऋण हो ॥

कई एक लोग 'ऋणभाज्योद्भवे तद्वद्भवेतामृणभाजके' ऐसा पाठ कल्पना करके भाजक के ऋण होनेपर भी शोधन करते हैं सो ठीक नहीं प्रतीत होता, जैसा इस उदाहरण में तीनों के धन होने से लब्धि गुण हुए $\frac{१४}{८}$ और हारमात्र के ऋण होने से अपने अपने तक्षणों में शोधन किया तो लब्धि गुण हुए $\frac{४}{३}$ आलाप—भाज्य १८ को गुण ३ से गुणन करने से ५४ हुआ इस में क्षेप १० जोड़ने से ६४ हुआ अब ऋणहार ग्यारह का भाग देने से ५ लब्धि आई और शेष ९ रहा इसलिये यह असत् हुआ ॥

उदाहरणम्—

येन संगुणिताः पञ्च त्रयोविंशतिसंयुताः।

वर्जिता वा त्रिभिर्भक्ता निरग्राः स्युः स को गुणः ॥२६॥

न्यासः । भा· ५ । क्षे· २३ । अत्र वल्ली १
हा· ३ । १
२३
०

पूर्ववज्जातं राशिद्वयम् ४/२ ६/३ अत्र तक्षणेऽधोराशौ सप्त लभ्यन्ते ऊर्ध्वराशौ तु नव लभ्यन्ते ते नव न ग्राह्याः । 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं धीमता तक्षणे फलम्' इत्यतः सप्तैव ग्राह्या इति जातौ लब्धिगुणौ १ १/२ वियोगजे एतौ स्वस्वतक्षणाभ्यां शोधितौ जातौ ऋणक्षेपे ६/१ इष्टाहतस्वस्वहरेण युक्ताविति द्विगुणितौ स्वस्वहारौ क्षेप्यौ यथा धनलब्धिः स्यादिति कृते जातौ लब्धिगुणौ ४/७ एवं सर्वत्र ज्ञेयम् ।

'हरतष्टे धनक्षेपे' इति न्यासः । भा· ५ । क्षे· २ ।
हा· ३ ।

पूर्ववज्जातौ लब्धिगुणौ योगजौ ४/२ एतौ स्वतक्षणाभ्यां शुद्धौ १/१ जातौ वियोगजौ । 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या लब्धिः' इति क्षेपतक्षणलाभेन, योगजलब्धिर्युता १ जाता योगजा 'लब्धिः शुद्धौ तु वर्जिता' इति क्षतणलाभेन, लब्धिरियं १ वर्जिता ६ धन-

लब्ध्यर्थं द्विगुणे हरे क्षिप्ते जातौ तावेव लब्धिगुणौ ४/७ 'अथवा भागहारेण तष्टयोः—' इति न्यासः भा· २ क्षे· २।
हा· ३।

अत्रापि जातं राशिद्वयम् २/२ तक्षणाज्जातं २/२ अत्रापि जातः पूर्व एव गुणः २ लब्धिस्तु 'भाज्याद्धतयुतोद्धृतात्' इति गुण २ गुणितो भाज्यः १० क्षेप २३ युतो ३३ हर ३ भक्तो लब्धिः सैव ११ ॥

अब 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यम्—' 'हरतष्टे धनक्षेपे—' 'अथवा भागहारेण तष्टयोः—' इन सूत्रों की व्याप्ति दिखलाने के लिये उदाहरण—

वह कौन सा गुण है जिससे पांच को गुण देते हैं और उस गुणनफल में तेईस जोड़ वा घटा देतेहैं फिर तीनका भाग देते हैं तो निरग्र होता है ॥

न्यास । भाज्य=५ । हार=३ । क्षेप=२३ । उक्त रीति से वल्ली १
१
२३
०

उक्त रीति से दो राशि ४६/२३ यहां तक्षण करने में नीचले राशि से सात ७ मिलते हैं और ऊपर के राशि से नौ ९, परंतु नौ ९ नहीं लेना चाहिये किन्तु 'गुणलब्ध्योः समं ग्राह्यं धीमता तक्षणे फलम्' इस सूत्रके अनुसार सात ७ ही लेना उचित है। इस भांति ११/२ लब्धि गुण हुए, ये योगज हैं इस कारण ये अपने अपने तक्षणों में शुद्ध करनेसे वियोगज हुए ६/१ यहां यदि धन लब्धि की इच्छा हुई तो 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इस सूत्रके अनुसार दो इष्ट मानने से लब्धि गुण हुए ४/७ इसप्रकार यदि इष्ट हो तो धन लब्धि सिद्ध करलेनी ॥

अथवा 'हरतष्टे धनक्षेपे-' इस सूत्रके अनुसार न्यास—

भाज्य=५ । क्षेप=२ ।　　　उक्त विधि से वल्ली १
हार=३ ।　　　　　　　　　　　　　　　　१
　　　　　　　　　　　　　　　　　　　२
　　　　　　　　　　　　　　　　　　　०

दो राशि $\begin{matrix}४\\२\end{matrix}$ ये योगज लब्धि गुण हैं अपने अपने तक्षणों में शोधन करने से वियोगज हुए $\begin{matrix}१\\१\end{matrix}$ यहां 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या लब्धिः—' इस सूत्र के अनुसार क्षेप तक्षण फल ७ को योगज लब्धि ४ में जोड़ने से ११ हुए और 'शुद्धौ तु वर्जिता' इस कथन के अनुसार वियोगज लब्धि १ में क्षेप तक्षण फल ७ को घटा देने से ६ हुए, इसप्रकार वही लब्धि गुण हुए $\begin{matrix}११\\२\end{matrix}$ । $\begin{matrix}६\\१\end{matrix}$

'अथवा भागहारेण तष्टयोः—' इस सूत्र के अनुसार न्यास—

भाज्य=२ । क्षेप=२ ।　उक्त प्रकार से वल्ली ०
　हार=३ ।　　　　　　　　　　　　　　१
　　　　　　　　　　　　　　　　　　२
　　　　　　　　　　　　　　　　　　०

दो राशि $\begin{matrix}४\\२\end{matrix}$, यहां गुण तो पहिलाही हुआ परंतु लब्धि 'भाज्याद्धत-युतोद्धतात्—'इस सूत्र के अनुसार गुण २ से भाज्य ५ को गुणने से १० हुए क्षेप २३ जोड़ने से ३३ हुए इन में हार ३ का भाग देने से वही लब्धि आई ११ ॥

उदाहरणम्-

येन पञ्च गुणिताः खसंयुताः
पञ्चषष्टिसहिताश्च तेऽथ वा ।
स्युस्त्रयोदशहृता निरग्रका-
स्तं गुणं गणक कीर्त्तयाशु मे ॥ २६ ॥

न्यासः । भाज्यः ५ । हारः १३ । क्षेपः ० । क्षेपाभावे गुणाप्ती $\begin{smallmatrix}0\\0\end{smallmatrix}$ एवं पञ्चषष्टिक्षेपे $\begin{smallmatrix}0\\5\end{smallmatrix}$ वा $\begin{smallmatrix}13\\10\end{smallmatrix}$ इत्यादि ।

'क्षेपाभावोऽथ वा यत्र क्षेपः शुध्येद्धरोद्धृतः' इन दोनों बातों के दिखलाने के लिये उदाहरण—

ऐसा कौन गुण है जिससे पांच को गुणकर उसमें शून्य अथवा पैंसठ जोड़ देते हैं और तेरह का भाग देते हैं तो निरग्र होता है ॥

दोनों उदाहरणों के न्यास । भाज्य=५ । क्षेप=० । वा, भाज्य=५ । क्षेप=६५
हार=१३ ।   हार=१३ ।

यहां पहिले उदाहरण में क्षेप का अभाव है और दूसरे में क्षेप ६५ हार १३ का भाग देने से शुद्ध होता है इसलिये दोनों स्थान में शून्यही गुण हुआ और क्षेप में हार का भाग देने से ०, ५ फल हुआ इस भांति लब्धि गुण सिद्ध हुए $\begin{smallmatrix}0\\0\end{smallmatrix}$ । $\begin{smallmatrix}5\\0\end{smallmatrix}$ और 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इस सूत्र के अनुसार १ इष्ट मानने से लब्धि गुण हुए $\begin{smallmatrix}5\\13\end{smallmatrix}$ । $\begin{smallmatrix}10\\13\end{smallmatrix}$ । इस भांति इष्ट कल्पना करने से अनन्त लब्धि गुण होंगे ॥

अथ स्थिरकुट्टके सूत्रं वृत्तम्—

क्षेपं विशुद्धिं परिकल्प्य रूपं
पृथक्पयोर्ये गुणकारलब्धी ॥ ३६ ॥
अभीप्सितक्षेपविशुद्धिनिघ्ने
स्वहारतष्टे भवतस्तयोस्ते ।

अथ ग्रहगणिते विशेषोपयुक्तं स्थिरकुट्टकमुपजातिकोत्तरपूर्वार्धाभ्यामाह—क्षेपमिति । क्षेपं धनक्षेपं विशुद्धिमृणक्षेपं रूपं परिकल्प्य तयोर्धनर्णक्षेपयोः पृथक् ये गुणकारलब्धी स्यातां ते

अभीप्सितक्षेपविशुद्धिगुणिते स्वहारतष्टे च तयोः क्षेपविशुद्ध्यो- र्गुणाप्ती भवतः। एतदुक्तं भवति–'मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ–' इत्यादिना फलान्यधोधो निवेश्य तदधः क्षेपस्थाने रूपं निवेश्य अन्ते खं च निवेश्य '–उपान्तिमेन, स्वोर्ध्वे हते–' इत्यादिना धनक्षेपे ऋणक्षेपे गुणलब्धी पृथक् पृथक् साध्ये। अथाभीप्सित- क्षेपो यदि धनमस्ति तर्हि धनक्षेपजे गुणाप्ती अभीप्सितक्षेपेण गुणनीये, यदि त्वभीप्सितक्षेपः क्षयोऽस्ति तर्हि ऋणक्षेपजे गुणाप्ती अभीप्सितेन ऋणक्षेपेण गुणनीये। पश्चात्स्वस्वहारेण पूर्व- वत्तक्ष्येते उदिष्टगुणाप्ती स्तः॥

स्थिर कुट्टक का प्रकार—

धनक्षेप को ऋणक्षेप एक कल्पना करके उन (धन ऋणक्षेप) पर से जो गुण लब्धि सिद्ध होती हैं उन्हें अभिमत धन अथवा ऋणक्षेप से गुण दो और अपने अपने हार से तष्टित करो तो वे धन ऋणक्षेप में गुण लब्धि होंगी, तात्पर्य यह है कि 'मिथो भजेत्तौ दृढभाज्यहारौ—' इस सूत्र के अनुसार जो फल सिद्ध हों उन्हें एक के नीचे एक इस रीति से स्थापन करो और क्षेप के स्थान में १ लिखकर उसके नीचे शून्य रक्खो फिर 'उ- पान्तिमेन, स्वोर्ध्वे हतेऽन्त्येन युते तदन्त्यं त्यजेन्मुहुः स्यादिति राशियुग्मम्' इस क्रिया के अनुसार दो राशि सिद्ध करो और उन पर से गुण लब्धि लाओ वे धनक्षेप अथवा ऋणक्षेप में होंगी बाद उन्हें अपने इष्टक्षेप से गुण दो अर्थात् क्षेप धन हो तो धनक्षेपोत्पन्न गुण लब्धि को धनक्षेप से गुण दो और क्षेप ऋण हो तो ऋणक्षेपोत्पन्न गुण लब्धि को ऋणक्षेप से गुणदो, पश्चात् उन्हें अपने अपने हर से तष्टितकरो तो वे उद्दिष्ट गुण लब्धिहोंगी॥

उपपत्ति—

यदि रूपक्षेप में उद्दिष्ट गुण लब्धि आती हैं तो इष्टक्षेप में क्या, इस प्रकार अनुपात से 'क्षेपं विशुद्धिं—' यह सूत्र उपपन्न हुआ॥

प्रथमोदाहरणे दृढभाज्यहारयो रूपक्षेपस्य च न्यासः ।

भा·१७ । क्षे· १ ।

हा·१५ ।

अत्रोक्तवद्गुणाप्ती ७/८ एते अभीष्टक्षेपपञ्चगुणे स्वहारतष्टे जाते ५/६ ते एव । अथ रूपशुद्धौ गुणाप्ती ८/९ एते पञ्चकगुणे स्वहारतष्टे जाते १०/११ ते एव । एवं सर्वत्र।

अब मन्दजनों के विश्वास के लिये प्रथम उदाहरण के दृढ़ भाज्यहार और रूपक्षेप इन पर से गणित दिखलाते हैं—

भाज्य=१७ । क्षेप=१ ।

हार=१५ ।

यहां उक्तविधि से गुण लब्धि हुई ७/८ अब इन्हें अभिमत क्षेप ५ से गुण देनेसे ३५ । ४० ये गुण लब्धि हुई, इन को अपने अपने हार से तष्टित करने से वही पहिलेवाली गुण लब्धि हुई ५/६ और रूप शुद्धि में गुण लब्धि हुई ८/९ इन्हें पांच से गुणकर अपने अपने हार से तष्टित करने से पञ्च शुद्धि में गुण लब्धि हुई १०/११ इस भांति सर्वत्र जानो ॥

अस्य गणितस्य ग्रहगणिते महानुपयोगः । तदर्थं किंचिदुच्यते—

कल्प्याथ शुद्धिर्विकलावशेषं
षष्टिश्च भाज्यः कुदिनानि हारः ॥ ३७ ॥
तज्जं फलं स्युर्विकला गुणस्तु
लिप्ताग्रमस्माच्च कला लवाग्रम् ।

एवं तदूर्ध्वं च तथाधिमासा-

वमाग्रकाभ्यां दिवसा रवीन्द्वोः ॥ ३८ ॥

ग्रहस्य विकलावशेषाद्ग्रहाहर्गणयोरानयनम्। तद्यथा—तत्र षष्टिर्भाज्यः। कुदिनानि हारः। विकलावशेषं शुद्धिरिति प्रकल्प्य साध्ये गुणाप्ती। तत्र लब्धिर्विकलाः स्युः। गुणस्तु कलावशेषम्।

एवं कलावशेषाल्लब्धिः कला गुणो भागशेषम्।

तद्भागशेषं शुद्धिः। कुदिनानि हारः। त्रिंशद्भाज्यः। तत्र लब्धिर्भागाः। गुणो राशिशेषम्।

द्वादश भाज्यः। कुदिनानि हारः। राशिशेषं शुद्धिः। तत्र फलं राशयः। गुणो भगणशेषम्।

भगणा भाज्यः। कुदिनानि हारः। भगणशेषं शुद्धिः। फलं गतभगणाः। गुणोऽहर्गणः स्यादिति॥

अस्योदाहरणानि प्रश्नाध्याये।

एवं कल्पाधिमासा भाज्यः। रविदिनानि हारः। अधिमासशेषं शुद्धिः। लब्धिर्गताधिमासाः। गुणो गतरविदिवसाः।

एवं कल्पावमानि भाज्यः। चान्द्रदिवसा हारः। अवमशेषं शुद्धिः। फलं गतावमानि। गुणो गतचान्द्रदिवसा इति॥

अथ 'कल्पादिशुद्धिः—' इत्यादि सार्धोपजातिकाचार्यैर्व्याख्यातत्वान्न पुनर्व्याख्यायते किंत्वत्र युक्तिमात्रं प्रदर्श्यते तच्च श्रीबापुदेवपादैः कल्पितम्, केवलाद्विकलाशेषाद्ग्रहेऽवगन्तव्ये यस्य ग्रहस्य तद्विकलावशेषं स्यात् तस्य राश्यंशादयः केचन नियता एव भवेयुर्न यथेष्टकल्प्या इति तावत् सुप्रसिद्धम् । तत्र 'कल्प्याथशुद्धिर्विकलावशेषम्—' इत्यादिना कुट्टककरणे यदि भाज्यहारक्षेपाणामपवर्तनं न संभवेत् तदा तत्र यथागतौ लब्धिगुणावेकविधावेव भवितुं शक्नुतः । 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इत्यादिनान्ययोर्लब्धिगुणयोर्ग्रहणे लब्धिर्विकलाः षष्टितोऽधिकाः स्युर्गुणः कलाशेषं च कुदिनेभ्योऽधिकं स्यादिति तत्र यौ लब्धिगुणौ पूर्वस्वस्वहराल्पावागच्छतस्तावेव वास्तवावित्यत्र न कश्चित् संदेहावसरः । यदा पुनर्भाज्यहारक्षेपाणामपवर्तनं संभवेत् तदा तु लब्धिगुणयोः क्रमेण षष्टितः कुदिनतश्चाल्पयोरप्यनेकविधत्वं स्यात् । एवमनेकासु लब्धिषु या लब्धिर्ज्ञातव्यग्रहस्य नियतानां विकलानां मानं स्यात् सैव लब्धिर्विकलात्वेन ग्रहीतुं युज्यते तद्गुण एव च कलाशेषत्वे न । तदितरयोर्लब्धिगुणयोर्ग्रहणे तु तन्मानयोरवास्तवादग्रे क्रिया न निर्वहेत् खिलत्वं चापद्येत ।

यथा—यदा किल भौमस्य विकलाशेषम् २१००५३४१२००० एतावत् स्यात् तदास्मात् 'कल्प्याथ शुद्धिः—' इत्यादिना मध्यमे भौमेऽवगन्तव्ये षष्टिर्भाज्यः ६० विकलाशेषमृणक्षेपः २१००५३४१२०००कल्पकुदिनानि हारः १५७७९१६४५०००० अत्र भाज्यहारक्षेपाणां षष्टिरपवर्तनमस्ति तेनापवर्ते कृते जाता दृढभाज्यहारक्षेपाः । दृ. भा. १ । दृ. क्षे. ३५००८९०२०० }
दृ. ह. २६२९८६०७५०० }

अत्र कुट्टकविधिना लब्धिगुणौ० । ३५००८९०२०० वा १ ।

२६७६६४६७७०० इत्यादिकौ षष्टिविधौ स्याताम् । तत्राद्या लब्धिश्चेद्विकलामानं तद्गुणश्च कलाशेषं कल्प्यते तदा पुनः षष्टिर्भाज्यः ६० कलाशेषमृणक्षेपः ३५००८६०२०० कुदिनानि हारः । अत्रापि भाज्यहारक्षेपेषु षष्ट्यापवर्तितेषु सिद्धा दृढ-भाज्यहारक्षेपाः दृ. भा. १ दृ. क्षे. ५८३४८१७०
दृ. हृ. २६२६८६०७५०० } अत्र कुट्टक-विधिना लब्धिगुणौ० । ५८३४८१७० वा १ । २६३५६६५५६७० इत्यादिरंशशेषम् ।

पुनस्त्रिंशद्भाज्यः ३० । अंशशेषमृणक्षेपः ५८३४८१७० कुदि-नानि हारः । अत्रापि भाज्यहारक्षेपेषु त्रिंशतापवर्तितेषु सिद्धा दृढभाज्यहारक्षेपाः । दृ. भा. १ दृ. क्षे. १९४४९३९
दृ. हृ. ५२५९७२१५००० } अतः कुट्टकविधिना लब्धिगुणौ०।१९४४९३९ वा१ ।५२५९९१५९९३९ इत्यादि। अत्र लब्धिः ० । १ इत्यादिरंशाः । गुणश्च १९४४९३९ । ५२५९९१५९९३९ इत्यादी राशिशेषम् ।

पुनरत्र द्वादश भाज्यः १२ राशिशेषमृणक्षेपः १९४४९३९ कुदिनानि हारः १५७७९१६४५०००० अत्र भाज्यहारौ द्वाद-शभिरपवर्त्यौ न तथा क्षेपः । एवमत्र खिलत्वापत्तिः ।

एवमेव लब्धिगुणयोर्यत्रानेकविधत्वं संभवेत् तत्र मुहुर्मुहुः खिलत्वापत्तौ यया यया लब्ध्या विकलाद्यहर्गणान्तं सर्वं नि-र्बाधं सिध्येत् तत्तल्लब्ध्यन्वेषणे तु गणितेऽतीव गौरवं स्यादिति तत्र 'कल्प्याथ शुद्धिः—' इत्यादिप्रकारेण विकलाशेषाद्ग्रहाहर्गण-योरवगमो दुर्गम एव । अतस्तत्रान्यथा यतितव्यम् ।

तदित्थम्—कल्पकुदिनानि भाज्यं विकलाशेषं क्षेपं चक्रविक-लाश्च हरं प्रकल्प्य कुट्टकविधिना सक्षेपौ लब्धिगुणौ साध्यौ

तत्र लब्धिर्भगणशेषं गुणश्च विकलात्मको ग्रहो भवेत् । ततो ग्रहभगणान् भाज्यं, सक्षेपं भगणशेषं च शुद्धिं कल्पकुदिनानि हरं च प्रकल्प्य साधितो गुणोऽहर्गणः स्यादित्येवं ग्रहाहर्गणयोरवगमः सुगम एव सुधियाम् ।

यथात्र कल्पकुदिनानि १५७७९१६४५०००० भाज्यः । विकलाशेषम् २१००५३४१२००० क्षेपः । चक्रविकलाः १२९६००० हरः । एते हरस्याष्टमांशेन १६२००० अपवर्तिता जाता दृढाः { दृ. भा. ९७४०२२५ दृ. क्षे. १२९६६२६ / दृ. ह. ८ }

अतः सिद्धौ लब्धिगुणौ ७४६७२४७ । ६ । ततो यावत्तावदिष्टं प्रकल्प्य 'इष्टाहतस्वस्वहरेण–' इत्यादिना सिद्धौ सक्षेपौ लब्धिगुणौ { या ९७४०२२५ रू ७४६७२४७ / या ८ रू ६ } अत्र लब्धिस्तावद् भगणशेषं गुणश्च विकलात्मको ग्रहः । एवं भौमभगणाः २२९६८२८५२२ भाज्यः । भगणशेषं सक्षेपं या ९७४०२२५ रू ७४६७२४७ शुद्धिः। कल्पकुदिनानि १५७७९१६४५०००० हारः। अत्र लब्धिर्गतभगणाः । गुणोऽहर्गणः स्यात् परमत्र कुट्टकाविधिना लब्धिगुणानयने भाज्यहरौ द्वयेनापवर्तेते ततः शुद्ध्यापि तेनापवर्त्यया भाव्यमिति ९७४०२२५ इमं यावत्तावदङ्कं भाज्यं
१
७४६७२४७ इमानि रूपाणि क्षेपं, द्वयं च हरं प्रकल्प्य कुट्टकविधिना साधितौ लब्धिगुणौ ८६०३७३६ ततः 'इष्टाहतस्वस्वहरेण–' इत्यादिनेष्टं कालकं प्रकल्प्य साधितो गुणः सक्षेपः का २ रू १ इदं यावत्तावन्मानम् । अनेनोत्थापिता शुद्धिर्जातं द्वयेनापवर्त्य भगणशेषम् का १९४८०४५० रू १७२०७४७२ एवं पूर्वसाधिते या ८ रू ६ अस्मिन्गुणे चोत्थापिते सिद्धो विकला-

त्मको ग्रहः। का १६ रू १४। तथा च भौमभगणाः २२९६८२८५२२ भाज्यः । कुदिनानि १५७७९१६४५०००० हारः । का १९४८०४५० रू १७२०७४७२ इदं भगणशेषं शुद्धिः एते द्वाभ्यामपवर्तिता जाता दृढाः ।

{ दृ. भा. ११४८४१४२६१ दृ. शु. का ९७४०२२५
रू ८६०३७३६ दृ. ह ७८८९५८२२५००० }

अत्र पूर्वं तावद्रूपशुद्धौ साधितौ लब्धिगुणौ ६२८८८३६ ततः
४३२०४१७३४१

'क्षेपे तु रूपे यदि वा विशुद्धौ–' इत्यादिना, का ९७४०२२५ रू ८६०३७३६ अस्यां शुद्धौ सिद्धौ लब्धिगुणौ

का ५५७७७४८८२ रू १०९५१९८५४२
का ३८३१९०१९१७२५ रू ७५२३९९१३५९७६

अत्र कालकमानमिष्टं प्रकल्प्य तेनोत्थापितावेतौ लब्धिगुणौ स्वस्वदृढभाज्यहाराभ्यां तष्टौ क्रमेण गतभगणाहर्गणमाने भवतः । पुनरेते इष्टाहतस्वीयदृढभाज्यहाराभ्यां युक्ते चानेकधा स्याताम्। तथा तेनैव कल्पितेन कालकमानेनोत्थापितमिदं का १६ रू १४ विकलात्मको ग्रहो भवेत् ।

यथा कालके शून्येनोत्थापिते जातोऽहर्गणः७५२३९९१३५९७६ ग्रहश्च ०।०।०।१४ । कालके रूपेणोत्थापिते जातोऽहर्गणः ११३५५८९३२७७०१ ग्रहश्च ०।०।०।३० एवं कालके ४२८७९ अनेनोत्थापिते जातम् १६४३१५६४६३०११२२५१ अस्मिन् ७८८९५८२२५००० अनेन दृढहरेण तष्टे जातोऽहर्गणः ७२०६३६२६२२५१ अयमिष्टाहतेन दृढहरेण युक्तोऽनेकधा स्यात् ।

एवं ४२८७६ अनेनैव कालकमानेनोत्थापितमिदं का १६ रू १४ जातो विकलात्मको ग्रहः ६८६०७८ अतो राश्यादिः ६।१०।३४।३८ । एवमिष्टवशादनेकधा ॥

ग्रह के विकलाशेष पर से ग्रह का और अहर्गण का साधन करतेहैं—
यहां साठ भाज्य, कुदिन हार, और विकलाशेष ऋण क्षेप है तो विकला लब्धि और कलाशेष गुण होगा ।

फिर साठ भाज्य, कुदिन हार, और कलाशेष ऋणक्षेप है तो कला लब्धि और भागशेष गुण होगा ।

फिर तीस भाज्य, कुदिन हार, और भागशेष ऋणक्षेप है तो भाग लब्धि और राशिशेष गुण होगा ।

फिर बारह भाज्य, कुदिन हार, और राशिशेष ऋणक्षेप है तो राशि-लब्धि और भगणशेष गुण होगा ।

फिर कल्प के ग्रह भगण भाज्य, कुदिनहार, और भगण शेष ऋण-क्षेप है तो गतभगण लब्धि और अहर्गण गुण होगा ।

इसभांति कल्प के अधिमास भाज्य, रविदिन हार और अधिमास शेष ऋणक्षेप है तो गताधिमास लब्धि और गत रविदिन गुण होगा ।

फिर कल्प के अवमदिन भाज्य, चान्द्रदिन हार, और अवमशेष ऋण-क्षेप है तो गतावम लब्धि और गतचान्द्र दिन गुण होगा ।

अब छात्र जनोंके बोधके लिये कल्प कुदिन १९, कल्पग्रह भगण ९ और अहर्गण १३ कल्पना करके उक्त बात को दर्शाते हैं—कल्प के कुदिन में कल्प के ग्रह भगण मिलते हैं तो इष्ट कुदिन (अहर्गण) में क्या, इस भांति अनुपात द्वारा 'द्युचरचक्रहतो दिनसंचयः कहृद्धतो भगणादिफलंग्रहः— इस प्रकार के अनुसार ग्रह सिद्ध किये जाते हैं । प्रकृत में अहर्गण १३ को भगण ९ से गुणनेसे ११७ हुए इनमें कुदिन १९ का भाग देने से ग्रह भगण ६ लब्ध मिले भगण शेष ३ अवशिष्ट रहा, इसको १२ से गुणनेसे

३६ हुए इनमें कुदिन १९ का भाग देने से राशि १ लब्ध मिला राशि शेष १७ अवशिष्ट रहा, इसको ३० से गुणने से ५१० हुए इनमें कुदिन १९ का भाग देने से अंश २६ लब्ध मिले अंश शेष १६ अवशिष्ट रहा, इसको ६० से गुणने से ९६० हुए इनमें कुदिन १९ का भाग देने से कला ५० लब्ध मिली कलाशेष १० अवशिष्ट रहा, इसको ६० से गुणने से ६०० हुए इनमें कुदिन १९ का भाग देने से विकला ३१ लब्ध मिला विकलाशेष ११ अवशिष्ट रहा, अगिले अवयवों के लानेका आवश्यक नहीं है इसकारण विकलाशेष ११ को छोड़ दिया। इसभांति भगणादिक ग्रह सिद्धहुआ ६ । १ । २६ । ५० । ३१ । अब इस पर से विलोमकर्म के अनुसार ग्रह और अहर्गण का आनयन करते हैं- तहां 'कल्प्याथ शुद्धिः-' इस प्रकार से भाज्य हार और क्षेप निष्पन्न हुए

भा=६० । क्षे=१̇१ ।
हा=१९ ।

उक्तविधि के अनुसार वल्ली हुई ३ बाद दो राशि हुए २०९ ६६

६
१̇१
०

तष्टित करने से लब्धि गुण हुए २९ ८ 'योगजे तक्षणाच्छुद्धे—' इस सूत्रके अनुसार ऋणक्षेप में लब्धि गुण हुए ३१ १० यहां लब्धि ३१ विकला हैं और गुण १० कला शेष हैं। अब इस कला शेष १० को ऋणक्षेप मान कर कला के लाने के लिये कुट्टक करते हैं-भा=६० । क्षे=१̇० ।
हा=१९ ।

उक्तरीति से वल्ली हुई ३ बाद दो राशि हुए १९० तष्टित करने से
६०

६
१̇०
०

योगज लब्धि गुण हुए $\frac{१०}{३}$ इन्हें अपने अपने तक्षण में शुद्ध करने से ऋणक्षेप में लब्धि गुण हुए $\frac{५०}{१६}$ यहां लब्धि ५० कला हैं और गुण १६ अंश शेष हैं। अब अंश शेष १६ को ऋणक्षेप कल्पना कर के अंश के जानने के लिये कुट्टक करते हैं—भा=३। क्षे=१६।
हा=१९।

उक्त प्रकार से वल्ली हुई १ और दो राशि हुए १७६
१ ११२
१
२
१
१६
०

तष्टित करने से हुए $\frac{२६}{१७}$ अब वल्ली के विषम होने से और ऋणक्षेप के होने से दो बार शोधन करने से लब्धिगुण ज्यों के त्यों रहे $\frac{२६}{१७}$ लब्धि २६ अंश हैं और गुण १७ राशिशेष हैं। अब राशिशेष १७ को ऋणक्षेप मानकर राशि जाननेके लिये कुट्टक करते हैं—भा=१२ क्षे=१७।
हा= १९।

उक्त विधि के अनुसार वल्ली सिद्ध हुई ० बाद दो राशि हुए
१
१
१
२
१७
०

$\frac{८५}{१३६}$ तष्टित करने से लब्धि गुण हुए $\frac{१}{२}$ वल्ली के विषम होने से

और ऋणक्षेप होने से दो बार शोधन करने से लब्धि गुण ज्यों के त्यों रहे $\begin{matrix}१\\३\end{matrix}$। यहां लब्धि १ राशि है और गुण ३ भगण शेष हैं। अब भगण शेष ३ को ऋणक्षेप कल्पना करके कुट्टक करते हैं—भ=९। क्षे=३̇।
हा=१९।

उक्तविधि से वल्ली हुई $\begin{matrix}०\\२\\३\\०\end{matrix}$ और लब्धि गुण हुए $\begin{matrix}३\\६\end{matrix}$ शुद्ध करने से $\begin{matrix}६\\१३\end{matrix}$ हुए। यहां लब्धि ६ गत भगण हैं और गुण १३ अहर्गण है। यही अपने को इष्ट था॥

वासना—

साठ को कला शेष से गुणकर कुदिन का भाग देने से लब्ध विकला आती हैं और शेष विकलाशेष रहता है इसलिये किस गुण से गुणित विकलाशेष से हीन और कुदिन से भागाहुआ साठ निःशेष होगा इस कारण गुण जानने के लिये कुट्टक किया है। इससे गुण कलाशेष और लब्धि विकला सिद्ध हुई। इसी भांति साठ को अंशशेष से गुणकर कुदिन का भाग देने से लब्ध कला आती हैं और शेष कलाशेष रहता है इस लिये अंशशेषमित गुण से गुणित कलाशेष से हीन और कुदिन से भागा हुआ साठ निःशेष होगा वहां लब्धिकला और गुण भागशेष कुट्टक के द्वारा सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार राशिशेष से गुणित भागशेष से हीन और कुदिन से भागाहुआ भाज्य तीस निःशेष होगा वहां लब्धि भाग और गुण राशिशेष होता है। इसी भांति भगणशेष से गुणित राशिशेष से हीन और कुदिन से भागा हुआ भाज्य बारह निःशेष होगा वहां लब्धि राशि और गुण भगणशेष होता है। इसीप्रकार अहर्गण से गुणित भगण-शेष से हीन और कुदिन से भागा हुआ ग्रह भगण निःशेष होगा वहां लब्धिगत भगण और गुण अहर्गण होता है, यों उक्त स्थलों में सर्वत्र कुट्टक का विषय प्राप्त हुआ।

अब इसीप्रकार, कल्प के सौरदिन में कल्प के अधिमास मिलते हैं तो इष्ट सौर दिन में क्या, यों अनुपात करने से कल्प के अधिमास इष्ट सौर से गुणे जाते हैं और कल्प के सौर दिन से भागे जाते हैं वहां लब्ध इष्ट-अधिमास आते हैं और शेष अधिमास शेष बचता है इसलिये किस गुण से गुणित अधिमासशेष से रहित और कल्प के सौर दिन से भागे हुए कल्पाधिमास निःशेष होंगे यह कुट्टक का विषय उपस्थित हुआ, यहां जो गुण आवेगा वही इष्ट सौर दिन होंगे और जो लब्धि होगी वही गताधिमास। इसीभांति कल्पचान्द्र दिनमें कल्प के अवम मिलते हैं तो इष्टचान्द्र दिन में क्या, यों अनुपात करने से कल्प के अवमदिन इष्टचान्द्र दिन से गुणे जाते हैं और कल्प के चान्द्र दिन से भागेजाते हैं वहां लब्ध गत अवम आते हैं और शेष अवमशेष रहता है इसलिये किस गुण से गुणित अवमशेष से रहित और कल्प के चान्द्र दिन से भागे हुए कल्पावम निःशेष होंगे यों कुट्टक की रीति से लब्धिगत अवम और गुण इष्टचान्द्र दिन सिद्ध होते हैं। इसप्रकार 'कल्प्याथ शुद्धिः—' यह विधि उपपन्नहुआ॥

अथ संश्लिष्टकुट्टके करणसूत्रं वृत्तम्।

एको हरश्चेद्गुणकौ विभिन्नौ
तदा गुणैक्यं परिकल्प्य भाज्यम्।
अग्रैक्यमग्रं कृत उक्तवद्यः
संश्लिष्टसंज्ञः स्फुटकुट्टकोऽसौ[1] ॥ ३९ ॥

---

१ अत्र श्रीबापुदेवपादाः—

अन्योन्याग्राहतयोर्गुणयोः संश्लिष्टकुट्टके यत्र।
वियुतिर्हरेण भक्ता न निरग्रास्यात्खिलं तदुद्दिष्टम्॥

'कः पञ्चनिघ्नः—' इस उदाहरण में ५ गुण से दस के अग्र १४ को गुणने से ७० हुए और १० गुणसे पांच के अग्र ७ को गुणनेसे ७० हुए इनका अन्तर ० हुआ यह हर ६३ का भाग देने से शुद्ध होता है इसलिये यह उदाहरण शुद्ध है॥

एवमेकस्मिन् गुणके सति राशिज्ञानमभिधाय द्व्यादिषु गुणकेषु सत्सु राशिज्ञानमुपजात्याह–एक इति । चेदेको हरः स्यात्, गुणकौ तु विभिन्नौ स्याताम् 'गुणकौ' इत्युपलक्षणम्, तेन त्र्यादयो वा गुणकाः स्युः । एकस्यैव राशेः पृथक् पृथक् द्वौ गुणकौ त्रयश्चतुरादयो वा गुणकाः स्युः । सर्वत्र हरस्त्वेक एव स्यात् । तदा तेषां द्व्यादीनां गुणकानामैक्यं भाज्यं परिकल्प्य उद्दिष्टं यदग्रैक्यं तदग्रमृणक्षेपं प्रकल्प्य अर्थाद्धरमेव हरं प्रकल्प्य उक्तवद्यः कृतः स्फुटः कुट्टकः असौ संश्लिष्टसंज्ञः स्यात् । 'संश्लिष्टस्फुटकुट्टकः' इत्यन्वर्थसंज्ञा । तथाहि–कुट्टको गुणकविशेषः संश्लिष्टानामेकीभूतानां परस्परं संवलितानामिति यावत् अग्राणां शेषाणां संबन्धी स्फुटोऽव्यभिचरितः कुट्टकः संश्लिष्टकुट्टकः । स एव राशिः स्यादित्यर्थात्सिद्धम् । अत्र लब्धिर्न ग्राह्या । अत्र हि यथोद्दिष्टैर्गुणकैः पृथग्गुणिते राशौ हरतष्टे सति या आगता लब्धयस्तदग्राणां चैक्ये हरतष्टे सति या लब्धिः सा न ग्राह्या, अत्र हि यथोद्दिष्टैः कुट्टकैः पृथग्गुणिते राशौ हरतष्टे या आगता लब्धयस्तासामैक्यं तदत्र कुट्टके लब्धिरूपमुत्पद्यते प्रयोजनाभावात्तन्न ग्राह्यम् ॥

यो राशिरीश्वरैः (११) सप्तचन्द्रै (१७) र्निघ्नोऽग्निदृग् (२३) घृतः ।
पञ्चशेषस्त्रिशेषः स्यात्क्रमाद्राशिं वदाशु तम् ॥

इस उदाहरण में ११ गुण से सत्तरह के अग्र ३ को गुणने से ३३ हुए और १७ गुणसे ग्यारह के अग्र ५ को गुणने से ८५ हुए इन का अन्तर ५२ हुआ यह हर २३ का भाग देने से शुद्ध नहीं होता है इसलिये यह उदाहरण अशुद्ध है । जैसा—

भाज्य=२८ क्षेप=८
हार=२३

वल्ली
१
४
१
१
८
०

वल्ली से गुण २० लब्धि २४ । इत्यादि ॥

संश्लिष्ट कुट्टक का प्रकार—

यदि हर एक हो और गुण अनेक हों तो उन गुणकों के ऐक्य को भाज्य और शेषों के ऐक्य को ऋणक्षेप कल्पनाकरके कहे हुए प्रकार के अनुसार जो कुट्टक किया जाता है वह संश्लिष्ट कुट्टक है ॥

उपपत्ति—

गुणगुणित और युक्त कोई राशि, गुणयोगगुणित उसी राशि के तुल्य होता है। और वहां अलग अलग हर से भागी हुई लब्धियों का योग अथवा हरसे भागाहुआ योग, ये भी समान होते हैं। जैसा—राशि १० को २, ३ और ४ गुणकों से अलग २ गुणा देने से हुए २०। ३०। ४०। इन में हर १९ का भाग देने से १। १। २ लब्धि आई और १। ११। २ ये शेष रहे।

अथवा पूर्वराशि १० को २। ३। ४ गुणकों के योग ९ से गुण देने से ९० हुए अब इन में हर १९ का भाग देने से ४ लब्धि आई और शेष १४ रहा।

यहां १। १। २ इन लब्धियों के योग ४ के समान ४ लब्ध आये हैं और १। ११। २ इन शेषों के योग १४ के समान शेष १४ रहा है इसलिये उद्दिष्ट राशि १० गुणक योग ९ से गुणित ९० और शेष योग १४ से ऊन ७६ हर १९ से भागा हुआ निःशेष होता है यों कुट्टकविधि के अनुसार गुणही राशि सिद्ध हुआ। इससे 'एको हरश्चेद् गुणकौ विभिन्नौ—' यह सूत्र उपपन्न हुआ।

उदाहरणम्—

कः[1] पञ्चनिघ्नो विहृतस्त्रिषष्ट्या
सप्तावशेषोऽथ स एव राशिः।

---

[1] अत्र ज्ञानराजदैवज्ञाः—
सप्ताहतःसूर्यहृतः शराग्रः पञ्चाहतः सूर्यहृतो हयाग्रः।
तमेव राशिं वद कुट्टकेऽस्मिन्संश्लिष्टसंज्ञे सितता मतिस्ते ॥

दशाहतः स्याद्विहृतस्त्रिषष्ट्या
चतुर्दशाग्रो वद राशिमेनम् ॥ २७ ॥

अत्र गुणैक्यं भाज्यः । अग्रैक्यं शुद्धिः ।

न्यासः । भाज्यः १५ । हारः ६३ । क्षेपः २१ । पूर्ववज्जातो । गुणः १४ अयमेव राशिः ।

इति कुट्टकः ।

उदाहरण—

वह कौन सा राशि है जिसको पांच से गुणकर तिरेसठका भाग देते हैं तो सात शेष रहता है और उसी राशि को दससे गुणकर तिरसठका भाग देते हैं तो चौदह शेष रहता है ।

यहां ५ । १० इन गुणकोंके ऐक्य १५ को भाज्य और ७।१४ इन शेषों के ऐक्य को २१ ऋणक्षेप मानकर कुट्टकके लिये न्यास करते हैं । भाज्य=१५ । क्षेप=२̇१ । हार=६३ ।

इन में तीन का अपवर्तन देने से दृढ भाज्य हार और क्षेप हुए ।

दृ. भा. ५ । दृ. क्षे. ७̇ ।
दृ. हा. २१ ।
} वल्ली हुई ०
४
७
०

उक्त रीति से लब्धि गुण हुए $\begin{matrix}७\\२८\end{matrix}$ अपने अपने हारों से तष्टित करने से $\begin{matrix}२\\७\end{matrix}$ हुए । अब ऋणक्षेप होनेके कारण अपने अपने हारों में से घटाने से ऋणक्षेप में लब्धि गुण हुए $\begin{matrix}३\\१४\end{matrix}$ । आलाप–गुण राशि १४ को ५ से गुणनेसे ७० हुए इनमें हर ६३ का भाग देने से १ लब्धि

आई और ७ शेष रहा। फिर राशि १४ को १० से गुणने से १४० हुए इन में हर ६३ का भाग देने से २ लब्धि आई और शेष १४ बचा। यहां १ । २ इन दोनों लब्धियों के योग ३ के तुल्य कुट्टक के द्वारा भी लब्धि सिद्ध हुई ३ ।

संश्लिष्टकुट्टक के और उदाहरण प्रश्नाध्याय में कहे हैं । जैसा— 'ये याताधिकमासहीनदिवसा—' इत्यादि । और 'चक्राग्राणि गृहाग्रकाणि च लवाग्राणि—' इत्यादि ।

कुट्टक समाप्त हुआ ।

इति द्विवेदोपाख्याचार्यश्रीसरयूप्रसादसुत–दुर्गाप्रसादोन्नीते लीलावतीहृदयग्राहिणि बीजविलासिनि कुट्टकः समाप्तः ॥

दुर्गाप्रसादरचिते भाषाभाष्ये मिताक्षरे ।
वासनाभङ्गिसुभगः कुट्टकः कुट्टितोऽभवत् ॥ ५ ॥

अथ वर्गप्रकृतिः।

तत्र रूपक्षेपपदार्थं तावत्करणसूत्राणि-

इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः प्रकृत्या
क्षुण्णो युक्तो वर्जितो वा स येन।
मूलं दद्यात्क्षेपकं तं धनर्णं
मूलं तच्च ज्येष्ठमूलं वदन्ति ॥ ४० ॥

एवमनेकवर्णप्रक्रियोपयुक्तं कुट्टकमभिधाय सांप्रतमनेकवर्णमध्यमाहरणोपयुक्तां वर्गप्रकृतिं निरूपयति-तत्र प्रथमं तत्स्वरूपं शालिन्याह-इष्टमिति। अनेकवर्णमध्यमाहरणे पक्षयोः समीकरणानन्तरम् एकपक्षस्य मूले गृहीते सति द्वितीयपक्षे यदि सरूपोऽव्यक्तवर्गः स्यात् यथा-काव १२ रू १। तत्र पूर्वपक्षतुल्यतया द्वितीयपक्षेणापि मूलदेन भाव्यम्। अस्ति चात्र कालकवर्गो रविगुणो रूपसहितश्च। अतो यस्य वर्गो रविगुणो रूपसहितः सन् वर्गो भवेत्तदेव कालकमानमित्यर्थात्सिध्यति। यच्चात्र पदं तत्पूर्वपक्षपदसमम् उभयपक्षयोः समत्वात्। वर्गः प्रकृतिर्यत्रेति वर्गप्रकृतिः। प्रथममिष्टं ह्रस्वपदं प्रकल्प्य तस्य वर्गः प्रकृत्या गुणितो येनाङ्केन सहितो रहितो वा मूलं दद्यात्तमङ्कं धनमृणं वा क्षेपकं वदन्त्याचार्याः। तन्मूलं ज्येष्ठमूलमिति वदन्त्याचार्याः। प्रथमतो यदिष्टं पदं प्रकल्पितं तच्च ह्रस्वमिति वदन्त्याचार्याः। अन्वर्थाश्चैताः संज्ञाः। यत्र तु क्षेपवियोगात्कुत्रचिज्ज्येष्ठपदं ह्रस्वपदादल्पं भवति तत्रापि भावनया ह्रस्वपदादधिकमेव भवति॥

वर्गप्रकृति-

इस भांति अनेक वर्ण की प्रक्रिया के उपयोगी कुट्टक को कहकर

अब अनेकवर्ण मध्यमाहरण की सहकारिणी वर्गप्रकृति को कहते हैं—वहां पर प्रथम उसके स्वरूप का निरूपण करते हैं—पहिले कोई एक राशि को इष्ट कल्पना करलो और उसका वर्ग करो, वह (वर्ग) प्रकृति से गुणा हुआ जिस अङ्क से युक्त अथवा ऊन करनेसे मूल मिले उस अङ्क को क्रम से धन और ऋण क्षेप कहते हैं; और उस मूलको ज्येष्ठमूल कहते हैं, पहिले जिस राशिको इष्ट कल्पना किया है उसे ह्रस्व लघु और कनिष्ठ भी कहते हैं॥

ह्रस्वज्येष्ठक्षेपकान्न्यस्य तेषां
तानन्यान्वाऽधो निवेश्य क्रमेण ।
साध्यान्येभ्यो भावनाभिर्बहूनि
मूलान्येषां भावना प्रोच्यतेऽतः ॥ ४१ ॥
वज्राभ्यासौ ज्येष्ठलघ्वोस्तदैक्यं
ह्रस्वं लघ्वोराहतिश्च प्रकृत्या ।
क्षुण्णा ज्येष्ठाभ्यासयुग् ज्येष्ठमूलं
तत्राभ्यासः क्षेपयोः क्षेपकः स्यात् ॥ ४२ ॥
ह्रस्वं वज्राभ्यासयोरन्तरं वा
लघ्वोर्घातो यः प्रकृत्या विनिघ्नः ।
घातो यश्च ज्येष्ठयोस्तद्वियोगो
ज्येष्ठं क्षेपोऽत्रापि च क्षेपघातः ॥ ४३ ॥

एवमेकेषु ह्रस्वज्येष्ठक्षेपेषु ज्ञातेष्वनेकत्वार्थमुपायं शालिनीत्रयेणाह—ह्रस्व इत्यादिना । पूर्वनिष्पन्नान् ह्रस्वज्येष्ठक्षेपकान् एकस्यां पङ्क्तौ विन्यस्य तेषां (ह्रस्वज्येष्ठक्षेपकाणां) अधः अधोभागे तान् (पूर्वनिष्पन्नान्) अन्यान् वा ह्रस्वज्येष्ठक्षेपकान् क्रमेण विलिख्य

एतेभ्यः पङ्क्तिद्वयस्थापितेभ्यो ह्रस्वज्येष्ठक्षेपकेभ्यो यतो भावनाभिः बहून्यनन्तानि मूलानि साध्यानि अतस्तेषां भावना प्रोच्यते वि-विच्य कथ्यते—तस्यामेव प्रकृताविति ज्ञेयम् । तत्र भावना द्वि-विधा । समासभावना, अन्तरभावना चेति । तत्र पदयोर्महत्त्वे-ऽपेक्षिते समासभावनामाह—वज्राभ्यासावित्यादिना । ज्येष्ठल-घ्वोर्यौ वज्राभ्यासौ तयोरैक्यं ह्रस्वं स्यात् । वज्राभ्यासो नाम तिर्यग्गुणनम् । यथा किल वज्रस्य तिर्यक् प्रहारो भवति तथैवात्र गुणनकरणादस्य गुणनविशेषस्य वज्राभ्यास इति संज्ञा, वज्रव-दभ्यासो वज्राभ्यास इति समासः । तस्मादूर्ध्वकनिष्ठेनाधःस्थं ज्येष्ठं गुणनीयमधःस्थकनिष्ठेनोर्ध्वस्थं ज्येष्ठं गुणनीयं तयोरैक्यं ह्रस्वं स्यात् । लघ्व्योराहतिः प्रकृत्या गुणिता ज्येष्ठयोर्वधेन युक्ता ज्येष्ठ-मूलं स्यात् । क्षेपयोरभ्यासः क्षेपकः स्यादिति । अथ पदयोर्लघुत्वे-ऽभीप्सितेऽन्तरभावनामाह—ह्रस्वं वज्राभ्यासयोरन्तरं वेति । वज्रा-भ्यासयोरन्तरं वा ह्रस्वं स्यात् । ऐक्यापेक्षया विकल्पः । अत्र यः प्रकृत्या गुणितो लघ्व्योर्घातः, यश्च केवलयोर्ज्येष्ठयोर्घातस्तद्वियोगो ज्येष्ठं स्यात् । अत्रापि क्षेपघातः क्षेपः पूर्ववदेव स्यात् ॥

इसभांति एक ह्रस्व ज्येष्ठ और क्षेप जानकर उनके
अनेक करने का प्रकार—

पहिले सिद्ध किये हुए ह्रस्व, ज्येष्ठ और क्षेपों को एक पंक्ति में लिख कर उनके नीचे क्रम से उन्हीं पूर्वोत्पन्न ह्रस्व, ज्येष्ठ और क्षेपों को, अ-थवा और ह्रस्व, ज्येष्ठ, क्षेपों को लिखो, इस प्रकार दो पंक्ति में स्थापित किये हुए ह्रस्व, ज्येष्ठ और क्षेप इन पर से भावना के द्वारा अनन्त ह्रस्व, ज्येष्ठ और क्षेप सिद्ध होते हैं इसलिये भावना का निरूपण करते हैं— यहां भावना दो प्रकार की होती है, एक समासभावना—दूसरी अन्तर-भावना । अब पहिले पदों के महत्त्व जानने के लिये समासभावना को

कहते हैं---ज्येष्ठ और लघु इनको जो वज्राभ्यास अर्थात् तिर्यग्गुणन उन का योग ह्रस्व होता है, तात्पर्य यह हैं कि ऊपर की पङ्क्तिवाले कनिष्ठ से नीचली पङ्क्तिवाले ज्येष्ठ को गुण दो और नीचली पङ्क्तिवाले कनिष्ठ से ऊपर की पङ्क्तिवाले ज्येष्ठ को गुण दो बाद उन दोनों गुणनफलों का योग करो वह कनिष्ठ होगा। कनिष्ठों के घात को प्रकृति से गुण दो और उसमें ज्येष्ठों के घात को जोड़ दो वह ज्येष्ठमूल होगा। और क्षेपकों का घात क्षेप होगा॥

अब पदों के लघुत्व जानने के लिये अन्तरभावना को कहते हैं—

ज्येष्ठ और कनिष्ठ इनके वज्राभ्यास का जो अन्तर वह कनिष्ठ होगा। कनिष्ठों के घात को प्रकृति से गुणकर एक स्थानमें रक्खो और केवल ज्येष्ठों का घात करो बाद उन दोनों घातों का अन्तर करो वह ज्येष्ठमूल होगा। और समासभावना के तुल्य क्षेपों का घात यहां भी क्षेपही होगा॥

इष्टवर्गहृतः क्षेपः क्षेपः स्यादिष्टभाजिते।
मूले ते स्तोऽथवा क्षेपः क्षुण्णः क्षुण्णे तदा पदे॥ ४४॥

एवं भावनाभ्यामिष्टक्षेपजपदसिद्धौ तेभ्य एव क्षेपान्तरजपदानयनमथ च यत्र कुत्रापि क्षेपे पदसिद्धौ स चेदिष्टवर्गेण गुणितो भक्तो वा उद्दिष्टक्षेपो भवेत्तदा तेभ्य एवोद्दिष्टक्षेपजपदानयनमनुष्टुभाह—इष्टवर्गहृत इति। यत्र क्षेपे कनिष्ठज्येष्ठपदे सिद्धे सक्षेप इष्टस्य वर्गेण भक्तः सन् यदि क्षेपो भवेत् तदा ते पदे इष्टभक्ते सती पदे स्तः। यदि त्विष्टवर्गेण गुणितः सन् क्षेपो भवेत् तदा ते पदे इष्टगुणिते पदे स्तः। यस्य इष्टस्य वर्गेण क्षेपो गुणितस्तेन पदे गुणनीये इत्यर्थः॥

विशेष—

जिस क्षेप में कनिष्ठ और ज्येष्ठ पद सिद्ध हुए हैं सो क्षेप यदि इष्ट वर्ग के भाग देने से अभिमत क्षेप होय तो कनिष्ठ ज्येष्ठ पद इष्ट के भाग देने से अभिमत कनिष्ठ ज्येष्ठ पद होंगे, और यदि क्षेप इष्ट वर्ग से गुणित क्षेप होय तो कनिष्ठ ज्येष्ठ पद इष्ट से गुण देने से कनिष्ठ ज्येष्ठ पद होंगे॥

धन स्वक्षेपे

इष्टवर्गप्रकृत्योर्यद्विवरं तेन वा भजेत् ।
द्विघ्नमिष्टं कनिष्ठं तत्पदं स्यादेकसंयुतौ ॥ ४५ ॥
ततो ज्येष्ठमिहानन्त्यं भावनातस्तथेष्टतः ।

---

१ अत्र श्रीबापुदेवपादोक्तानि सूत्राणि —

द्विघ्नसंकलितेन स्यात्समाना प्रकृतिर्यदा ।
तदा ह्रस्वपदं रूपद्वयं स्यादेकसंयुतौ ॥ १ ॥
सैकया व्येकया वापि कृत्या तुल्यो यदा गुणः ।
तस्याः कृतेः पदं द्विघ्नं ह्रस्वं स्याद् भूयुतौ तदा ॥ २ ॥
घनया वाद्यया वापि कृत्या स्यात्प्रकृतिर्यदा ।
समा तदैकयोगे स्याद् ह्रस्वं तस्याः कृतेः पदम् ॥ ३ ॥
क्षेपस्य वर्गरूपस्य मूलेनाद्याथवोनिता ।
प्रकृतिश्चेत्कृतिस्तस्याः पदं द्विघ्नं भवेल्लघु ॥ ४ ॥
इष्टाहता ह्रस्वकृतिः पृथिव्या
युतोनिता ज्येष्ठपदं द्विधा स्यात् ।
विधूनिता ज्येष्ठकृतिः कनिष्ठ-
वर्गेण भक्ता प्रकृतिर्भवेच्च ॥ ५ ॥
यदा कनिष्ठस्य कृतिः समा भवे-
त्तदा कृतेः खण्डमभीष्टसंगुणम् ।
भुवोनयुग् ज्येष्ठपदं भवेद्द्विधा
ततो गुणो वेष्टवशादनेकधा ॥ ६ ॥

(१) प्र=२० । क्षे=१ ।
क २ ज्ये ९

(२) प्र =२४ वा, प्र=५० । क्षे=१ ।
क १० ज्ये ४९ । क १४ ज्ये ९९

(३) प्र=३९८ वा, प्र=९८ । क्षे=१
क २० ज्ये ३९९ । क १० ज्ये ९९

(४) प्र=२० वा, प्र=२१ । क्षे=२५
क १० ज्ये ४५ क ८ ज्ये ३७

(५-६) प्र=२० वा, प्र=१२ । क्षे=१ । इष्ट=२
क २ ज्ये ९ वा, ज्ये ७

अथ यत्र कुत्राप्युद्दिष्टक्षेपे रूपक्षेपजपदाभ्यां भावनया पदानेकत्वं भवतीति रूपक्षेपजपदसाधनं प्रकारान्तरेण सार्धानुष्टुभाह— इष्टवर्गप्रकृत्योरिति । इष्टवर्गप्रकृत्योर्यद्विवरं तेन द्विघ्नमिष्टं भजेत् तदा एकसंयुतौ रूपक्षेपे कनिष्ठं स्यात् ततः कनिष्ठाज्ज्येष्ठं स्यात् । 'इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः प्रकृत्या क्षुण्णः–' इत्यादिना इह कनिष्ठज्येष्ठयोर्भावनावशात्तथेष्टवशादानन्त्यमस्ति ॥

विशेष—

इष्टवर्ग और प्रकृति इनका अन्तर करो और उस अन्तर का दूने इष्टमें भाग दो तो रूपक्षेप में कनिष्ठ होगा, बाद उस कनिष्ठ पर से 'इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः प्रकृत्या क्षुण्णः–' इस सूत्र के अनुसार ज्येष्ठ सिद्ध करो । इस भांति कनिष्ठ और ज्येष्ठ के भावनावश से तथा इष्टवश से अनेक कनिष्ठ ज्येष्ठ होंगे ॥

'इष्टं ह्रस्वं-' इस सूत्र की उपपत्ति अत्यन्त सुलभ है । अब भावनोपपत्ति को कहते हैं—

स्पष्ट प्रतीत होने के लिये आद्य और द्वितीय पदों के पहिले अक्षर लिखकर कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेपों की दो पङ्क्ति लिखते हैं,

आक १ । आज्ये १ । आक्षे १
द्विक १ । द्विज्ये १ । द्विक्षे १ } यहां अन्योन्य ज्येष्ठको इष्ट कल्पना

करके '–क्षेपः क्षुण्णः क्षुण्णे तदा पदे' इस सूत्र के अनुसार क्रियाकरनेसे कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए,

द्विज्ये. आक १ । द्विज्ये. आज्ये १ । द्विज्येव. आक्षे १
आज्ये. द्विक १ । द्विज्ये. आज्ये १ । आज्येव. द्विक्षे १ } यहां पहिली

पङ्क्ति में द्वितीयज्येष्ठवर्ग से गुणाहुआ आद्यक्षेप है उसका प्रकारान्तर से साधन करते हैं द्वितीयकनिष्ठवर्ग को प्रकृति से गुणकर द्वितीयक्षेप जोड़ देने से द्वितीयज्येष्ठ का वर्ग हुआ,

द्विकव. प्र १ । द्विक्षे १

इससे आद्यक्षेपको गुणदेने से उक्त क्षेप खण्डद्वयात्मक हुआ,

द्विकव. प्र. आक्षे १ । द्विक्षे. आक्षे १

यहां पहिले खण्ड में जो आद्यक्षेपहै उसका प्रकारान्तर से साधन करते हैं। द्वितीय ज्येष्ठवर्ग के दो खण्ड हैं—प्रकृति से गुणाहुआ द्वितीयकनिष्ठवर्ग एक खण्ड, द्वितीय क्षेप दूसरा। ज्येष्ठवर्ग में प्रकृतिगुणित कनिष्ठवर्ग को घटादेने से क्षेप अवशिष्ट रहताहै इसलिये प्रकृति से गुणेहुए आद्यकनिष्ठवर्ग को आद्यज्येष्ठ वर्ग में घटादेने से आद्यक्षेप हुआ,

आकव. प्र १ । आज्येव १

इसको प्रकृतिगुणित द्वितीयकनिष्ठवर्ग से गुण देने से उक्त क्षेप का पहिला खण्ड हुआ,

द्विकव. प्र. आकव. प्र १ । द्विकव. प्र. आज्येव १ प्रकृति दो बार गुणक है इसलिये प्रकृतिवर्ग गुणक हुआ,

द्विकव. आकव. प्रव १

खण्डों को लिखने से उक्तक्षेप खण्डत्रयात्मक सिद्ध हुआ, द्विकव. आकव. प्रव १ । द्विकव. प्र. आज्येव १ । द्विक्षे. आक्षे १ । यों उक्त दोनों पङ्क्ति में कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए,

द्विज्ये. आक १ । द्विज्ये. आज्ये १ । द्विकव. आकव. प्रव १ द्विकव. प्र. आज्येव १ द्विक्षे. आक्षे १

आज्ये. द्विक १ । द्विज्ये. आज्ये १ । द्विकव. आकव. प्रव १ आकव. प्र. द्विज्येव १ द्विक्षे. आक्षे १

यहां ज्येष्ठ कनिष्ठ का एक अभ्यास पहिली पङ्क्ति में कनिष्ठ है, और दूसरा अभ्यास दूसरी पङ्क्ति में कनिष्ठ है, ज्येष्ठाभ्यासरूप ज्येष्ठ दोनों पङ्क्ति में एकही है। अब हर एक वज्राभ्यास को कनिष्ठ कल्पना करने से क्षेप

बड़ा होगा इसकारण उपायान्तर करते हैं, जैसा—वज्राभ्यासों के योग को कनिष्ठ मान लिया,

कनिष्ठ=द्विज्ये. आक १ आज्ये. द्विक १ इसका वर्ग हुआ, द्विज्येव. आकव १ द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक २ आज्येव. द्विकव १ प्रकृति से गुण देने से हुआ,

द्विज्येव. आकव. प्र १ द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आज्येव. द्विकव. प्र १

अब यह प्रकृतिगुणित कनिष्ठवर्ग जिस क्षेप से जुड़ा मूलप्रद होगा उसका विचार करते हैं—कनिष्ठ वर्ग प्रकृति से गुणा और क्षेप से जुड़ा ज्येष्ठवर्ग होताहै तो दोनों पङ्क्ति में ज्येष्ठ वर्ग सिद्ध हुए,

द्विज्येव. आकव. प्र १ द्विकव. आकव. प्रव १ द्विकव. प्र. आज्येव १ द्विक्षे. आक्षे १

आज्येव. द्विकव. प्र १ द्विकव. आकव. प्रव १ आकव. प्र. द्विज्येव १ द्विक्षे. आक्षे १

यहां दोनों पङ्क्ति में ज्येष्ठाभ्यासरूप ज्येष्ठ के समान होने से ये ज्येष्ठ वर्ग भी समानही हैं। और यह भी ज्येष्ठवर्ग ' द्विज्येव. आज्येव १, समान है। अब प्रकृति से गुणे हुए वज्राभ्यासयोगरूप कल्पितकनिष्ठ के वर्ग में से दोनों ज्येष्ठ वर्गों को अलग अलग घटा देते हैं तो तुल्य शेष रहता है। जैसा—

'द्विज्येव. आकव. प्र १ द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आज्येव. द्विकव. प्र१' इस प्रकृति गुणित कनिष्ठवर्ग में

'द्विज्येव. आकव. प्र १ द्विकव. आकव. प्रव १ द्विकव. प्र. आज्येव १ द्विक्षे. आक्षे १' इस प्रथम पङ्क्तिस्थ ज्येष्ठ वर्ग को घटा देने से शेष रहा।

पहिला शेष=द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आकव. द्विकव. प्रव १ आक्षे. द्विक्षे १।

इसी प्रकार 'द्विज्येव. आकव. प्र १ द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आज्येव. द्विकव. प्र १' इस प्रकृति से गुणे हुए कनिष्ठ के वर्ग में

'आज्येव. द्विकव. प्र १ द्विकव. आकव. प्रव १ आकव. प्र. द्विज्येव १ द्विक्षे. आक्षे १' इस द्वितीय पङ्क्तिस्थ ज्येष्ठवर्ग को घटा देने से शेषरहा

दूसरा शेष=द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आकव. द्विकव. प्रव १ आक्षे. द्विक्षे १। ये पहिले और दूसरे शेष समान हैं।

अब इस शेष को यदि ज्येष्ठवर्ग में जोड़ देते हैं तो प्रकृतिगुणित कल्पित कनिष्ठवर्ग होता है। और यह भी ज्येष्ठवर्ग 'द्विज्येव. आज्येव १' शोधित ज्येष्ठवर्ग के समान है इसलिये इसमें जोड़ देने से प्रकृतिगुणित कल्पित कनिष्ठ वर्ग हुआ

द्विज्येव. आज्येव १ द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आकव. द्विकव. प्रव १ आक्षे. द्विक्षे १

इस में 'आक्षे. द्विक्षे १' इस क्षेपघात को जोड़ने से ज्येष्ठवर्गहुआ

द्विज्येव. आज्येव १ द्विज्ये. आक. आज्ये. द्विक. प्र २ आकव. द्विकव. प्रव १

इसका मूल ज्येष्ठ हुआ

द्विज्ये. आज्ये १ आक. द्विक. प्र १

इससे 'लघ्वोराहतिश्च प्रकृत्या क्षुण्णा ज्येष्ठाभ्यासयुग्ज्येष्ठमूलम्—' इत्यादि सूत्र उपपन्नहुआ। इसीभांति वज्राभ्यास के अन्तर को कनिष्ठ कल्पना करके अन्तरभावना की उपपत्ति जानो। यह नवाङ्कुरकारोक्त उपपत्ति का दिग्दर्शन है।

अथवा विश्वरूपोक्त उपपत्ति।

आक १ आज्ये १ आक्षे १ ⎫ परस्पर ज्येष्ठ को इष्ट कल्पना करके
द्विक १ द्विज्ये १ द्विक्षे १ ⎭ कथित रीति के अनुसार कनिष्ठ ज्येष्ठ और क्षेप सिद्ध हुए,

आक. द्विज्ये १ आज्ये. द्विज्ये १ आक्षे. द्विज्येव १

आज्ये. द्विक १ आज्ये. द्विज्ये १ द्विक्षे. आज्येव १

कनिष्ठों का योग कनिष्ठ कल्पना करने से हुआ

आक. द्विज्ये १ आज्ये. द्विक १

इससे 'वज्राभ्यासौ ज्येष्ठलघ्वोस्तदैक्यं ह्रस्वं–' इतना सूत्र उपपन्न हुआ। उक्त कनिष्ठ का वर्ग प्रकृति से गुणने से हुआ।

आकव. द्विज्येव. प्र १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २ आज्येव. द्विकव. प्र १

पहिले खण्ड में द्वितीयज्येष्ठवर्ग, प्रकृति से गुणा और द्वितीयक्षेप से जुड़ा द्वितीयकनिष्ठ वर्ग के तुल्य है।

द्विकव. प्र १ द्विक्षे १

ज्येष्ठवर्गका प्रकृतिगुणित आद्यकनिष्ठवर्ग गुणक है इसलिये गुणने से हुआ।

आकव. द्विकव. प्रव १ आकव. द्विक्षे. प्र १

तीसरे खण्ड में द्वितीयकनिष्ठ वर्ग, द्वितीय क्षेप से ऊन और प्रकृति से भागा हुआ द्वितीयज्येष्ठवर्ग के तुल्य है

द्विज्येव. द्विक्षे १ / प्र १ } और यही प्रकृतिगुणित आद्यज्येष्ठवर्ग से गुणा हुआ है इसलिये प्रकृति के समान गुणक और हर के उड़ादेने से तीसरे खण्ड का स्वरूप हुआ

आज्येव. द्विज्येव १ आज्येव. द्विक्षे १

दूसरे खण्ड में आद्यज्येष्ठवर्ग, प्रकृति से गुणे और आद्यक्षेप से जुड़े हुए आद्यकनिष्ठवर्ग के समान है

आकव. प्र. आक्षे १

यह ऋणगत द्वितीयक्षेप द्विक्षे १ से गुण देने से हुआ

आकव. प्र. द्विक्षे १ आक्षे. द्विक्षे १

इस भांति वज्राभ्यासयोगरूप कनिष्ठ का वर्ग प्रकृति से गुणा हुआ छ खण्डवाला सिद्ध हुआ

आकव. द्विकव. प्रव १ आकव. द्विक्षे. प्र १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २ आकव. प्र. द्विक्षे १̇ आज्येव. द्विज्येव १ आक्षे. द्विक्षे १̇

यहां दूसरे चौथे खण्डको धन और ऋण होने के कारण उड़ादेने से तथा आद्यक्षेप और द्वितीयक्षेप के घातरूपी क्षेप को जोड़देने से ज्येष्ठ-वर्ग हुआ

आकव. द्विकव. प्रव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २ आज्येव. द्विज्येव १

इसका मूल ज्येष्ठ है

आक. द्विक. प्र १ आज्ये. द्विज्ये १

इससे उक्त सूत्र की उपपत्ति स्पष्ट है। इसीप्रकार वज्राभ्यासों के

आक. द्विज्ये १̇ द्विज्ये. आक १

इस अन्तर के तुल्य कनिष्ठ कल्पना करके उक्त सरणी के अनुसार अन्तर भावना की उपपत्ति जानो ॥

अथवा लाघव से कमलाकरोक्त उपपत्ति ।

ज्येष्ठ के वर्ग में प्रकृतिगुणित कनिष्ठवर्ग को घटादेने से शेष क्षेप रहताहै तो इस प्रकार क्षेपों की दो पङ्क्ति हुईं

प्र. आकव १̇ आज्येव १ }
प्र. द्विकव १̇ द्विज्येव १ } इन का घात क्षेप हुआ

प्रव. आकव. द्विकव १ प्र. आज्येव. द्विकव १̇ प्र. द्विज्येव. आकाव १̇ आज्येव. द्विज्येव १

अब इसमें जिसके जोड़ने से मूल मिलै वही प्रकृति गुणित कनिष्ठवर्ग है इसलिये प्रकृति से भागा हुआ उस का मूल क्षेपद्वयघात के समान

क्षेप में कनिष्ठ होगा और उसके जोड़ने से जो मूल मिलै वही ज्येष्ठ होगा। उक्त क्षेप में

प्र. आज्येव. द्विकव १। प्र. द्विज्येव. आकव १

इन दोनों खण्डों को जोड़देने से समान धनर्ण खण्डों के उड़जाने से शेष रहा

प्रव. आकव. द्विकव १ आज्येव. द्विज्येव १

इस में इसीका दूना मूलघात 'आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २' जोड़देने से ज्येष्ठवर्ग हुआ

प्रव. आकव. द्विकव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २ आज्येव. द्विज्येव १ इस का मूल ज्येष्ठ हुआ

प्र. आक. द्विक १ आज्ये. द्विज्ये १

और प्रकृति गुणित कनिष्ठवर्ग यह है—

प्र. आज्येव. द्विकव १ प्र. द्विज्येव. आकव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २

इस में प्रकृति का भागदेने से कनिष्ठवर्ग हुआ

आज्येव. द्विकव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये २ द्विज्येव. आकव १

इस का मूल कनिष्ठ हुआ

आज्ये. द्विक १ द्विज्ये. आक १

इससे समासभावना का सूत्र उपपन्न हुआ।

यहां पहिले सिद्ध किये हुए 'प्रव. आकव. द्विकव १ आज्येव. द्विज्येव १' इन खण्डों में 'आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २̇' इस ऋणगतखण्ड को जोड़देने से ज्येष्ठवर्ग सिद्ध हुआ

प्रव. आकव. द्विकव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २̇ आज्येव. द्विज्येव १

इस का मूल ज्येष्ठ हुआ

प्र. अ.क. द्विक १ आज्ये. द्विज्ये १

और प्रकृति गुणित कनिष्ठवर्ग यह है

प्र. आज्येव. द्विकव १ प्र. द्विज्येव. आकव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये. प्र २

इस में प्रकृति का भाग देने से कनिष्ठवर्ग हुआ

आज्येव. द्विकव १ आक. द्विक. आज्ये. द्विज्ये २ द्विज्येव. आकव १

इसका मूल कनिष्ठ हुआ

आज्ये. द्विक १ द्विज्ये. आव १

इससे अन्तरभावना का सूत्र उपपन्न हुआ ॥

पदानयन की उपपत्ति ।

प्रकृति से गुणित और क्षेप से युक्त कनिष्ठवर्ग ज्येष्ठवर्ग होता है इस नियमके अनुसार दो पक्ष हुए

कव. प्र १ क्षे १ = ज्येव १

कोई वर्गराशि वर्गराशि से गुणने अथवा भागने से अपने वर्गत्व को नहीं त्याग करता इस नियम के अनुसार दोनों पक्ष इष्टवर्ग का भाग देने से हुए

$$\frac{\text{कव. प्र १ क्षे १}}{\text{इव १}} = \frac{\text{ज्येव १}}{\text{इव १}}$$

यहां दूसरे पक्ष का मूल इष्ट से भागेहुए अन्य ज्येष्ठको कल्पना किया $\frac{\text{ज्ये १}}{\text{इ १}}$ और पहिले पक्ष में हर से भागे हुए दूसरे खण्डको अन्यक्षेप कल्पना किया $\frac{\text{क्षे १}}{\text{इव १}}$ इससे 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः क्षेपः स्यात्' यह उपपन्न हुआ ।

फिर इष्ट से भागे हुए कनिष्ठ को अन्य कनिष्ठ कल्पना किया $\frac{\text{क १}}{\text{इ १}}$ तो

उसका वर्ग प्रकृतिगुणित पहिला खण्ड होता है $\frac{\text{कव. प्र १}}{\text{इव १}}$ इस सें '—इष्टभाजिते ' ' मूले ते स्तः ' यह उपपन्न हुआ।

इसी भांति वे दोनों पक्ष इष्टवर्ग से गुणने से भी समान हैं

कव. प्र. इव १ क्षे. इव १=ज्येव. इव १

अब यहां पर भी दूसरे पक्षका मूल इष्टगुणित ज्येष्ठ कल्पना किया ' इ. ज्ये १ ' और पहिले पक्षके प्रथम खण्ड में इष्टगुणित कनिष्ठ को अन्य कनिष्ठ कल्पना किया ' इ. क १ ' तो इसका वर्ग प्रकृति से गुणा हुआ प्रथम खण्ड है ' इव. कव. प्र १ ' और इसी पक्ष के द्वितीय खण्ड में इष्टवर्ग से गुणा हुआ क्षेप है ' क्षे. इव १ ' यही अन्य क्षेप हुआ, इससे ' अथवा क्षेपः क्षुण्णः क्षुण्णे तदा पदे ' यह उपपन्न हुआ ॥

द्विगुण इष्ट को कनिष्ठ कल्पना किया ' इ २ ' और इसके वर्गको प्रकृति से गुण दिया ' इव. प्र ४ ' अब इस में क्या जोड़देने से मूल मिलेगा इस बात का विचार कियाजाता है—' चतुर्गुणस्य घातस्य युतिवर्गस्य चान्तरम्। राश्यन्तरकृतेस्तुल्यम्—' इस वक्ष्यमाण सूत्रके अनुसार उद्दिष्ट दो राशिके अन्तरवर्ग से जुड़ा हुआ उनका चौगुना घात युतिवर्ग है और उसका अवश्य मूल मिलैगा। यहां कनिष्ठवर्ग और प्रकृति का चौगुना घात है और इष्ट कनिष्ठ है इस लिये इष्टवर्ग और प्रकृति इनका चौगुना घातहुआ अब इस में इष्टवर्ग और प्रकृति इनका अन्तर वर्ग ' इव १ प्र १ ' जोड़ देने से अवश्य मूल मिलैगा तो दूने इष्ट को कनिष्ठ कल्पना किया है इसलिये इष्टवर्ग और प्रकृति इनके अन्तर वर्ग के समान क्षेप में ज्येष्ठपद सिद्ध होगा पर हमको रूपक्षेप में चाहिये इस लिये ' इष्टवर्गहृतः क्षेपः क्षेपः स्यादिष्टभाजिते, मूले ते स्तः—' इस उक्त सूत्र के अनुसार इष्टवर्ग और प्रकृति के अन्तर के समान इष्ट कल्पना किया तो इसके वर्ग का क्षेप में भागदेने से अवश्य रूप होगा,

कनिष्ठ में तो इष्टवर्ग और प्रकृति के अन्तर का भागदेना चाहिये और कनिष्ठ द्विगुण इष्ट है, इससे 'इष्टवर्गप्रकृत्योर्यद्विवरं तेन वा भजेत्, द्विघ्नमिष्टं कनिष्टं तत्पदं स्यादेकसंयुतौ' यह सूत्र उपपन्न हुआ ॥

अथवा ।

कनिष्ठ का मान यावत्तावत् कल्पना किया या·१, इससे 'इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः प्रकृत्या–' इस सूत्र के अनुसार रूपक्षेप में ज्येष्ठवर्ग सिद्ध हुआ याव. प्र १ रू १ । और रूपयुक्त इष्टगुणित कनिष्ठको ज्येष्ठ कल्पना किया या. इ १ रू १ । अब इस ज्येष्ठवर्ग 'याव. इव १ या. इ २ रू १' के साथ पूर्वसाधित ज्येष्ठवर्ग 'याव. प्र १ रू १' का समीकरण के लिये न्यास ।

याव. प्र १ रू १
याव. इव १ या.इ २ रू १

समशोधन करने से हुए

याव. प्र १ याव. इव १̇
या. इ २

यावत्तावत् का अपवर्त्तन देने से हुए

या. प्र १ या. इव १̇
इ २

अब इन दोनों पक्षों में इष्टवर्गोन प्रकृति 'इव १̇ प्र १' का भाग देने से पहिले पक्ष में यावत्तावत् लब्ध आया या १ और दूसरे पक्ष में हर से भागा हुआ दूना इष्ट लब्ध आया $\frac{\text{इ २}}{\text{इव १̇ प्र १}}$ यही यावत्तावत् का मान है । इससे भी उक्त सूत्रकी वासना स्पष्ट होती है ॥

उदाहरणम्—

को वर्गोऽष्टहतः सैकः कृतिः स्याद्गणकोच्यताम् ।
एकादशगुणः को वा वर्गः सैकः कृतिः सखे ॥ २८ ॥

प्रथमोदाहरणे न्यासः ।

प्र ८ । क्षे[1] । अत्रैकमिष्टं ह्रस्वं प्रकल्प्य जाते मूले सक्षेपे क १ ज्ये ३ क्षे १ एषां भावनार्थं न्यासः ।

प्र ८ । क १ ज्ये ३ क्षे १
क १ ज्ये ३ क्षे १

अत्र सूत्रम् 'वज्राभ्यासौ ज्येष्ठलघ्वोः—'इत्यादिना प्रथमकनिष्ठद्वितीयज्येष्ठमूलाभ्यासः ३ । द्वितीयज्येष्ठप्रथमकनिष्ठमूलाभ्यासः ३ । अनयोरैक्यं ६ कनिष्ठपदं स्यात् । कनिष्ठयोराहतिः १ प्रकृतिगुणा ८ ज्येष्ठयोरभ्यासेनानेन ९ युता १७ ज्येष्ठपदं स्यात् । क्षेपयोराहतिः क्षेपकः स्यात् १ ।

प्राङ्मूलक्षेपाणामेभिः सह भावनार्थं न्यासः ।

प्र ८ । क १ ज्ये ३ क्षे १
क ६ ज्ये १७ क्षे १

भावनया लब्धे मूले क ३५ ज्ये ९९ क्षे १ । एवं पदानामानन्त्यम् ।

---

१ अत्र ज्ञानराजदैवज्ञाः—

कोऽयं वर्गः स्वर्गदीर्णैर्विनिघ्नो रूपेणाढ्यो जायते वर्ग एव ।
को वा वर्गो भर्गनिघ्नः सरूपो वर्गः स्यात्तौ वर्गनादिन् वदाशु ॥

द्वितीयोदाहरणे रूपमिष्टं कनिष्ठं प्रकल्प्य तद्व-र्गात् प्रकृतिगुणात् ११ रूपद्वयमपास्य मूलं ज्येष्ठम् ३। अत्र भावनार्थं न्यासः।

प्र ११। क १ ज्ये ३ क्षे २
　　　क १ ज्ये ३ क्षे २

प्राग्वल्लब्धे चतुःक्षेपकमूले क ६ ज्ये २० क्षे ४। 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः-' इत्यादिना जाते रूपक्षेपमूले क ३ ज्ये १० क्षे १ अतस्तुल्यभावनया वा कनिष्ठज्ये-ष्ठमूले जाते क ६० ज्ये१९९क्षे १। एवमनन्तमूलानि।

अथवा रूपं कनिष्ठं प्रकल्प्य जाते पञ्चक्षेपपदे क १ ज्ये ४ क्षे ५ अतस्तुल्यभावनया मूले क ८ ज्ये २७ क्षे २५। 'इष्टवर्गहृतः-' इत्यादिना पञ्चकमिष्टं प्र-कल्प्य जाते रूपक्षेपपदे।

क ८/५ ज्ये २७/५ क्षे १

अनयोः पूर्वमूलाभ्यां सह भावनार्थं न्यासः।

प्र ११। क ८/५ ज्ये २७/५ क्षे १
　　　क ३ ज्ये १० क्षे १

भावनया लब्धे मूले क १६१/५ ज्ये ५३४/५ क्षे १।

अथवा 'ह्रस्वं वज्राभ्यासयोरन्तरं-' इत्यादिना कृतया भावनया जाते मूले क १/५ ज्ये ६/५ क्षे १

एवमनेकधा । 'इष्टवर्गप्रकृत्योर्यद्विवरं तेन वा भजेत्–' इत्यादिना पक्षान्तरेण पदे रूपक्षेपे प्रतिपाद्येते । तत्र प्रथमोदाहरणे रूपत्रयमिष्टं प्रकल्पितम् ३ । अस्य वर्गः ९ । प्रकृतिः ८ अनयोरन्तरं १ अनेन द्विघ्नमिष्टं भक्तं ६ जातं रूपक्षेपे कनिष्ठं पदम् अतः पूर्ववज्ज्येष्ठम् १७ ।

एवं द्वितीयोदाहरणेऽपि रूपत्रयमिष्टं प्रकल्प्य जाते कनिष्ठज्येष्ठे ३ । १०

एवमिष्टवशात्समासान्तरभावनाभ्यां च पदानामानन्त्यम् ।

इति वर्गप्रकृतिः ।

---

(१) उदाहरण–

वह कौन सा वर्ग है जिसको आठ से गुणकर एक जोड़ देते हैं तो वर्ग होता है ।

न्यास । प्र ८ क्षे १

यहां कनिष्ठ १ कल्पना किया, इस का वर्ग १ हुआ, इस को प्रकृति ८ से गुणने से ८ हुआ, इस में १ जोड़ देने से ९ हुआ इस का मूल ज्येष्ठ ३ हुआ । अब तुल्य भावना के लिये न्यास ।

प्र ८ । क १ ज्ये ३ क्षे १
क १ ज्ये ३ क्षे १ } यहां 'वज्राभ्यासौ ज्येष्ठल-

घो:–' इस सूत्र के अनुसार पहिले कनिष्ठ १ और दूसरे ज्येष्ठ ३ इन का

घात ३ हुआ, इसीप्रकार दूसरे कनिष्ठ १ और पहिले ज्येष्ठ ३ इन का घात ३ हुआ, इन दोनों घातों का योग ६ कनिष्ठपद हुआ। दोनों कनिष्ठों १। १ का घात १ हुआ, इस को प्रकृति ८ से गुणने से ८ हुआ, इस में दोनों ज्येष्ठों ३। ३ के घात ९ को जोड़ने से १७ ज्येष्ठपद हुआ। दोनों क्षेपों १ । १ का घात १ क्षेप हुआ। अब पहिले सिद्ध किये हुए कनिष्ठ १ ज्येष्ठ ३ और क्षेप १ इन को कनिष्ठ ६ ज्येष्ठ १७ और क्षेप १ इन के साथ भावना के लिये न्यास। क १ ज्ये ३ क्षे १ / क ६ ज्ये १७ क्षे १ } यहां पहिले कनिष्ठ १ और दूसरे ज्येष्ठ १७ इन का घात १७ हुआ, इसी प्रकार दूसरे कनिष्ठ ६ और पहिले ज्येष्ठ ३ इन का घात १८ हुआ, इन दोनों घातों का योग ३५ कनिष्ठपद हुआ। कनिष्ठों १। ६ के घात ६ को प्रकृति ८ से गुणने से ४८ हुआ, इस में ज्येष्ठों ३। १७ के घात ५१ को जोड़ने से ९९ ज्येष्ठपद हुआ। और क्षेपों १ । १ का घात १ क्षेप हुआ। इसप्रकार भावनावश से अनेक कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप होंगे॥

(२) उदाहरण—

वह कौनसा वर्ग है जिसे ग्यारह से गुण देते हैं और उस में एक जोड़ देते हैं तो वर्ग होता है।

न्यास। प्र ११। क्षे १।

यहां कनिष्ठ १ कल्पना करके उसका वर्ग किया १ हुआ इसे प्रकृति ११ से गुणने से ११ हुआ, इस में २ घटादेने से ९ शेष रहा, इसका मूल ज्येष्ठ ३ हुआ। अब तुल्य भावना के लिये न्यास। प्र ११ क १ ज्ये ३ क्षे २̇ / क १ ज्ये ३ क्षे २̇ } यहां ज्येष्ठ और कनिष्ठों के वज्राभ्यास ३। ३ हुए, इन का ऐक्य ६ कनिष्ठ हुआ। और कनिष्ठों १। १ के घात १ को प्रकृति ११ से गुणकर उस में ज्येष्ठाभ्यास ९ जोड़ देने से २० ज्येष्ठपद हुआ। क्षेपों २̇ । २̇ । का

घात ४ क्षेप हुआ, अब इन कनिष्ठ ज्येष्ठ और क्षेपों का क्रम से न्यास। क ६ ज्ये २० क्षे ४ यहां इष्ट २ कल्पना करके उस का वर्ग किया तो ४ हुआ, इस का क्षेप ४ में भाग देने से १ क्षेप हुआ। और इष्ट २ का पदों में भाग देने से कनिष्ठ ज्येष्ठ हुए उन का यथाक्रम न्यास। क ३ ज्ये १० क्षे १।

अब समास भावना के लिये न्यास।

क ३ ज्ये १० क्षे १
क ३ ज्ये १० क्षे १ } यहां वज्राभ्यासों ३०। ३० का योग ६० कनिष्ठ हुआ। और कनिष्ठों ३। ३ के घात ९ को प्रकृति ११ से गुणने से ९९ हुआ इसमें ज्येष्ठाभ्यास १०० को जोड़ने से १९९ ज्येष्ठ हुआ। क्षेपों १। १ का घात १ क्षेप हुआ, इनका यथाक्रम न्यास। क ६० ज्ये १९९ क्षे १। इस प्रकार भावना देने से अनेक मूल निष्पन्न होंगे॥

अथवा। इष्ट १ को कनिष्ठ कल्पना करके उसके वर्ग १ को प्रकृति ११ से गुण कर उस में क्षेप ५ जोड़ने से १६ हुए इनका मूल ४ हुआ यह ज्येष्ठ है। इनका क्रम से न्यास। क १ ज्ये ४ क्षे ५ और समास भावना के लिये न्यास।

क १ ज्ये ४ क्षे ५
क १ ज्ये ४ क्षे ५ } वज्राभ्यासों ४। ४ का योग ८ कनिष्ठ हुआ। और कनिष्ठों १। १ के घात १ को प्रकृति ११ से गुणकर उस में ज्येष्ठाभ्यास १६ को जोड़देने से २७ ज्येष्ठ हुआ। क्षेपों ५। ५ का घात २५ क्षेप हुआ। अब 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः—' इस सूत्र के अनुसार ५ इष्ट कल्पना करने से रूपक्षेप में कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए।

क $\frac{८}{५}$ ज्ये $\frac{२७}{५}$ क्षे १

अब इनका पूर्वमूल के साथ भावना के लिये न्यास।

प्र ११ । क $\frac{८}{५}$ ज्ये $\frac{२७}{५}$ क्षे १

क ३ ज्ये १० क्षे १

यहां समास भावना के द्वारा नीचे लिखे हुए मूल निष्पन्न हुए

क $\frac{१६१}{५}$ ज्ये $\frac{५३४}{५}$ क्षे १

अथवा 'ह्रस्वं वज्राभ्यासयोरन्तरं वा—' इस सूत्र के अनुसार वज्राभ्यासों $\frac{८०}{५}$ । $\frac{८१}{५}$ का अन्तर $\frac{१}{५}$ कनिष्ठ हुआ, और कनिष्ठों $\frac{८}{५}$ । ३ का घात $\frac{२४}{५}$ प्रकृति ११ से गुणने से $\frac{२६४}{५}$ हुआ, वज्राभ्यास $\frac{२७०}{५}$ हुआ, इन दोनों का अन्तर ज्येष्ठ हुआ $\frac{६}{५}$ । क्षेपों १ । १ का घात १ क्षेप हुआ इनका यथाक्रम न्यास। क $\frac{१}{५}$ ज्ये $\frac{६}{५}$ क्षे १

अब 'इष्टवर्गप्रकृत्योर्यद्विवरं तेन वा भजेत्—' इस प्रकार के अनुसार रूपक्षेप में पद सिद्ध करते हैं— (१) उदाहरण में इष्ट ३ कल्पना किया इसका वर्ग ९ हुआ, अब ९ का और प्रकृति ८ का अन्तर १ हुआ, इसका दूने इष्ट ६ में भागदेने से ६ लब्धि मिली यही रूपक्षेपमें कनिष्ठ हुआ। इस के वर्ग ३६ को प्रकृति ८ से गुणकर उसमें १ जोड़ने से २८९ हुए इनका मूल १७ ज्येष्ठ हुआ। और क्षेप १ है। इनका यथाक्रम न्यास। क ६ ज्ये १७ क्षे १।

(२) उदाहरण में इष्ट ३ मानकर उसका वर्ग किया तो ९ हुआ, फिर इसका और प्रकृति ११ का अन्तर २ हुआ, इस अन्तर का द्विगुण इष्ट ६ में भाग देने से कनिष्ठ ३ लब्ध मिला। उसके वर्ग ९ को प्रकृति ११ से गुणकर उस में १ मिलाने से १०० हुए इनका मूल १० ज्येष्ठ हुआ। और क्षेप १ है। इन का यथाक्रम न्यास। क ३ ज्ये १० क्षे १।

इस प्रकार इष्ट के कल्पना करने से तथा समास भावना और अन्तर भावना के वश से अनन्त पद सिद्ध होंगे।

वर्गप्रकृति समाप्त हुई।

अथ चक्रवाले करणसूत्रं वृत्तचतुष्टयम्—

ह्रस्वज्येष्ठपदक्षेपान्भाज्यप्रक्षेपभाजकान् ॥ ४६ ॥
कृत्वा कल्प्यो गुणस्तत्र तथा प्रकृतितश्च्युते ।
गुणवर्गे प्रकृत्योनेऽथवाल्पं शेषकं यथा ॥ ४७ ॥
तत्तु क्षेपहृतं क्षेपो व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते ।
गुणलब्धिः पदं ह्रस्वं ततो ज्येष्ठमतोऽसकृत् ॥४८॥
त्यक्त्वा पूर्वपदक्षेपांश्चक्रवालमिदं जगुः ।
चतुर्द्व्येकयुतावेवमभिन्ने भवतः पदे ॥ ४९ ॥
चतुर्द्विक्षेपमूलाभ्यां रूपक्षेपार्थभावना[1] ॥

अथ कनिष्ठज्येष्ठयोरभिन्नतार्थं चक्रवालाख्यां वर्गप्रकृतिमनुष्टुभां चतुष्टयेनाह—ह्रस्वेति । प्रथमतः 'इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः । इत्यादिना ह्रस्वज्येष्ठक्षेपान् कृत्वा कुट्टकेन तथा गुणः साध्यः यथा गुणस्य वर्गे प्रकृतितश्च्युते प्रकृत्या ऊने वा शेषकमल्पकं स्यात् । तत्तु शेषं पूर्वक्षेपहृतं सत् क्षेपः स्यात् । गुणवर्गे प्रकृतितश्च्युते सति अयं क्षेपो व्यस्तः स्यात् । धनं चेदृणमृणं चेद्धनं भवेदित्यर्थः । यस्य गुणस्य वर्गेण प्रकृत्या सहान्तरं कृतं तस्य गुणस्य या लब्धिस्तत्कनिष्ठपदं स्यात् । ततः कनिष्ठाज्ज्येष्ठं

१ अत्रविशेषः—
निरग्रमूलं प्रकृतेर्हि लब्धिस्तावच्च शेषं च हरस्तदग्रम् ।
मूलाढ्यशेषं हि निरग्रमाप्तं हरेण नूलं फलमेतदस्तः ॥
छिच्छेषहीनो नवशेषकं स्यात्तद्वर्गहीना प्रकृतिर्हराप्ता ।
नवो हरः स्यादसकृद्विधेयमित्थं यदा रूपमितो हरः स्यात् ॥
तदा लब्धितः क्षेपके रूपतुल्ये गुणाप्ती प्रसाध्ये विदा कुट्टकेन ।
गुणः स्यात्कनिष्ठं तथा ज्येष्ठमाप्तिर्भवेत्क्षेपके रूपतुल्ये तदैव ॥

पूर्ववत्स्यात् । अथ प्रथमकनिष्ठज्येष्ठक्षेपांश्च त्यक्त्वा संप्रति साधितेभ्यः कनिष्ठज्येष्ठक्षेपेभ्यः पुनः कुट्टकेन गुणाप्ती आनीय उक्तवत्कनिष्ठज्येष्ठक्षेपाः साध्याः । एवमसकृत् । आचार्या एतद्गणितं चक्रवालमिति जगुः । एवं चक्रवालेन चतुर्द्व्येकयुतौ चतुःक्षेपे द्विक्षेपे एकक्षेपे च अभिन्ने पदे भवतः । इदमुपलक्षणम् । यत्र कुत्रापि क्षेपे अभिन्ने पदे भवतः । युतौ, इत्युपलक्षणम् । तेन शुद्धावपीति ज्ञेयम् । अथ रूपक्षेपपदानयने प्रकारान्तरमस्तीत्याह-चतुरिति । चतुःक्षेपमूलाभ्यां द्विक्षेपमूलाभ्यां च रूपक्षेपार्थं भावना

यदा लब्धयः स्युः समाश्चेन्न चैवं तदा रूपशुद्धौ गुणो लाब्धिरत्र ।
अनेन प्रकारेण मूले अभिन्ने भवेतामिति प्रोक्तवान्वापुदेवः ॥
अत्रेष्टहारावधिलब्धितश्चेत्संसाधिते रूपयुतौ गुणाप्ती ।
तैस्तस्तदाभीष्टहराङ्कतुल्यक्षेपे लघुज्येष्ठपदे तदैव ॥
यदा समास्ताः खलु लब्धयः स्युर्यदा तु ताः स्युर्विषमास्तदानीम् ।
अभीष्टहाराङ्कसमानशुद्धौ ज्ञेये सुदर्भाग्नाधिया पदे ते ॥
अत्रेष्टच्छिद् द्वितुल्यश्चेत्तदा ततिसद्धमूलतः ।
रूपक्षेपपदार्थं वा विधेया तुल्यभावना ॥

'का सप्तषष्टिगुणिता कृतिरेकयुक्ता—' इस आचार्योक्त उदाहरणमें प्रकृति=६७ । क्षेप=१ । सूत्रानुसार प्रकृति का निरग्रमूल ८ लब्धि, और लब्धि ८ शेष, तक्षा अग्र ३ हर, कल्पना किये । मूल ८ और लब्धि ८ का योग १६ में हर ३ का भाग देने से ५ निरग्र लब्धिमिली, यह नवीन लब्धि हुई । इससे हर ३ को गुणने से १५ हुए, इन में शेष ८ घटा देने से ७ नवीन शेष हुआ । इस के वर्ग ४९ को प्रकृति ६७ में घटा देने से १८ रहे, इन में हर ३ का भाग देने से ६ नवीन हर सिद्ध हुआ । इस प्रकार जबतक रूप तुल्य हर न सिद्ध हो तबतक क्रिया करने से तीन पांक्ति हुईं—

लब्धि=८, ५, २, १, १, ७, १, १, २, ५

शेष=८, ७, ५, २, ७, ७, २, ५, ७, ८

हर=३, ६, ७, ९, २, ९, ७, ६, ३, १

और लब्धियों से रूप क्षेप में वल्ली हुई—

वल्ली=८, ५, २, १, १, ७, १, १, २, ५, १, ०

'कार्या' इति शेषः। चतुःक्षेपे 'इष्टवर्गहृतः—' इत्यादिना। द्विक्षेपे तु तुल्यभावनया चतुःक्षेपपदे प्रसाध्य पश्चात् 'इष्टवर्गहृतः—' इत्यादिना रूपक्षेपजे पदे वा भवतः॥

अब कनिष्ठ और ज्येष्ठ के अभिन्न लानेके लिये चक्रवाल नामक वर्ग प्रकृति का निरूपण करते हैं—

यहां पहिले 'इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः—' इस सूत्रके अनुसार कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप सिद्ध करो बाद उनको भाज्य, क्षेप और भाजक कल्पना करके कुट्टकविधि से गुण सिद्ध करो पर वह (गुण) ऐसा हो कि जिसके वर्ग को प्रकृति में घटादेने से अथवा प्रकृतिही को उस में घटादेने से

इस वल्ली पर से कुट्टकद्वारा गुण ५९६७ लब्धि ४८८४२ हुई, लब्धियों के सम होने के कारण यही रूपक्षेप में कनिष्ठ ज्येष्ठ पद हुए। और यही कनिष्ठ ज्येष्ठ 'ह्रस्व ज्येष्ठपदक्षेपान्—' इत्यादि प्रकार से सिद्ध किये गये हैं।

लब्धि के चार अङ्क लेने से रूपक्षेप में वल्ली

८
५
२
१
१
०

इस परसे कुट्टकद्वारा गुण १६ लब्धि १३१। यही इष्ट हराङ्क ९ धनक्षेप में कनिष्ठ और ज्येष्ठ हुए। लब्धि के तीन अङ्क लेने से रूपक्षेप में वल्ली

८
५
२
१
०

इस पर से कुट्टकद्वारा गुण ११ लब्धि ९० । यही इष्ट हराङ्क ७ ऋणक्षेप में कनिष्ठ और ज्येष्ठ हुए। इत्यादि॥

शेष थोड़ारहै। उस शेष में पहिले क्षेपका भाग देने से क्षेप होगा पर इतना विशेष है कि जिस अवस्था में गुणवर्ग प्रकृति में घटैगा तो यह क्षेप व्यस्त होगा अर्थात् धन होगा तो ऋण और ऋण होगा तो धन जानाजायगा। और जिस गुणका प्रकृतिके साथ अन्तर कियाहै उस गुणकी लब्धि कनिष्ठ होगा बाद उक्तरीति से कनिष्ठ परसे ज्येष्ठ सिद्ध करो। अनन्तर पहिले साधे हुए कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेपको बिगाड़कर इन नये कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप परसे कुट्टक के द्वारा गुण लब्धि लाओ और उन परसे कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप सिद्धकरो। इस भांति असकृत् अर्थात् बार बार क्रिया करो। यों चार, दो और एक धनक्षेप में अभिन्न कनिष्ठ ज्येष्ठ होंगे। यहां पर उद्दिष्ट ४ आदि संख्या और धनक्षेप उपलक्षण है इस कारण इष्ट संख्यावाले धनक्षेप अथवा ऋणक्षेप में अभिन्न पद होंगे। और ४। २ क्षेपोंसे रूपक्षेप होने के लिये भावना करनी चाहिये सो इस प्रकार— जिस स्थान में ४ क्षेपहो वहां 'इष्टवर्गहृतः—' इस सूत्र के अनुसार रूपक्षेप सिद्धकरो और जहांपर २ क्षेपहो वहां तुल्य भावना देकर ४ क्षेप सिद्धकरलो बाद 'इष्टवर्गहृतः—' इस सूत्र से रूपक्षेप होगा॥

उपपत्ति—

१ कनिष्ठ और प्रकृत्यून इष्टवर्ग क्षेप कल्पना किया

कनिष्ठ= १ , क्षेप= प्र १̇ इव १

कनिष्ठ १ के वर्ग १ को प्रकृति १ से गुणकर उसमें क्षेप प्र १̇ इव जोड़ने से इव १ हुआ, इसका मूल इ १ ज्येष्ठ है, अब इसका ज्ञात कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेपों के साथ भावना के लिये न्यास।

प्र १ । क १ ज्ये १ क्षे १
रू १ इ १ प्र १̇ इव १ } यहां वज्राभ्यासों

क. इ १ । ज्ये १ । का योग क. इ १ ज्ये १ कनिष्ठ हुआ। कनिष्ठों क १ रू १ के घात को प्रकृति से गुणकर उसमें ज्येष्ठाभ्यास ज्ये.

इ १ को जोड़ देने से ज्येष्ठ हुआ प्र. क १ इ. ज्ये १ और क्षेपों का घात क्षेप हुआ प्र. क्षे १̇ क्षे. इव १ अब क्षेपके तुल्य इष्ट कल्पना करके 'इष्ट वर्गहृतः क्षेपः—'.इस सूत्र के अनुसार कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए

$$\text{कनिष्ठ}=\frac{\text{इ. क १ ज्ये १}}{\text{क्षे १}}$$

$$\text{ज्येष्ठ}=\frac{\text{प्र. क १ इ. ज्ये १}}{\text{क्षे १}}$$

$$\text{क्षेप}=\frac{\text{प्र. क्षे } \dot{१} \text{ क्षे. इव १}}{\text{क्षेव १}}=\frac{\text{प्र } \dot{१} \text{ इव १}}{\text{क्षे १}}$$

यहां कनिष्ठ के अभिन्नत्व के लिये कुट्टक के द्वारा गुण का ज्ञान किया है और वह गुण इष्टसंज्ञक कनिष्ठ से गुणित ज्येष्ठ से सहित और क्षेप से भागा हुआ लब्ध होता है और वही कनिष्ठ है। इससे 'इष्टवर्ग प्रकृति से ऊन और क्षेप से भागा क्षेप होता है' यह बात सिद्ध हुई। यदि प्रकृति में इष्टवर्ग शुद्ध होवे तो ऋणशेषमें क्षेप का भाग देने से ऋणगत क्षेप होगा इसलिये 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते' यह भी उपपन्न हुआ॥

अथवा।

यदि कनिष्ठ इष्ट से गुणा जाय तो क्षेप इष्टवर्ग से गुणा जायगा इस-भांति कनिष्ठ और क्षेप, हुए, इ. क १ । इव. क्षे १

अब क्षेपतुल्य इष्ट कल्पना करने से कनिष्ठ और क्षेप सिद्ध हुए,

$$\frac{\text{इ. क १}}{\text{क्षे १}} \,।\, \frac{\text{इव. क्षे १}}{\text{क्षेव १}}=\frac{\text{इव १}}{\text{क्षे १}} \,।$$

इष्टगुणित और क्षेपभक्त कनिष्ठ यदि कनिष्ठ कल्पना किया जाय तो क्षेप से भागा हुआ इष्टवर्ग क्षेप होगा, पर ऐसा इष्ट मानना चाहिये कि जिससे गुणा और क्षेप से भागा हुआ कनिष्ठ शुद्ध होवे तो कनिष्ठ को भाज्य क्षेपको हार कल्पना करके कुट्टकद्वारा क्षेपाभाव में गुणलब्धि सिद्ध

करनी चाहिये लब्धि कनिष्ठ और गुण इष्ट होगा इसलिये गुणका वर्ग पूर्व क्षेप से भागा हुआ क्षेप होता है और ज्येष्ठ भी गुण से गुणित क्षेप से भक्त ज्येष्ठ होता है । पर यों क्षेप बड़ा होता है इसकारण आचार्य ने यत्नान्तर किया है—कनिष्ठ को भाज्य 'ज्येष्ठ को क्षेप और क्षेप को हार मानकर गुण लब्धि सिद्ध की है' और पहिले गुणगुणित कनिष्ठ क्षेप से भागा कनिष्ठ होता रहा अब गुणगुणित कनिष्ठ ज्येष्ठ से जुड़ा कनिष्ठ होता है इसलिये क्षेपभक्त ज्येष्ठ कनिष्ठ में अधिक हुआ, अब प्रकृति से गुणे हुए कनिष्ठ के वर्ग में क्या अधिक हुआ सो विचार करते हैं—

$$\text{पूर्व सिद्ध कनिष्ठ} = \frac{\text{इ. क १}}{\text{क्षे १}}$$

$$\text{उसका वर्ग} = \frac{\text{इव. कव १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$\text{प्रकृति से गुणित} = \frac{\text{इव. कव. प्र १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$\text{ज्येष्ठ सिद्ध करने के लिये क्षेप} = \frac{\text{इव १}}{\text{क्षे १}}$$

$$\text{ज्येष्ठ से युक्त क्षेप से भागा कनिष्ठ} = \frac{\text{इ. क १ ज्ये १}}{\text{क्षे १}}$$

$$\text{उसका वर्ग} = \frac{\text{इव. कव १ इ. क. ज्ये २ ज्येव १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$\text{प्रकृति से गुणित} = \frac{\text{इव. कव. प्र १ इ. क. ज्ये. प्र २ ज्येव प्र १}}{\text{क्षेव १}}$$

अन्तिम खण्डको प्रकारान्तर से सिद्ध करते हैं—

प्रकृति से गुणित क्षेप से युक्त कनिष्ठवर्ग ज्येष्ठवर्ग के समान है

कव. प्र १ क्षे १

यह प्रकृति से गुण ने से हुआ

इस भांति कव. प्रव १ क्षे. प्र १ अभिमत स्वरूप हुआ

$$\frac{\text{इव. कव. प्र १ इ. क ज्ये. प्र २ कव. प्रव १ क्षे. प्र १}}{\text{क्षेव १}}$$

इससे स्पष्ट है कि

$$\frac{\text{इ. क. ज्ये. प्र २ कव. प्रव १ क्षे. प्र १}}{\text{क्षेव १}}$$

इतना प्रकृति से गुणे हुए कनिष्ठ के वर्ग में अधिक है, और ज्येष्ठ-वर्ग के लिये पूर्व युक्ति के अनुसार क्षेप से भागाहुआ गुणवर्ग क्षेप्य है, अधिक के दो खण्ड किये

$$\text{पहिला खण्ड}=\frac{\text{इ. क. ज्ये. प्र २ कव. प्रव १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$\text{दूसरा खण्ड}=\frac{\text{क्षे. प्र १}}{\text{क्षेव १}}=\frac{\text{प्र १}}{\text{क्षे १}}$$

अब अपवर्तित दूसरा खण्ड क्षिप्त है; पर क्षेप से भागाहुआ गुणवर्ग क्षेप्य है, और क्षेप से भागाहुआ गुणवर्ग प्रकृति का अन्तर भी क्षेप्य है, ऐसी स्थिति में क्षेप से भागाहुआ गुणका वर्गही क्षिप्त होता है, इस-लिये कहा है कि 'तथा प्रकृतितश्च्युते' गुणवर्गे प्रकृत्योनेऽथ वाल्पं शेषकं यथा, तत्तु क्षेपहृतं क्षेपः, इति ।

यदि प्रकृति से गुणवर्ग अधिक हो तो उस अवस्था में क्षेप से भागा हुआ गुणवर्ग और प्रकृति इनका अन्तर योज्य है क्योंकि क्षिप्त न्यून है। यदि गुणवर्ग न्यून हो तो क्षेप से भागाहुआ गुणवर्ग और प्रकृति इनका अन्तर शोध्य है क्योंकि क्षिप्त अधिक है। इसलिये कहा है कि 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते'।

जो 'गुणवर्गे प्रकृत्योनेऽथ वाल्पंशेषकं' यह कहा है सो क्षेपकी लघुता के लिये। अब यों भी ज्येष्ठवर्ग में इतना अधिक है

$$\frac{\text{इ. क. ज्ये. प्र २ कव. प्रव १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$\text{ज्येष्ठ}=\frac{\text{इ. ज्ये १}}{\text{क्षे १}}$$

$$\text{ज्येष्ठवर्ग}=\frac{\text{इव. ज्येव १}}{\text{क्षेव १}}$$

इसमें अधिक जोड़ने से हुआ $=\frac{\text{इव. ज्येव १ इ.क.ज्ये.प्र २ कव. प्रव १}}{\text{क्षेव १}}$

यों अधिक होनेपर भी 'कृतिभ्य आदाय पदानि—' इस सूत्र के अनुसार मूल आताहै इसलिये यह भी ज्येष्ठ वर्ग है। यहां इतना विशेष है कि यदि इष्टगुणित क्षेपभक्त कनिष्ठ, कनिष्ठ कल्पना कियाजावे तो क्षेप से भागाहुआ इष्टवर्ग क्षेप होगा और इष्टसे गुणा क्षेप से भागा ज्येष्ठ ज्येष्ठ होगा। यदि इष्ट से गुणित ज्येष्ठ से युक्त और क्षेप से भागा हुआ कनिष्ठ, कनिष्ठ कल्पना किया जावे तो क्षेप से भागा गुणवर्ग और प्रकृति इनका अन्तर क्षेप होगा और इष्ट से गुणित, प्रकृति से गुणे हुए कनिष्ठ से सहित क्षेपसे भक्त ज्येष्ठ, ज्येष्ठ होगा। यहां पर यद्यपि इष्टवश से पदसिद्धि होती है इसलिये कुट्टक की अपेक्षा नहीं है तो भी अभिन्नता के लिये कुट्टक किया है इससे 'ह्रस्वज्येष्ठपदक्षेपान्—' इत्यादि उपपन्न हुआ। यहां पूर्वरीति के अनुसार कनिष्ठ परसे ज्येष्ठ का साधन कहा है। अथवा गुणक से गुणित, प्रकृति से गुणे हुए कनिष्ठ से सहित और क्षेप से भगा हुआ ज्येष्ठ ज्येष्ठ होता है, यह बीजनवाङ्कुरकार का परामर्श है।

अब प्रतिपादित वासना के किंचित् अंशको भङ्ग्यन्तर से निरूपण करते हैं—

पूर्वसिद्ध $= \frac{\text{प्र. इव. कव १ प्र. इ. क. ज्ये २ कव. प्रव १ प्र. क्षे १}}{\text{क्षेव १}}$

यह जिससे जुड़ा मूलप्रद हो वह क्षेप है और मूल ज्येष्ठ है, अब मूल मिलने के लिये यदि $\frac{\text{प्र. इव. कव १}}{\text{क्षेव १}}$ इस पहिले खण्ड के तुल्य ऋणखण्डको जोड़ दें तो पहिला खण्ड उड़जाता है और $\frac{\text{प्र. क्षे १}}{\text{क्षेव}}$ इस चौथे खण्ड के तुल्य ऋणखण्ड को जोड़ दें तो चौथा खण्ड उड़जाता है और तीसरे खण्ड का मूल आता है।

$\frac{\text{क. प्र १}}{\text{क्षे १}}$ इस मूल का $\frac{\text{प्र. इ. क. ज्ये २}}{\text{क्षेव १}}$ इस दूसरे खण्ड में भाग देने से लब्धि आई $\frac{\text{क्षे. प्र. इ. क. ज्ये २}}{\text{क. प्र. क्षेव १}} = \frac{\text{इ. ज्ये २}}{\text{क्षे १}}$ ।

लब्धि के आधे के वर्ग को $\frac{\text{इव. ज्येव १}}{\text{क्षेव १}}$

जोड़ देनेसे मूल आता है $\frac{\text{इ. ज्ये १}}{\text{क्षे १}}$ ।

इस मूल और पहिले मूल के दूने घात को दूसरे खण्ड में घटा देने से यह खण्ड भी उड़जाता है, इसभांति क्षेप ज्ञात हुआ

$$\frac{\text{प्र. इव. कव १ प्र. क्षे. १ इव. ज्येव १}}{\text{क्षेव १}} ।$$

इसको प्रकृति से गुणेहुए कनिष्ठवर्ग में जोड़देने से ज्येष्ठ का वर्ग हुआ

$$\frac{\text{प्र.इव.कव१प्र.इ.क.ज्ये२प्रव.कव१प्र.क्षे१}}{\text{क्षेव १}} + \frac{\text{प्र.इव.कव१प्र.क्षे१इव.ज्येव१}}{\text{क्षेव १}}$$

$$= \frac{\text{प्रव. कव १ प्र. इ. क. ज्ये २ इव. ज्येव १}}{\text{क्षेव १}} ।$$

इस का मूल ज्येष्ठ है

$$\frac{\text{प्र. क १ इ. ज्ये १}}{\text{क्षे १}}$$ ।

इससे 'इष्ट गुणित ज्येष्ठ से युक्त और क्षेपसे भक्त प्रकृति गुणित कनिष्ठ ज्येष्ठ होता है' यह बात सिद्ध होती है।

और क्षेप के $$\frac{\text{प्र. इव. कव १ प्र. क्षे १ इव. ज्येव १}}{\text{क्षेव १}}$$

पहिले तथा तीसरे खण्डमें इष्टवर्ग का भागदेने से

$$\frac{\text{प्र. कव १ ज्येव १}}{\text{क्षेव १}}$$

यह क्षेपहुआ क्योंकि ज्येष्ठवर्ग में प्रकृतिगुणित कनिष्ठवर्ग को घटा देने से शेष रहता है।

$$\frac{\text{प्रव. कव १ प्र. इ. क. ज्ये २ इव. ज्येव १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$-\frac{\text{प्र. इव. कव १ प्र. इ. क. ज्ये २ प्रव. कव १ प्र. क्षे १}}{\text{क्षेव १}}$$

$$=\frac{\text{प्र. इव. कव १ इव. ज्येव १ प्र. क्षे १}}{\text{क्षेव १}}$$

क्षेप को इष्टवर्ग से गुण देना चाहिये क्योंकि पहिले इससे भागागया था

इसभांति क्षेप का स्वरूप निष्पन्न हुआ

$$\frac{\text{प्र. क्षे १ इव. क्षे १}}{\text{क्षेव १}} = \frac{\text{प्र. १ इव १}}{\text{क्षे}}$$ ।

उदाहरणम्-

का सप्तषष्टिगुणिता कृतिरेकयुक्ता
का चैकषष्टिनिहता च सखे सरूपा ।

स्यान्मूलदा यदि कृतिप्रकृतिर्नितान्तं
त्वच्चेतसि प्रवद तात तता लतावत् ॥ २६ ॥

अथात्रोदाहरणं सिंहोद्धतयाह—केति । हे तात ! तातेति सरसोक्तिस्तु कमपि नितान्तानुकम्पास्पदं प्रकृतिसुकुमारं कुमारं व्यञ्जयति। त्वच्चेतसि तव हृदये यदि कृतिप्रकृतिर्वर्गप्रकृतिः लतावत् लता वल्ली, तद्वदिव । नितान्तमत्यर्थं तता विस्तृतास्ति । एकत्र व्युत्पत्तिरूपेणापरत्र पत्रादिरूपेणेति तात्पर्यम् । यथा कुत्रचिदारामे सेचनादिक्रियाकौशलवशेन लता नितान्तं वितता भवति तथा तव हृदि यदि दृढाभ्यासवशेन वर्गप्रकृतिर्जागरूका वर्तते इति भावः। अत्र लतेत्युपमानमहिम्ना वर्गप्रकृतेरुच्चावचवासनापरिस्कारपुरस्सरं प्रकारभिदाप्यवसीयते । अत्रानुप्रास उपमा च शब्दार्थालंकारौ । तर्हि का कृतिः सप्तषष्टिगुणिता एकयुक्ता मूलदा स्यादिति प्रवद विविच्य कथय । का च कृतिः एकषष्टिनिहता एकयुक्ता सती मूलदा स्यादिति हे सखे वदेति ।

उदाहरण—

(१) वह कौनसा वर्ग है जिसको सतसठसे गुणकर एक जोड़ देते हैं तो वर्ग होता है ।

(२) वह कौन वर्ग है जिसे एकसठ से गुणकर एक जोड़ देते हैं तो वर्ग होता है ।

प्रथमोदाहरणे रूपं कनिष्ठं त्रयमृणक्षेपं च प्रकल्प्य न्यासः । प्र. ६७ । क्षे. १ ।

क १ ज्ये ८ क्षे ३ । ह्रस्वं भाज्यं, ज्येष्ठं प्रक्षेपं, क्षेपं भाजकं च प्रकल्प्य कुट्टकार्थं न्यासः ।

भा. १ । क्षे. ८ ।

हा. ३ ।

अत्र 'हरतष्ट-' इति कृते जाता वल्ली ०
२
०

लब्धिगुणौ ०/२ ऊर्ध्वौ विभाज्येन अधरो हरेणेति तष्टिकरणे स्वस्वतष्टौ लब्धिवैषम्यात्स्वतक्षणाभ्यां १/२ शुद्धौ १̇/१ 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या लब्धिः-'इति लब्धिगुणौ ३/१ हरस्य ऋणत्वाल्लब्धेः ऋणत्वे कृते जातौ लब्धिगुणौ ३̇/१ गुणस्य वर्गे १ प्रकृतेः शोधिते शेषम् ६६ अल्पकं न जातमतो रूपद्वयमृणमिष्टं प्रकल्प्य 'इष्टाहतस्वस्वहरेण-' इत्यादिना जातौ लब्धिगुणौ ५̇/७ अत्र गुणवर्गे ४९ प्रकृतेर्विशोधिते शेषं १८ क्षेपेण ३̇ हृतं लब्धम् ६̇ अयं क्षेपो गुणवर्गे प्रकृतेर्विशोधिते व्यस्तः स्यादिति धनं ६ लब्धिः कनिष्ठपदं ५̇ अस्य ऋणत्वे धनत्वे च उत्तरे कर्मणि न विशेषोऽस्तीति जातं धनम् ५ अस्य वर्गे प्रकृतिगुणे षड्युते जातं मूलं ज्येष्ठं ४१ पुनरेषां कुट्टकार्थं न्यासः।

भा० ५। क्षे० ४१।
हा० ६।

वल्ली ०
१
४१
०

अतो लब्धिगुणौ १ ५ गुणवर्गे २५ प्रकृतेश्च्युते शेषं ४२ क्षेपेण ६ हृते 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते' इति जातः क्षेपः ७̇ लब्धिः कनिष्ठम् ११ अतो ज्येष्ठं ९० पुनरेषां कुट्टकार्थं न्यासः ।

भा० ११ । क्षे० ९० ।

हा० ७̇ ।

अत्र 'हरतष्टे धनक्षेपे—' इति कृते जातो गुणः ५ लब्धयो विषमा इति तक्षणशुद्धो जातो गुणः २ । अस्य क्षेपः ७̇ ऋणरूपेण १̇ गुणितं क्षेपं ७ गुणे प्रक्षिप्य जातो गुणः ९ अस्य वर्गे प्रकृत्योने शेषं १४ क्षेपेण ७̇ हृत्वा जातः क्षेपः २̇ लब्धिः कनिष्ठम् २७ अतो ज्येष्ठम् २२१ आभ्यां तुल्यभावनार्थं न्यासः ।

क २७ ज्ये २२१ क्षे २̇

क २७ ज्ये २२१ क्षे २̇

उक्तवन्मूले क ११९३४ । ज्ये ९७६८४ । क्षे ४ । चतुःक्षेपपदे २ अनेन भक्ते जाते रूपक्षेपमूले क ५९६७। ज्ये ४८८४२ । क्षे १ ।

द्वितीयोदाहरणे न्यासः ।

भा. १ । क्षे. ८ ।

हा. ३ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे' इति लब्धिगुणौ $\frac{३}{१}$ 'इष्टाहत-' इति द्वाभ्यामुत्थाप्य जातौ लब्धिगुणौ $\frac{५}{७}$ गुणवर्गे ४९ प्रकृतेः शोधिते १२ व्यस्त इति ऋणं १२̇ इदं क्षेप ६ हृतं जातः क्षेपः ४̇ अतः प्राग्वज्जाते चतुः क्षेप-मूले क ५ । ज्ये ३९ । क्षे ४̇ । 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः क्षेपः स्यात्-' इत्युपपन्नरूपशुद्धिमूलयोर्भावनार्थं न्यासः ।

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १̇

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १̇

अनयोर्जाते रूपक्षेपमूले क $\frac{१९५}{२}$ ज्ये $\frac{१५२३}{२}$ क्षे १

अनयोः पुना रूपशुद्धिपदाभ्यां भावनार्थं न्यासः

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १̇

क $\frac{१९५}{२}$ ज्ये $\frac{१५२३}{२}$ क्षे १

अतो जाते रूपशुद्धौ मूले

क ३८०५ ज्ये २९७१८ क्षे १̇

अनयोस्तुल्यभावनया जाते रूपक्षेपमूले

क २२६१५३९८० ज्ये १७६६३१९०४९ क्षे १

(१) उदाहरण में १ कनिष्ठ और ३̇ ऋण क्षेप कल्पना करके न्यास ।

प्र ६७ । क १ ज्ये ८ क्षे ३̇

अब कनिष्ठ को भाज्य, क्षेप को भाजक और ज्येष्ठ को क्षेप मानकर कुट्टक के लिये न्यास ।

भा. १ । क्षे. ८ ।

हा. ३̇ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इस सूत्रके अनुसार न्यास ।

भा. १ । क्षे. २ । वल्ली ०
हा. ३̇ । २
०

बाद उक्त रीति से लब्धि गुण हुए २̇ लब्धि के वैषम्य से अपने २ तक्षणों से शुद्ध हुए $\frac{१}{१}$ 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या लब्धिः—' इस सूत्रके अनुसार लब्धि गुण हुए $\frac{३}{१}$ हरके ऋण होने से लब्धि ऋण हुई क्योंकि भाज्य १ को गुण १ से गुणकर १ उसमें क्षेप ८ जोड़कर ९ ऋण हार ३̇ का भाग देने से लब्धि ३̇ का ऋणत्व सिद्ध होता है । यहां गुण १ के वर्ग १ को प्रकृति ६७ में घटा देने से शेष ६६ अल्प नहीं बचता इस कारण रूप दो २̇ ऋण इष्ट मानकर 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इस रीति के अनुसार लब्धि गुण हुए $\frac{५}{७}$ गुण ७ के वर्ग ४९ को प्रकृति ६७ में घटा देने से शेष १८ रहा, इसमें पहिले क्षेप ३̇ का भाग देने से लब्धि ६̇ ऋण मिली, यह क्षेप गुणवर्ग को प्रकृति में घटा देने से व्यस्त हुआ अर्थात् धनक्षेप ६ हुआ । और लब्धि कनिष्ठपद ५̇ हुई, इसके ऋण अथवा धन होने से 'इष्टं ह्रस्वं तस्य वर्गः—' इत्यादि अगिली क्रिया में कुछ विशेष नहीं होता इसलिये कनिष्ठ ५ धन हुआ, अब उस ५ के वर्ग २५ को प्रकृति ६७ से गुणकर १६७५ उसमें क्षेप ६ जोड़ देने से १६८१ ज्येष्ठ मूल ४१ आया ।

अथवा 'पूर्वं ज्येष्ठं गुणाभ्यस्तं
प्रकृतिघ्नकनिष्ठयुक् ।
क्षेपोद्धृतं चक्रवाले
ज्येष्ठं वा प्रकृतं भवेत् ॥'

इस उक्तवासनासिद्ध सूत्र के अनुसार पहिले ज्येष्ठ ८ को गुण ७ से गुणकर ५६ उसमें प्रकृति ६७ से गुणे हुए कनिष्ठ ६७ + १ = ६७ को

जोड़कर १२३ और क्षेप ३̇ का भाग देने से ४१̇ ज्येष्ठपद सिद्ध हुआ, अब इसे भी कनिष्ठ के भांति धन मानने से वही ज्येष्ठ हुआ ४१। इस प्रकार सर्वत्र जानो। अब इनका फिर कुट्टक के लिये न्यास।

भा. ५। क्षे. ४१।
हा. ६।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इस के अनुसार न्यास।

		वल्ली
भा. ५। क्षे. ५।		०
हा. ६।		१
		५
		०

उक्तरीति से लब्धि गुण हुए $\frac{५}{५}$ तक्षण लाभ ६ से युक्त लब्धि वास्तव लब्धि होती है तो लब्धि गुणहुए $\frac{११}{५}$ गुण ५ के वर्ग २५ को प्रकृति ६७ में घटा देने से शेष ४२ रहा इस में क्षेप ६ का भाग देने से ७ लब्धि आई, और 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते' इस के अनुसार क्षेप ७̇ ऋण हुआ। और लब्धि ११ कनिष्ठ है, इस ११ के वर्ग २२१ को प्रकृति ६७ से गुणकर ८१०७ और क्षेप ७̇ से घटा कर ८१०० मूल ज्येष्ठ ९० आया। अथवा 'पूर्वं ज्येष्ठं गुणाभ्यस्तं—' इस सूत्र के अनुसार ज्येष्ठ ४१ को गुण ५ से गुणकर २०५ उस में प्रकृति ६७ से गुणेहुए कनिष्ठ ६७ × ५ = ३३५ को जोड़कर ५४० उसमें क्षेप ६ का भाग देने से ज्येष्ठ ९० हुआ इस भांति कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए

क ११ ज्ये ९० क्षे ७̇

इनका कुट्टक के लिये न्यास।

भा. ११। क्षे. ९०।
हा. ७̇।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इस सूत्रके अनुसार वल्ली १
१
१
६
०

बाद दोराशि हुए १८/१२ तक्षणों से तष्टित करने से हुए ७/५ लब्धि विषम रहीं इसकारण ११ । ७ इन अपने अपने तक्षणों में शुद्ध करने से लब्धि गुण हुए ४/२ क्षेपतक्षणलाभ १२ से युक्त हुई लब्धि वास्तव लब्धि गुण हुए १६̇/२ हर के ऋण होने से लब्धि भी ऋण हुई, इसप्रकार सक्षेप लब्धि गुण हुए क्षे ११ ल १६̇
क्षे ७̇ गु २

गुण २ के वर्ग ४ को प्रकृति ६७ में घटा देने से शेष ६३ अल्प नहीं रहता इस कारण ऋणरूप १̇ इष्ट मानकर उससे हार ७̇ को गुणने से धन ७ हुए इन ७ को गुण २ में जोड़ देने से गुण ९ हुआ । इसी भांति इष्ट १̇ से भाज्य ११ को गुणकर लब्धि १६̇ में जोड़ देने से लब्धि २७̇ हुई, यह कनिष्ठपद है इसे पूर्व रीति से धन कल्पना कर लिया अब कनिष्ठ २७ का वर्ग ७२९ प्रकृति ६७ से गुणने से ४८८४३ हुआ, इसमें क्षेप २ घटा देने से ४८८४१ शेष रहा, इसका मूल २२१ ज्येष्ठ हुआ और गुण ९ के वर्ग ८१ में प्रकृति ६७ को घटा देने से १४ शेष बचा, इसमें ऋणक्षेप ७̇ का भाग देने से ऋणक्षेप २̇ लब्ध आया ।

इस प्रकार कनिष्ठ ज्येष्ठ, और क्षेप हुए

क २७ ज्ये २२१ क्षे २̇

इन का तुल्य भावना के लिये न्यास ।

क २७ ज्ये २२१ क्षे २̇
क २७ ज्ये २२१ क्षे २̇

यहां कनिष्ठ ज्येष्ठों के वज्राभ्यासों ५९६७ । ५९६७ का ऐक्य ११९३४ कनिष्ठ हुआ। कनिष्ठों का घात ७२९ प्रकृति ६७ से गुणने से ४८८४३ हुआ, इसमें ज्येष्ठाभ्यास ४८८४१ को जोड़ने से ९७६८४ ज्येष्ठ हुआ। और क्षेपों २ । २ का घात ४ क्षेप हुआ। इनका यथाक्रम न्यास

क ११९३४ ज्ये ९७६८४ क्षे ४

यहां इष्ट २ कल्पना करके 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः—' इस सूत्र के अनुसार रूपक्षेप में कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप सिद्ध हुए

क ५९६७ ज्ये ४८८४२ क्षे १

(२) उदाहरण में इष्ट १ को कनिष्ठ और ३ को क्षेप मानकर न्यास।

प्र ६१। क १ ज्ये ८ क्षे ३

अब इनका कुट्टक के लिये न्यास।

भा. १ । क्षे. ८
हा. ३ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इसके अनुसार न्यास।

भा. १ क्षे. २। वल्ली ०
हा. ३ । २
०

उक्तरीति से दो राशि हुए $\begin{matrix}०\\२\end{matrix}$ लब्धि के वैषम्य से अपने अपने तक्षणों में शुद्ध हुए $\begin{matrix}१\\१\end{matrix}$ बाद क्षेपतक्षण लब्ध २ से जुड़ीहुई लब्धि वास्तव हुई ३ इस प्रकार लब्धि गुण सिद्ध हुए $\begin{matrix}३\\१\end{matrix}$ 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार २ इष्ट कल्पना करने से लब्धि गुणहुए $\begin{matrix}५\\७\end{matrix}$ यहां गुण ७ के वर्ग ४९ को प्रकृति ६१ में घटा देने से शेष १२ बचा, इस में क्षेप ३ का भाग देने से क्षेप ४ आया, यह 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते' इसके अनुसार ऋण हुआ $\dot{४}$। और गुण ७ की लब्धि ५ कनिष्ठ है, इसका वर्ग २५

प्रकृति ६१ से गुणने से १५२५ हुआ, इसमें क्षेप ४ घटा देने से १५२१ शेष रहा, इसका मूल ३९ ज्येष्ठ हुआ। इनका यथाक्रम न्यास।

क ५ ज्ये ३९ क्षे ४

अब 'इष्टवर्गहृतः—' इसके अनुसार इष्ट १ कल्पना करने से रूपशुद्धि में कनिष्ठ ज्येष्ठ और क्षेप हुए

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १

इनका भावना के लिये न्यास।

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १

अब 'वज्राभ्यासौ ज्येष्ठलघ्वोः—' इसके अनुसार रूपक्षेप में कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए

क $\frac{१९५}{२}$ ज्ये $\frac{१५२३}{२}$ क्षे १

इनका रूपशुद्धि पदों के साथ भावना के लिये न्यास।

क $\frac{१९५}{२}$ ज्ये $\frac{१५२३}{२}$ क्षे १

क $\frac{५}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १

यहां वज्राभ्यासों ७६०५। ७६१५ का ऐक्य १५२२० हुआ इसमें हरों २। २ के घात ४ का भाग देने से कनिष्ठ हुआ ३८०५। कनिष्ठों का घात ९७५ प्रकृति ६१ से गुणने से ५९४७५ हुआ, इसमें ज्येष्ठाभ्यास ५९३९७ को जोड़ने से ११८८७२ हुआ, इसमें हरों के घात ४ का भाग देने से ज्येष्ठ आया २९७१८। क्षेपों १। १ का घात क्षेप हुआ १। इनका यथाक्रम न्यास।

क ३८०५ ज्ये २९७१८ क्षे १

तुल्य भावना के लिये न्यास।

क ३८०५ ज्ये २९७१८ क्षे १

क ३८०५ ज्ये २९७१८ क्षे १

यहां वज्राभ्यासों ११३०७६९९० । ११३०७६९९० का योग २२६१५३९८० कनिष्ठ हुआ। कनिष्ठों का घात १४४७८०२५ प्रकृति ६१ से गुणदेने से ८८३१५९५२५ हुआ, इसमें वज्राभ्यास ८८३१५९५२५ को जोड़देने से ज्येष्ठपद १७६६३११९०४९ हुआ। और क्षेपों १ । १ का घात क्षेप १ हुआ। इनका यथाक्रम न्यास।

क २२६१५३९८० ज्ये १७६६३११९०४९ क्षे १

इस प्रकार भावनावश से अनेक कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप सिद्ध होंगे॥

अथ रूपशुद्धौ खिलत्वज्ञानप्रकारान्तरितपदानयनयोः करणसूत्रं वृत्तद्वयम्-

रूपशुद्धौ खिलोद्दिष्टं वर्गयोगो गुणो न चेत् ॥ ५० ॥
अखिले कृतिमूलाभ्यां द्विधा रूपं विभाजितम् ।
द्विधा ह्रस्वपदं ज्येष्ठं ततो रूपविशोधने ॥ ५१ ॥
पूर्ववद्वा प्रसाध्येते पदे रूपविशोधने ।

अथ रूपशुद्धौ खिलत्वेऽखिलत्वे चावधारिते तत्र प्रकारान्तरेण पदानयनं श्लोकाभ्यामाह-रूपशुद्धाविति । यदि प्रकृतिर्वर्गयोगरूपा न भवेत्तर्हि रूपशुद्धावुद्दिष्टं खिलं ज्ञेयम् । कस्यापि वर्गस्तया प्रकृत्या गुणितो रूपोनः सन् मूलदो नैव भवेदित्यर्थः। अथाखिलत्वे पदानयनमाह-अखिले इति । अखिले सति ययोर्वर्गयोर्योगः प्रकृतिरस्ति तयोर्मूलाभ्यां द्विधा रूपं विभाजितं सद्रूपशुद्धौ द्विधा ह्रस्वपदं भवति । ततस्ताभ्यां कनिष्ठाभ्यां-तस्य वर्गः प्रकृत्या क्षुण्णः-' इत्यादिना ज्येष्ठपदमपि द्विधा भवति । अथवा, अखिलत्वे सति पूर्ववत् 'इष्टं ह्रस्वं-' इत्यादिना ऋणे चतुरादिक्षेपे पदे प्रसाध्य 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः-' इत्यादिना रूपशुद्धौ पदे प्रसाध्ये॥

रूपशुद्धिमें दुष्ट उदाहरण का ज्ञान और सुष्ठु उदाहरण होनेपर प्रकारान्तरसे पदानयन का प्रकार—

रूपशुद्धि अर्थात् १ ऋणक्षेप में यदि गुण (प्रकृति) वर्गों का योग न होवे तो उस उद्दिष्टको खिल अर्थात् दुष्ट जानो, तात्पर्य यह है कि किसीका वर्ग उस प्रकृति से गुणा और रूपोन मूलप्रद न होगा । इस भांति यदि उद्दिष्ट दुष्ट न होवे तो जिन वर्गों का योग प्रकृति है तिनके मूलों का अलग अलग रूप में भाग देने से दो प्रकार के कनिष्ठ रूप शुद्धि में होगें । और उन कनिष्ठोंपर से '—तस्य वर्ग प्रकृत्या क्षुण्णः—' इस सूत्रके अनुसार ज्येष्ठ भी दो प्रकार के होंगे । अथवा ' इष्टं ह्रस्वं—'इस रीति के अनुसार चार आदि क्षेपमें पदानयन करके बाद 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः क्षेपः स्यात्' इस सूत्र से रूपशुद्धि में पदों का आनयन करो ॥

उपपत्ति—

जो ऋणक्षेप वर्गरूप होवे तो उसके मूल को इष्ट कल्पना करके 'इष्टवर्गहृतः क्षेपः—' इस रीति से ऋणक्षेप १ संभव होता है, परन्तु ऋणक्षेप वर्गरूप तभी होगा यदि प्रकृति से गुणाहुआ कनिष्ठवर्ग वर्गयोगरूपी होवे इस लिये एक वर्ग का शोधन करने से दूसरा वर्ग अवशिष्ट रहैगा और वही क्षेप है । जैसा—२ । ३ इनके वर्ग ४ । ९ हुए, इन के योग १३ में इष्ट राशि के वर्ग ४ को घटा देने से दूसरे राशि ३ का वर्ग ९ शेष रहा ।

यहांपर यदि प्रकृति वर्गयोगरूप होवे तो कनिष्ठवर्ग प्रकृतिगुणित भी वर्गयोगरूप अनुमान किया जावे क्योंकि वर्गरूप खण्डों से कनिष्ठ को अलग अलग गुण देने से दोनों खण्ड भी वर्गरूप रहते हैं और उनका योग वर्गयोग होता है वही संपूर्ण प्रकृति से गुणित कनिष्ठ का वर्ग होता है । जैसा—४ । ९ वर्गराशि का योग १३ प्रकृति है । अब कल्पित कनिष्ठ ५ के वर्ग २५ को उन वर्गात्मक खण्डों ४ । ९ से अलग

अलग गुण देने से १०० । २२५ ये भी वर्ग हुए, इनका योग ३२५ दश और पंद्रह इनका वर्गयोग है , और यह संपूर्ण प्रकृति १३ से गुणे हुए कनिष्ठवर्ग १३×२५=३२५ के समान है । अब वह १० । १५ इनके वर्गयोग ३२५ के तुल्य है इस लिये ३२५ में १० का वर्ग १०० घटा देने से १५ का वर्ग २२५ अवशिष्ट रहता है और १५ का वर्ग २२५ घटा देने से १० का वर्ग १०० शेष बचता है इस लिये ऋणक्षेप१००̇ और ज्येष्ठ १५ । अथवा, ऋणक्षेप २२५̇ और ज्येष्ठ १० हुआ। अब—

क ५ ज्ये १५ क्षे १००̇

इन पर से इष्ट १० मानकर रूपशुद्धि में पद हुए

क $\frac{५}{१०}$ ज्ये $\frac{१५}{१०}$ क्षे १̇

इससे 'रूपशुद्धौ खिलोद्दिष्टं वर्गयोगो गुणो न चेत्' यह उपपन्न हुआ । जिनका वर्गयोग प्रकृति है उनके मूलों २ । ३ का अलग अलग रूप में भाग देने से हुए कनिष्ठ $\frac{१}{२}$ अथवा $\frac{१}{३}$ । अब कनिष्ठ का वर्ग करनेसे अंशके स्थान में रूप और हरके स्थान में मूलका वर्ग हुआ क $\frac{१}{४}$ इसको प्रकृति १३ से गुण देने से अंशके स्थान में प्रकृति की तुल्यता हुई क $\frac{१३}{४}$ अब उस में ऋणक्षेप १̇ घटाना है तो समच्छेद करने से हरकी समता हुई ४̇ बाद ४̇ को भाज्य १३ में घटादेने से दूसरे मूल ३ का वर्ग ९ अवशिष्ट रहेगा क्योंकि भाज्य (अंश) दोनों मूलों २ । ३ के वर्गयोग १३ के समान है । इसी भांति कनिष्ठ $\frac{१}{३}$ का वर्ग $\frac{१}{९}$ हुआ, इस को प्रकृति १३ से गुणने से $\frac{१३}{९}$ हुए, अब यहां भी हर ९ से ऋणक्षेप १̇ को गुणने से हरकी समता हुई, उस ९̇ को प्रकृति (अंश) १३ में घटा देने से पहिले मूल २ का वर्ग ४ अवशिष्ट रहा। इससे 'अखिले कृतिमूलाभ्यां द्विधा रूपं विभाजितम् । द्विधा ह्रस्वपदं' यह भी उपपन्न हुआ ॥

उदाहरणम्—

त्रयोदशगुणो वर्गो निरेकः कः कृतिर्भवेत् ।
को वाष्टगुणितो वर्गो निरेको मूलदो वद ॥३०॥

अत्र प्रकृतिर्द्विकत्रिकयोर्वर्गयोर्योगः १३ । अतो द्विकेन रूपं हृतं रूपशुद्धौ कनिष्ठं पदं स्यात् $\frac{१}{२}$ । अस्य वर्गात्प्रकृतिगुणादेकोनान्मूलं ज्येष्ठं पदम् $\frac{३}{२}$ । अथवा त्रिकेण रूपं हृतं कनिष्ठं स्यात् $\frac{१}{३}$ । अतो ज्येष्ठम् $\frac{२}{३}$ । अथवा कनिष्ठम् १ अस्य वर्गात्प्रकृतिगुणाच्चतुरूनान्मूलं ज्येष्ठम् ३ ।

क्रमेण न्यासः । क १ ज्ये ३ क्षे ४

'इष्टवर्गहृतः क्षेपः—' इत्यादिना जाते रूपशुद्धौ पदे क $\frac{१}{२}$ ज्ये $\frac{३}{२}$ क्षे $\dot{१}$ । अथ वा प्रकृतेर्नव त्यक्त्वैवमेव जाते क $\frac{१}{३}$ ज्ये $\frac{२}{३}$ क्षे $\dot{१}$ । चक्रवालेनाभिन्ने वा ।

एषां ह्रस्वज्येष्ठपदक्षेपाणां भिन्नानां 'ह्रस्वज्येष्ठपदक्षेपान्—' इत्यादिना भाज्यप्रक्षेपभाजकान्प्रकल्प्य पूर्वपदयोर्न्यासः ।

भा. $\frac{१}{२}$ । क्षे. $\frac{३}{२}$ ।
हा. $\dot{१}$ ।

अत्र भाज्यभाजकक्षेपानर्धेनापवर्त्य जाताः

भा. १ । क्षे. ३ ।
हा. $\dot{२}$ ।

'हरतष्टे-' इति कुट्टकेन गुणलब्धी $\frac{१}{२}$ अत्रेष्टमृणरूपं प्रकल्प्य जातोऽन्यो गुणः ३। 'गुणवर्गे-'इत्यादिना क्षेपः ४ लब्धिः ३ अतो ज्येष्ठम् ११। क्रमेण न्यासः। क ३ ज्ये ११ क्षे ४।

अतोऽपि पुनः 'भाज्यप्रक्षेपभाजकान्-'इत्यादिना चक्रवालेन लब्धो गुणः ३।'गुणवर्गे-'इत्यादिना रूपशुद्धावभिन्ने पदे क ५ ज्ये १८ क्षे १̇।

इह सर्वत्र पदानां रूपक्षेपदाभ्यां भावनयानन्त्यम्॥

एवं द्वितीयोदाहरणे प्रकृतिः ८। प्राग्वज्जाते ह्रस्वज्येष्ठपदे क $\frac{१}{२}$ ज्ये १ क्षे १̇

उदाहरण——

(१) कौन ऐसा वर्ग है जिसको तेरह से गुणकर एक घटा देते हैं तो वह वर्ग होता है।

(२) वह कौनसा वर्ग है जिसको आठ से गुणकर एक घटा देते हैं तो वर्ग होता है।

पहिले उदाहरण में प्रकृति १३ है, यह २ और ३ इनके वर्गों ४। ९ का योग है इसलिये २ का १ में भाग देनेसे कनिष्ठपद $\frac{१}{२}$ हुआ। इसके वर्ग $\frac{१}{४}$ को प्रकृति १३ से गुणा $\frac{१३}{४}$ हुआ, इस में १ घटानेसे $\frac{९}{४}$ शेष रहा, इसका मूल $\frac{३}{२}$ ज्येष्ठपद हुआ। अथवा ३ का १ में भाग देने से कनिष्ठ पद $\frac{१}{३}$ हुआ। इसके वर्ग $\frac{१}{९}$ को प्रकृति १३ से गुणा $\frac{१३}{९}$ हुआ, इस में १ घटा देने से $\frac{४}{९}$ शेष रहा, इस का मूल $\frac{२}{३}$ ज्येष्ठपद हुआ। अथवा इष्ट १ को कनिष्ठ कल्पना किया, इसके वर्ग १ को प्रकृति १३

से गुणकर उस में ४ घटा दिया तो ९ शेष रहा, इसका मूल ३ ज्येष्ठ पद हुआ । इनका क्रमसे न्यास ।

क १ ज्ये ३ क्षे ४̇

'इष्टवर्गहृतः—' इसके अनुसार इष्ट २ कल्पना करने से रूपशुद्धि में पद हुए

क $\frac{1}{2}$ ज्ये $\frac{3}{2}$ क्षे १̇

अथवा कनिष्ठ १ के वर्ग १ को प्रकृति १३ से गुणकर उसमें ९ घटा दिया तो ४ शेष रहा, इसका मूल २ ज्येष्ठपद हुआ । इनका यथा क्रम न्यास ।

क १ ज्ये २ क्षे ९̇

पूर्वरीति के अनुसार ३ इष्ट मानने से रूपशुद्धि में पद हुए

क $\frac{1}{3}$ ज्ये $\frac{2}{3}$ क्षे १̇

अब इनका 'ह्रस्वज्येष्ठपदक्षेपान्—' इस रीति के अनुसार कुट्टक के लिये न्यास ।

भा. $\frac{1}{2}$ । क्षे. $\frac{3}{2}$ ।
हा. १̇ ।

यहां भाज्य भाजक और क्षेप में आधे $\frac{1}{2}$ का अपवर्तन देकर न्यास ।

भा. १ । क्षे. ३ ।
हा. २̇ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इस रीति से वल्ली हुई
०
३
०

बाद १̇ दो राशि हुए, लब्धि के वैषम्य से इन्हें अपने अपने तक्षणों में शुद्ध किया तो $\frac{1}{1}$ हुए, फिर क्षेपतक्षणलाभ १ को लब्धि में जोड़ देने से लब्धि गुण हुए $\frac{\dot{2}}{1}$ अब गुण १ के वर्ग १ को प्रकृति १३ में घटा देने से शेष १२ अल्प नहीं रहता इस कारण ऋण १̇ इष्ट मानकर 'इष्टाहतस्वस्वहरेण युक्ते—' इसके अनुसार तक्षणों १ । २̇ को ऋण १̇ से

गुण दिया तो १̇ । २ हुए, बाद इन्हें लब्धि गुणों २̇ । १ में जोड़ देने से ३̇ । ३ ये लब्धि गुण हुए । अब गुण ३ के वर्ग ९ को प्रकृति १३ में घटादेने से शेष ४ रहा, इसमें ऋणक्षेप १̇ का भाग देने से ४̇ क्षेप आया और 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते—' इसके अनुसार वह क्षेप धन हुआ ४, लब्धि ३ कनिष्ठ है, इसके वर्ग ९ को प्रकृति १३ से गुणा ११७ हुआ, इसमें क्षेप ४ जोड़ने से १२१ हुआ, इस का मूल ११ ज्येष्ठ है। उनका क्रम से न्यास।

क ३ ज्ये ११ क्षे ४ ।

अब कुट्टक के लिये न्यास।

भा. ३ । क्षे. ११ ।
हा. ४ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इसके अनुसार न्यास।

भा. ३ । क्षे. ३ । वल्ली ०
हा. ४ । १
३
०

उक्तविधि से $\frac{३}{१}$ दो राशि हुए, क्षेपतक्षणलाभ २ को लब्धि ३ में जोड़ देनेसे लब्धि गुण हुए $\frac{५}{३}$ गुण ३ के वर्ग ९ को प्रकृति १३ में घटाने से ४ शेष रहा, इसमें पूर्वक्षेप ४ का भागदेने से १ क्षेप आया, वह 'व्यस्तः प्रकृतितश्च्युते—' इसके अनुसार ऋण हुआ १̇ । और लब्धि ५ कनिष्ठ है, इसकेवर्ग २५ को प्रकृति १३ से गुणा ३२५ हुआ, इसमें क्षेप १̇ घटादेने से ३२४ शेष रहा, इसका मूल १८ ज्येष्ठहुआ । इनका यथाक्रम न्यास ।

क ५ ज्ये १८ क्षे १̇

यहांपर सर्वत्र पदोंका रूपक्षेप पदोंके साथ भावना देनेसे आनन्त्यहोगा।

(२) उदाहरण में प्रकृति ८ है । यह २ । २ इनके वर्गों ४ । ४ का योग है । इस लिये १ में २ का भाग देने से कनिष्ठपद $\frac{१}{२}$ हुआ ।

इसके वर्ग १/४ को प्रकृति ८ से गुणदिया ८/४ हुआ इसमें १ घटा देने से ४/४= १ शेषरहा इसका मूल १ ज्येष्ठ हुआ । इनका क्रमसे न्यास ।

क १/२ ज्ये १ क्षे १̇ ।

उदाहरणम्—

को वर्गः षड्गुणस्त्र्याढ्यो द्वादशाढ्योऽथवा कृतिः ।
युतो वा पञ्चसप्तत्या त्रिशत्या वा कृतिर्भवेत् ॥२१॥

अत्र रूपं ह्रस्वं कृत्वा न्यासः ।

प्र ६ । क १ ज्ये ३ क्षे ३

अत्र 'क्षेपः क्षुण्णः क्षुण्णे तदा पदे' इति द्विगुणिते जाते द्वादशक्षेपे २ । ६ । पञ्चगुणे पञ्चसप्ततिमिते क्षेपे ५ । १५ । दशगुणे जाते त्रिशतीक्षेपे १० । ३० ।

उदाहरण—

वह कौन वर्ग है जिसको छ से गुणकर उसमें तीन वा बारह वा पचहत्तर वा तीनसौ जोड़ देते हैं तो वर्ग होजाता है ।

यहां इष्ट १ को कनिष्ठ कल्पना किया, उसके वर्ग १ को प्रकृति ६ से गुणकर ३ जोड़ दिया तो ९ हुआ इसका मूल ३ ज्येष्ठ हुआ, अब इन का क्रम से न्यास ।

प्र ६ । क १ ज्ये ३ क्षे ३ ।

यहां 'अथवा क्षेपः क्षुण्णः क्षुण्णे तदा पदे' इस सूत्र के अनुसार २ इष्ट कल्पना करने से बारह क्षेप में पद हुए ।

प्र ६ । क २ ज्ये ६ क्षे १२

५ इष्ट कल्पना करने से पचहत्तर क्षेप में पद हुए ।

प्र ६ । क ५ ज्ये १५ क्षे ७५

और १० इष्ट कल्पना करने से तीन सौ क्षेप में पद हुए

प्र ६ । क १० ज्ये ३० क्षे ३००

अथेच्छयानीतपदयो रूपक्षेपदानयनदर्शने करण-
सूत्रं सार्धवृत्तम् ।

स्वबुद्ध्यैव पदे ज्ञेये बहुक्षेपविशोधने ॥ ५२ ॥
तयोर्भावनयानन्त्यं रूपक्षेपपदोत्थया ।
वर्गच्छिन्ने गुणे ह्रस्वं तत्पदेन विभाजयेत् ॥ ५३ ॥

अथ येन केनाप्युपायेनोद्दिष्टक्षेपे पदे प्रसाध्य पश्चाद्रूपक्षेपभावनया तयोरानन्त्यं भवतीति सार्धेनानुष्टुभाह—स्वेति । क्षेपाश्च विशोधनानि च क्षेपविशोधनानि, बहूनि च तानि क्षेपविशोधनानि च बहुक्षेपविशोधनानि, तेषां समाहारो बहुक्षेपविशोधनं तस्मिन् बहुक्षेपविशोधने । यत्र कुत्रापि क्षेपे धने ऋणे वा पूर्वं स्वबुद्ध्यैव पदे ज्ञेये इत्यर्थः । पश्चाद्रूपक्षेपपदोत्थया भावनया तयोरानन्त्यं सुलभम् । यतः 'तत्राभ्यासः क्षेपयोः क्षेपकः स्यात्' इति रूपक्षेपेण गुणितो यः कश्चन धनमृणं वा क्षेपो यथास्थित एव स्यादिति । स्वबुद्ध्यैव पदे ज्ञेये' इत्युक्तं तत्र प्रकारान्तरं दर्शयति—वर्गेति । गुणे वर्गच्छिन्ने सति ह्रस्वं तत्पदेन विभाजयेत् । अयमभिप्रायः—प्रकृतिं केनचिद्वर्गेणापवर्त्य, अपवर्तितया प्रकृत्या कनिष्ठज्येष्ठपदे साध्ये । तत्र येन वर्गेण प्रकृतेरपवर्तः कृतस्तस्य पदेन कनिष्ठं भाज्यं, ज्येष्ठं तु यथास्थितमेव उद्दिष्टप्रकृतावेते पदे भवत इत्यर्थः ॥

अब किसी एक विधि से उद्दिष्ट क्षेप में पद लाकर रूपक्षेपभावना के द्वारा उन पदों का आनन्त्य होता है सो कहते हैं—जिस स्थान में अधिक (बड़ा) धन अथवा ऋणक्षेप होवे वहां पर पहिले अपनी मति के अनुसार पदों को सिद्ध करो, बाद कनिष्ठ ज्येष्ठ और रूपक्षेप से उत्पन्न हुई भावना के द्वारा उन (कनिष्ठ ज्येष्ठ पदों) का आनन्त्य

होगा । तात्पर्य यह है कि 'तत्राभ्यासः क्षेपयोः क्षेपकः स्यात्' इस सूत्रके अनुसार रूपक्षेप से गुणा हुआ कोई धन अथवा ऋणक्षेप ज्यों का त्यों रहैगा ॥

अब पहिले जो कह आये हैं कि 'अपनी मति के अनुसार पदों को सिद्ध करो' वहां पर प्रकारान्तर दिखलाते हैं—उद्दिष्ट प्रकृति में किसी वर्गराशि का अपवर्तन दो और उस अपवर्तनाङ्क के मूल का कनिष्ठ में भाग दो वह कनिष्ठ होगा और ज्येष्ठ यथास्थित रहैगा ॥

उपपत्ति—

प्रकृति में किसी वर्ग राशि का अपवर्तन देने से ज्येष्ठ का वर्ग भी उसी (वर्गराशि) से अपवर्तित होताहै इसलिये ज्येष्ठ उस (वर्गराशि) के मूल से अपवर्तित होगा परन्तु कनिष्ठ न अपवर्तित होगा क्योंकि उस (कनिष्ठ) में प्रकृति प्रयुक्त कोई विशेष नहीं है कि जिससे प्रकृति गुणी अथवा भागी जावे तो कनिष्ठ भी गुणा या भागा जावे इसलिये उस (वर्गराशि) के मूल का कनिष्ठ में भाग देना कहा है और ज्येष्ठ तो प्रथमही भाजित हुआ है । इसीभांति यह भी जानना चाहिये कि प्रकृति को किसी वर्गराशि से गुणदो और उस गुणित प्रकृतिपरसे कनिष्ठ ज्येष्ठ सिद्ध करके उसके मूल से कनिष्ठ को गुण दो, इससे 'वर्गच्छिन्ने गुणे ह्रस्वं तत्पदेन विभाजयेत्' यह उपपन्न हुआ ॥

उदाहरणम्—

द्वात्रिंशद्गुणितो वर्गः कः सैको मूलदो वद ।

न्यासः । प्र ३२ । अतः प्राग्वज्जाते कनिष्ठज्येष्ठे $\frac{१}{२}$ । ३ अथवा ' वर्गच्छिन्ने गुणे ह्रस्वं तत्पदेन विभाजयेत् ' इति प्रकृतिः ३२ चतुश्छिन्ना लब्धम् ८ अस्यां प्रकृतौ कनिष्ठज्येष्ठे १ । ३ येन वर्गेण प्रकृति-

श्छिन्ना तस्य पदेन २ कनिष्ठे भक्ते जाते त एव क $\frac{१}{२}$ ज्ये ३ क्षे १ ।

उदाहरण—

वह कौनसा वर्गराशि है जिसको बत्तीस से गुण देते हैं और उसमें एक घटा देते हैं तो मूलप्रद होता है

यहां $\frac{१}{२}$ इष्ट मानकर 'इष्टं ह्रस्वं—' इस रीति से कनिष्ठ ज्येष्ठ और क्षेप हुए

क $\frac{१}{२}$ ज्ये ३ क्षे १

अथवा 'वर्गच्छिन्ने—' इस सूत्रके अनुसार प्रकृति ३२ में ४ का अपवर्तन देने से ८ लब्ध आये अब प्रकृति ८ में उक्त रीति से कनिष्ठ ज्येष्ठ और क्षेप हुए

क १ ज्ये ३ क्षेप १

बाद ४ के मूल २ का कनिष्ठ १ में भागदेने से बत्तीस प्रकृति में पद हुए

क $\frac{१}{२}$ ज्ये ३ क्षे १

इसीभांति प्रकृति ३२ में १६ का अपवर्तन देने से २ मिले और प्रकृति २ में कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए

क २ ज्ये ३ क्षे १

फिर १६ के मूल ४ का कनिष्ठ २ में भाग देने से वही कनिष्ठ और ज्येष्ठ आये क $\frac{१}{२}$ ज्ये ३ क्षे १

अथ वर्गरूपायां प्रकृतौ भावनाव्यतिरेकेणानेकपदानयने करणसूत्रं वृत्तम्—

इष्टभक्तो द्विधा क्षेप इष्टोनाढ्यो दलीकृतः ।
गुणमूलहृतश्चाद्यो ह्रस्वज्येष्ठे क्रमात्पदे ॥ ५४ ॥

अथ प्रकृतौ वर्गरूपायां पदानयने उपायान्तरमनुष्टुभाह—इष्टभक्त इति । उद्दिष्टक्षेप इष्टेन भक्तः सन् द्विधा स्थाप्यः, स एकत्र इष्टेनोनः, अपरत्र इष्टेन सहितः, उभयत्रापि दलीकृतोऽर्धितः । गुणमूलहृतः । प्रकृतिमूलहृत इत्यर्थः । क्रमाद्ध्रस्वज्येष्ठपदे स्तः ॥

वर्गरूप प्रकृति में पद लानेका प्रकार—

उद्दिष्ट क्षेप में इष्ट का भाग देकर उसे दो स्थान में रक्खो और एक स्थान में उसमें इष्ट घटा दो दूसरे स्थान में जोड़दो बाद उनका आधा करो और पहिले स्थान में प्रकृति के मूल का भाग दो वे क्रमसे कनिष्ठ ज्येष्ठ होंगे ॥

उपपत्ति—

वर्गरूप प्रकृति से गुणा हुआ कनिष्ठ का वर्ग वर्गही रहता है उसका और ज्येष्ठवर्ग का अन्तर क्षेप होता है और वह वर्गान्तर के समान है अब—

'वर्गान्तरं राशिवियोगभक्तं
योगस्ततः प्रोक्तवदेव राशी'

इस पाटीस्थ सूत्र के अनुसार अन्तर तुल्य इष्ट कल्पना करके उसका क्षेप में भाग देने से योग आवेगा बाद संक्रमण सूत्र से राशि आवेंगे, एक राशि, प्रकृति के मूल से गुणे हुए कनिष्ठ के तुल्य और दूसरा ज्येष्ठ के तुल्य होगा, प्रकृतिमूल से गुणा हुआ कनिष्ठ प्रकृतिमूल के भाग देने से कनिष्ठ होता है, इससे 'इष्टभक्तो द्विधा—' यह सूत्र उपपन्न हुआ ॥

उदाहरणम्—

का कृतिर्नवभिः क्षुण्णा द्विपञ्चाशद्युता कृतिः ।
को वा चतुर्गुणो वर्गस्त्रयस्त्रिंशद्युता कृतिः ॥ ३२ ॥

अत्र प्रथमोदाहरणे क्षेपः ५२ । द्विकेनेष्टेन हृतो द्विष्ठ इष्टोनाढ्यो दलीकृतो जातः १२ । १४ । अनयो-

राद्यः प्रकृतिमूलेन भक्तो जाते ह्रस्वज्येष्ठे ४ । १४ । अथवा क्षेपं ५२ चतुर्भिर्विभज्य एवं जाते ह्रस्वज्येष्ठे $\frac{3}{2}$ $\frac{17}{2}$ ।

द्वितीयोदाहरणे क्षेपं ३३ एकेनेष्टेन विभज्यैवं जाते ह्रस्वज्येष्ठे ८ । १७ त्रिभिर्जाते २ । ७ ॥

उदाहरण—

(१) वह कौन वर्ग है जिसको नौ से गुणकर बावन जोड़ देते हैं तो वर्ग होजाता है ।

(२) ऐसा कौन वर्ग है जिसको चार से गुणकर तेंतीस जोड़ देते हैं तो वर्ग होजाता है ॥

(१) उदाहरण में क्षेप ५२ है, अब इष्ट २ कल्पना करके इसका क्षेप ५२ में भाग देने से २६ लब्धि मिली, इसे दो स्थान में रक्खा २६ । २६ । और इष्ट २ से ऊन युत करके आधा किया तो हुए १२ । १४ इनमें से पहिले स्थान में स्थापित किये हुए १२ में प्रकृति मूल ३ का भाग देने से कनिष्ठ ४ सिद्ध हुआ और ज्येष्ठ १४ ज्ञातही रहा इनका यथाक्रम न्यास । क ४ ज्ये १४ क्षे ५२ । अथवा क्षेप ५२ में ४ का भाग देकर पूर्वरीति से कनिष्ठ ज्येष्ठ हुए क $\frac{3}{2}$ ज्ये $\frac{17}{2}$ ॥

(२) उदाहरण में क्षेप ३३ है, अब इष्ट १ का क्षेप ३३ में भाग देने से ३३ लब्धि आई, इसको दो स्थान में रक्खा ३३ । ३३ । और इष्ट १ से ऊन युत कर के आधा किया तो हुए १६ । १७ इनमें से आद्य १६ में प्रकृतिमूल २ का भाग देने से कनिष्ठ ८ आया, और ज्येष्ठ १७ पहिलेही ज्ञातथा अब उनका यथाक्रम न्यास । क ८ ज्ये १७ क्षे ३३ । अथवा क्षेप ३३ में ३ का भाग देकर पूर्व रीति के अनुसार कनिष्ठ ज्येष्ठ मूल सिद्ध हुए २ । ७ ।

अथवा प्रकृतिसमक्षेप उदाहरणम्—

त्रयोदशगुणो वर्गस्त्रयोदशविवर्जितः ।
त्रयोदशयुतो वा स्याद्वर्ग एव निगद्यताम् ॥३३॥

प्रथमोदाहरणे प्रकृतिः १३। जाते कनिष्ठज्येष्ठे १।०।० अत्र 'इष्टवर्गप्रकृत्योर्यद्विवरं—' इत्यादिना रूपक्षेप-मूले $\frac{३}{२}$ $\frac{११}{२}$ आभ्यां भावनया त्रयोदशऋणक्षेप-मूले $\frac{११}{२}$ $\frac{३६}{२}$, वा एषामृणक्षेपपदानां रूपशुद्धिपदा-भ्या $\frac{१}{२}$ $\frac{३}{२}$ आभ्यां विश्लिष्यमाणभावनया त्रयोदश-क्षेपमूले $\frac{३}{२}$ $\frac{१३}{२}$ वा १८। ६५।

प्रकृतिसमक्षेप में उदाहरण—

वह कौन सा वर्ग है जिसको तेरह से गुणकर उसमें तेरह घटा वा जोड़ देते हैं तो वर्ग ही रहता है।

यहां प्रकृति १३ है, कनिष्ठ १ कल्पना किया इसके वर्ग १ को प्रकृति १३ से गुण कर उसमें १३ घटादिया तो ० शून्य शेष बचा इसका मूल० ज्येष्ठ पद हुआ इनका यथाक्रमन्यास। क १ ज्ये० क्षे १३̇

इसभांति जिस स्थान में प्रकृति के समान ऋण क्षेप होवे वहां पर १ इष्ट कल्पना करके ज्येष्ठपद सिद्ध करना चाहिये यह युक्ति निक-लती है क्योंकि एक कनिष्ठ कल्पना करने से जब उसके वर्ग को प्र-कृति से गुण देंगे तब वह (गुणनफलरूप प्रकृतिगुणित कनिष्ठका वर्ग) प्रकृति के तुल्यही रहैगा और वहां क्षेप को भी प्रकृति के तुल्य होनेसे जब उसे प्रकृति में घटावेंगे तो शून्य शेष बचैगा और उसका मूल ज्येष्ठ शून्य आवेगा, जैसा—

'क १ ज्ये० क्षे १३̇'

यहां ज्येष्ठपद ० आया है, अब इन कनिष्ठ ज्येष्ठ और क्षेपों का समासभावना के लिये न्यास।

प्र १३ । क १ ज्ये ० क्षे १३̇
क १ ज्ये ० क्षे १३̇

अब 'वज्राभ्यासौ ज्येष्ठलघ्वोः—' इस सूत्रके अनुसार वज्राभ्यासों का योग ० हुआ यह कनिष्ठ है। बाद कनिष्ठों १ । १ के घात १ को प्रकृति १३ से गुण देनेसे गुणनफल १३ हुआ इसमें ज्येष्ठाभ्यास ० जोड़ देनेसे १३ ज्येष्ठमूल सिद्ध हुआ। और क्षेपों १३̇ । १३̇ का घात १६९ क्षेप हुआ। इनका क्रमसे न्यास।

क ० ज्ये १३ क्षे १६९

'इष्टवर्गहृतः—' इस सूत्र के अनुसार १३ इष्ट कल्पना करने से ये पद सिद्ध हुए।

क ० ज्ये १ क्षे १

अब इन पदों का पहिले साधे हुए 'क १ ज्ये० क्षे १३̇' इन पदों के साथ भावना के लिये न्यास।

क० ज्ये १ क्षे १
क १ ज्ये० क्षे १३̇

यहां समासभावना अथवा अन्तर भावना के द्वारा पहिले के पद आते हैं।

क १ ज्ये० क्षे १३̇

और उनका उन्हींके समासभावना के द्वारा उत्पन्नहुए 'क ० ज्ये १३ क्षे १६९' इन पदों के साथ भावनाके लिये न्यास।

क १ ज्ये ० क्षे १३̇
क० ज्ये १३ क्षे १६९

यहां समास या अन्तर भावना से ये पद उत्पन्न होते हैं।

क १३ ज्ये० क्षे २१९७

और 'इष्टवर्गहृतः—' इस सूत्र की प्रवृत्ति नहीं होती इसलिये सकलाचार्यशिरोमणि ग्रन्थकार ने 'इष्टवर्गप्रकृत्योः—' इस सूत्र के अनुसार इष्ट ३ कल्पना किया, उसके वर्ग ९ और प्रकृति १३ का अन्तर ४ हुआ इस का दूने इष्ट ६ में भाग देनेसे कनिष्ठ $\frac{६}{४}$ हुआ, इसमें २ का अपवर्तन देनेसे $\frac{३}{२}$ कनिष्ठ हुआ। कनिष्ठ $\frac{३}{२}$ के वर्ग $\frac{९}{४}$ प्रकृति १३ से गुण दिया $\frac{११७}{४}$ हुआ इसमें १ जोड़ देनेसे $\frac{१२१}{४}$ हुआ इसका मूल ज्येष्ठ है $\frac{११}{२}$। इनका क्रमसे

न्यास। क $\frac{३}{२}$ ज्ये $\frac{११}{२}$ क्षे १

इनका पहिले सिद्ध किये हुए मूल के साथ भावना के लिये न्यास।

क १ ज्ये० क्षे १३̇

क $\frac{३}{२}$ ज्ये $\frac{११}{२}$ क्षे १

अब भावना देने से १३̇ क्षेप में मूल सिद्ध हुए।

क $\frac{११}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १३̇

इन पदों का रूप शुद्धि पदों क $\frac{१}{२}$ ज्ये $\frac{३}{२}$ क्षे १̇ के साथ अन्तर भावना के लिये न्यास।

क $\frac{११}{२}$ ज्ये $\frac{३९}{२}$ क्षे १३̇

क $\frac{१}{२}$ ज्ये $\frac{३}{२}$ क्षे १̇

'ह्रस्वं वज्राभ्यासयोः—' इस सूत्र के अनुसार वज्राभ्यासों $\frac{३३}{४}$, $\frac{३९}{४}$ का अन्तर $\frac{६}{४}$ हुआ इस में २ का अपवर्तन देने से $\frac{३}{२}$ कनिष्ठ हुआ। कनिष्ठों का घात $\frac{११}{४}$ हुआ इसको प्रकृति १३ से गुण देने से $\frac{१४३}{४}$ हुआ, अब इसके और ज्येष्ठाभ्यास $\frac{११७}{४}$ के अन्तर $\frac{२६}{४}$ में २ का अपवर्तन देने से $\frac{१३}{२}$ ज्येष्ठ पद हुआ। और क्षेपों १३̇। १̇। का घात धन १३ क्षेप हुआ। इन का क्रम से न्यास।

क $\frac{३}{२}$ ज्ये $\frac{१३}{२}$ क्षे १३

अथवा वज्राभ्यासों $\frac{३३}{४}+\frac{३६}{४}$ के योग $\frac{७२}{४}$ में हर ४ का भाग देने से कनिष्ठ १८ आया। प्रकृति १३ से गुणे हुए कनिष्ठों के घात $\frac{१४३}{४}$ में ज्येष्ठाभ्यास $\frac{११७}{४}$ जोड़ देने से $\frac{२६०}{४}$ हुआ, इस में हर का भाग देने से ज्येष्ठमूल ६५ आया। इन का यथाक्रम न्यास।

क १८ ज्ये ६५ क्षे १३

उदाहरणम्—

ऋणगैः पञ्चभिः क्षुण्णः को वर्गः सैकविंशतिः।
वर्गः स्याद्वद चेद्वेत्सि क्षयगप्रकृतौ विधिम्॥३४॥

न्यासः। प्र ५̇। अत्र जाते मूले १।४ वा, २।१
रूपक्षेपभावनयानन्त्यम्॥

उदाहरण—

ऐसा कौन वर्ग है जिसको ऋण पांच से गुणकर उस में इक्कीस जोड़ देते हैं तो वह वर्ग होजाता है।

न्यास प्रकृति ५̇। यहां इष्ट १ को कनिष्ठ कल्पना किया और इसके वर्ग को ऋण ५̇ से गुणादिया तो ५̇ हुआ इसमें क्षेप २१ जोड़ देनेसे १६ हुआ इसका मूल ४ ज्येष्ठ हुआ।

इनका यथाक्रम न्यास।

क १ ज्ये ४ क्षे २१

इसी भांति २ इष्ट कल्पना करने से कनिष्ठ, ज्येष्ठ और क्षेप हुए।

क २ ज्ये १ क्षे २१

यहां पर भी "तयोर्भावनयानन्त्यं रूपक्षेपपदोत्थया" इस के अनुसार पदों का आनन्त्य होगा।

उक्तं बीजोपयोगीदं संक्षिप्तं गणितं किल।
अतो बीजं प्रवक्ष्यामि गणकानन्दकारकम्॥५५॥
इति श्रीभास्करीये बीजगणिते चक्रवालं समाप्तम्॥

इह ग्रन्थप्रारम्भे 'वच्मि बीजक्रियां च' इति प्रतिज्ञातं तदुपयोगितया सप्रपञ्चं प्रपञ्चितस्य धनर्णषड्विधादेश्चक्रवालान्तस्य गणितजालस्य बीजत्वनिरासार्थमनुष्टुबाह—उक्तमिति। हे गणक, गणयतीति गणकस्तत्संबुद्धौ गणक इति, गण संख्याने ण्वुल्। एतेनान्वर्थनामताप्रतिपादनपुरस्सरमग्रिमगणितप्रपञ्चेऽनुद्वेगता सूचिता। बीजस्य उपयोगि सहकारि भूतं नतु साक्षात्तदेव, संक्षिप्तं न तु विस्तृतम्। एतेन बीजोपयोगिगणितस्यानन्तता सूचिता। इदं निरूपितं गणितमुक्तं कथितं किल। अत आनन्दकारकमाह्लादजनकम्। एतेनाग्रिमभागे प्ररोचना दर्शिता। बीजं प्रवक्ष्यामि॥

अब यह प्रतिपादन किया हुआ गणितभाग बीजगणित नहीं है इस बात को प्रलोभनपूर्वक कहते हैं—

हे गणक, बीजगणितके उपयोगी और संक्षिप्त, धनर्णषड्विध आदिले चक्रवाल पर्यन्त इस गणितको मैंने कहा, अब परम आनन्द करनेवाले बीजगणित को कहूंगा।

श्रीभास्कराचार्यके बनाये हुए बीजगणितमें चक्रवालनामक वर्गप्रकृति का विषय समाप्त हुआ॥

इति द्विवेदोपाख्याचार्यश्रीसरयूप्रसादसुत-दुर्गाप्रसादोन्नीते लीलावतीहृदयग्राहिणि बीजविलासिनि चक्रवालं समाप्तम्।

इति शिवम्।

दुर्गाप्रसादरचिते भाषाभाष्ये मिताक्षरे।
वासनासरसः पूर्णो वर्गप्रकृतिविस्तरः॥

यावत्तावत्कल्प्यमव्यक्तराशे-
र्मानं तस्मिन्कुर्वतोद्दिष्टमेव ।
तुल्यौ पक्षौ साधनीयौ प्रयत्ना-
त्त्यक्त्वा क्षिप्त्वा वापि संगुण्य भक्त्वा ॥ ५६ ॥
एकाव्यक्तं शोधयेदन्यपक्षा-
द्रूपाण्यन्यस्येतरस्माच्च पक्षात् ।
शेषाव्यक्तेनोद्धरेद्रूपशेषं
व्यक्तं मानं जायतेऽव्यक्तराशेः ॥ ५७ ॥
अव्यक्तानां द्व्यादिकानामपीह
यावत्तावद्द्व्यादिनिघ्नं हृतं वा
युक्तोनं वा कल्पयेदात्मबुद्ध्या
मानं क्वापि व्यक्तमेवं विदित्वा ॥ ५८ ॥

प्रथममेकवर्णसमीकरणं बीजम् । द्वितीयमनेकवर्णसमीकरणं बीजम् । यत्र वर्णस्य द्वयोर्बहूनां वा वर्गादिगतानां समीकरणं तन्मध्यमाहरणम् । यत्र भावितस्य समीकरणं तद्भावितम्, इति बीजचतुष्टयं वदन्त्याचार्याः । तत्र प्रथमं तावदुच्यते—प्रच्छकेन पृष्टे सत्युदाहरणे योऽव्यक्तराशिस्तस्य मानं यावत्तावदेकं द्व्यादि वा प्रकल्प्य तस्मिन्नव्यक्तराशौ उद्देशकालापवत्सर्वं गुणनभजनत्रैराशिकपञ्चराशिकश्रेणीक्षेत्रा-

दिकं गणकेन कार्यम् । तथा कुर्वता द्वौ पक्षौ प्रयत्नेन समौ कार्यौ । यद्यालापे पक्षौ समौ न स्तस्तदैकतरे न्यूने पक्षे किंचित्प्रक्षिप्य ततस्त्यक्त्वा वा केनचित्संगुण्य भक्त्वा वा समौ कार्यौ । ततस्तयोरेकस्य पक्षस्याव्यक्तमन्यपक्षस्याव्यक्ताच्छोध्यम्, अव्यक्तवर्गादिकमपि । अन्यपक्षरूपाणीतरपक्षरूपेभ्यः शोध्यानि । यदि करण्यः सन्ति तदोक्तप्रकारेण शोध्याः । ततोऽव्यक्तराशिशेषेण रूपशेषे भक्ते यल्लभ्यते तदेकस्याव्यक्तस्य मानं व्यक्तं जायते । तेन कल्पितोऽव्यक्तराशिरुत्थाप्यः ॥

यत्रोदाहरणे द्व्यादयोऽव्यक्तराशयो भवन्ति तदा तस्यैकं यावत्तावत्प्रकल्प्य, अन्येषां द्व्यादिभिरिष्टैर्गुणितं भक्तं वा, इष्टै रूपैरूनं युक्तं वा यावत्तावदेव प्रकल्प्यम् ॥

अथवा, एकस्य यावत्तावदन्येषां व्यक्तान्येव मानानि कल्प्यानि । एवं विदित्वेति यथा क्रिया निर्वहति तथा बुद्धिमता ज्ञात्वा शेषाणामव्यक्तानि व्यक्तानि वा मानानि कल्प्यानीत्यर्थः ॥

बिभ्राणा करयोः सलीलमुभयोर्वीणां तथा पुस्तकं
पश्यन्ती प्रणतान्कृपामसृणया दृष्ट्या सरोजे स्थिता ।
राकाकैरवबन्धुबन्धुरमुखी बन्धूकवर्णाधरा
सान्द्रानन्दसुधासमुद्रलहरी सा शारदा शास्तु माम् ॥ १ ॥

पूर्वं 'अतो बीजं प्रवक्ष्यामि' इति कथयद्भिराचार्यैर्बीजक्रियानिरूपणं प्रतिज्ञातम्, अतस्तन्निरूपणीयम्, तस्य चातुर्विध्यमास्त इत्याचार्याः सिद्धान्तयन्ति । तथाहि—प्रथममेकवर्णसमीकरणम्, द्वितीयमनेकवर्णसमीकरणम्, तृतीयं मध्यमाहरणम्, चतुर्थं भावितमिति । तत्र समशोधनादिक्रियाकलापेनाज्ञातराशिमानावगमाय यत्रैकं वर्णमधिकृत्य पक्षयोः समता निष्पाद्यते तत् 'एकवर्णसमीकरणम्' इति कथ्यते । यत्रानेकान्वर्णानधिकृत्य पक्षयोः समता निष्पाद्यते तत् 'अनेकवर्णसमीकरणम्' इति कथ्यते । यत्र वर्णवर्गादिकमधिकृत्य पक्षयोः साम्यं विधाय मूलग्रहणपुरस्सरं व्यक्तमानमानीयते तत् 'मध्यमाहरणम्' इति कथ्यते, यतोऽत्र वर्गात्मकराशेः पदग्रहणे प्रायो मध्यमखण्डस्याहरणं दूरीकरणं भवति । यत्र भावितस्याधिकृत्य पक्षयोः समता निष्पाद्यते तत् 'भावितम्' इति व्यपदिश्यते । यद्यप्यत्रैकवर्णसमीकरणस्य लक्षणं मध्यमाहरणविशेषे अनेकवर्णसमीकरणस्य लक्षणं मध्यमाहरणविशेषे भाविते चातिव्याप्तं तथापि गौतमकणभक्षपक्षकक्षावगाहिनामिवास्माकं लक्षणक्षोदे न प्रज्ञातिशयः । अस्ति चेदाकर्ण्यताम्—यत्रैकमेव वर्णमधिकृत्य पक्षयोः समीकरणेन विनैव मूलग्रहणादव्यक्तं मानं सिध्यति तदेकवर्णसमीकरणम् । एवमनेकवर्णसमीकरणस्यापि लक्षणमत्रसेयम् । एवं नातिव्याप्तिः । 'प्रथममेकवर्णसमीकरणं बीजम् । द्वितीयमनेकवर्णसमीकरणं बीजम्' इति प्रथमद्वितीयशब्दोपादानपुरस्सरं विभागप्रदर्शनाद् बीजद्वैविध्यमेव श्रीभास्कराचार्याणामभिमतम्, इति केचित् ॥ 'एकवर्णसमीकरणम्, अनेकवर्णसमीकरणम्' इति मुख्यं विभागद्वयम् । तत्राद्यं द्विविधम्—एकवर्णसमीकरणं, मध्यमाहरणं चेति । द्वितीयं त्रिविधम्—अनेकवर्णसमीकरणम्, तन्मध्यमाहरणं, भावितं चेत्येवं

पञ्चविधो विभागः संभवति,' इत्यन्ये ।। 'प्रदर्शितपञ्चविधविभागे मध्यमाहरणयोस्तत्त्वेनैकरूपस्वीकाराच्चतुर्धापि विभागः संभवति । स एव प्राचां संमतः' इत्यपरे ।। अथ तत्रानेकवर्णानामेकवर्णपूर्वकत्वादेकवर्णसमीकरणं प्रथमतः शालिनीत्रयेणाह—यावत्तावदित्यादिना। अदः श्लोकत्रयमाचार्यैर्व्याख्यातत्वात्पुनर्न व्याख्यायते ।।

भाषाभाष्य ।।

दोहा

वीणापुस्तकभासुरे हंसकगामिनि वाणि ।
चरणं वाञ्छितदायकं शरणं ते करवाणि ।। १ ।।
शोषितदुःखपरम्परापारावारपयांसि ।
ददतु शिवं शिववल्लभाचरणसरोजरजांसि ।। २ ।।
क्षितिजाक्रमणपुरस्सरं खण्डितलोकतमांसि ।
सन्तु प्रीतिसमृद्धये रविकरनिकरमहांसि ।। ३ ।।
बीजं छात्रमतल्लिकाः सानन्दं कलयन्तु ।
किं चोद्गतमतिवैभवा वादिकुलानि जयन्तु ।। ४ ।।
भाषाभाष्यरसायनं सोद्योगं रसयन्तु ।
किंच स्वर्गणिकामिव व्युत्पत्तिं वशयन्तु ।। ५ ।।

अब 'अतो बीजं प्रवक्ष्यामि—' इस श्लोक में जिस बीजगणितके कथन करने की प्रतिज्ञा की थी उस का निरूपण करते हैं—एकवर्णसमीकरण, अनेकवर्णसमीकरण, मध्यमाहरण और भावित इसभांति बीजगणित चार प्रकार का है । अब उसके हर एक भेदों का सामान्य (साधारण) लक्षण करते हैं—जिस स्थान में अव्यक्तराशि के मान जानने के लिये समशोधन आदिक क्रिया के द्वारा एक वर्ण को लेकर दोनों पक्षों की समता सिद्ध की जाती है उसे एकवर्णसमीकरण कहते हैं । जहां अनेक वर्णों को लेकर दोनों पक्षों का साम्य सिद्ध किया जाता है उसे अनेकवर्णसमी-

करण बोलते हैं। जहां वर्ण वर्ग आदि को लेकर पक्षों को समान करते हैं और वर्गगत राशियों का मूल लाकर व्यक्तमान साधते हैं उसको मध्यमाहरण कहते हैं (क्योंकि उस में बर्गराशि के मूल लेने के समय में 'द्वयोर्द्वयोश्चाभिहतिं द्विनिघ्नीं—' इस सूत्र के अनुसार मध्यम खण्ड का आहरण अर्थात् दूरीकरण होता है इसलिये उसका मध्यमाहरण नाम रक्खा है) और जिस स्थान में भावित को लेकर पक्षों का साम्य किया जाता है उसे भावित कहते हैं।

अब पहिले एकवर्णसमीकरणकी रीतिं लिखते हैं—

उद्दिष्ट उदाहरण में जो अव्यक्त राशि हो उसका यावत्तावत् १,२,३, आदि मान कल्पना करके प्रश्नकर्ता के आलाप (भाषण) के अनुसार गुणन, भजन, त्रैराशिक, पञ्चराशिक, श्रेढी और क्षेत्र आदिक की क्रियाओं को करो जिससे समान दो पक्ष सिद्ध हों। यदि आलाप में पक्ष समान न हों तो एक पक्ष में कुछ जोड़ या घटाकर अथवा उसको किसी से गुण या भागकर समान करलो। और उन दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के अव्यक्त आदिकों को दूसरे पक्ष के अव्यक्त आदिकों में शुद्ध करो, और दूसरे पक्ष के रूपों को पहिले पक्ष के रूपों में शुद्ध करो। आशय यह है कि जिस पक्ष में अव्यक्तों को शुद्ध किया है उससे भिन्न पक्ष में रूपों को शुद्ध करो। यदि करणी हों तो उन्हें भी उक्त प्रकार से शुद्ध करो। फिर अव्यक्त राशिके शेष का रूप शेष में भाग देने से जो लब्धि आवै वह एक अव्यक्त राशिका व्यक्त मान है। उसका कल्पित अव्यक्त राशि में उत्थापन दो। आशय यह है कि—'यदि एक अव्यक्त राशि का यह व्यक्तमान आता है तो कल्पित अव्यक्त राशि क्या' इस भांति त्रैराशिक के द्वारा कल्पित अव्यक्तका जो व्यक्तमान उत्पन्न हो उसे पूर्व अव्यक्त राशिको मिटाकर स्थापन करना चाहिये। इसीभांति यावत्तावत् वर्ग, घन आदिकों में भी लब्ध व्यक्तमान के वर्ग घन आदिकों से उत्थापन देना

चाहिये । जिस उदाहरण में दो तीन आदि अव्यक्त राशि होवें वहां एक अव्यक्त का मान एक यावत्तावत् कल्पना करके और अव्यक्तराशियों का मान दो तीन आदि इष्ट से गुणित वा भाजित, इष्टरूपों से ऊन वा युक्त यावत्तावत् कल्पना करो । अथवा एक का यावत्तावत् औरों का व्यक्तमान कल्पना करो । इस भांति जैसा क्रियाका निर्वाह होसके वैसा व्यक्त अथवा अव्यक्त मान कल्पना करना चाहिये, ये सब बात वक्ष्यमाण उदाहरणों से भलीभांति स्पष्ट होंगी ॥

उपपत्ति—

अज्ञात राशिका मान यावत्तावत् कल्पना करके बाद उक्त रीति के अनुसार दो पक्ष तुल्य किये जाते हैं, वहां तुल्य दो पक्षों में तुल्यही जोड़ वा घटा देने से और उनको तुल्यही किसी राशि से गुण वा भाग देने से उनका तुल्यत्व नहीं नष्ट होता । यह बात अत्यन्त सुप्रसिद्ध है । अब किसी एक पक्ष में जैसा अव्यक्त राशि है उस (अव्यक्तराशि) का उस पक्ष से शोधन करने में वहां केवल रूपही रह जाते हैं परंतु समता के लिये दूसरे पक्ष से भी अव्यक्तराशि घटाना है इसलिये 'एकाव्यक्तं शोधयेदन्यपक्षात्—' यह कहा है । और अन्यपक्ष में जैसा रूप राशि है उसका शोधन करने से उस पक्ष में केवल अव्यक्तराशि रहता है परंतु समता के लिये उस रूप राशिको दूसरे पक्ष के रूप राशि में घटाना है इसलिये 'रूपाण्यन्यस्येतरस्माच्च पक्षात्' यह कहा है । इस भांति एक पक्ष में अव्यक्त राशि और दूसरे पक्ष में रूप राशि हुआ । अब यदि इस अव्यक्तराशि में यह रूपराशि आता है तो कल्पित अव्यक्तराशि में क्या इस प्रकार रूपराशि, कल्पित अव्यक्तराशि से गुणा और शेष अव्यक्तराशि से भागा जाता है । वहां 'शेषाव्यक्तेनोद्धरेद्रूपशेषम्—'यह बात तो कही है और कल्पित अव्यक्तराशि से गुणने का उत्थापन में अन्तरभाव है । अथवा, यदि शेष अव्यक्तराशि में रूपशेषात्मक राशि पाते हैं तो एक

अव्यक्त में क्या, यहां गुणक के रूप होने से 'शेषाव्यक्तेनोद्धरेद्रूपशेषम्—' यही कहा। इसभांति एक अव्यक्त का व्यक्तमान जानकर कल्पित अव्यक्त राशियों के मानको जान सक्ते हैं, जैसा—एक का यह व्यक्तमान पाते हैं तो इष्ट का क्या पावेंगे, इस भांति; यही उत्थापन कहलाता है। इससे उक्तविधिकी उपपत्ति स्पष्ट प्रकाशित होती है॥

उदाहरणम्—

एकस्य रूपत्रिशती षडश्वा
अश्वा दशान्यस्य तु तुल्यमूल्याः।
ऋणं तथा रूपशतं च तस्य
तौ तुल्यवित्तौ च किमश्वमूल्यम्॥ ३५॥
यदाद्यवित्तस्य दलं द्वियुक्तं
तत्तुल्यवित्तो यदि वा द्वितीयः।
आद्यो धनेन त्रिगुणोऽन्यतो वा
पृथक् पृथङ्मे वद वाजिमूल्यम्॥ ३६॥

अथोद्देशकालापमात्रेण पक्षद्वयसाम्यसिद्धौ प्रथमं तावदुदाहरणमथ 'त्यक्त्वा क्षिप्त्वा वापि संगुण्य भक्त्वा—'इत्यादिना च यथा पक्षयोः समता संभवति तथोदाहरणद्वयं चोपजातिकयाह—एकस्येति। एकस्य वाणिज्यशालिनो मनुष्यस्य रूपत्रिशती, त्रयाणां शतानां समाहारस्त्रिशती, रूपाणां त्रिशती रूपत्रिशती। रोपयति विमोहयतीति रूपम्। रुप विमोहने। अच्। 'अन्येषामपि दृश्यते ६। ३। १३७।' इति दीर्घः। यद्वा। रूप रूपकरणे इति चौरादिकस्यायमप्यर्थः। 'रूपम्'इति ज्ञातमानस्य राशेः संज्ञेति 'रूपत्रयं—' इत्यादिषु बहुषु स्थलेषु व्यक्ततरमास्ते। परमत्र 'रूपम्' इति

रूप्यस्य नाम प्रतीयते। 'आहतं रूपमस्यास्तीति रूप्यः कार्षापणः' इति 'रूपादाहतप्रशंसयोर्यप्' इति सूत्रव्याख्याने भट्टोजिदीक्षिताः। किञ्च 'कार्षापणः कार्षिकः स्यात्–' इत्यस्य व्याख्यानावसरे 'द्वे रजतरूप्यस्य' इति भानुजिदीक्षितोक्त्या 'रूप्यःकार्षापणःकार्षिकः' इति सर्वे पर्यायशब्दाः सिध्यन्ति । एवं स्थिते प्रोक्तपर्यायेभ्यो व्यतिरिक्तो रूपशब्दोऽपि रूप्यवाचको वर्तत इति सिध्यति परं दृढतरं प्रमाणं न पश्यामः । कुत्रचित् 'रूप्यकम्' इति दृश्यते तत्रतु पुस्तकशब्दवत्स्वार्थिकः कन् । प्रकृतमनुसरामः–षट् अश्वास्तुरंगा एतावद्धनम् । अन्यस्य तु दश अश्वाः । तथा रूपशतमृणं वर्तते उभयोरप्यश्वाः तुल्यमूल्याः । तुल्यं मूल्यं येषां ते तुल्यमूल्या। मूलेन समं मूल्यम् । 'नौवयोधर्मविषमूलमूलसीतातुलाभ्यस्तार्यतुल्यप्राप्यवध्यानाम्यसमसमितसंमितेषु' इति सूत्रेण यत्प्रत्ययः । एवं तौ समानधनौ । अश्वमूल्यं किमिति । अ एकस्य षट् अश्वाः रूपशतत्रयं चास्ति, परस्य दश अश्वाः रूपशतमृणं चास्ति । परमनयोर्वित्तं समं नास्ति, किंतु प्रथमस्य वित्तार्धं द्वियुक्तं यावद्भवति तावदपरस्य सर्वधनमस्ति। अश्वमूल्येनान्यथा भाव्यम्॥ अथवा अन्यतः सकाशादाद्यो धनेन त्रिगुणो वर्तते । एवं स्थिते पृथक् पृथङ्मे वाजिमूल्यं वद ॥

(१) उदाहरण—

एक व्यापारी के पास तीनसौ रुपये और छ घोड़े हैं दूसरे के पास ऋण सौ रुपये और दश घोड़े हैं, पर दोनों के घोड़े एक मोल के हैं और वे भी आपस में बराबर धनवालेहैं तो बतलाओ घोड़ा का मोल क्याहै ॥

(२) उदाहरण—

यदि दो से जुड़ेहुए पहिले व्यापारी के आधे धनके तुल्य दूसरे का सर्व धनहै और उससे पहिले का तिगुना धनहै तो कहो घोड़ाका मोल क्याहै ॥

अत्राश्वमूल्यमज्ञातं तस्य मानं यावत्तावदेकं प्रकल्पितम् या १ तत्र त्रैराशिकम् यद्येकस्य यावत्तावन्मूल्यं तदा षण्णां किमिति न्यासः।

प्र॰	फ॰	इ॰
१।	या १।	६।

फलमिच्छागुणं प्रमाणभक्तं लब्धं षण्णामश्वानां मूल्यम् या ६। अत्र रूपशतत्रये प्रक्षिप्ते जातमाद्यस्य धनम् या ६ रू ३००।

एवं दशानां मूल्यम् या १०। अत्र रूपशते चर्णगते प्रक्षिप्ते जातं द्वितीयस्य धनम् या १ रू १०̇०।

एतौ समधनाविति पक्षौ स्वत एव समौ जातौ समशोधनार्थं न्यासः।

या ६ रू ३००
या १० रू १०̇०

अथ 'एकाव्यक्तं शोधयेदन्यपक्षात्-'इति आद्यपक्षाव्यक्तेऽन्यपक्षाव्यक्ताच्छोधिते शेषम् या ४। द्वितीयपक्षरूपेष्वाद्यपक्षरूपेभ्यः शोधितेषु शेषम् रू ४००। अव्यक्तराशिशेषेण या ४ रूपशेषे रू ४०० उद्धृते लब्धमेकस्य यावत्तावतो मानं व्यक्तम् १००। यद्येकस्याश्वस्येदं मूल्यं तदा षण्णां किमिति त्रैराशिकेन लब्धं

षण्णां मूल्यम् ६०० रूपशतत्रययुतं ६०० जातमाद्यस्य धनम् । एवं द्वितीयस्यापि ६०० । अथ द्वितीयोदाहरणे प्रथमद्वितीययोस्ते एव धने ।

या ६　रू ३००
या १०　रू १०̇०̇

अत्राद्यपक्षधनार्धेन द्वियुक्तेन तुल्यमन्यस्य धनमुदाहृतमत आद्यधनार्धे द्वियुक्ते, अथवान्यधने द्विहीने द्विगुणे कृते पक्षौ समौ भवतस्तथा कृते शोधनार्थं न्यासः ।

या ३　रू १५२
या १०　रू १००̇

अथवा, या ६　रू ३००
या २०　रू २०१̇

उभयोरपि शोधनाद्ये कृते लब्धं यावत्तावन्मानम् ३६ ।

अनेन पूर्ववदुत्थापने कृते जाते धने ५१६ । २६० ।

अथ तृतीयोदाहरणे ते एव धने आद्यधनत्र्यंशः परधनमिति परं त्रिगुणीकृत्य न्यासः ।

या ६　रू ३००
या ३०　रू ३००̇

समक्रियया लब्धं यावत्तावन्मानम् २५। अनेनो-त्थापिते जाते ४५०। १५०।

(१) उदाहरण में घोड़ा का मोल मालूम नहीं है इस लिये उसका मान यावत्तावत् एक कल्पना किया या १, अब एक घोड़ा का यावत्तावत् मोल है तो छ घोड़ा का क्या होगा

प्र. फ. इ.
१ या १ ६

फल को इच्छा से गुणकर उसमें प्रमाण का भाग देने से छ घोड़ों का मोल आया या ६, इस में तीनसौ रुपये जोड़ देने से पहिले व्यापारी का धन हुआ या ६ रू ३००। इसभांति दश घोड़ों का मोल हुआ या १०, इस में ऋण सौ रुपये जोड़ देने से दूसरे व्यापारी का धनहुआ या १०, रू १०̇०। ये दोनों समधन हैं इसलिये पक्ष स्वतः समान हुए अर्थात् जो मान तीनसौ रुपयों से जुड़ेहुए यावत्तावत् छ का है वही मान सौरुपयों से ऊन यावत्तावत् दशका है इन दोनों पक्षों का सम शोधन के लिये न्यास।

या ६ रू ३००
या १० रू १०̇०

पहिले पक्ष के अव्यक्त या ६ को दूसरे पक्ष के अव्यक्त या १० में शोधन करने से और दूसरे पक्षके रूप १०० को पहिले पक्षके रूप ३०० में शोधन करने से दोनों पक्षों की यों स्थिति हुई

या ० रू ४००
या ४ रू ०

अब अव्यक्तशेष ४ का रूप शेष ४०० में भाग देने से अव्यक्त राशि व्यक्तमान् १०० हुआ। बाद, यदि एक घोड़ा का १०० मोल है

तो ६ घोड़ोंका क्या, त्रैराशिक से छ घोड़ों का मोलहुआ ६०० इस में ३०० जोड़ देने से पहिले व्यापारी का धन हुआ ९०० ।

इस भांति दश घोड़ों का मोल १००० हुआ, इसमें १०० घटा देने से ९०० दूसरे व्यापारी का धन हुआ ।

(२) उदाहरण में दोनों के धन हैं

या ६ रू ३००
या १० रू १०० (ऋण)

दो से युक्त पहिले धन का आधा दूसरे का धन है इसलिये ये दोनों पक्ष तुल्य हुए

या ३ रू १५२
या १० रू १०० (ऋण)

अथवा दूसरे के धन या १० रू १०० (ऋण) में २ घटाकर उसे २ से गुण देने से 'या २० रू २०४ (ऋण)' हुआ यह पहिले धन के तुल्य है इस लिये दो पक्ष तुल्य हुए

या ६ रू ३००
या २० रू २०४ (ऋण)

अथवा दो से ऊन दूसरे का धन पहिले के धन के आधे के समान है इसलिये ये दो पक्ष तुल्य हुए

या ३ रू १५०
या १० रू १०२ (ऋण)

यहां तीनों पक्षों पर से उक्त रीति से यावत्तावत् का मान ३६ आया, यदि एक घोड़ा का ३६ मोल है तो छ घोड़ों का क्या, इस प्रकार छ घोड़ों का मोल २१६ हुआ इस में ३०० जोड़ देनेसे पहिले का सर्व धन ५१६ हुआ । और इसी प्रकार दश घोड़ों का मोल ३६० हुआ इस

में १०̇० घटा देने से दूसरे का सर्वधन २६० हुआ, यह धन द्वियुक्त प्रथम धनके आधे के तुल्य है। जैसा—आद्यधन ५१६ इसका आधा २५८ इस में २ जोड़ देने से २६० दूसरे का धन हुआ। अथवा २६० इस में २ घटा देने से २५८ हुआ इसको दूना करने से पहिले का धनहुआ ५१६। अथवा दूसरे के धन २६० में २ घटा देने से २५८ हुआ यह पहिले धन ५१६ के आधे २५८ के समान है।

दूसरे उदाहरण के अन्तर्गत तीसरे उदाहरण में वही धन हैं—

या ६ रू ३००
या १० रू १०̇०

यहां पहिले के धन का तीसरा हिस्सा दूसरे का धन कहाहै इसलिये दो पक्ष हुए

या २ रू १००
या १० रू १००̇

अथवा दूसरे के धनको तिगुना करने से दो पक्ष हुए

या ६ रू ३००
या ३० रू ३०̇०

दोनों पक्षों का समीकरण करनेसे यावत्तावत् का मान २५ आया, एक घोड़ा का २५ मोल है तो छ घोड़ों का क्या, इसभांति त्रैराशिक के द्वारा छ घोड़ों का मोल १५० आया, इसमें ३०० जोड़ देने से पहिले का धन ४५० हुआ। इसी प्रकार दश घोड़ों का मोल २५० हुआ इस में १००̇ घटादेने से दूसरे का धन १५० हुआ, इससे तिगुना पहिले का धन ४५० है।

उदाहरणम्—

माणिक्यामलनीलमौक्तिकमितिः पञ्चाष्ट सप्त क्रमा-
देकस्यान्यतरस्य सप्त नव षट् तद्रत्नसंख्या सखे।

रूपाणां नवतिर्द्विषष्टिरनयोस्तौ तुल्यवित्तौ तथा
बीजज्ञ प्रतिरत्नजातिसुमते मूल्यानि शीघ्रं वद॥३७॥
अत्राव्यक्तानां बहुत्वे कल्पितानि माणिक्यादीनां मूल्यानि या ३ या २ या १। यद्येकस्य रत्नस्येदं मूल्यं तदोद्दिष्टानां किमिति लब्धानां यावत्तावतां योगे स्वस्वरूपयुते जातौ पक्षौ

या १५ या १६ या ७ रू ९०
या २१ या १८ या ६ रू ६२

एते अनयोर्धने इति समशोधने कृते लब्धं यावत्तावन्मानम् ४। अनेनोत्थापितानि माणिक्यादीनां मूल्यानि १२। ८। ४। एवं सर्वधनम् २४२।

अथवा माणिक्यमानं यावत्तावत्, नीलमुक्ताफलयोर्मूल्ये व्यक्ते एव कल्पिते ५। ३। अतः समीकरणेन लब्धं यावत्तावन्मानम् १३। अनेनोत्थापिते जातं समधनम् २१६।

एवं कल्पनावशादनेकधा।

अथ 'अव्यक्तानां द्व्यादिकानामपीह—' इत्यस्योदाहरणं शार्दूलविक्रीडितेनाह—माणिक्येति। हे सखे, एकस्य रत्नवणिजो माणिक्यामलनीलमौक्तिकमितिः क्रमात् पञ्च अष्ट सप्त, रूपाणां नवतिश्च वर्तते। अन्यतरस्य तु तद्रत्नसंख्या सप्त नव षट् रूपाणां द्विषष्टिश्च वर्तते। हे बीजज्ञ, प्रतिरत्नजातिसुमते, प्रतिरत्नानां जातौ उत्तमा-

धर्मविवेकपुरस्सरं मूल्यविचारे सुष्ठु समीचीना मतिः यस्यासौ तत्संबोधनम् । तौ तुल्यवित्तौ यथा स्यातां तथा मूल्यानि वद ॥

उदाहरण—

एक व्यापारी के पास पांच माणिक्य, आठ नीलम, सात मोती और नब्बे रुपये हैं दूसरे के पास सात माणिक्य, नौ नीलम, छ मोती और बासठ रुपये हैं, परंतु वे दोनों व्यापारी धनमें समानहैं तो कहो हरएक रत्नों का क्या मोल है ।

यहांपर अनेक अव्यक्त हैं इसलिये माणिक्य आदिक रत्नों के यावत्तावत् ३, २, १, मोल कल्पना किया,

या ३ या २ या १

यदि एक माणिक्य का या ३ मोल है तो पांच का क्या होगा, इस प्रकार पांच माणिक्य का मोल या १५ हुआ, इसी भांति त्रैराशिक के द्वारा आठ नीलम और सात मोती इनके मोल या १६ या ७ हुए, इन अव्यक्तों के योग या ३८ में ९० जोड़ देने से पहिले का धन हुआ या ३८ रू ९० । एक माणिक्य का या ३ मोलहै तो सात का क्या, इस प्रकार सात माणिक्य का मोल या २१ हुआ। इसीभांति त्रैराशिकके द्वारा नौ नीलम और छ मोती इनके मोल या १८ या ६ हुए, इन अव्यक्तों के योग या ४५ में ६२ जोड़ देनेसे दूसरे का धन हुआ । इसप्रकार दो पक्ष समान सिद्ध हुए,

या ३८ रू ९०
या ४५ रू ६२

सम शोधन करने से

या रू० २८
या ७ रू०

बाद उक्त रीति से यावत्तावत् का मान ४ आया, अब इससे

माणिक्य आदि के मोलमें उत्थापन देना चाहिये सो इसभांति—एक अव्यक्त का ४ मोलहै तो यावत्तावत् ३ का क्या, इसप्रकार माणिक्य का मोल १२ हुआ, इसीभांति यावत्तावत् दो और यावत्तावत् एक इनके मोल हुए ८। ४ इनका क्रम से न्यास १२। ८। ४ फिर, यदि एक माणिक्य का १२ मोल तो पांच का क्या, इसप्रकार पांच माणिक्य का मोल ६० हुआ। आठ नीलम का मोल ६४ हुआ और सात मोतियों का मोल २८ हुआ। इनके योग १५२ में ९० जोड़ देनेसे पहिले व्यापारी का सर्वधन २४२ हुआ। और इसीभांति दूसरे के रत्नों के मोल हुए मा. ८४ नी. ७२ मो. २४ इन के योग १८० में ६२ जोड़ देने से दूसरे व्यापारी का सर्वधन २४२ हुआ।

अथवा माणिक्य का मान यावत्तावत् एक कल्पना किया या १ और नीलम, मोती के मान ५। ३ फिर, यदि एक माणिक्य का या १ मोल है तो पांच का क्या होगा, इसप्रकार पांच माणिक्य का मोल या ५ हुआ, इसीप्रकार त्रैराशिक से नीलम और मोती के मोल हुए ४०। २१ इनका योग ६१ रूप हुआ, यदि एक माणिक्य का या १ मोल है तो सात का क्या होगा, इसप्रकार सात माणिक्य का मोल या ७ हुआ। इसी प्रकार त्रैराशिक से नीलम और मोती के मोल आये ४५। १८ इनका योग ६३ रूप हुआ यों दो पक्ष सिद्ध हुए,

या ५ रू ६१
या ७ रू ६३

इन में ९० और ६२ जोड़ देने से हुए

या ५ रू १५१
या ७ रू १२५

फिर समीकरण करने से यावत्तावत् का मान १३ आया, एक का

मोल है तो पांच का क्या, यों पांच माणिक्य का मोल ६५ हुआ इसमें रूप १५१ जोड़ देने से पहिले का सर्वधन २१६ हुआ। फिर, एक का १३ मोल है तो सात का क्या, यों सात माणिक्य का मोल ९१ हुआ इसमें रूप १२५ जोड़ देनेसे दूसरे का सर्वधन २१६ हुआ। इसप्रकार कल्पना वश से अनेक विधके मोल आवेंगे।

उदाहरणम्—

एको ब्रवीति मम देहि शतं धनेन
त्वत्तो भवामि हि सखे द्विगुणस्ततोऽन्यः।
ब्रूते दशार्पयसि चेन्मम षड्गुणोऽहं
त्वत्तस्तयोर्वद धने मम किं प्रमाणे[1]॥ ३८॥

अत्र कल्पिते आद्यधने

या २ रू १००
या १ रू १०̊०

---

१ अत्र ज्ञानराजदैवज्ञः—
कालिन्दीजलकेलिलालसमिलद्गोपालमेलद्वया—
देकः संवदतीति कृष्णविबलानस्मान्यदायास्यसि।
गोपालत्रिज्ञाशतीयुतः समबला अन्यैर्भवामो वयं
नो चेत्ते भवतश्चतुर्गुणबलास्तन्मेलमानं वद॥
श्रीबापुदेवपादोक्तं सूत्रम्—
दानैक्ये सैकेन स्वस्वगुणेनाहते निरेकेण।
गुणघातेन हृते स्वे स्यातामन्यान्यदानसंयुक्ते॥
आचर्योक्तोदाहरणे प्र दा=१०० । प्र. गु= २
द्वि. दा= १० । द्विगु= ६

$$\frac{(१००+१०)३}{२\times६-१} = ३०$$ प्रथमस्य धनम्।

$$\frac{(१००\times१०)७}{२\times६-१} = ७०$$ द्वितीयस्य धनम्।

अनयोः परस्य शते गृहीते आद्यो द्विगुणितः स्यादित्येकालापो घटते । अथाद्याद्दशापनीय दशभिः परधनं युतं षड्गुणं स्यादित्याद्यं षड्गुणीकृत्य न्यासः।

या १२ रू ६००
या १ रू ११०

अतः समीकरणेन लब्धं यावत्तावन्मानम् ७० अनेनोत्थापिते जाते धने ४० । १७० ।

अथ '-युक्तोनं वा कल्पयेदात्मबुद्ध्या-' इत्यस्योदाहरणं सिंहोद्धतयाह-एक इति । हे सखे, यदि शतं शतसंख्याकं धनं मम देहि तदा त्वत्तो धनेन द्विगुणोऽहं भवामि । 'हि' इति पादपूरणे इत्येको ब्रवीति । अतोऽन्यस्तं प्रति ब्रूते-यदि त्वं दश अर्पयासि मम तदा त्वत्तः षड्गुणोऽहं भवामि, इति तयोः सुहृदोः किंप्रमाणे धने इति मम वद ॥

उदाहरण—

एक व्यापारी दूसरे से कहता है कि हे मित्र ! जो तुम सौ रुपये दो तो मैं तुमसे धनमें दूना होजाऊं और दूसरा यह कहता है कि यदि तुम दश रुपये मुझे दो तो मैं तुमसे धन में छ गुना होजाऊं तो बतलाओ उन दोनों के क्या धन है ।

यहांपर दोनों का धन ऐसा कल्पना करना चाहिये कि जिससे एक आलाप अपने आप घटित होवे जैसा

या २ रू १००
या १ रू १००

इनमें दूसरे से सौ रुपये लेने से पहिला दूना होता है क्योंकि ऋण सौ

रुपये में धन सौ रुपये जोड़ देने से धनर्णसाम्य से सौ उड़जाते हैं और यावत्तावत् २ शेष रहता है ॥

या २ रू०

या १ रू०

इसप्रकार एक आलाप घटित होताहै। फिर

या २ रू १०̇०

या १ रू १००

आद्यधन से दश निकाल कर दूसरे धन में जोड़ देने से हुए

या २ रू १̇१०

या १ रू ११०

अब या १ रू ११० यह षड्गुणित या २ रू १̇१० इस शेष के समान है इसलिये समान दो पक्ष हुए

या १२ रू६६̇०

या १ रू ११०

बाद समीकरण करने से यावत्तावत् का मान ७० आया। यदि एक यावत्तावत् का व्यक्तमान ७० है तो यावत्तावत् दोका क्या यों यावात्तवत् दोका व्यक्तमान १४० आया, इसमें ऋण सौ रुपये १०० घटा देने से एक व्यापारी का सर्वधन ४० हुआ इसीभांति दूसरे पक्ष में उत्थापन देने से दूसरे का सर्वधन १७० हुआ। यों दोनों व्यापारियों के धन हुए १७०। ४०। यहां १७० में से १०० लेने से दूसरे का धन १००+४०=१४० शेष १७०—१००=७० से दूना होता है और ४० में से १० लेने से पहिले का धन १०+ १७०=१८० शेष ४०—१०=३० से छ गुना होता है।

अथवा, जिसप्रकार दूसरा आलाप घटित होवे वैसे दोनों के धन कल्पना किये,

या १ रू १०
या ६ रू १̇०

यहां आद्य धन में दश घटा देने से दूसरे में जोड़ देने से दूसरा स्वतः षड्गुण होता है । दूसरे पक्ष में १०० घटादेने से आद्य पक्ष में १०० जोड़ देने से और शेष धन या ६ रू १̇१० को दूना करने से दो पक्ष समान हुए

या १ रू ११०
या १२ रू २̇२०

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान ३० आया, इससे पक्षों में उत्थापन देने से पूर्वानीत धन के तुल्य दोनों के धन हुए ४० । १७०

उदाहरणम्—

माणिक्याष्टकमिन्द्रनीलदशकं मुक्ताफलानां शतं
यत्ते कर्णविभूषणे समधनं क्रीतं त्वदर्थे मया ।
तद्रत्नत्रयमूल्यसंयुतिमितिस्त्र्यूनं शतार्धं प्रिये
मूल्यं ब्रूहि पृथग्यदीह गणिते कल्यासि कल्याणिनि ३६

अत्र समधनं यावत्तावत् १ । यदाष्टानां माणिक्याना-मिदं मूल्यं तदैकस्य किमिति । एवं त्रैराशिकेन सर्वत्र मूल्यानि ।

या $\frac{१}{८}$ या $\frac{१}{१०}$ या $\frac{१}{१००}$

एषां योगः सप्तचत्वारिंशता सम इति समशोधनार्थं न्यासः ।

या $\frac{४७}{२००}$ रू०
या ० रू ४७

एतौ पक्षौ समच्छेदीकृत्य छेदगमे समीकरणेन लब्धं यावत्तावन्मानम् २०० अनेनोत्थापितानि जातानि रत्नमूल्यानि २५ । २० । २ समधनम् २०० । एवं कर्णभूषणे रत्नमूल्यम् ६००

अत्र समच्छेदीकृत्य शोधनार्थमाद्यपक्षेण परपक्षे ह्रियमाणे छेदांशविपर्यासे कृते परस्य छेदो गुणोंऽशो हरश्चेति तुल्यत्वात्तयोर्नाशो भविष्यतीति छेदगमः क्रियते ॥

अथ छात्रमतिवैशद्यार्थं विचित्रोदाहरणं शार्दूलविक्रीडितेनाह—माणिक्याष्टकमिति । हे कल्याणिनि कल्याणविशिष्टे, त्वं चेदिह अव्यक्तगणिते कल्या चतुरासि, अत्र केचित् 'कल्या' इत्यस्य स्थाने 'कल्पा' इति पवर्गादिमवर्णावसानकं पाठं कल्पयन्ति तन्न सुष्ठु बहुटीकाकारोक्तिविसंवादात् । तर्हि तेषां रत्नानां मध्ये एकैकस्य रत्नस्य मूल्यं पृथग्भिन्नं ब्रूहि आख्याहि । यत् रत्नत्रयं ते तव कर्णविभूषणे कर्णयोरलंकारे माणिक्यानामष्टकमिन्द्रनीलानां दशकं मुक्ताफलानां शतं वर्तते । किं लक्षणम् । त्वदर्थे समधनं समानमूल्यं मया क्रीतं, मूल्यदानपुरस्सरं गृहीतमित्यर्थः । 'समधनम्' इत्यस्यायमभिप्रायः—यन्माणिक्याष्टकस्य मूल्यं तदेवेन्द्रनीलदशकस्य तदेव मुक्ताफलशतस्येत्यर्थः । हे प्रिये, तेषां रत्नानां यत्त्रयं तस्य यानि मूल्यानि तेषां युतिः त्र्यूनं शतार्धं वर्तते ।

उदाहरण—

किसीने समान मोल से आठ माणिक्य, दश नीलम और सौ मोती खरीदे और उन तीनों रत्नों के मोल का योग सैंतालीस है तो कहो हर एक रत्नों का मोल क्या होगा ।

यहां माणिक्य आदिकों के मूल्य कल्पना करने से क्रिया का निर्वाह नहीं होता इसलिये समधन का मान यावत्तावत् १ कल्पना किया, यदि आठ माणिक्य का या १ मोल है तो एक का क्या, इसप्रकार त्रैराशिक के द्वारा हर एक रत्नों के मोल हुए

या $\frac{१}{८}$ या $\frac{१}{१०}$ या $\frac{१}{१००}$

इनका समच्छेद करके योग या $\frac{४७}{२००}$ हुआ, यह सैंतालीस के समान है इसलिये दो पक्ष हुए

या $\frac{४७}{२००}$ रू०
या० रू४७

'कल्प्यो हरो रूपमहारराशेः—' इस रीति के अनुसार दूसरे पक्ष के रूप ४७ के नीचे १ हर हुआ

या $\frac{४७}{२००}$ रू०
या० $\frac{४७}{१}$ रू०

समच्छेद करने से हुए

या $\frac{४७}{२००}$ रू०
या० रू $\frac{९४००}{२००}$

छेदापगम करने से हुए

या ४७ रू०
या० रू ९४००

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान २०० आया, यदि आठ माणिक्य का २०० समधन है तो १ का क्या, $\frac{२०० \times १}{८}=$

यदि दश नीलम का २०० समधन है तो १ का क्या, $\frac{२०० \times १}{१०}$ यों एक नीलम का मोल २० हुआ । यदि सौ मोती का २०० समधन हैं तो १ का क्या, $\frac{२०० \times १}{१००}$ यों एक मोती का मोल २ हुआ ।

क्रम से न्यास २५ । २० । २ । उनका योग ४७ है । एक माणिक्य का २५ मोल है तो आठ का क्या, यों आठ माणिक्य का मोल हुआ $\frac{२५ \times ८}{१}$ = २०० । एक नीलम का २० मोल है तो दश का क्या, यों दश नीलम का मोल हुआ $\frac{२० \times १०}{१}$ = २०० । एक मोती का २ मोल है तो सौ का क्या, यों सौ मोतियों का मोल हुआ $\frac{२ \times १००}{१}$ = २०० इस प्रकार समान धन आते हैं इनका योग ६०० सब रत्नों का मोल हुआ। यहांपर समच्छेद कर के शोधन के लिये आद्यपक्ष का परपक्ष में भाग देनेसे छेद और अंश इन का विपर्यास होताहै तब गुण हर के तुल्य होने से वे उड़ जाते हैं इसलिये लाघवार्थ छेदापगम[1] कियाजाता है

उदाहरणम्-

पञ्चांशोऽलिकुलात्कदम्बमगमत्त्र्यंशः शिलीन्ध्रंतयो-
र्विश्लेषस्त्रिगुणो मृगाक्षि कुटजं दोलायमानोऽपरः ।
कान्ते केतकमालतीपरिमलप्राप्तैककालप्रिया-
दूताहूत इतस्ततो भ्रमति खे भृङ्गोऽलिसंख्यां वद[2] ॥४०॥

---

१ छेद कहिये हर उसका जो अपगम अर्थात् दूरकरना उसे छेदापगम कहते हैं ।

२ अत्र श्रीधराचार्याः—

षड्भागः पाटलासु भ्रमति गणयुतः स्वात्रिभागः कदम्बे
पादश्चूतद्रुमे च प्रदलितकुसुमे चम्पके पञ्चमांशः ।
प्रोत्फुल्लाम्भोजषण्डे रविकरदलिते त्रिंशदंशोऽभिरेमे
तत्रैको मत्तभृङ्गो भ्रमति नभसि चेत्का भवेद्भृङ्गसंख्या ॥

ज्ञानराजदैवज्ञाः—

मानैः कोकिलमञ्जुलैः परिमलैरानन्दयन्तं फलै-
र्भारद्वाजमुखं द्विजोत्तमकुलं त्वामेत्य शाखाधिपम् ।
जातं पूर्णमनोरथं सुरतरो स्वार्धाङ्घ्रिपञ्चांशकैः
पूर्वादिक्रमतश्चतुर्द्विजयुतस्तिष्ठाम्यहं तान्वद ॥

अत्रालिकुलप्रमाणं यावत्तावत् १ । अतः कदम्बादिगतालिप्रमाणं यावत्तावत् $\frac{१४}{१५}$ एतद् दृष्टेन भ्रमरेण युतमलिप्रमाणमिति न्यासः ।

या $\frac{१६}{१५}$ रू १५
या १ रू०

एतौ समच्छेदीकृत्य छेदगमे पूर्ववल्लब्धं यावत्तावन्मानम् १५ एतदलिप्रमाणम् ॥

अथान्यदुदाहरणं पाटीस्थं प्रदर्शयति—पञ्चांश इति । व्याख्यातोऽयं श्लोको लीलावतीव्याख्याने ॥

उदाहरण—

एक भ्रमरों के समूह से उसका पञ्चमांश कदम्ब को गया और तृतीयांश शिलीन्ध्रनामक पुष्प को गया, और उन भागोंके त्रिगुण अन्तरके तुल्य भ्रमर कुटजनामक पुष्प को गये, केवल एक केतकी और मालतीके सुगन्धमें लोभाहुआ आकाशमें भ्रमण कर रहा है तो कहो कितने भ्रमर हैं ।

यहां भ्रमरों के समूह का मान यावत्तावत् १ है, इसका पञ्चमांश या $\frac{१}{५}$ और तृतीयांश या $\frac{१}{३}$ हुआ, इनके अन्तर या $\frac{२}{१५}$ को ३ से गुणा या $\frac{६}{१५}$ हुआ, इसमें ३ का अपवर्तन देनेसे $\frac{२}{५}$ हुआ, फिर उक्त या $\frac{१}{५}$ या $\frac{१}{३}$ या $\frac{२}{५}$ भागों का समच्छेद करने से योग या $\frac{१४}{१५}$ हुआ, इसमें दृष्ट भ्रमर १ जोड़ देने से पहिला पक्ष हुआ या $\frac{१४}{१५}$ रू १ ५ यह यावत्तावत् एकके समान है इस लिये दो पक्ष हुए

या $\frac{१४}{१५}$ रू १५
या १ रू ०

बाद समच्छेद और छेदगम करने से पूर्वरीति के अनुसार यावत्तावत् का मान १५ आया यही भ्रमरों के समूह की संख्या है ।

अथान्योक्तमप्युदाहरणं क्रियालाघवार्थं प्रदर्श्यते-

पञ्चकशतदत्तधना-
त्फलस्य वर्गं विशोध्य परिशिष्टम्।
दत्तं दशकशतेन
तुल्यः कालः फलं च तयोः॥

अत्र काले यावत्तावत्कल्पिते क्रिया न निर्वहति इत्यतः कल्पिताः पञ्चमासा मूलधनं यावत्तावत् १

अस्मात्पञ्चराशिके न्यासः

१	५
१००	या १
५	०

लब्धं फलं यावत्तावत् $\frac{१}{४}$ अस्य वर्गः याव $\frac{१}{१६}$ मूलधनात्समच्छेदेन शोधिते जातं द्वितीयमूलधनम् $\frac{\text{याव }\dot{१}\text{ या }१६}{१६}$ अत्रापि मासपञ्चकेन पञ्चराशिके कृते न्यासः।

१	५
१००	$\frac{\text{याव }\dot{१}\text{ या }१६}{१६}$
१०	०

लब्धं फलं $\frac{\text{याव }\dot{१}\text{ या }१६}{३२}$ एतत्पूर्वफलस्यास्य

या $\frac{१}{४}$ सममिति पक्षौ यावत्तावतापवर्त्य समशोधनाय पक्षयोर्न्यासः।

या $\frac{१}{३२}$ रू १६

या १ रू $\frac{१}{४}$

प्राग्वल्लब्धं यावत्तावन्मानम् ८ एतन्मूलधनम्। अथवा प्रथमप्रमाणफलेन द्वितीयप्रमाणफले विभक्ते यल्लभ्यते तद्गुणगुणितेन द्वितीयमूलधनेन तुल्यमेव प्रथममूलधनं स्यात्, कथमन्यथा समे काले समं फलं स्यात्। अतो द्वितीयस्यायं गुणः २, द्वितीयमूलधनमेकोनगुणगुणितं फलवर्गे वर्तते, अत एकोनगुणेनेष्टकल्पितकलान्तरस्य वर्गे भक्ते द्वितीयमूलधनं स्यात् तत्फलवर्गयुतं प्रथममूलधनं स्यात्, अतः कल्पितफलवर्गः४अतः प्रथमद्वितीयमूलधने८।४। फलम्२। यदि शतस्य पञ्च कलान्तरं तदाष्टानां किमिति लब्धमेकमासेऽष्टानां फलम् $\frac{२}{५}$। यद्यनेनैको मासस्तदा द्विकेन किमिति लब्धा मासाः ५।

अथ परोक्तमप्युदाहरणं क्रियालाघवार्थं प्रदर्शयति—पञ्चकेति। प्रतिमासं पञ्च वृद्धिर्यस्येति पञ्चकम्। तदस्मिन् वृद्ध्यायलाभशुल्कोपपदा दीयते इति सूत्रेण कन्। तादृशं यच्छतं तेन प्रमाणेन दत्तं यद्धनं तस्य किंचित्कालजं यत्फलं कलान्तरं तस्य वर्गं मूलधनाद्विशोध्य यदवशिष्टं धनं तद्दशकशतेन, प्रतिमासं दश वृद्धि-

र्यस्येति दशकम्, दशकं च तच्छतं च दशकशतं तेन प्रमाणेन दत्तम्, तयोः प्रथमद्वितीययोर्मूलद्रव्ययोस्तुल्ये काले तुल्यमेव फलं भवति। एवं सति ते के धने इति वदेति शेषः।

उदाहरण—

पांच रुपये सैकड़े के ब्याज पर दिये हुए धन का जो ब्याज आया उस के वर्ग को मूल धन में घटा देने से जो शेष धन बचा उसको दश रुपये सैकड़े के ब्याज पर दिया और उन दोनों मूलधनोंका काल और ब्याज समान है तो बतलाओ वे कितने हैं।

यहां काल का मान यावत्तावत् कल्पना करने से क्रिया का निर्वाह नहीं होता इसलिये पांच मास और मूल धन यावत्तावत् १ कल्पना किया, फिर यदि एक महीने में सौका पांच ब्याज मिलता है तो पांच महीने में यावत्तावत् एक का क्या मिलैगा।

१	५
१००	या १
५	०

'—अन्योऽन्यपक्षनयनं—'इस सूत्र के अनुसार न्यास।

१	५
१००	या १ या
०	५

बहुत राशियों के घात में अल्पराशियों के घात का भाग देने से हुआ या $\frac{२५}{१००}$ इस में अंश २५ का अपवर्तन देने से या $\frac{१}{४}$ हुआ। यह पांच महीने में यावत्तावत् एक का ब्याज है। अब उसके वर्ग याव $\frac{१}{१६}$ को मूलधन या १ में समच्छेद करके घटा देने से शेष $\frac{\text{याव } १ \text{ या } १६}{१६}$ रहा यही

दूसरा मूल धन है। यदि एक महीने में सौ का दश ब्याज मिलता है तो पांच महीने में दूसरे मूल धन का क्या मिलैगा

१	५
१००	याव १ या १६
	१६
१०	०

'अन्योन्यपक्षनयनं—' इस सूत्र के अनुसार न्यास।

१	५
१००	याव १ या १६
१६	१०

अब ५, याव १ या १६, १० इन राशियों के घात याव ५० या ८०० में १, १००, १६ इन राशियों के घात का भाग देने से $\frac{\text{याव ५० या ८००}}{\text{१६००}}$ हुआ, इस में पचास का अपवर्तन देने से $\frac{\text{याव १ या १६}}{\text{३२}}$ हुआ, यह पहिले सिद्ध किये हुए या $\frac{१}{२}$ इस ब्याज के समान है इसलिये दो पक्ष हुए

$$\frac{\text{याव १ या १६}}{\text{३२}} \quad \text{रू०}$$

$$\text{या } \frac{१}{२} \quad \text{रू०}$$

यावत्तावत् का अपवर्तन देने से हुए

$$\frac{\text{या १} \quad \text{रू १६}}{\text{३२}}$$

$$\text{या०} \quad \text{रू } \frac{१}{२}$$

बाद 'एकाव्यक्तं शोधयेदन्यपक्षात्—' इस रीति से यावत्तावत् का मान ८ आया, यह पहिला मूल धन है इससे दूसरे मूल धन $\frac{\text{याव १ या १६}}{\text{१६}}$ में

उत्थापनदेना चाहिये तो ' वर्गेण वर्गं गुणयेत्—' इस रीति से ८ के वर्ग ६४ से ऋण यावत्तावत् १ को गुणने से ६४ हुए और ८ से यावत्तावत् १६ को गुणनेसे १२८ हुए इनका क्रमसे न्यास ६४ । १२८ अब इनके योग ६४ में हर १६ का भाग देनेसे दूसरा मूलधन ४ आया । और पहिला दूसरा ब्याज हुआ । २ । २ । अब उस प्रश्नके उत्तरको व्यक्तरीति से करते हैं—

पहिले प्रमाण फल में दूसरे प्रमाण फल का भाग देने से जो लब्धि आती है उससे गुणेहुए दूसरे मूलधन के तुल्य पहिला मूलधन होता है, अन्यथा क्योंकर समान काल में समान फल (ब्याज) होगा । इस लिये दूसरे धनका २ गुण है, और दूसरा धन एकोनगुण गु १ रू१ से गुणदेने से गु० दूध १ दूध १ फलवर्गका स्वरूप होता है, क्योंकि पहिला खण्ड गु० दूध १ पहिला मूलधन है इस में दूसरे खण्ड दूध१ को घटा देने से फलवर्ग अवशिष्ट रहता है क्योंकि दूसरा मूलधन और फलवर्ग इनका योग पहिले मूलधन के समान है और पहिले मूलधन में फलवर्ग को घटादेनेसे दूसरा मूलधन अवशिष्ट रहता है यह भी कहा है। यदि एक से ऊन गुण और दूसरा मूलधन इनका घात फलवर्ग है तो उसी फलवर्ग में एकोन गुणका भागदेने से दूसरा मूलधन आता है यह सिद्ध हुआ । इसलिये कल्पना किये हुए ब्याज २ के वर्ग ४ में एकोन गुण १ का भाग देने से दूसरा धन ४ आया, इसमें फल २ के वर्ग ४ को जोड़ देने से पहिला धन ८ हुआ । इसलिये काल्पित फलवर्ग ४ है । इसभांति दोनों मूलधन हुए ८। ४ और फल २ है यदि सौका पांच ब्याज पाते हैं तो आठ का क्या, इस प्रकार आठ का ब्याज $\frac{५ \times ८}{१००}$ हुआ इसमें २० का अपवर्तन देने से $\frac{२}{५}$ हुआ, यदि इस ब्याजमें एक

महीना तो दो ब्याज में क्या, यों अनुपात के द्वारा $\frac{५ \times १ \times २}{२}$ = ५ महीने लब्धहुए ।

उदाहरणम्—

एककशतदत्तधना-
त्फलस्य वर्गं विशोध्य परिशिष्टम् ।
पञ्चकशतेन दत्तं
तुल्यः कालः फलं च तयोः ॥ ४१ ॥

अत्र गुणकः ५ । एकोनगुणेन ४ इष्टफलस्यास्य वर्गे १६ भक्ते जातं द्वितीयधनम् ४ । इदं फलवर्गयुतं जातं प्रथमधनम् २० । अतोऽनुपातद्वयेन कालः २० । एवं स्वबुद्ध्यैवेदं सिध्यति किं यावत्तावत्कल्पनया ।

अथ स्वप्रदर्शितक्रियालाघवस्य व्याप्तिं दर्शयितुं गीत्योदाहरणान्तरमाह—एककेति । एको वृद्धिर्यस्य तदेककम्, एककं च तच्छतं चैककशतम्, तेन दत्तं प्रयुक्तं यद्धनं ततो यल्लब्धं फलं कलान्तरं तस्य वर्गं मूलधनाद्विशोध्य परिशिष्टं धनं पञ्चकशतेन दत्तं, कलान्तरार्थं प्रयुक्तमित्यर्थः । तयोः प्रथमद्वितीययोर्मूलधनयोः कालस्तुल्यः फलमपि तुल्यं ते के धने इति निरूपय ॥

उदाहरण—

एक रुपये सैकड़े के ब्याजपर दिये हुए धनका जो ब्याज मिला उसके वर्ग को मूलधन में घटादेनेसे जो शेष धन रहा उसे पांचरुपये सैकड़ेके ब्याजपर देदिया और दोनों मूलधनों का काल तथा ब्याज तुल्य है तो बतलाओ उनका क्या मान है ।

यहां गुणक ५ है, एकोनगुणक ४ का कल्पितफल ४ के वर्ग १६ में भाग देने से दूसरा मूलधन ४ आया, इसमें फलवर्ग १६ जोड़देनेसे पहिला मूलधन २० हुआ। अब इससे कालका आनयन करते हैं—यदि सौका एक ब्याजहै तो बीस का क्या, यों एक मास में पहिले मूलधन का ब्याज $\frac{१ \times २०}{१००} = \frac{१}{५}$ हुआ, यदि इस ब्याज में एक महीना तो कल्पना किये हुए चार ब्याज में क्या, यों काल $\frac{५ \times १ \times ४}{१} = २०$ आया 'इस प्रकार यह उदाहरण अपनी बुद्धिही से सिद्ध होता है यावत्तावत् कल्पना की क्या आवश्यकता है' इस लेखसे ग्रन्थकारका पूर्वाचार्यों पर कटाक्ष सूचित होता है।

अथवा बुद्धिरेव बीजम्। तथा च गोले मयोक्तम्—
'नैव वर्णात्मकं बीजं न बीजानि पृथक् पृथक्।
एकमेव मतिर्बीजमनल्पा कल्पना यतः ॥'

अब प्रशंसापूर्वक मति में बीजत्व का आरोप करते हैं—

अथवा बुद्धिही बीजगणित है, इस बातको मैंने गोलाध्याय में कहा है कि वर्णात्मक अर्थात् यावत्तावत्कालक आदि वर्णरूपी बीजगणित नहीं है और एकवर्णसमीकरण, अनेकवर्णसमीकरण इत्यादि भेदों से जुदा जुदा भी नहीं है किंतु एक मति बीजगणितहै जिससे अनेक विधकी कल्पना उत्पन्न होती है ॥

उदाहरणम्—

माणिक्याष्टकमिन्द्रनीलदशकं मुक्ताफलानां शतं
सद्वज्राणि च पञ्चरत्नवणिजां येषा चतुर्णां धनम्।

सङ्गस्नेहवशेन ते निजधनाद्दत्त्वैकमेकं मिथो
जातास्तुल्यधनाःपृथग्वद सखे तद्रत्नमूल्यानिमे ४२

अत्र यावत्तावदादयो वर्णा अव्यक्तानां मानानि कल्प्यन्त इत्युपलक्षणं तन्नामाङ्कितानि कृत्वा समीकरणं कार्यं मतिमद्भिः । तद्यथा—अन्योन्यमेकैकं रत्नं दत्त्वा समधना जातास्तेषां मानानि

मा. ५ नी. १ मु. १ व. १
नी. ७ मा. १ मु. १ व. १
मु. ९७ मा. १ नी. १ व. १
व. २ मा. १ नी. १ मु. १

'समानां समक्षेपे समशुद्धौ समतैव स्यात्' इत्येकैकं माणिक्यादिरत्नं पृथक् पृथगेभ्यो विशोध्य शेषाणि समान्येवं जातानि मा. ४ नी. ६ मु. ९६ व. १ ।

यदेकस्य वज्रस्य मूल्यं तदेव माणिक्यचतुष्टयस्य तदेव नीलषट्कस्य तदेव मुक्ताफलानां षण्णवतेः । अत इष्टं समधनं प्रकल्प्य पृथगेभिः शेषैर्विभज्य मूल्यानि लभ्यन्ते, तथा कल्पितेष्टेन ९६ जातानि मूल्यानि माणिक्यादीनाम् २४ । १६ । १।९६ ।

अथ पाटीस्थमुदाहरणान्तरं शार्दूलविक्रीडितेनाह—माणिक्याष्टकमिति । व्याख्यातोऽयं लीलावतीव्याख्याने ॥

उदाहरण—

आठ माणिक्य, दश नीलम, सौ मुक्ता और पांच हीरा ये चार जवाँहिरियों के धन रहे और वे स्नेहवश होकर आपस में अपने अपने धन से एक एक रत्न देकर समधन होगये तो कहो हर एक रत्नों का मोल क्या है ।

यहां जो यावत्तावत् आदिक वर्ण अव्यक्त राशियोंके मान कल्पना किये जाते हैं सो उपलक्षणहै इसलिये हरएक वस्तुओं को अपने अपने नाम से अङ्कित करके समीकरण करना चाहिये । परस्पर एक एक रत्न देकर वे चारों समधन हुए ।

मा. ५ नी. १ मु. १ व. १
मा. १ नी. ७ मु. १ व. १
मा. १ नी. १ मु.९७ व. १
मा. १ नी. १ मु. १ व. २

ये समधन हैं इसलिये समान रत्न घटा देनेसे भी समानही रहैंगे, इस कारण पहिले एकएक माणिक्य में घटाने से

मा.४ नी.१ मु.१ व. १
मा.० नी.७ मु.१व. १
मा.० नी.१ मु.९७व. १
मा.० नी.१ मु.१ व.२

फिर एकएक नीलम घटाने से

मा. ४ नी. ० मु. १ व. १
मा. ० नी. ६ मु. १ व. १
मा. ० नी. ० मु. ९७ व. १
मा. ० नी. ० मु. १ व. २

फिर एकएक मुक्ता घटानेसे

मा. ४ नी. ० मु. ० व. १

मा.० नी.६ मु. ० व.१
मा.० नी.० मु. ९७व.१
मा.० नी.० मु. ० व. १

फिर एकएक वज्र घटाने से

मा.४ नी. ० मु ० व०
मा० नी. ६ मु ० व०
मा० नी० मु ९६ व०
मा० नी० मु० व१

येभी समान रहे, यहां शेष मा. ४ नी. ६ मु. ९६ और व.१ रहता है, अब जो एक वज्र का मोल है वही चारमाणिक्य छ नीलम और छांनबे मुक्ताओं का है इसलिये इष्ट समधन ९६ कल्पना किया, फिर त्रैराशिक से हरएक रत्नों के मोल लाते हैं—यदि चारमाणिक्य का ९६ मोल है तो एक का क्या, यों एक माणिक्य का मोल $\frac{९६ \times १}{४}$=२४ हुआ। यदि छ नीलम का ९६ मोल है तो एक का क्या, यों एक नीलम का मोल $\frac{९६ \times १}{६}$= १६ हुआ । छांनबे मुक्ता का ९६ मोल है तो एक का क्या, यों एक मुक्ता का मोल $\frac{९६ \times १}{९६}$=१ और वज्रका मोल ९६ है । इन मोलों का क्रम से न्यास २४। १६ । १ । ९६ । फिर यदि एक माणिक्य का २४ मोलहै तो पांचका क्या, यों पांच माणिक्यका मोल $\frac{२४ \times ५}{१}$=१२० हुआ, इसमें १६ । १ । ९६ इन नीलम आदिकों के मोल को जोड़ देने से समधन २३३ हुआ। यदि एक नीलम का १६ मोल है तो सात का क्या, यों सात नीलम का मोल $\frac{१६ \times ७}{१}$=११२ हुआ, इसमें

२४ । १ । ९६ इन शेष रत्नों के मोल को जोड़ देनेसे समधन २३३ हुआ ।

इसभांति सत्तानबे मुक्ताओंके मोल ९७ में २४ । १६ । ९६ इन शेष रत्नों के मोल को जोड़ देने से समधन २३३ हुआ । और एक वज्र के मोल ९६ को दूना करने से दो वज्र का मोल १९२ हुआ इसमें २४ । १६ । १ इन शेष रत्नों के मोल को जोड़ देने से समधन २३३ हुआ ।

उदाहरणम्—

पञ्चकशतेन दत्तं
मूलं सकलान्तरं गते वर्षे ।
द्विगुणं षोडशहीनं
लब्धं किं मूलमाचक्ष्व ॥ ४३ ॥

अत्र मूलधनं यावत्तावत् १ अतः पञ्चराशिकेन

१	१२
१००	या १
५	०

कलान्तरम् या $\frac{३}{५}$ एतन्मूलयुतं जातं या $\frac{८}{५}$ द्विगुण-मूलधनस्य षोडशोनस्य या २ रू १६̇ सममिति समीकरणेन

या २ रू १६̇
या $\frac{२}{५}$ रू ०

लब्धं मूलं ४० कलान्तरं च २४ ।

अथोदाहरणान्तरमार्ययाह—पञ्चकेति । हे गणक, पञ्चकशतेन यद्दत्तं धनं तद्वर्षे गते व्यतीते सति सकलान्तरं यद्भवति तच्च द्विगुणेन षोडशहीनेन मूलधनेन तुल्यमेवं सति मूलधनं किं स्यादिति कथय ॥

उदाहरण—

पांच रुपये सैकड़े के ब्याजपर दिया हुआ धन एक वर्ष के व्यतीत होने पर ब्याज के साथ दोसे गुणे हुए और सोलहसे हीन मूलधनके तुल्य होताहै तो कहो कितना मूलधन होगा ।

यहां मूलधन का मान यावत्तावत् १ है, इससे पञ्चराशिक से ब्याज लाते हैं—यदि एक महीने में सौका पांच ब्याज आता है तो बारह महीने में एक यावत्तावत् का क्या,

१	१२
१००	या१
५	०

'—अन्योन्यपक्षनयनं—' इस सूत्र के अनुसार बहुत राशियोंके घात या ६० में अल्प राशियों के घात १०० का भाग देने से या $\frac{६०}{१००}$ हुआ इसमें बीसका अपवर्तन देने से या $\frac{३}{५}$ हुआ, यह मूलधन या १ से जुड़ा, दूना और सोलह से ऊन मूलधन के समान है इसलिये पक्षहुए

या$\frac{८}{५}$ रू०
या २ रू १६

समच्छेद और छेदगम करके समीकरणसे यावत्तावत् का मान मूलधन ४० आया, इससे अनुपात करतेहैं—जो एक महीनेमें सौका पांच ब्याज पाते हैं तो बारह महीने में चालीस का क्या, यों चालीस का ब्याज $\frac{१२ \times ४० \times ५}{१ \times १००}$=२४ हुआ, इसमें मूलधन ४० जोड़ देनेसे ६४ हुआ

यह दोसे गुणित ८० और सोलह से हीन ८०—१६=६४ मूलधन के समान है ॥

उदाहरणम्—

यत्पञ्चकद्विकचतुष्कशतेन दत्तं
खण्डैस्त्रिभिर्नवतियुक् त्रिशतीधनं तत् ।
मासेषु सप्तदशपञ्चसु तुल्यमासं
खण्डत्रयेऽपि सफलं वद खण्डसंख्याम् ॥ ४४ ॥

अत्र सफलस्य खण्डस्य समधनस्य प्रमाणं यावत्तावत् १। यद्येकेन मासेन पञ्च फलं शतस्य तदा मासः सप्तकेन किमिति लब्धं शतस्य फलम् ३५ । एतच्छते प्रक्षिप्य जातम् १३५ । यद्यस्य फलस्य शतं मूलं तदा यावत्तावन्मितस्य सफलस्य किमिति लब्धं प्रथमखण्डप्रमाणम् या $\frac{२०}{२७}$

पुनर्यदि मासेन द्वौ फलं शतस्य तदा दशभिर्मासैः किमित्याद्युक्तप्रकारेण द्वितीयखण्डम् या $\frac{५}{६}$ एवं तृतीयम् या $\frac{५}{६}$

एषामैक्यम् या $\frac{६५}{२७}$ सर्वधनस्यास्य ३९० समं कृत्वा यावत्तावन्मानेन १६२ उत्थापितानि खण्डानि १२० । १३५।१३५। सकलान्तरं सममेतत् १६२ ॥

अथ वसन्ततिलकयोदाहरणान्तरमाह—यदिति । यन्नवतियुक् त्रिशतीरूपं धनं ३९० त्रिभिः खण्डैः पञ्चकद्विकचतुष्कशतेन दत्तं

तत्सप्तदशपञ्चसु मासेषु क्रमेण खण्डत्रयेऽपि सफलं तुल्यं प्राप्तं चेत् खण्डसंख्यां वद। एतदुक्तं भवति— मूलधनं नवतियुक्तं शतत्रयमस्ति ३९०, अस्य त्रीणि खण्डानि कृत्वा एकं खण्डं पञ्चकशतप्रमाणेन दत्तं, द्वितीयं द्विकशतेन दत्तं, तृतीयं चतुष्कशतेन दत्तम्, तत्र प्रथमं खण्डं माससप्तके गते सकलान्तरं यावद्भवति, तावदेव द्वितीयं सकलान्तरं मासदशके गते भवति, तृतीयमपि मासपञ्चके गते सकलान्तरं तावदेव भवति, यद्येवं तर्हि कानि खण्डानि संभवन्ति तद्वद॥

उदाहरण——

तीनसौ नब्बे रुपयोंके तीन खण्डकरके एक खण्ड को पांच रुपये सैकड़े के ब्याजपर, दूसरे को दो रुपये सैकड़े के ब्याजपर और तीसरे को चार रुपये सैकड़े के ब्याजपर दिया और पहिलाखण्ड सात महीने व्यतीत होनेपर ब्याज सहित जितना होता है उतनाही दश महीने व्यतीत होनेपर ब्याज सहित दूसरा खण्ड और पांच महीने व्यतीत होनेपर ब्याज सहित तीसरा खण्डहै तो बतलाओ वे कौनसे खण्डहैं।

यहां समधनरूप और ब्याज सहित खण्डका मान यावत्तावत् १ कल्पना करके फिर, यदि एक महीने में सौका पांच ब्याज आता है तो सात महीने में सौ का क्या, इस प्रकार सात महीने में सौ का ब्याज $\frac{७ \times १०० \times ५}{१ \times १००}$=३५ हुआ, इसको १०० में जोड़ने से १३५ हुआ। यदि ब्याज के साथ इस खण्ड का मूलधन सौ है तो ब्याज सहित यावत्तावन्मित खण्ड का क्या, इस प्रकार पहिला खण्ड $\frac{१०० \times \text{या } १}{१३५}$ पांच के अपवर्तन देने से या $\frac{२०}{२७}$ हुआ।

इसी भांति यदि एक महीने में सौ का दो ब्याज आता है तो दश महीने में सौ का क्या, दश महीने में सौ का ब्याज $\frac{१० \times १०० \times २}{१ \times १००} =$ २० हुआ, इसको १०० में जोड़ देने से १२० हुआ । यदि इसका मूलधन सौ है तो यावत्तावत् का क्या, दूसरा खण्ड $\frac{१०० \times या१}{१२०}$ बीस के अपवर्तन देने से या $\frac{५}{६}$ हुआ । इसी प्रकार तीसरा खण्ड या $\frac{५}{६}$ हुआ ।

इन खण्डों का क्रम से न्यास ।

या $\frac{२०}{२७}$ या $\frac{५}{६}$ या $\frac{५}{६}$

अब उनका समच्छेद करके योग या $\frac{३६०}{१६२}$ हुआ और छ का अपवर्तन देने से या $\frac{६५}{२७}$ हुआ, यह सर्वधन ३९० के समान है इसलिये दो पक्ष हुए

या $\frac{६५}{२७}$ रू०
या० रू ३९०

समच्छेद और छेदगम करने से हुए

या ६५ रू०
या० रू १०५३०

बाद समीकरण करने से यावत्तावत् का मान १६२ आया इससे तीनों खण्ड में उत्थापन देना चाहिये सो इस भांति–इस मान १६२ को पहिले खण्ड से गुणकर और उसके हार २७ का भाग देने से पहिला खण्ड हुआ $\frac{१६२ \times २०}{२७} = \frac{३२४०}{२७} =$ १२० । इसी प्रकार यावत्तावन्मान १६२ को ५ गुण कर उसमें ६ का भाग देने से दूसरा खण्ड १३५ हुआ । और तिसरा खण्ड भी १३५ हुआ ॥

आलाप—यदि १०० का ५ ब्याज तो १२० का क्या, यों एकसौ बीस का ब्याज $\frac{५ \times १२०}{१००}$=६ आया, १ महीने में ६ ब्याज तो ७ महीने में क्या, यों सात महीने में ब्याज $\frac{६ \times ७}{१}$=४२ आया, इसमें मूलधन १२० जोड़ देने से ब्याजसहित मूलधन १६२ हुआ।

इसीभांति, यदि १ महीने में २ ब्याज दो १० महीने में क्या, यों दश महीने में ब्याज $\frac{२ \times १०}{१}$=२० आया, यदि १०० का २० तो १३५ का क्या, यों दूसरे खण्ड का ब्याज $\frac{२० \times १३५}{१००}$=२७ आया, इसको मूलधन १३५ में जोड़ देने से दूसरा खण्ड १६२ सिद्ध हुआ।

इसी प्रकार, यदि १ महीने में १०० का ४ ब्याज तो ५ महीने में क्या, यों पांच महीने में ब्याज $\frac{५ \times १०० \times ४}{१ \times १००}$=२० आया, यदि मूलधन १०० का २० तो तीसरे खण्ड १३५ का क्या, यों तीसरे खण्ड का ब्याज $\frac{२० \times १३५}{१००}$= २७ आया, इसमें मूलधन १३५ जोड़ने से तीसरा खण्ड १६२ हुआ इस प्रकार तीन खण्ड करने से ब्याज सहित खण्ड तुल्य ही मिले १६२। १६२। १६२॥

उदाहरणम्—

पुरप्रवेशे दशदो द्विसंगुणं
विधाय शेषं दशभुक् च निर्गमे।
ददौ दशैवं नगरत्रयेऽभव-
त्त्रिनिघ्नमाद्यं वद तत्कियद्धनम् ॥ ४८ ॥

अत्र धनं या १ । अस्यालापवत्सर्वं कृत्वा पुरत्रय-निवृत्तौ जातं धनम् या ८ रू २८०

एतदाद्यस्य त्रिगुणितस्य या ३ समं कृत्वाप्तं यावत्तावन्मानम् ५६ ।

अथोदाहरणं वंशस्थेनाह—पुरप्रवेश इति । कश्चिद्वणिक् किंचिद्धनं गृहीत्वा व्यापारार्थं किमपि पुरं प्रति गतवान्, तत्र पुरप्रवेशनिमित्तं शुल्कं दश दत्त्वा पुरं प्रविश्य शेषधनं व्यापारेण द्विगुणं विधाय तन्मध्ये दश भुक्त्वा निर्गमनिमित्तं पुनर्दश दत्तवान्। 'रक्षानिर्वेशो राजभागः शुल्कः' इति तद्धिताईीयप्रकरणे दीक्षिताः। अथ तच्छेषधनं गृहीत्वा पुरान्तरं गतवान् । तत्रापि दश दत्त्वा द्विगुणीकृत्य दश भुक्त्वा दश दत्त्वा च ततस्तृतीयं नगरं गतवान् । तत्रापि दश दत्त्वा द्विगुणीकृत्य दश भुक्त्वा दश दत्त्वा च स्वगृहं प्रत्यागतवान्,एवं सति यत्प्रथमं धनं तत्त्रिगुणमभवत्, तर्हि तत्प्रथमं धनं कियदिति वदेति प्रश्नार्थः ॥

उदाहरण—

कोई एक बनियां कुछ धन लेकर व्यापार के लिये किसी एक नगर को गया, वहां द्वार में प्रवेश करते समय दश रुपये राहदारी का महसूल दिया और उस नगर में जाकर अपने शेषधन को दूनाकर उसमें से दश रुपये खाये और अतिबार दश रुपये फिर राहदारी पर दिये इस भांति वह व्यापार के निमित्त तीन नगरों को जाकर अपने घर लौट आया, तो उसका धन पहिले से तिगुना होगया कहो पहिला धन क्या है ।

यहां कल्पितराशि या १ है, नगर में प्रवेशकरते समय दश रुपये दिये इसलिये 'या १ रू १०' हुआ, वहां शेषधन को दूनाकिया इसलिये 'या २ रू २०' हुआ दश रुपये भोजन किये इसलिये 'या २ रू ३०' हुआ,

दश रुपये नगर से निकलते बार दिये इसलिये 'या २ रू० ४०' हुआ, इसीभांति दूसरे नगर में प्रवेश करते समय दशरुपये दिये इसलिये 'या २ रू ५० ' हुआ, वहां शेषधन को दूना किया इसलिये 'या ४ रू १०० ' हुआ, दश रुपये भोजन किये इसलिये 'या ४ रू११० ' हुआ, दश रुपये नगर से निकलते बार दिये इसलिये 'या ४ रू १२० ' हुआ, इसीभांति तीसरे नगर में प्रवेश करते समय दश रुपये दिये इसलिये ' या ४ रू १३० ' हुआ, वहां शेषधनको दूना किया इसलिये 'या ८ रू २६०' हुआ, दश रुपये भोजन किये इसलिये 'या ८ रू २७०' हुआ, और नगर से निकलतेबार दश रुपये दिये इसलिये 'या ८ रू २८०' हुआ, यह तिगुने पहिले धनके समान है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास ।

या ३ रू०
या ८ रू२८०

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान ५६ आया। आलाप—नगर में प्रवेश करते समय दश रुपये देने से शेष ४६ रहा, दूना करने से ९२ हुआ, दश रुपये भोजन करने से शेष ८२ रहा, नगरसे निकलतेबार दश रुपये देने से शेष ७२ रहा, फिर दूसरे नगरमें प्रवेश करते समय दश रुपये देने से शेष ६२ रहा, दूना करने से १२४ हुआ, दश रुपये भोजन करने से शेष ११४ रहा, जाते बार दश रुपये देने से शेष १०४ रहा, फिर तीसरे नगर में प्रवेश करते समय दशरुपये देने से शेष ९४ रहा, दूना करने से १८८ हुआ, दश रुपये भोजन करने से शेष १७८ रहा और दश रुपये राहदारी देकर अपने घरको गया तो शेष १६८ रहा, यह धन पहिले धन ५६ से तिगुना है।

उदाहरणम्—

साधं तण्डुलमानकत्रयमहो द्रम्मेण मानाष्टकं
मुद्गानां च यदि त्रयोदशमिता एता वणिक्काकिणीः।

आदायार्पय तण्डुलांशयुगलं मुद्गैकमानान्वितं
क्षिप्रं क्षिप्रभुजोव्रजेमहि यतःसार्थोऽग्रतोयास्यति ४६॥

अत्र तण्डुलमानं यावत्तावत् २ । मुद्गमानम् या १ । यदि सार्धमानत्रयेणैको द्रम्मो लभ्यते तदानेन या २ किमिति लब्धं तण्डुलमूल्यम् या $\frac{४}{७}$ । यदि मानाष्टकेनैको द्रम्मस्तदानेन या १ किमिति लब्धं मुद्गमूल्यम् या $\frac{१}{८}$ अनयोर्योगः या $\frac{३९}{५६}$ त्रयोदशकाकिणीसम इति द्रम्मजात्या $\frac{१३}{६४}$ साम्यकरणाल्लब्धं यावत्तावन्मानम् $\frac{७}{२४}$ अनेनोत्थापिते तण्डुलमुद्गमूल्ये $\frac{१}{६}$ $\frac{७}{१९२}$ तण्डुलमुद्गमानभागाश्च $\frac{७}{१२}$ $\frac{७}{२४}$

अथोदाहरणान्तरं शार्दूलविक्रीडितेनाह—सार्धमिति । अयं व्याख्यातोऽपि लीलावतीव्याख्याने संदिग्धांशः पुनरप्यभिधीयते—व्रजेम गच्छेम । 'हि इति पृथक् । विधिनिमन्त्रणामन्त्रणाधीष्टसंप्रश्नप्रार्थनेषु लिङ्, इति लिङि, व्रजधातोःसकाशादुत्तमपुरुषबहुवचनविवक्षायां मसि कृते उक्तवत्' व्रजेमस्' इति जाते नित्यं ङित इति सकारलोपे 'व्रजेम' इति रूपनिष्पत्तिः । अत एव ' व्रजेम भवदन्तिकं प्रकृतिमेत्य पैशाचकीं- ' इत्यादिषु महाकविप्रयोगेषु तादृशमेव रूपमुपलभ्यते ।

उदाहरण—

एक पान्थ (राही) किसी बनियें से कहता है कि हे वणिक्, एक द्रम्म में ढाई मान चावल और आठमान मूंग आताहै इस भावसे तेरह

काकिणी में दो हिस्से चावल और एक हिस्सा मूंग दो मुझे खिचड़ी बनानी है तो कहो उसके दाम और हिस्से क्या हैं ।

यहां चावल का मान या २ और मूंग का मान या १ कल्पना करके अनुपात करते हैं—यदि ढाई मान में एक द्रम्म तो या २ में क्या, यों चावल का मोल या $\frac{४}{७}$ आया, यदि आठ मान में एक द्रम्म तो या १ में क्या, यों मूंग का मोल या $\frac{१}{८}$ आया, इन मोलों का समच्छेद करने से योग या $\frac{३९}{५६}$ हुआ, यह तेरह काकिणी के समान है पर पूर्वपक्ष द्रम्मात्मक है इसलिये इसे भी द्रम्मात्मक कर लेना चाहिये तो चौंसठ का भाग देने से दो पक्ष समान सिद्ध हुए—

$$\text{या}\,\frac{३९}{५६}\ \text{रू०}$$
$$\text{या०}\ \ \text{रू}\frac{१३}{६४}$$

आठ से अपवर्तन दिये हुए ७ । ८ हरों से पक्षों का समच्छेद और छेदगम करने से हुए

$$\text{या}\ ३१२\ \text{रू०}$$
$$\text{या०}\ \ \text{रू}\,९१$$

अव्यक्त शेष ३१२ का रूप शेष ९१ में भाग देने से यावत्तावत् का मान $\frac{९१}{३१२}$ हुआ, इसमें १३ का अपवर्तन देने से $\frac{७}{२४}$ हुआ, इससे सब में उत्थापन देना चाहिये सो इसभांति—चावल का मोल या $\frac{४}{७}$ आया था इससे यावत्तावन्मान $\frac{७}{२४}$ को गुण देना है तो 'अंशाहतिश्छेदबधेन भक्ता—' इस सूत्र के अनुसार अंशों और छेदों का घात $\frac{२८}{१६८}$ हुआ इसमें अंश २८ का अपवर्तन देने से चावल का मोल $\frac{१}{६}$ हुआ । इसी भांति मूंग के

मोल या $\frac{१}{८}$ से यावत्तावन्मान $\frac{७}{२४}$ को गुण देने से मूंग का मोल $\frac{७}{१९२}$ हुआ। इसी प्रकार चावल और मूंग के या २ या १ भागों से यावत्ताव-न्मान $\frac{७}{२४}$ को अलग अलग गुण देने से चावल और मूंग के हिस्से हुए $\frac{१४}{२४}=\frac{७}{१२}$ । $\frac{७}{२४}$

उदाहरणम्-

स्वार्धपञ्चांशनवमैर्युक्ताः के स्युः समास्त्रयः।
अन्यांशद्वयहीनाश्च षष्टिशेषाश्च तान्वद ॥ ४७॥

अत्र समराशिमानं यावत्तावत् १ अतो विलोमवि-धिना 'अथ स्वांशाधिकोनेन-' इत्यादिना राशयः या $\frac{२}{३}$ या $\frac{५}{६}$ या $\frac{९}{१०}$ इहान्यभागद्वयोनाः सर्वेऽप्येवं शेषाः स्युः या $\frac{२}{५}$ एतत्षष्टिसमं कृत्वाप्तयावत्तावन्मानेन १५० उत्था-पिता जाता राशयः १०० । १२५ । १३५ ।

अथानुष्टुभोदाहरणमाह-स्वार्धेति। इह ये राशयः स्वार्धपञ्चां-शनवमैर्युक्ताः सन्तः समाः स्युः। अथ चान्यांशद्वयहीनाः सन्तः षष्टि-शेषाः स्युस्ते के, तान्वद। एतदुक्तं भवति-राशित्रयमस्ति तत्र प्र-थमः स्वस्य निजस्यार्धेन, द्वितीयः स्वपञ्चमांशेन, तृतीयः स्वनव-मांशेन युक्तः सर्वेऽपि समा एव भवन्ति। अथच प्रथमराशिर्द्वि-

१ अत्र ज्ञानराजदैवज्ञः—
सार्धत्रिपञ्चकलवैः सहिताः समाना
अन्यांशयुग्मरहिताश्च खरामशेषाः।
राशित्रयं वद तदा यदि बुद्धिरेव
बीजं तवास्ति शुभरूपमनेकवर्णम् ॥

तीयस्य पञ्चमांशेन तृतीयस्य नवमांशेन च हीनः सन् षष्टिर्भवति। द्वितीयराशिः प्रथमस्यार्धेन तृतीयस्य नवमांशेन च हीनः सन् षष्टिर्भवति । तृतीयराशिः प्रथमस्यार्धेन द्वितीयस्य पञ्चमांशेन च हीनः सन् षष्टिर्भवति तर्हि ते के राशयः, तान् वद ॥

उदाहरण—

कोई तीन राशि हैं उनमें से पहिला राशि अपने आधे से, दूसरा अपने पांचवें भाग से, तीसरा अपने नौवे भाग से युक्त होता है तो वे सब समान होजाते हैं । और पहिला राशि दूसरे के पांचवें भाग से तीसरे के नौवे भाग से हीन हुआ साठ होता है । दूसरा राशि पहिले के आधे से और तीसरे के नौवे भाग से हीन हुआ साठ होता है । तीसरा राशि पहिले के आधे से और दूसरे के पांचवें भाग से हीन हुआ साठ होता है तो बतलाओ वे कौन राशि हैं ।

यहां समराशि का मान यावत्तावत् १ है, अब राशि अज्ञात हैं इस लिये उन्हें विलोमविधि से जानना चाहिये सो इस भांति राशि अपने तीसरे आदि भाग से हीन राशि होता है क्योंकि आधा $\frac{१}{२}$ पांचवां भाग $\frac{१}{५}$ और नौवां भाग $\frac{१}{९}$ 'अथ स्वांशाधिकोने तु लवाढ्योनो हरो हरः, अंशस्त्वविकृतः—' इस सूत्र के अनुसार हुए या $\frac{१}{३}$ या $\frac{१}{६}$ या $\frac{१}{१०}$ । ये भाग समराशि में अलग अलग घटाने चाहिये क्योंकि '—स्वमृणं—' यह कहा है । इस प्रकार प्रत्येक राशि सिद्ध होते हैं ।

अथवा, राशि या १ है, यह अपने आधे $\frac{१}{२}$ से युक्त करने से $\frac{३}{२}$ हुआ, इसका तीसरा भाग ही $\frac{१}{२}$ राशि का आधा है । इसीभांति और राशियों में भी जानो । अब प्रकृत में समराशि या १ है, इसे अपने

तीसरे भाग या $\frac{१}{३}$ से हीन करने से पहिला राशि या $\frac{२}{३}$ हुआ। फिर वही समराशि या १ अपने छठे भाग या $\frac{१}{६}$ से हीन दूसरा राशि या $\frac{५}{६}$ हुआ। फिर वही या १ अपने दशवें भाग या $\frac{१}{१०}$ से हीन तीसरा राशि या $\frac{९}{१०}$ हुआ। इन राशियों का क्रम से न्यास।

$$या \frac{२}{३} या \frac{५}{६} या \frac{९}{१०}$$

अब इनमें से कोई एक राशि में और राशियों के दो अंश घटाने चाहिये सो इसभांति—पहिला राशि या $\frac{२}{३}$ है, इसमें दूसरे राशि या $\frac{५}{६}$ का पांचवां भाग या $\frac{५}{३०}$ घटाने के लिये न्यास या $\frac{२}{३}$ या $\frac{५}{३०}$ समच्छेद करने से या $\frac{६०}{९०}$ या $\frac{१५}{९०}$ हुए, इनके अन्तर या $\frac{४५}{९०}$ में पैंतालीस का अपवर्तन देने से या $\frac{१}{२}$ हुआ, इसमें तीसरे राशि या $\frac{९}{१०}$ का नौवां भाग या $\frac{९}{९०}$ समच्छेद करके घटाने से या $\frac{७२}{१८०}$ हुआ इसमें छत्तीस का अपवर्तन देने से या $\frac{२}{५}$ हुआ। इसीभांति दूसरे राशि या $\frac{५}{६}$ में पहिले या $\frac{२}{३}$ का आधा या $\frac{२}{६}$ और तीसरे या $\frac{९}{१०}$ का नौवां भाग या $\frac{९}{९०}$ अर्थात् इनके योग या $\frac{३९}{९०}$ को घटा देने से शेष या $\frac{३६}{९०}$ रहा, इसमें अठारह का अपवर्तन देने से पहिले के तुल्यही राशि या $\frac{२}{५}$ रहा और इसीभांति तीसरे राशि या $\frac{९}{१०}$ में पहिले या $\frac{२}{३}$ का आधा या $\frac{२}{६}$=या $\frac{१}{३}$ और दूसरे या $\frac{५}{६}$ का पांचवां भाग या $\frac{५}{३०}$=या $\frac{१}{६}$ इनके योग या $\frac{३}{६}$=या $\frac{१}{२}$ को घटा देने से या $\frac{८}{२०}$ शेष रहा, इस में चारका अपवर्तन देने से पहिले के तुल्यही

राशि या $\frac{२}{५}$ रहा। अब यह साठ के समान कहा है इस लिये समीकरण के अर्थ न्यास।

$$\text{या}\ \frac{२}{५}\ \text{रू०}$$
$$\text{या०}\ \ \text{रू६०}$$

उक्त रीति के अनुसार यावत्तावत् का मान १५० आया। इस से उत्थापन देते हैं—यावत्तावन्मान १५० को पहिले राशि या $\frac{२}{३}$ के अंश से गुणा ३०० इस में हर ३ का भाग देने से पहिला राशि १०० हुआ। इसीप्रकार यावत्तावत् के मान १५० को दूसरे राशि या $\frac{५}{६}$ के अंश से गुणा ७५० इस में हर ६ का भाग देने से दूसरा राशि १२५ हुआ। और यावत्तावत् के मान १५० को तीसरे राशि या $\frac{९}{१०}$ के अंश से गुणा १३५० इस में हर १० का भाग देने से तीसरा राशि १३५ हुआ। इनका क्रम से न्यास। १००। १२५। १३५ ये क्रम से अपने आधे ५० पांचवें २५ नौवे भाग १५ से जुड़े समान होते हैं।

१००+५०=१५०
१२५+२५=१५०
१३५+१५=१५०
} इन्हीं का मान पहिले यावत्तावत् कल्पना किया था।

पहिला राशि १०० अन्य दो राशियों १२५। १३५ के पांचवें और नौवे भाग २५+१५ =४० से हीन षष्टिशेष १००–४०=६० होता है। इसी भांति दूसरा राशि १२५ अन्य दो राशियों १००। १३५ के आधे और नौवें भाग ५० + १५=६५ से हीन षष्टि शेष १२५–६५=६० होता है। तीसरा राशि १३५ अन्य दो राशियों १००। १२५ के आधे और पांचवें भाग ५०+२५=७५ से हीन षष्टि शेष १३५–७५=६० होता है॥

उदाहरणम्—

त्रयोदश तथा पञ्च करण्यौ भुजयोर्मिती।
भूरज्ञाता च चत्वारः फलं भूमिं वदाशु मे ॥ ४८ ॥

अत्र भूमेर्यावत्तावत्कल्पने क्रिया प्रसरतीति स्वेच्छया त्र्यस्रे क १३ भूमिः कल्प्यते फलविशेषाभावात्।

अतोऽत्र कल्पितं त्र्यस्रम्

क ५ या १

क १३

अत्र 'लम्बगुणं भूम्यर्धं स्पष्टं त्रिभुजे फलं भवति' इति व्यत्ययेन फलाल्लम्बो जातः क $\frac{६४}{१३}$ एतद्वर्गं भुजकरणी ५ वर्गात् रू ५ अपास्य रू $\frac{१}{१३}$ मूलं जाताबाधा क $\frac{१}{१३}$। इमां भूमेरपास्य 'योगं करण्योर्महतीं प्रकल्प्य' इति जातान्या बाधा क $\frac{१४४}{१३}$ अस्या वर्गात् रू $\frac{१४४}{१३}$ लम्बवर्ग रू $\frac{६४}{१६}$ युतात् रू $\frac{२०८}{१३}$ मूलं जातो भुजः ४ इयमेव भूमिः।

अथान्यदुदाहरणमनुष्टुभाह—त्रयोदशेति। 'फलं क्षेत्रफलं, भूमिं वद' इति प्रश्नादेव भूमेरज्ञाने सिद्धे 'भूरज्ञाता' इति पुनर्वचनमस्मिन्गणिते भूमेर्यावत्तावत्त्वेनापि ज्ञानं नापेक्षितमिति सूचनार्थम्। अन्यत्स्पष्टार्थमपि व्याख्यायते—हे गाणितिक, यस्मिन् क्षेत्रे त्रयोदश तथा पञ्च करण्यौ भुजयोर्मिती प्रमाणे स्तः। भूरज्ञाता। अविदितमानेत्यर्थः। फलं चत्वारस्तत्र भूमिमाशु शीघ्रं वद ॥

उदाहरण—

जिस क्षेत्र में एक भुज करणी पांच और दूसरा करणी तेरह है भूमि अज्ञात है और क्षेत्रफल चार है वहां भूमि का मान क्या होगा ।

भूमि का मान यावत्तावत् मानने से क्रिया फैलती है अर्थात् मध्यमाहरण के विना उसका निर्वाह नहीं होता । जैसा—भूमिका मान यावत्तावत्१ कल्पना करके 'त्रिभुजे भुजयोर्योगः—' इस सूत्र के अनुसार आबाधा लाते हैं । भुजों क १३ । क ५ का योग क १३ क ५ है इसको उनके अन्तर क १३ क ५ं से गुणने के लिये न्यास ।

गुण्य=क १३ क ५ं
गुणक=क १३ क ५ं

क १६९ क ६५
क ६ं५ क २५ं

गुणनफल=रू १३ रू ५ं

यहां ६५ । ६५ं इन धनर्ण करणियों का तुल्यता के कारण नाश हुआ क १६९ क २५ं इन के मूल रू १३ रू ५ं का अन्तर रू ८ हुआ, इसमें भूमि या १ का भाग देने से $\frac{\text{रू ८}}{\text{या १}}$ हुआ, इस से भूमि या को एक स्थान में ऊन और दूसरे स्थान में युत करनेसे $\frac{\text{याव १ रू ८ं}}{\text{या १}}$, $\frac{\text{याव १ रू ८}}{\text{या १}}$ हुए इनका आधा आबाधा हुई $\frac{\text{याव १ रू ८ं}}{\text{या २}}$, $\frac{\text{याव १ रू ८}}{\text{या २}}$ अब लघु आबाधा $\frac{\text{याव १ रू ८ं}}{\text{या २}}$ के वर्ग $\frac{\text{यावव १ याव १ं६ रू ६४}}{\text{याव ४}}$ को लघु भुज क ५ के वर्ग २५ में घटा देने से लम्ब का वर्ग हुआ $\frac{\text{यावव १ं याव ३६ रू ६ं४}}{\text{याव ४}}$ ।

इसी भांति बृहत् आबाधा $\frac{\text{याव } १ \text{ रू } ८}{\text{या } २}$ के वर्ग $\frac{\text{याव व } १ \text{ याव } १६ \text{ रू } ६४}{\text{याव } ४}$ को बृहत् भुज क १३ के वर्ग रू १३ में घटादेने से वही लम्ब वर्ग आया $\frac{\text{याव व } \dot{१} \text{ याव } ३६ \text{ रू } \dot{६४}}{\text{याव } ४}$ प्रकारान्तर से लम्ब वर्ग का साधन करते हैं—

'लम्बगुणं भूम्यर्धं स्पष्टं त्रिभुजे फलं भवति—' इस सूत्र के अनुसार विलोम विधि करने से क्षेत्रफल ४ भूमि या १ के आधे से या $\frac{१}{२}$ भागा हुआ लम्ब होता है $\frac{\text{रू } ८}{\text{या } १}$ उसका वर्ग $\frac{\text{रू } ६४}{\text{याव } १}$ पहिले सिद्ध किये हुए लम्ब के समान है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास।

$$\frac{\text{यावव } \dot{१} \text{ याव } ३६ \text{ रू } \dot{६४}}{\text{याव } ४}$$

$$\frac{\text{रू } ६४}{\text{याव } १}$$

समच्छेद और छेदगम करने से हुए

यावव $\dot{१}$ याव ३६ रू $\dot{६४}$
यावव. याव. रू २५६

समशोधन करने से हुए

याव व १ याव $\dot{३६}$ रू०
यावव. याव रू$\dot{३२०}$

अब 'अव्यक्तवर्गादि यदावशेषं—' इस वक्ष्यमाण मध्यमाहरण के प्रकार से दोनों पक्ष में अठारह के वर्ग ३२४ को जोड़ देने से मूल आया

याव १ रू $\dot{१८}$
याव. रू २

यहां 'अव्यक्तपक्षर्णगरूपतोऽल्पं—' इस विधि के अनुसार दो प्रकार का यावत्तावत् वर्ग मान आया २०। १६। पहिला मान २० अनुपपन्न

है, दूसरे मान १६ का मूल ४ यावत्तावत् मान है और यही भूमि है। पहिले सिद्ध किये हुए लम्ब के वर्ग $\frac{\text{यावव } \dot{१} \text{ याव } ३६ \text{ रू } \dot{६४}}{\text{याव } ४}$ को भूमि या १ के आधे के वर्ग याव $\frac{१}{४}$ से गुण देने से क्षेत्रफल का वर्ग $\frac{\text{यावव } \dot{१} \text{ याव } ३६ \text{ रू } \dot{६४}}{१६}$ यह क्षेत्रफल ४ के वर्ग १६ के समान है इसलिये समीकरणार्थ न्यास।

$$\frac{\text{यावव } \dot{१} \text{ याव } ३६ \text{ रू } \dot{६४}}{१६}$$

$$\text{रू } १६$$

समच्छेद और छेदगम करने से हुए

याव व $\dot{१}$ याव ३६ रू $\dot{६४}$
याव व ० याव ० रू २५६

समशोधन करके पक्षों में अठारह के वर्ग को जोड़ देने से मूल आया

याव १ रू $\dot{१८}$
याव. रू २

यहां भी समीकरण करने से द्विविध यावत्तावत् वर्णका मान आया २० । १६ तहां दूसरे मान १६ का मूल ४ भूमि है। आचार्य ने उस गुरु प्रक्रिया को छोड़ कर लघु रीति से कहा है। जैसा—अपनी इच्छा से 'क १३' भुज को भूमि कल्पना किया क्योंकि ऐसी कल्पना करने से फल में कुछ वैषम्य नहीं होता। यों मानने से क्षेत्र की स्थिति पलट गई

अर्थात् बड़ा भुज भूमि, छोटा भुज एक भुज और यावत्तावत् १ दूसरा भुज हुआ। 'लम्बगुणं भूम्यर्ध—' इस सूत्र के अनुसार लम्ब से गुणा हुआ भूमि का आधा क्षेत्रफल होता है तो विलोमकर्म के अनुसार क्षेत्रफल भू

के आधे से भागा हुआ लम्ब होगा, यहां यद्यपि दो के भाग देने से आधा होता है इस लिये भूमि के आधा करने के लिये दो का भाग देना उचित है तो भी 'वर्गेण वर्गं गुणयेद्भजेच्च–' इस सूत्र के अनुसार वर्गरूपिणी भूमि के आधा करने के लिये चार ही का भाग देना योग्य है, इस-भांति भूमि का आधा क $\frac{१३}{४}$ हुआ, इससे भागा हुआ वर्गीकृत क्षेत्रफल क १६ लम्ब हुआ क $\frac{६४}{१३}$ इस का वर्ग क $\frac{४०९६}{१६९}$ हुआ, इसको ज्ञात कर्ण क ५ के वर्ग क २५ में घटाने के लिये समच्छेद हुआ

$$\frac{क ४०९६}{क १६९} \quad \frac{क ४२२५}{क १६९}$$

इनका 'योगं करण्योर्महतीं प्रकल्प्य–' इस सूत्र के अनुसार योग महती करणी $\frac{८३२१}{१६९}$ हुआ, और उनका घात $\frac{१७३०५६००}{२८५६१}$ हुआ इसका मूल $\frac{४१६०}{१६९}$ दूना $\frac{८३२०}{१६९}$ लघुकरणी हुई, इसका और महती के अन्तर $\frac{८३२१}{१६९}-\frac{८३२०}{१६९}=\frac{१}{१६९}$ का मूल क $\frac{१}{१३}$ छोटी आबाधा हुई क $\frac{१}{१३}$। और लम्ब क $\frac{६४}{१३}$ के वर्ग रू $\frac{६४}{१३}$ को भुज क ५ के वर्ग रू ५ में सम-च्छेद करके घटा देने से रू $\frac{१}{१३}$ मूल क $\frac{१}{१३}$ आया यही छोटी आबाध है। जैसा–करणी के वर्ग में करणी के तुल्य रूप होते हैं वैसा ही रूपों के वर्ग में रूप तुल्य करणी होनी चाहिये। देखो–क ५ है इसका वर्ग रू ५ हुआ, और उसका मूल वही क ५ हुई। क्योंकि जिस राशि का जो वर्ग होता है उसका मूल वही राशि है। अब उस आबाधा क $\frac{१}{१३}$ को भूमि क १३ में घटाने के लिये न्यास।

$$क १३ \quad क \frac{१}{१३}$$

इन का समच्छेद करके योग क $\frac{१७०}{१३}$ महती हुई, और उनके घात क $\frac{१३}{१३}$ में हर का भाग देने से १ लब्धि आई इसके मूल को दूना करने से लघुकरणी २ हुई, इसका महती करणी $\frac{१७०}{१३}$ के साथ समच्छेद करके अन्तर करने से दूसरी आबाधा क $\frac{१४४}{१३}$ हुई। क $\frac{१४४}{१३}$ आबाधा भुज लम्ब क $\frac{६४}{१३}$ कोटि और अज्ञात भुज या १ कर्ण है, यहां भुज और कोटि के जानने से 'तत्कृत्योर्योगपदं कर्णः—' इस सूत्र के अनुसार कर्ण का जानना सुलभहै। जैसा—आबाधा के वर्ग रू $\frac{१४४}{१३}$ में लम्ब वर्ग रू $\frac{६४}{१३}$ को जोड़ देनेसे $\frac{२०८}{१३}$ हुआ इस में छेद १३ का भाग देने से १६ लब्धि आई इसका मूल ४ यावत्तावन्मित भुज का मान हुआ क ४ यही वह भूमि है।

अब अन्य भुज क ५ को भूमि कल्पना किया और पूर्वरीति के अनुसार लम्ब क $\frac{६४}{५}$ आया, इसके वर्ग रू $\frac{६४}{५}$ को भुज क १३ के वर्ग रू १३ में समच्छेद करके घटा देने से रू $\frac{१}{५}$ शेष बचा इसका मूल क $\frac{१}{५}$ पाहिली आबाधा हुई। इसको भूमि में घटाने के लिये समच्छेद क $\frac{१}{५}$ क $\frac{२५}{५}$ हुआ, बाद उनका योग क $\frac{२६}{५}$ महती करणी हुई, और उनके घात २५ में हर घात २५ का भाग देने से १ लब्धि मिली इसका मूल द्विगुण २ लघुकरणी हुई, अब उन दोनों करणियों का समच्छेद करके अन्तर करने से दूसरी आबाधा क $\frac{१६}{५}$ हुई।

अब दूसरी आबाधा के वर्ग रू $\frac{१६}{५}$ में लम्बवर्ग रू $\frac{६४}{५}$ को जोड़ देनेसे $\frac{८०}{५}$ हुआ इसमें हर ५ का भाग देने से १६ लब्धि मिली इसका मूल ४ वही भूमि है क ४। और उसी को यावत्तावन्मित भुज माना रहा।

उदाहरणम्-

दशपञ्चकरण्यन्तर-
मेको बाहुः परश्च षट्करणी।
भूरष्टादशकरणी
रूपोना लम्बमाचक्ष्व ॥ ४९ ॥

अत्राबाधाज्ञाने लम्बज्ञानमिति लघ्वाबाधा या १। एतदूना भूरन्याबाधा प्रमाणमिति तथा न्यासः

स्वाबाधावर्गं भुजवर्गादपास्य जातो लम्बवर्गः याव १̇ रू १५ क २०̇० द्वितीयाबाधावर्ग याव १ या क ७२̇ या २ रू १९ क ७२̇ स्वभुजवर्गा रू ६ दपास्य जातो द्वितीयो लम्बवर्गः याव १̇ या २̇ या क ७२ रू १३̇ क ७२ एतौ समाविति समशोधने कृते जातौ पक्षौ

रू २८̇ क १५२
या २ या क ७२̇

अत्र भाजकस्याव्यक्तशेषस्य याकारस्य प्रयोजनाभावादपगमे कृते भाज्यभाजकौ जातौ।

रू २८̇ क १५२
रू २ क ७२̇

अत्र 'धनर्णताव्यत्ययमीप्सितायाः—' इत्यादिना द्विसप्ततिमितकरण्या धनत्वं प्रकल्प्य क ४ क ७२ अनया भाज्ये गुणिते जातम् क ३६८६४ क ३१३६ क ५६४४८ क २०४८। एतास्वेतयोः क ३६८६४ क ३१३६ मूले १९२। ५६ अनयोर्योगः रू १३६ शेषकरण्योरनयोः क ५६४४८ क २०४८ अन्तरं योग इति जातो योगः क ३६९९२। भाजके च क ४६२४। अनया भाज्ये हृते लब्धं यावत्तावन्मानम् रू २ क ८। इयमेव लघ्वाबाधा। एतदूना भूरन्याबाधा रू १ क २। यावत्तावन्मानेन लम्बवर्गावुत्थाप्य स्वाबाधावर्गं स्वभुजवर्गादपास्य वा जातो लम्बवर्गः रू ३ क ८ एतस्य मूलं सममेव लम्बमानम् रू १ क २।

उदाहरण—

जिस क्षेत्र में दश और पांच करणियों का अन्तर एकभुज है, करणी छ दूसरा भुज है और रूपोन अठारह करणी भूमि है, वहां लम्ब क्या होगा।

आबाधा के ज्ञान से लम्ब का ज्ञान होता है तो छोटी आबाधा का मान यावत्तावत् १ कल्पना करके उसको भूमि क १८ रू १ में घटा देने से बड़ी आबाधा या १ क १८ रू १ हुई। अब दोनों आबाधा भुज और दोनों भुज कर्णहुए तथा दोनों स्थानों में लम्बही कोटि हुआ। अपने अपने आबाधा वर्ग को अपने अपने भुजवर्ग में घटा देने से लम्बवर्ग होता है तो लघुभुज क १० क ५ का वर्ग करने के लिये न्यास।

क १० क ५̇
वर्ग= क १०० क २००̇ क २५

यहां पहिली क १०० और तीसरी क २५ करणी का 'योगं करण्योः-' इस सूत्र के अनुसार योग क २२५ हुआ, इसका मूल रू १५ है इस भांति लघु भुजवर्ग रू १५ क २००̇ हुआ इसमें अपनी आबाधा या १ के वर्ग याव १ को घटा देने से लम्बवर्ग याव १̇ रू १५ क २००̇ सिद्ध हुआ। दूसरे लम्बवर्ग का आनयन करते हैं—

दूसरी आबाधा का वर्ग करने के लिये न्यास।

या १̇ क १८ रू १̇

वर्ग=याव १ या २ या. क ७२̇ रू १ क ७२̇ क ३२४

यह वर्ग 'स्थाप्योऽन्त्यवर्गः-' इस सूत्र के अनुसार यथासंभव (करणी और यावत्तावत् आदि के भेद होने से) दूने और चौगुने अन्त अङ्क के गुणने आदि क्रिया से हुआ है। अन्त्यकरणी ३२४ के मूल १८ में रूप १ जोड़ देने से रू १९ हुआ इनका और अन्य खण्डों का भिन्न जाति होने के कारण पृथक् स्थिति हुई

याव १ या २ या. क ७२̇ रू १९ क ७२̇

इसको अपने भुज क ६ वर्ग रू ६ में घटा देने से लम्ब वर्ग हुआ याव १̇ या २̇ या. क ७२ रू १३̇ क ७२ ये दोनों लम्बवर्ग समान हैं इसलिये समशोधनार्थ न्यास।

याव १̇ रू १५ क २००̇
याव १̇ या २̇ या. क ७२ रू १३̇ क ७२

दूसरे पक्ष के तीन अव्यक्त खण्डों को पहिले पक्ष में घटा देने से तथा पहिले पक्ष के रूप १५ और करणी २००̇ को दूसरे पक्ष में घटादेने से शेष रहा—

या २ या. क ७२̇
रू २८̇ क ७२ क २००

बाद दूसरे पक्ष की क ७२ क २०० इन करणियों का 'योगं करण्योः—' इस सूत्र के अनुसार योग क ५१२ करने से पक्ष हुए

या २ या. क ७२̇
रू २८̇ क ५१२

ये दोनों पक्ष समान ही हैं क्योंकि पक्षों का तुल्यशोधन किया था, अनन्तर 'शेषाव्यक्तेनोद्धरेद्रूपशेषं व्यक्तं मानं जायतेऽव्यक्तराशेः' इसके अनुसार व्यक्तमान हुआ

$$\frac{\text{रू } २८̇ \text{ क } ५१२}{\text{या } २ \text{ या. क } ७२̇}$$

यदि या २ या. क ७२̇ इस अव्यक्त का 'रू २८̇ क ५१२' यह व्यक्तमान आता है तो यावत्तावत् १ का क्या, यों फल को इच्छासे गुणकर प्रमाण का भाग देने से लब्धि मिली

$$\text{लब्धि}=\frac{\text{या} \times \text{रू } २८̇ \text{ या} \times \text{क } ५१२}{\text{या } २ \text{ या} \times \text{क } ७२̇}$$

यावत्तावत् १ का अपवर्तन देने से

$$=\frac{\text{रू } २८̇ \text{ क } ५१२}{\text{रू } २ \text{ क } ७२̇}$$

इसीलिये ग्रन्थकार ने कहा है कि 'अत्र भाजकस्याव्यक्तशेषस्य याकारस्य प्रयोजनाभावादपगमे कृते समभाज्यभाजकौ जातौ' अर्थ—भाजक के अव्यक्त शेष या अर्थात् यावत्तावत् का कुछ प्रयोजन नहीं है इस लिये उसका अपगम कहिये नाश करने से भाज्यभाजक समान हुए।

अब 'धनर्णताव्यत्ययमीप्सितायाः—' इस सूत्र के अनुसार भाजकगत क ७२̇ को धन कल्पना करने से तथा रू २ को करणीरूप में लाने से

भाजक क ४ क ७२ निष्पन्न हुआ और भाज्यगत रू २८ं का वर्ग ७८४ं हुआ परंतु यह 'क्षयो भवेच्च क्षयरूपवर्गश्चेत्साध्यतेऽसौ करणीत्वहेतोः' इस सूत्र के अनुसार ऋण हुआ, इस प्रकार भाज्य क ७८ं४ क ५१२ निष्पन्न हुआ, अब उन भाज्यभाजकों का गुणन के लिये न्यास।

गुण्य=क ७८ं४ क ५१२

गुणक=क ४ क ७४ं

क ३१३ं६ क २०४८

क ५६ं४४८ क ३६८६४

गुणनफल=क १८४९६क ३६९ं६२

यहां क ३१३ं६ क ३६८६४ इन करणियों के मूल ५ं६ । १९२ हुए इन का अन्तर १३६ धन हुआ इसका वर्ग १८४९६ गुणनफल में पहिली करणी है और क २०४८ क ५६ं४४८ इन करणियों में २ का अपवर्तन देने से क १०२४ क २८ं२२४ हुई इनके मूल ३२ । १६ं८ हुए इनका अन्तर १३ं६ हुआ इसका वर्ग १८४९६ हुआ इसको अपवर्तनाङ्क २ से गुणने से गुणनफल में दूसरी करणी ३६९ं९२ हुई।

गुण्य=क ४ क ७२ं

गुणक=क ४ क ७२

क १६ क २८ं८

क २८८ क ५१८ं४

गुणनफल=क १६ क ५१८ं४

यहां क २८ं८ क २८८ इन करणियों का 'धनर्णयोरन्तरमेव-' इस सूत्र के अनुसार तुल्यता के कारण नाश हुआ तो क १६ क ५१८ं४ ये करणी अवशिष्ट रहीं इनके मूल ४ । ७२ं हुए इनका अन्तर ६८ं हुआ इसका वर्ग करणी ४६२४ं हुई। अब भाजकगत क ४६२ं४ का भाज्यगत क १८४९६

क ३६६६ २इन करणियों में भाग देनेसे यावत्तावन्मान क ४ क ८ आया, यहां पहिली करणी ४ का ' ऋणात्मिकायाश्च तथा करण्याः—' इस सूत्र के अनुसार मूल रू २ हुआ इस प्रकार छोटी आबाधा रू २ क ८ हुई । I इसको भूमि रू १ क १८ में ' योगं करण्योः—' इस सूत्र के अनुसार घटा देने से दूसरी आबाधा रू १ क २ हुई II । अब यावत्तावन्मान से लम्बवर्ग में उत्थापन देने के लिये उसका न्यास ।

I लम्बवर्ग याव १ रू १५ क २००

I आबा

इस लम्बवर्ग में पहिला खण्ड याव १ है इसलिये क ४ क ८ इस यावत्तावन्मान का वर्ग करना चाहिये तो पूर्व रीति से उसका वर्ग हुआ

क ४ क ८

क १६ क १२८ क ६४

रू १२ क १२८

यह यावत्तावत्वर्ग का मान यावत्तावत्वर्ग १ के ऋणगत होने से ऋणरूप १ से गुण देने से ऋण यावत्तावत् वर्ग का मान हुआ रू १२ क १२८ । और उत्तर खण्ड रू १५ क २०० व्यक्त है इसलिये यथास्थित रहा, अब ' धनर्णयोरन्तरमेव योगः ' इस सूत्र के अनुसार रू १२ रू १५ इन रूपों का योग रू ३ हुआ, और क १२८ क २०० इन करणियों का अन्तर ' योगं करण्योः—' इस सूत्र के अनुसार अथवा 'आदौ करण्याव-पवर्तनीयौ—' इस युक्तिसिद्ध रीति के अनुसार क ८ हुआ इस भांति लम्बवर्ग 'रू ३ क ८' हुआ ।

इसी प्रकार दूसरे लम्ब वर्ग का उत्थापन के अर्थ न्यास

याव १ या २ या. क ७२ रू १३ क ७२

यहां पहिले तीन खण्ड अव्यक्तात्मक हैं तो पूर्वरीति के अनुसार पहिले खण्ड यावत्तावत्वर्ग १ का मान रू १२ क १२८ हुआ, और दूसरा

खण्ड ऋण यावत्तावत् २ं है इससे यावत्तावत् मान रू २ं क ८ के प्रथम खण्ड रू २ं को गुणने से रू ४ हुआ और दूसरे खण्ड क ८ को गुणने लगे तो 'वर्गेण वर्गं गुणयेत्—' इस सूत्रके अनुसार क ३२ं हुई इस भांति ऋण यावत्तावत् दोका मान रू ४ क ३२ं हुआ। और तीसरा खण्ड यावत्तावत् करणी का घात बहत्तर है उससे यावत्तावत् मान रू २ं क ८ को गुण देने से क २८ं८ क ५७६ हुईं इनमें से दूसरी करणी का मूल रू २४ आया इस भांति तीसरे खण्ड का मान रू२४ क२८ं८ हुआ। यहां सर्वत्र, यदि एक यावत्तावत् का मान क ४ं क ८ आता है तो यावत्तावत्-वर्ग १ का क्या, अथवा यावत्तावत् २ं का क्या, अथवा यावत्तावत्से गुणी हुई करणी बहत्तर का क्या, इस प्रकार अनुपात करने से प्रमाण और इच्छामें यावत्तावत् का अपवर्तन देने से निम्नलिखित मान निष्पन्न होते हैं और चौथा खण्ड तो व्यक्तही है रू १३ं क ७२। और उन सब का योग लम्बवर्ग होने के योग्य है।

रू १२ं	क १२८
रू ४	क ३२ं
रू २४	क २८ं८
रू १३ं	क ७२

यहां पर रूपों का योग ३ होता है और पहिली दूसरी करणियों १२८। ३२ं का अन्तर 'लब्ध्याहृतायास्तु—' इस सूत्र के अनुसार क ३२ हुआ, बाद उसका और तीसरी करणी २८८ं का अन्तर 'लब्ध्या हृतायास्तु—' इस सूत्र के अनुसार क १२८ं हुआ, फिर उसका और चौथी करणी ७२ का अन्तर 'योगं करण्योः—' इस सूत्र के अनुसार क ८ं हुआ, इसप्रकार लम्बवर्ग रू ३ क ८ं हुआ। अब प्रकारान्तर से लम्बवर्ग का साधन करते हैं—कर्णरूप लघुभुज क ५ं क १०ं का वर्ग रू १५ क २०ं० हुआ इसमें भुजरूप लघु आबाधा क ४ं क ८ के वर्ग

रू १२ क १२८̇ को घटा देने से वही लम्बवर्ग रू ३ क ८̇ आया । इसी प्रकार, बड़ी आबाधा रू १ क २ का वर्ग रू ३ क ८ हुआ इसको बड़े भुज क ६ के वर्ग रू ६ में घटा देने से वही लम्बवर्ग रू ३ क ८̇ अवशिष्ट रहा । अब उसका मूल लाते हैं—तहां ‘ ऋणात्मिका चेत्करणी कृतौ स्याद्धनात्मिकां तां परिकल्प्य साध्ये ’ इस सूत्रके अनुसार रूप ३ के वर्ग ९ में धन करणी आठ के तुल्य रूप ८ घटाने से शेष १ अवशिष्ट रहा, उसके मूल १ से रूप ३ को युक्त और हीन करने से ४ । २ हुए उनका आधा २ । १ हुआ । यहां ‘ ऋणात्मिकैका सुधियावगम्या ’ इसके अनुसार छोटीकरणी १ को ऋण मानने से लम्ब क १̇ क २ हुआ । फिर ‘ ऋणात्मिकायाश्च तथा करण्या मूलं क्षयो रूपविधानहेतोः ’ इस सूत्रके अनुसार पहिली करणी १̇ का मूल लेने से रू १̇ क २ लम्ब हुआ ॥

और यह उदाहरण व्यक्तरीति से भी सिद्ध होता है—वहां ‘ त्रिभुजे भुजयोर्योगः—’ इस सूत्र के अनुसार क ५̇ क १० । क ६ इन भुजों का योग क ५̇ क १० क ६ हुआ और लघुभुज क ५̇ क १० को बड़े भुज क ६ में घटा देने से अन्तर क ५ क १०̇ क ६ हुआ । अन्तर से योग को गुणने के लिये न्यास ।

गुण्य= क ५̇ क १० क ६
गुणक= क ५ क १̇० क ६
―――――――――――
क २५̇ क ५० क ३०
क ५० क १̇०० क ६̇०
क ३̇० क ६० क ३६
―――――――――――
गुणनफल=रू ६̇ क २००

यहां ३० । ३०̇ । ६० । ६̇० । इन धनर्ण करणियों का तुल्यता के कारण नाश हुआ पश्चात् क ५० क ५० इन करणियों का योग क २००

हुआ और क २५ं क १०० क ३६ इनके मूल क्रम से ५ं। १०। ६ ये मिले उनका योग ९ं हुआ इसप्रकार पूर्वलिखित गुणनफल रू ९ं क २०० हुआ। अब उस (गुणनफल) में भूमि रू १ं क १८ का भाग देना चाहिये तो 'वर्गेण वर्गं गुणयेद् भजेच्च–' इसके तथा 'क्षयो भजेच्च क्षयरूपवर्गः–' इसके अनुसार भाज्य भाजक हुए। भाज्य=क ८१ं क २०० भाजक=क १ं क १८ अनन्तर भाजक के एकीकरण के लिये 'धनर्णता व्यत्ययमीप्सितायाः–' इस सूत्र के अनुसार भाजकगत क १ं धन कल्पना करके तादृशच्छेद 'क १ क १८' से भाज्य भाजकों के गुणन के लिये न्यास।

क ८१ं क२००	क १ं क १८
क १ क १८	क १ क १८
क ८ं१ क२००	क १ं क १८
क १४५ं८ क३६००	क १८ं क ३२४
क २६०१ क ५७ं८	क २८९

यहां भाज्य को भाजक से गुण देने से जो करणीखण्ड हुए हैं उन में से क ८१ं क ३६०० इनके मूल ९ं। ६० आये अब इनके अन्तर ५१ का वर्ग क २६०१ हुआ। और क २०० क १४५ं८ इन करणियों में २ का अपवर्तन देने से क १०० क ७२ं९ हुईं इनके मूल १०। २७ का अन्तर १७ हुआ इसके वर्ग २८ं९ को २ दो से गुण देने से करणी ५७८ं हुई।

और भाजक को भाजक से गुण देने से जो करणीखण्ड उत्पन्न हुए हैं उनमें से क १८ क १८ं इन मध्यम करणियों का नाश हुआ, और क १ं क ३२४ इन करणियों के मूल १ं। १८ आये इनके अन्तर १७ का वर्ग क२८९हुआ। अब भाजक क २८९ का भाज्य क २६०१ क ५७ं८ भाग देने से क ९ क २ं लब्धि आई इसमें क ९ का मूल लेनेसे

आबाधाओं का अन्तर रू ३ क २̇ हुआ इससे भूमि रू १̇ क १८ को ऊन और युत करने से रू ४ क ३२ । रू २ क ८ हुए इनका आधा रू २̇ क ८ । रू १ क २ आबाधा हुई । और उस पर से उक्तरीति के अनुसार लम्ब रू १̇ क २ आया ।

उदाहरणम्—

असमानसमप्रज्ञ राशींस्तांश्चतुरो वद ।
यदैक्यं यद्घनैक्यं वा येषां वर्गैक्यसंमितम् ॥ ५० ॥

अत्र राशयः या १ या २ या ३ या ४ । एषां योगः या १० वर्गयोगेनानेन याव ३० सम इति पक्षौ यावत्तावताऽपवर्त्य न्यासः ।

या ३० रू ०
या ० रू १०

समशोधनादिना प्राग्वल्लब्धयावत्तावन्मानेनोत्थापिता राशयः $\frac{१}{३}$ $\frac{२}{३}$ $\frac{३}{३}$ $\frac{४}{३}$ ।

अथ द्वितीयोदाहरणे राशयः या १ या २ या ३ या ४ एषां घनैक्यं याघ १०० एतद्वर्गैक्यमानेन याव ३० सममिति पक्षौ यावत्तावद्वर्गेणापवर्त्य प्राग्वल्लब्धयावत्तावन्मानेनोत्थापिता जाता राशयः $\frac{३}{१०}$ $\frac{६}{१०}$ $\frac{९}{१०}$ $\frac{१२}{१०}$ ।

अथ पक्षयोः समशोधनानन्तरमव्यक्तवर्गघनादिकेऽपि शेषे यथासंभवमपवर्तनं मध्यमाहरणं विनैवोदाहरणसिद्धिरस्तीति प्रदर्शयितुमुदाहरणषट्कमाह-तत्रोदाहरणमनुष्टुभाह-असमानानिति ।

असमानाश्च ते समच्छेदाश्च तान् यदैक्यं येषां वर्गैक्यसंमितमित्येकम्। यद्घनैक्यं येषां वर्गैक्यसंमितमिति द्वितीयमित्युदाहरणद्वयम्। 'असमानसमप्रज्ञ' इति पाठे तु हे असमप्रज्ञ, निरुपमबुद्धे। असमांस्तांश्चतुरो राशीन् वदेति योजनीयम्। प्रथमपाठस्त्वसाधुरिति प्रतिभाति। नहि समच्छेदत्वपुरस्कारेणोदाहरणमिह साध्यते किंतु समच्छेदत्वं संपातायातम्। 'असमान्' इति त्वपेक्षितमेव। अन्यथा रूपमितैश्चतुर्भिरुदाहरणसिद्धेरिति नवाङ्कुरकाराणां परामर्शः॥

उदाहरण—

उन असमान चार राशियों को बतलाओ जिनका योग अथवा घनों का योग उनके वर्गों के योग के तुल्य होता है।

यहां राशि या १। या २। या ३। या ४ कल्पना किये उनका योग या १० हुआ यह उन राशियों के वर्गयोग याव ३० के समान है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास।

याव ३० या०
याव० या१०

यावत्तावत् का अपवर्तन देने से

या ३० रू०
या ० रू१०

समशोधन करने से यावत्तावत् मान $\frac{१}{३}$ आया इसको तीन स्थान में दो, तीन, चार से गुण देने से और राशियों के मान हुए।

$\frac{१}{३}$ $\frac{२}{३}$ $\frac{३}{३}$ $\frac{४}{३}$

ये सब राशि आपस में असमान अर्थात् सदृश नहीं हैं और इनका योग $\frac{१०}{३}$ इन्हींके वर्गयोग $\frac{३०}{९} = \frac{१०}{३}$ के समान है।

दूसरे उदाहरण में भी वही राशिकल्पना किये

या १। या २। या ३। या ४

इन के घन हुए

याघ १ याघ ८ याघ २७ याघ ६४

इन के घनों का योग याघ १०० इन्हीं के वर्गयोग याव ३० के समान है इसलिये दोनों पक्ष समान हुए।

याघ १०० याव०

याघ० याव ३०

यावत्तावत् वर्ग का अपवर्तन देने से

या १०० रू०

या० रू३०

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान $\frac{३}{१०}$ हुआ।

यदि एक यावत्तावत् का $\frac{३}{१०}$ मान आता है तो २। ३। ४ यावत्तावत् का क्या, इस प्रकार राशि हुए

$\frac{३}{१०}$ $\frac{६}{१०}$ $\frac{९}{१०}$ $\frac{१२}{१०}$

इनके घन हुए

$$\frac{२७}{१०००}+\frac{२१६}{१०००}+\frac{७२९}{१०००}+\frac{१७२८}{१०००}=\frac{२७००}{१०००}$$

और वर्ग हुए

$$\frac{९}{१००}+\frac{३६}{१००}+\frac{८१}{१००}+\frac{१४४}{१००}=\frac{२७०}{१००}$$

घनैक्य $\frac{२७००}{१०००}$ में दशका अपवर्तन देने से $\frac{२७०}{१००}$ हुआ यह वर्गैक्य $\frac{२७०}{१००}$ के समान है।

उदाहरणम्-

त्र्यस्रक्षेत्रस्य यस्य स्यात्फलं कर्णेन संमितम्।
दोः कोटिश्रुतिघातेन समं यस्य च तद्वद ॥ ५१ ॥

अत्रेष्टक्षेत्रभुजानां यावत्तावद्गुणितानां न्यासः या ३। या ४। या ५। अत्र च भुजकोटिघातार्धं फलम् याव ६ एतत्कर्णेनानेन या ५ सममिति पक्षौ यावत्तावतापवर्त्य प्राग्वल्लब्धेन यावत्तावन्मानेनोत्थापिता जाता भुजकोटिकर्णाः $\frac{५}{२}$ $\frac{१०}{३}$ $\frac{२५}{६}$ एवमिष्टवशादन्येऽपि।

अथ द्वितीयोदाहरणे कल्पितं तदेव क्षेत्रम् अस्य फलम् याव ६। एतद्दोः कोटिकर्णघातेनानेन याघ ६० सममिति पक्षौ यावत्तावद्वर्गेणापवर्त्य समीकरणेन प्राग्वज्जाता दोःकोटिकर्णाः $\frac{२}{५}$ $\frac{३}{१०}$ $\frac{१}{२}$। एवमिष्टवशादन्येऽपि।

उदाहरण—

जिस त्र्यस्र क्षेत्र में फलकर्ण के समान है अथवा भुज, कोटि और कर्ण इनका घात फल के समान है तो बतलाओ वहां प्रत्येक अवयव क्या होंगे।

यहां भुज कोटि और कर्ण इनके मान क्रम से या २ । या ३ । या ४ कल्पना किये । त्र्यस्रक्षेत्र में भुज कोटि के घात का आधा क्षेत्रफल होता है तो इसीरीति से यहां फल याव ६ हुआ यह कर्ण के समान है इसलिये दो पक्ष हुए

याव ६ या ०
याव ० या ५

यावत्तावत् का अपवर्तन देने से

या ६ रू ०
या ० रू ५

समशोधन करने से यावत्तावत् का मान $\frac{५}{६}$ आया । इससे पूर्वकल्पित राशियों में उत्थापन देने से उनके मानहुए $\frac{१५}{६}$, $\frac{२०}{६}$, $\frac{२५}{६}$ इन में यथा-संभव अपवर्तन देने से भुज कोटि और कर्ण हुआ $\frac{५}{२}$, $\frac{१०}{३}$, $\frac{२५}{६}$ । यहां भुज कोटि के घात $\frac{५०}{६}$ का आधा $\frac{५०}{१२}=\frac{२५}{६}$ क्षेत्रफल हुआ वह कर्ण के समान है ।

दूसरे प्रश्न में क्षेत्रफल याव ६ भुज, कोटि और कर्ण इनके घात याघ ६० के समान कहा है इसलिये दो पक्ष समानहुए

याघ ० याव ६
याघ ६० याव ०

यावत्तावत् वर्ग १ का अपवर्तन देने से

या ० रू ६
या ६० रू ०

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान $\frac{६}{६०}=\frac{१}{१०}$ आया । इससे पूर्व कल्पित राशियों में उत्थापन देने से उनके मान $\frac{३}{१०}$, $\frac{४}{१०}$, $\frac{५}{१०}$,

हुए इन में यथासंभव अपवर्तन देने से भुज, कोटि और कर्ण हुआ $\frac{३}{१०}$, $\frac{२}{५}$, $\frac{१}{२}$। यहां भुज कोटि के घात $\frac{६}{५०}$ का आधा $\frac{६}{१००}$ क्षेत्र फल है वह भुज कोटि और कर्ण इन तीनों के घात $\frac{६}{१००}$ के समान है। यहां पर भुज, कोटि और कर्ण इनके ऐसे मान कल्पना करो जिसमें वे जात्यत्यस्र में व्यभिचरित न होवें ॥

उदाहरणम्-

युतौ वर्गोऽन्तरे वर्गौ ययोर्घाते घनो भवेत्।
तौ राशी शीघ्रमाचक्ष्व दक्षोऽसि गणिते यदि॥५२॥

अत्र राशी याव ५। याव ४ योगेऽन्तरे च यथा वर्गः स्यात्तथा कल्पितौ। अत्रानयोर्घातः यावव २० एष घन इतीष्टयावत्तावद्दशकस्य घनेन समीकरणे पक्षौ यावत्तावद्घनेनापवर्त्य प्राग्वज्जातौ राशी १०००० । १२५०० ।

---

१ अत्र ज्ञानराजदैवज्ञाः—

यद्योगादथवान्तरादपि पदं संप्राप्यते साधकै-
रभ्यासादिह लभ्यते घनपदं तौ तावभिन्नौ वद।
नानारूपधरौ यथा हरिहरौ सद्बीजवेद्यौ सखे
संख्याशास्त्रविचारसारचतुरा बुद्धिस्त्वदीयास्ति चेत् ॥

ययोर्योगात् हरिहराख्यरूपात्, अन्तरात् केवलं हरिरूपाद्धररूपाद्वा, साधकैर्गणकैरुपासकैश्च, घनपदं घनमूलं दुर्गममोक्षपथश्च, तौ ताविति संमतौ द्विर्भावः। अङ्कभेदेन अवतारभेदेन च नानारूपधरौ, सद्बीजमव्यक्तगणितं प्रणवादिकं च, संख्यागणनाविचारश्चेति स्पष्टम्।

उदाहरण—

जिन दो राशियों का योग वा अन्तर वर्ग होता है और उनका घात घन होता है, वे कौनसे राशि हैं ।

यहांपर ऐसे राशि कल्पना करने चाहिये कि जिनका योग अथवा अन्तर वर्ग हो, तो तादृश राशि याव ४ । याव ५ हैं और उनका योग याव ६ है तथा अन्तर याव १ है इस प्रकार उक्तराशियों में दो आलाप घटते हैं । और उन राशियों का घात यावव २० घन है इसलिये इष्ट यावत्तावत् १० के घनके साथ समीकरणके लिये न्यास ।

यावव २० याघ०
यावव० याघ १०००

यावत्तावत् घन का अपवर्तन देने से

या २० रू०
या ० रू १०००

समशोधन करने से यावत्तावत् का मान ५० आया। इससे पूर्व राशि याव ४ याव ५ में उत्थापन देना है तो 'वर्गेण वर्ग—' इस सूत्र के अनुसार उस (यावत्तावन्मान) का वर्ग २५०० हुआ, यदि एक यावत्तावत् वर्ग का २५०० मान है तो यावत्तावत्वर्ग चार तथा पांच का क्या, इस प्रकार राशि हुए १०००० । १२५०० । इनका योग २२५०० वर्ग है और अन्तर २५०० वर्ग है तथा इनका घात घन १२५००००००० है ।

उदाहरणम्—

घनैक्यं जायते वर्गो वर्गैक्यं च ययोर्घनः ।
तौ चेद्वेत्सि तदाहं त्वां मन्ये बीजविदां वरम् ॥५३॥

अत्र कल्पितौ राशी याव १ । याव २ । अनयोर्घनयोगः यावघ ९ एष स्वयमेव वर्गो जातः अस्य

मूलं याघ ३ । ननु यावत्तावद्वर्गघनोऽयं राशिर्न घनवर्गः कथमस्य घनात्मकं मूलमिति चेदुच्यते—यावानेव घनवर्गस्तावानेव वर्गघनः स्यादित्यत एव द्विगतचतुर्गतषड्गताष्टगता वर्गाः स्युः। एषामेकद्वित्रिचतुर्गतानि मूलानि यथाक्रमं स्युः। एवं त्रिषण्णवगता घना एकद्वित्रिगतानि तेषां मूलानि। एवं सर्वत्र ज्ञातव्यम्। अथ राश्योर्वर्गयोगः यावव ५ अयं घन इतीष्टयावत्तावत्पञ्चघनसमं कृत्वा पक्षौ यावत्तावद्घनेनापवर्त्य प्राग्वज्जातौ राशी ६२५। १२५०। एवमव्यक्तापवर्तनं यथा संभवति तथा चिन्त्यम्॥

उदाहरण—

वे दो राशि कौनसे हैं जिनका घनयोग वर्ग और वर्गयोगघन होता है।

यहांपर दो राशि ऐसे कल्पना किये जिनमें एक आलाप स्वतः घटित होता है याव १ याव २ अब उनका घनयोग यावघ ९ हुआ, यह स्वयं वर्ग है क्योंकि इसका वर्गमूल याघ ३ है।

शङ्का—'यावघ ९' इस यावत्तावत् वर्ग घन का मूल 'याघ ३' यह यावत्तावत् घन नहीं हो सक्ता क्योंकि वर्ग का वर्गमूल और घन का घनमूलही आना उचित है इसलिये प्रकृत में घन का वर्गमूल जो लिया है सो ठीक नहीं है।

समाधान—जो घन का वर्ग होता है वही वर्ग का घन है। जैसा—दो स्थानगत समाङ्कघात वर्ग होता है। चार स्थानगत समाङ्कघात वर्गवर्ग होता है वह भी वर्गात्मक है। इसीभांति ६ स्थानगत समाङ्कघात वर्गवर्ग-

वर्ग होता है वह भी वर्गात्मक है । और आठ स्थानगत समाङ्कघात वर्गवर्गवर्गवर्ग होता है वह भी वर्गात्मक है । यों आगे भी जानो ।

एक स्थानगत समाङ्क के तुल्य वर्गमूल होता है । दो स्थानगत समाङ्क घात के तुल्य वर्गवर्ग मूल होता है । तीन स्थानगत समाङ्कघात के तुल्य वर्गवर्गवर्गमूल होता है । चार स्थानगत समाङ्कघात के तुल्य वर्गवर्गवर्गवर्गमूल होता है, इसीप्रकार आगे भी वर्गमूल की स्थिति जानो ।

तीन स्थानगत समाङ्कघात घन होता है । छ स्थानगत समाङ्क घात घनघन होता है । नव स्थानगत समाङ्कघात घनघनघन होता है । बारह स्थानगत समाङ्कघात घनघनघनघन होता है । योंही आगे भी जानो ।

एक स्थानगत समाङ्क के तुल्य घनमूल होता है । दो स्थानगत समाङ्क घात के तुल्य घनघनमूल होता है । तीन स्थानगत समाङ्क घात के तुल्य घनघनघनमूल होता है । चार स्थानगत समाङ्कघात के तुल्य घनघनघनघनमूल होता है । इसी प्रकार आगे भी घनमूल की स्थिति जानो ।

प्रकृत में यावत्तावत् वर्ग का घन छ स्थानगत समाङ्कघात है और वह समद्विघात का समत्रिघातरूप है, इसप्रकार समत्रिघात का समद्विघात घनवर्ग हुआ और वह छ स्थानगत समाङ्कघात है इसलिये कहा है कि ' यावानेव घनस्य वर्गस्तावानेव वर्गघनः स्यात् ' ।

अब ' यावघ ६ ' इसका स्वरूपान्तर ' यावघ ६ ' यह है, इसका मूल याघ ३ आया है इसलिये ' याघव ६ ' यह स्वयमेव वर्ग है, अथवा ' यावघ ६ ' यह वर्ग है । अब ' याव १ याव २ ' इनके, वर्ग यावव १ यावव ४ हुए इनका योग यावव ५ हुआ यह घन है इसलिये यावत्तावत् पांच के घन के साथ समीकरण के अर्थ न्यास ।

यावव ५ याघ ०
यावव ० याघ १२५

यावत्तावत्घन के अपवर्तन देने से

या ५ रू ०

या ० रू १२५

समशोधन करने से यावत्तावत् का मान २५ आया, ' वर्गेण वर्गं गुणयेद्-' इसके अनुसार २५ का वर्ग ६२५ हुआ इससे याव १ याव २ इन राशियों में उत्थापन देने से राशि हुए ६२५ । १२५० । इनके घन हुए २४४१४०६२५।१९५३१२५००० इनका योग २१९७२६५६२५ हुआ इसका मूल ४६८७५ हुआ । और राशियों के वर्ग ३९०६२५ । १५६२५०० हुए इनका योग १९५३१२५ हुआ इसका घनमूल १२५ आया । इसीभांति अन्यत्र भी अपवर्तन में ध्यान दो ।

उदाहरणम्-

यत्र त्र्यस्रक्षेत्रे
धात्री मनुसंमिता सखे बाहू ।
एकः पञ्चदशान्य-
स्त्रयोदश वदावलम्बकं तत्र ॥ ५४ ॥

[1]आबाधाज्ञाने सति लम्बज्ञानमिति लब्धा- बाधायावत्तावन्मिता कल्पिता या १, एतदूना- श्चतुर्दशान्याबाधा या १ रू १४ स्वाबाधा-

न्यासः

१ अत्र पाव्युक्तमृणाबाधोदाहरणमपि द्रष्टव्यम् ।

वर्गोनौ स्वभुजवर्गौ तौ समाविति समशोधनार्थं न्यासः ।

याव १ या ० रू १६९

याव १ या २८ रू २९

अनयोः समवर्गगमे लब्धं यावत्तावन्मानम् ५ । अनेनोत्थापिते जाते आबाधे ५ । ९ । लम्बवर्गयोश्चोत्थापितयोरुभयतः सम एव लम्बः १२ । अत्रोत्थापनं वर्गस्य वर्गेण घनस्य घनेनैवेति सुधिया ज्ञातव्यम् ॥

उदाहरण—

जिस त्र्यस्र क्षेत्र में एकभुज पंद्रह है दूसरा तेरह है और भूमि चौदह है वहां लम्ब क्या होगा ।

आबाधा के ज्ञान से लम्ब जानाजाता है इसलिये छोटी आबाधा का मान यावत्तावत् १ कल्पना किया, उसको भूमि १४ में घटा देने से दूसरी आबाधा या १ रू १४ हुई । उसके वर्ग याव १ या २८ रू १९६ में स्वभुज १५ वर्ग २२५ को घटा देने से लम्बवर्ग याव १ या २८ रू २९ हुआ । इसी प्रकार पहिली आबाधा के वर्ग याव १ को अपने भुजवर्ग १६९ में घटादेने से लम्ब वर्ग याव १ रू १६९ हुआ । ये दोनों लम्बवर्ग समान हैं इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास ।

याव १ या २८ रू २९

याव १ या ० रू १६९

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान ५ आया, यह छोटी आबाधा

का मान है इससे या १ रू १४ इसमें उत्थापन देने से दूसरी आबाधा ६ आई। 'वर्गेण वर्ग गुणयेद्' इस सूत्र के अनुसार यावत्तावत् वर्ग का मान याव २५ हुआ इसको लम्बवर्ग के रूप१६६में घटादेने से लम्बवर्ग१४४ शेष रहा इसका मूल १२ लम्ब हुआ। इसी प्रकार दूसरे स्थान में उत्थापन देने से यावत्तावत् वर्ग का मान २५ हुआ और यावत्तावत् का मान ५ है। इसको २८ से गुण देने से १४० हुए, रूप २६ धन हैं, इस प्रकार २५, १४०, २६ इनका योग करना है तो पहिले १४० । २६ इन धनों का योग १६६ हुआ, इसमें २५ ऋण घटादेने से १४४ शेष रहा इसका मूल १२ वही लम्ब हुआ।

उदाहरणम्-

यदि समभुवि वेणुर्द्वित्रिपाणिप्रमाणो
गणक पवनवेगादेकदेशे स भग्नः।
भुवि नृपमितहस्तेष्वङ्गलग्नं तदीयं
कथय कतिषु मूलादेष भग्नः करेषु ॥ ५५ ॥

अत्र वंशाधरखण्डं कोटिस्तत्प्रमाणं या १। एतदूना द्वात्रिंशदूर्ध्वं खण्डं कर्णः या १ रू ३२। मूलाग्रयोरन्तरं भुजः रू १६ भुजकोटिवर्ग योगः याव १

न्यासः

रू २५६ कर्णवर्गस्यास्य याव १ या ६४ रू १०२४ सम इति समवर्गगमे प्राग्वदाप्तयावत्तावन्मानेन १२ उत्थापितौ कोटिकर्णौ १२। २०। एवं भुजकोटियुतावपि॥

अथ भुजे कोटिकर्णयोगे च ज्ञाते तयोः पृथक्करणं दर्शयितुमुदाहरणं मालिन्याह—यदीति। स्पष्टार्थोऽपि व्याख्यातोऽयं लीलावतीव्याख्याने॥

उदाहरण—

इन पूर्वानीत अन्तिम पीतक लोहितक के मान में उत्थापन देना चाहिये तात्पर्य यह है कि जिसवर्ण का मान जहां पर आया वह वर्ण पहिले जिस मान के अभ्यन्तर में होवे वहां उसी वर्ण में उत्थापन देना उचित है । जैसा–, हरितक का श्वे ५ रू ४ यह मान है तो ३ हरितक का क्या, यों श्वे १५ रू १२, हुआ अब रूप १२ में रूप २ जोड़ देने से पीतक का मान श्वे १५ रू १४ हुआ इसी भांति–यदि १ हरितक का श्वे ५ रू ४ यह मान है तो ४ हरितक का क्या, यों

श्वे २० रू १६ हुआ अब रूप १६ में रूप ३ जोड़ देने से लोहितक का मान श्वे २० रू १९ हुआ।

इनका क्रमसे न्यास

श्वे २० रू १९ लोहितक

श्वे १५ रू १४ पीतक

इस भांति अन्त्य वर्णों में उत्थापन हुआ, अब '—अन्त्यवर्णं तेनोत्थाप्योत्थापयेद् व्यस्तमाद्यात्—' इसके अनुसार लोहितक और पीतक के मानसे नीलकमान आदि लेकर व्यस्त उत्थापन देते हैं—जैसा—श्वे १५ रू १४ इस पीतक के मान से $\frac{\text{पी } ४ \text{ रू } \dot{१}}{\text{नी } ५}$ इस पूर्वानीति नीलक के मान में उत्थापन देना है यदि १ पीतक का श्वे १५ रू १४ यह मान है तो ४ पीतक का क्या, यों श्वे ६० रू ५६ हुआ यहां रूप ५६ में ऋणरूप १ जोड़ देनें से ५५ हुआ अब हर ५ का भाग देने सेनीलक का मान श्वे १२ रू ११ हुआ यह कुट्टकागत नीलकमान श्वे १२ रू ११ के समानही है। अब उससे $\frac{\text{नी } ५ \text{ रू } \dot{१}}{\text{का } ६}$ इस कालक के मान में उत्थापन देते हैं—१ नीलक का श्वे १२ रू ११ यह मान है तो नीलक ५ का क्या, यों श्वे ६० रू ५५ हुआ इसमें रूप $\dot{१}$ जोड़ देने से श्वे ६० रू ५४ हुआ इसमें हर ६ का भाग देने से कालक का मान श्वे १० रू ९ आया। अब इन मानों से यावत्तावत् की उन्मितियों में उत्थापन देते हैं—

यहां पहिली यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{का } ६ \text{ रू } ५}{\text{या } १}$ है। यदि १ कालक का श्वे १० रू ९ यह मान है तो कालक ६ का क्या, यों श्वे ६० रू ५४ हुआ इस में रूप ५ जोड़ देने से श्वे ६० रू ५९ हुआ फिर हर १ का भाग देने से यावत्तावत् की उन्मिति श्वे ६० रू ५९ आई।

दूसरी यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{नी ५ रू ४}}{\text{या १}}$ है । यदि १ नीलक का श्वे १२ रू ११ यह मान आता है तो ५ नीलक का क्या, यों श्वे ६० रू ५५ हुआ इसमें रूप ४ जोड़ कर हर १ का भाग देने से यावत्तावत् की उन्मिति श्वे ६० रू ५९ आई ।

तीसरी यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{पी ४ रू ३}}{\text{या १}}$ है । यदि १ पीतक का श्वे १५ रू १४ यह मान है तो ४ पीतक का क्या, यों श्वे ६० रू ५६ हुआ इसमें रूप ३ जोड़कर हर १ का भाग देने से यावत्तावत् की उन्मिति श्वे ६० रू ५९ आई ।

चौथी यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{लो ३ रू २}}{\text{या १}}$ है यदि १ लोहितक का श्वे २० रू १९ यह मान है तो ३ लोहितक का क्या, यों श्वे ६० रू ५७ हुआ इसमें रूप २ जोड़कर हर १ का भाग देने से यावत्तावत् की उन्मिति श्वे ६० रू ५९ आई । इसभांति चारों यावत्तावत् की उन्मिति तुल्यही मिलीं अब पूर्वागत यावत्तावत् आदि वर्णों के मानों का क्रम से न्यास ।

श्वे ६० रू ५९ यावत्तावत्
श्वे १० रू ९ कालक
श्वे १२ रू ११ नीलक
श्वे १५ रू १४ पीतक
श्वे २० रू १९ लोहितक

यहां श्वेतक का शून्य ० व्यक्त मान कल्पना करके उत्थापन देते हैं—१ श्वेतक का ० यह मान है तो ६० श्वेतक का क्या, यों ० आया इसमें रूप ५९ जोड़ देने से यावत्तावत् की उन्मिति व्यक्त ५९ आई । इसीभांति अनुपात द्वारा कालक नीलक पीतक और लोहितक

की क्रम से व्यक्त उन्मिति हुई ८ । ११ । १४ । १८ । यहां राशि ५८ में ६ का भाग देने से कालक मान तुल्य लब्धि ८ आती है इसी भांति उस राशि में पांच आदि के भाग देनेसे नीलक आदि वर्णों के मानों के तुल्य लब्धि आती हैं ।

अथवा श्वेतक का व्यक्त मान रूप १ कल्पना किया बाद, १ श्वेतक का १ मान है तो ६० श्वेतक का क्या, यों ६० हुआ इसमें रूप ५८ जोड़ देने से ११८ यह राशि आया और उक्त रीति से लब्धियां हुई १८ । २३ । २८ । ३३ । इस भांति इष्ट के कल्पनावश से नाना-विध राशि मिलेंगे ।

उक्त प्रश्न का प्रकारान्तर से उत्तर लाते हैं—या १ इसमें छ का भाग देने से पांच शेष रहता है तो उक्त रीति से $\frac{\text{का } ६ \text{ रू } ५}{\text{या } १}$ यह याव-त्तावत्की उन्मिति आती है अब उसमें हर का भाग देने से का ६ रू ५७ राशि आया । इसमें पांच का भाग देने से लब्धि नीलक और शेष ४ रहा, हर लब्धिका घात शेषसे जुड़ा भाज्य राशि के समान होता है इसप्रकार दो पक्ष तुल्य हुए ।

का ६ नी० रू ५

का ० नी५ रू ४

समीकरण से कालक की उन्मिति $\frac{\text{नी } ५ \text{ रू } \dot{१}}{\text{का } ६}$ आई । इसमें हरका भाग देनेसे लब्धि भिन्न आती है इसलिये कुट्टकके अर्थ न्यास ।

भा. ५ । क्षे १̇ । वल्ली ० इससे
हा. ६ । १
१
०

लब्धि गुण हुए १̇ क्षेप के ऋण होने से अपने अपने हरों में शुद्ध करने

से लब्धि गुण हुए $\frac{४}{५}$ यहां लब्धि कालक वर्ण का मान और गुण नीलक वर्ण का मान है अब पीतक १ इष्ट मानने से 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इस के अनुसार लब्धिगुण सक्षेप हुए

पी ५ रू ४ कालक
पी ६ रू ५ नीलक

यहां नीलक के मान का कुछ आवश्यक नहीं है इसलिये कालक ही का मान ग्रहण किया। अब उससे का ६ रू ५ इस राशि में उत्थापन देते हैं—यदि १ कालक का पी ५ रू ४ यह मान है तो ६ कालक का क्या, यों पी ३० रू २४ हुआ इसमें रूप ५ जोड़ देने से राशि पी ३० रू २६ हुआ। इसमें चार का भाग देने से लब्धि लोहितक और शेष ३ रहा, हरलब्धि का घात शेषयुत भाज्य राशि के तुल्य होत है इससे दो पक्ष समान हुए

पी ३० लो० रू २६
पी ० लो४ रू ३

समीकरण करने से पीतक की उन्मिति $\frac{\text{लो ४ रू } \dot{२}\dot{६}}{\text{पी ३०}}$ आई २ का अपवर्तन देनेसे $\frac{\text{लो २ रू १}\dot{३}}{\text{पी १५}}$ हुई।

भाज्य में भाजक का भाग देने से लब्धि निरग्र नहीं आती इसलिये कुट्टक करते हैं—

भा. २। क्षे. १$\dot{३}$। वल्ली ०
हा. १५। ७
१३
०

उक्तरीति से लब्धि गुण $\frac{१३}{६१}$ हुए अपने अपने हार से तष्टित करने से $\frac{१}{१}$ हुए क्षेप के ऋण होने से इन्हें अपने अपने हरों में शुद्ध करने से

लब्धि गुण $\frac{१}{१४}$ हुए यहां लब्धि पीतक वर्ण का मान और गुण लोहितक वर्ण का मान है अब हारितक १ इष्ट कल्पना करने से 'इष्टाहत-' इसके अनुसार पीतक और लोहितक के मान सक्षेप हुए।

ह २ रू १ पीतक

ह १५ रू १४ लोहितक

अब पीतकमान ह २ रू १ से पी ३० रू २९ इस राशि में उत्थापन देते हैं—१ पीतक का ह २ रू १ यह मान है तो ३० पीतकका क्या, यों ह ६० रू ३० हुआ इसमें रूप २९ जोड़देने से राशि ह ६० रू ५९ हुआ। इसमें ३ का भाग देने से स्वतः २ शेष बचताहै इसलिये ह ६० रू ५९ यह राशि हुआ अब हरितक का मान व्यक्त ० कल्पना करने से उक्तरीति के अनुसार ५९ राशि हुआ, व्यक्तमान १ कल्पना करने से ११९ राशि हुआ। अब लब्धियों के लिये उत्थापन देते हैं—पहिले कालक का मान पी ५ रू ४ आया है। १ पीतक का ह २ रू १ यह मान है तो ५ पीतक का क्या, यों ह १० रू ५ हुआ इसमें रूप ४ जोड़ देने से कालक का मान ह १० रू ९ हुआ। और नीलक का मान पी ६ रू ५ आया है। १ पीतक का ह २ रू १ यह मान है तो ६ पीतक का क्या, यों ह १२ रू ६ हुआ इसमें रूप ५ जोड़देने से नीलक मान ह १२ रू ११ हुआ। और लोहितक का मान तो कुट्टक द्वारा प्रथमही आया है ह १५ रू १४। अब हर एक हरितक में शून्य ० से उत्थापन देने से कालक नीलक और लोहितक के मान के तुल्य ९। १४। १४ ये लब्धि आई।

उदाहरणम्-

स्युःपञ्चसप्तनवभिः क्षुण्णेषु हृतेषु केषु विंशत्या।
रूपोत्तराणि शेषाण्यवाप्तयश्चापि शेषसमाः॥ ८१॥

अत्र शेषाणि या १ । या १ रू १ । या १ रू २ । एता एव लब्धयः । प्रथमो राशिः का १ अस्मात्पञ्चगुणिताद्राशेर्लब्धिगुणं हरमपास्य जातं शेषम् का ५ या २० एतद्यावत्तावत्समं कृत्वा लब्धा यावत्तावदुन्मितिः का ५ / या २१

अथ द्वितीयो राशिः नी १ अस्मात्सप्तगुणाद्रूपाधिकयावत्तावद्गुणहरमपास्य जातम् नी ७ या २̇० रू २̇० एतदस्य या १ रू १ समं कृत्वा लब्धा यावत्तावदुन्मितिः

नी ७ रू २̇१ / या २१

एवं तृतीयः पी १ अस्मान्नवगुणाल्लब्धि (या १ रू २) गुणहरमपास्य शेषम् पी ९ या २̇१ रू ४̇० इदमस्य या १ रू २ समं कृत्वा लब्धा यावत्तावदुन्मितिः पी ९ रू ४̇२ / या २१

आसां प्रथमद्वितीययोर्द्वितीयतृतीययोः साम्यकरणेन लब्धे कालकनीलकयोरुन्मिती

नी ७ रू २̇१ / का ५　　पी ९ रू २̇१ / नी ७

अत्र नीलकोन्मितौ कुट्टकेन नीलकपीतकयोर्माने कृत्वा कालकोन्मितौ नीलके स्वमानेनोत्थापिते कालकमानं भिन्नं लभ्यत इति कुट्टकेनाभिन्ने कालकलोहितकयोर्माने

ह ६३ रू ४२ का
ह ५ रू ३ लो

अत्र नीलकपीतकयोर्लोहितके स्वमानेनोत्थापिते जाते तन्माने

ह ४५ रू ३३ नी
ह ३५ रू २८ पी

यथाक्रमेण न्यासः

ह ६३ रू ४२ का
ह ४५ रू ३३ नी
ह ३५ रू २८ पी

अथ यावत्तावदुन्मितिषु कालकादीन्स्वस्वमानेनोत्थाप्य स्वच्छेदेन विभज्य लब्धं यावत्तावन्मानम् ह १५ रू १० । अत्र शेषसमे फले नहि शेषं भागहाराधिकं भवितुमर्हति अत्र हरितकं शून्येनोत्थाप्य जाता राशयः ४२ । ३३ । २८ । अग्राणि च १० । ११ १२ एता एव लब्धयः ।

अथान्यदुदाहरणमार्ययाह—स्युरिति । केषु राशिषु पञ्चसप्त-नवभिः क्षुण्णेषु हतेषु विंशत्या हृतेषु भक्तेषु रूपोत्तराणि, रूपमेक उत्तरो वृद्धिर्येषां तानि रूपोत्तराणि शेषाणि उर्वरितानि स्युः, अवाप्तयो लब्धयश्च शेषसमा एव स्युः ॥

उदाहरण—

वे तीन कौन राशि हैं जिनको क्रम से पांच, सात और नौ से गुण देते हैं और बीस का भाग देते हैं तो रूपोत्तर शेष तथा शेष समान लब्धि आती हैं।

कल्पना किया कि ~~१~~ का १ नी १ पी १ ये राशि हैं और पहिला शेष या १ है। इसमें रूप १ जोड़ देने से दूसरा शेष या १ रू १ हुआ। इसमें रूप १ जोड़ देने से तीसरा शेष या १ रू २ हुआ। और अपने अपने शेष के समान लब्धि कल्पना की जैसा—पहिली लब्धि या १ दूसरी लब्धि या १ रू १ तीसरी लब्धि या १ रू २। अब पहिला राशि का १ है यह ५ से गुण देने से का ५ हुआ इसमें बीस का भाग देने से लब्धि या १ आई इसको हर २० से गुणकर भाज्य राशि का ५ में घटा देने से शेष का ५ या २̇० रहा यह कल्पित शेष या १ के समान है इस लिये समीकरण के लिये न्यास।

का ५ या २̇०
या १

समशोधन करने से यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{का } ५}{\text{या } २१}$ आई दूसरा राशि

नी १ है ७ से गुण देने से नी ७ हुआ इसमें बीस का भाग देने से लब्धि या १ रू १ आई इसको हर २० से गुणकर भाज्य राशि नी ७ में घटा देने से शेष नी ७ या २̇० रू २̇० रहा यह कल्पित शेष या १ रू १ के तुल्य है इसकारण समीकरण के लिये न्यास।

नी ७ या २०̇ रू २̇०
या १ रू १

समीकरण करने से यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{नी ७ रू }\dot{\text{२}}\dot{\text{१}}}{\text{या २१}}$ आई।

तीसरा राशि पी १ है यह ६ से गुण देनेसे पी ६ हुआ इसमें बीस का भाग देने से लब्धि या १ रू २ आई इसको हर २० से गुण कर भाज्य राशि पी ६ में घटा देने से शेष पी ६ या २०̇ रू ४̇० रहा यह कल्पित शेष या १ रू २ के तुल्य है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास।

पी ६ या २०̇ रू ४̇०
या १ रू २

समीकरण करने से यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{पी ६ रू ४}\dot{\text{२}}}{\text{या २१}}$ आई।

अब पहिली और दूसरी यावत्तावत् उन्मितिका समीकरण के लिये न्यास।

$$\frac{\text{का ५}}{\text{या २१}}$$
$$\frac{\text{नी ७ रू }\dot{\text{२}}\dot{\text{१}}}{\text{या २१}}$$

यावत्तावत् का अपवर्तन देकर समच्छेद और छेदगम करने से हुए।

का १०५ नी ० रू ०
का ० नी १४७ रू ४४१̇

इनमें २१ का अपवर्तन देने से अथवा पहिले या २१ का अपवर्तन देने से हुए।

का ५ नी ० रू ०
का ० नी ७ रू २̇१

समीकरण करनेसे कालक की उन्मिति $\frac{\text{नी ७ रू २१̇}}{\text{का ५}}$ आई ।

इसीभांति दूसरी और तीसरी यावत्तावत् की उन्मिति का समीकरण के लिये न्यास ।

$$\frac{\text{नी ७ रू २१̇}}{\text{या २१}}$$

$$\frac{\text{पी ६ रू ४२̇}}{\text{या २१}}$$

यावत्तावत् २१ का अपवर्तन आदि देने से हुए

नी ७ पी ० रू २१̇

नी ० पी ६ रू ४२̇

समीकरण करने से नीलककी उन्मिति $\frac{\text{पी ६ रू २१̇}}{\text{नी ७}}$ आई ।

यह अन्त्य की उन्मिति है इसलिये कुट्टक के अर्थ न्यास ।

भा. ६ । क्षे. २१̇ । वल्ली १

हा. ७ । ३

२१

०

उससे अथवा '—क्षेपो हारहृतः फलम्' इसके अनुसार लब्धि-२ गुण ० हुए क्षेप के ऋण होने से अपने अपने हारों में शुद्ध करने से हुए $\frac{\text{६}}{\text{७}}$ लब्धि नीलक का मान और गुण पीतक का मान हुआ अब लोहितक १ इष्ट मानने से 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार नीलक और पीतक के मान सक्षेप हुए

लो ६ रू ६ नीलक

लो ७ रू ७ पीतक

अब नीलक मान से कालक मान $\frac{\text{नी ७ रू २१̇}}{\text{का ५}}$ में उत्थापन देते हैं—१ नीलक का लो ९ रू ६ यह मान है तो ७ नीलक का क्या, यों लो ६३ रू ४२ हुआ इसमें रूप २१̇ जोड़ देने से लो ६३ रू २१ हुआ यह कालक ५ के तुल्य है क्योंकि रूप २१̇ से हीन नीलक ७ कालक ५ के तुल्य है, उसका कारण यह है कि पहिले सम-शोधन करने से शेष समान रहे हैं। यदि ५ कालक का लो ६३ रू २१ यह मान है तो १ कालक का क्या, यों $\frac{\text{लो ६३ रू २१}}{\text{का ५}}$ हुआ (इसीलिये उत्थापन देने में सर्वत्र हर का भाग दिया जाता है) प्रकृत में हर का भाग देने से भिन्न मान आता है इसलिये 'भूयःकार्यःकुट्टकः—' इसके अनुसार कुट्टक के अर्थ न्यास।

भा. ६३। क्षे. २१।
हा. ५।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इसके अनुसार न्यास।

भा. ६३। क्षे. १। वल्ली १२
हा. ५ । १
१
१
०

उक्त रीति से लब्धिगुण $\frac{\text{२५}}{\text{२}}$ हुए वल्ली के विषम होने से अपने अपने हरों में घटा देने से $\frac{\text{३८}}{\text{३}}$ हुए 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या—' इसके अनुसार लब्धि ४२ हुई इसभांति लब्धि गुण हुए $\frac{\text{४२}}{\text{३}}$ लब्धि कालक का मान और

गुण लोहितक का मान हुआ अब हरितक १ इष्ट मान कर 'इष्टाहत—' इससे सक्षेप लब्धिगुण हुए

ह ६३ रू ४२ कालक

ह ५ रू ३ लोहितक

और अन्त्यवर्ण के मान हैं

लो ६ रू ६ नीलक

लो ७ रू ७ पीतक

अब उस लोहितक मान ह ५ रू ३ से अन्त्यवर्ण में उत्थापन देना चाहिये 'भूयः कार्यः कुट्टकः—' इस सूत्र में कुट्टक शब्द से गुण का ग्रहण होता है क्योंकि 'कुट्टक' यह गुण विशेष का नाम है इसलिये उस गुण से अन्त्यवर्ण में उत्थापन देना उचित है। प्रकृत में उस गुणरूप लोहितकमान से नीलक और पीतक के मानमें उत्थापन देते हैं— १ लोहितक का ह ५ रू ३ यह मान है तो ६ लोहितक का क्या, यों ह ४५ रू २७ हुआ इसमें रूप ६ जोड़ देने से नीलक का मान ह ४५ रू ३३ हुआ। १ लोहितक का ह ५ रू ३ यह मान है तो ७ लोहितक का क्या, यों ह ३५ रू २१ हुआ इसमें रूप ७ जोड़ देने से पीतक का मान ह ३५ रू २८ हुआ। अब नीलक और पीतक के आद्य कालक से व्यस्त उत्थापन देते हैं—वहां कालक का मान पहिले कुट्टक के द्वारा ह ६३ रू ४२ यह आया है। पहिली यावत्तावत् की उन्मिति का $\frac{\text{५}}{\text{या २१}}$ है। १ कालक का ह ६३ रू ४२ यह मान है तो कालक ५ का क्या, यों ह ३१५ रू २१० हुआ इसमें हर २१ का भाग देने से यावत्तावत् की उन्मिति ह १५ रू १० आई। दूसरी यावत्तावत्की उन्मिति $\frac{\text{नी ७ रू २१}}{\text{या २१}}$ है। नीलक का ह ४५ रू ३३ यह मान है तो

नीलक ७ का क्या, यों ह ३१५ रू २३१ हुआ इसमें रूप २१ जोड़ देने से ह ३१५ रू २१० हुआ इसमें हर २१ का भाग देने से यावत्तावत् की उन्मिति ह १५ रू १० आई। तीसरी यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{पी ६ रू ४२}}{\text{या २१}}$ है। १ पीतक का ह ३५ रू २८ यह मान है तो ९ पीतक का क्या, यों ह ३१५ रू २५२ हुआ इसमें रूप ४२ जोड़ देने से ह ३१५ रू २१० हुआ इसमें हर २१ का भाग देने से यावत्तावत की उन्मिति ह १५ रू १० आई। यावत्तावत् आदि के मानों का क्रम से न्यास

ह १५ रू १० यावत्तावत्
ह ६३ रू ४२ कालक
ह ४५ रू ३३ नीलक
ह ३५ रू २८ पीतक

यहां हरितक का मान व्यक्त शून्य कल्पना करने से अनुपात के द्वारा यावत्तावत् आदि वर्णों के व्यक्तमान हुए १० । ४२ । ३३ । २८। यावत्तावत् का मान १० पहिला शेष है इसमें १ जोड़ने से दूसरा शेष ११ हुआ, इसमें १ जोड़ने से तीसरा शेष १२ हुआ। यहां हरितक का एक आदि व्यक्तमान मानने से शेष बीससे अधिक होता है इसलिये शून्य ही से उत्थापन दिया है क्योंकि सर्वत्र हर से शेष न्यून रहताहै इसलिये ४२ । ३३ । २८ ये राशि आये इन्हें क्रम से ५ । ७ । ९ से गुणदेने से २१० । २३१ । २५२ हुए इनमें २० का भाग देनेसे१०।११।१२ ये लब्धि आईं और रूपोत्तर १० । ११ । १२ शेष रहे ॥

उदाहरणम्—

एकाग्रो द्विहृतः कःस्याद् द्विकाग्रस्त्रिसमुद्धृतः ।
त्रिकाग्रः पञ्चभिर्भक्तस्तद्वदेव हि लब्धयः ॥ ८२ ॥

अत्र राशिः या १ अयं द्विहृत एकाग्र इति तत्फलं च द्विहृतमेकाग्रमिति फलप्रमाणम् का २ रू १ एतद्गुणं हरं स्वाग्रेण युतं तस्य समं कृत्वा लब्धं यावत्तावन्मानम् का ४ रू ३ अस्यैकालापो घटते। पुनरपि त्रिहृतो द्व्यग्र इति तत्फलं च नी ३ रू २ एतद्गुणहरमग्रयुतं च नी ६ रू ८ इदमस्य का ४ रू ३ समं कत्वा कालकमानं भिन्नं कुट्टकेनाभिन्नं जातम् पी ६ रू ८ अनेन कालकमुत्थाप्य जातो राशिः पी ३६ रू ३५ अस्यालापद्वयं घटते। पुनरयं पञ्चभक्तस्त्र्यग्र इति तत्फलं च लो ५ रू ३ इदं हरगुणमग्रयुतमस्य पी ३६ रू ३५ समं कृत्वा पीतकमानं भिन्नं कुट्टकेनाभिन्नं कृत्वा जातम् ह २५ रू ३ अनेन पीतकमुत्थाप्य जातो राशिः ह ९०० रू १४३ हरितकस्य शून्यादिनोत्थापनेनानेकविधः ॥

अथान्योदाहरणमनुष्टुभाह—एकाग्र इति। को राशिर्द्विहृतः सन्नेकाग्रः स्यात्। त्रिसमुद्धृतः सन् द्विकाग्रः स्यात्। पञ्चभिर्भक्तः संस्त्रिकाग्रः स्यात्। लब्धयोऽपि तद्वदेव भवेयुः। एतदुक्तं भवति—राशौ द्विविहृते यल्लभ्यते तदपि द्विविहृतं सदेकाग्रं स्यात्। राशौ त्रिसमुद्धृते यल्लभ्यते तदपि त्रिसमुद्धृतं सद् द्विकाग्रं स्यात्। राशौ पञ्चभिर्भक्ते यल्लभ्यते तदपि पञ्चभक्तं सत्त्रिकाग्रं स्यादित्यर्थः ॥

उदाहरण—

वह कौन सा राशि है जिसमें दोका भाग देने से एक शेष रहता है

तीन का भाग देने से दो शेष रहता और पांच का भाग देनेसे तीन शेष रहता है इसी भांति लब्धि में दोका भाग देने से एक, तीनका भाग देने से दो और पांचका भाग देनेसे तीन शेष रहता है।

कल्पना किया या १ राशि है। और लब्धि तादृश कल्पना की कि जिसमें हरका भाग देनेसे उद्दिष्ट शेष के तुल्य शेष रहें। जैसा–

१ = का २ रू १

२ = नी ३ रू २

३ = लो ५ रू ३

या १ में २ का भाग देनेसे का २ रू १ यह लब्धि आई, और इस में २ का भाग देने से शेष का० रू १ रहा, अब लब्धि का २ रू १ और हर २ के घात का ४ रू २ में शेष का० रू १ जोड़ देने से का ४ रू ३ यह यावत्तावत् के तुल्य है इसलिये समीकरण करने से यावत्तावत् का मान का ४ रू ३ आया। इसमें एक आलाप घटित होता है। अर्थात् २ का भाग देने से का २ रू १ लब्धि आती है और रू १ शेष रहता है तथा लब्धि का २ रू १ में २ का भाग देने से रू १ शेष रहता है इसभांति दोनों स्थान में शेष तुल्य बचता है अब का ४ रू ३ इस राशि में ३ का भाग देने से नी ३ रू २ लब्धि आई और इस में ३ का भाग देने से शेष नी० रू २ रहा, अब लब्धि नी ३ रू २ और हर के घात नी ६ रू ६ में शेष नी० रू २ जोड़ देने से नी९ रू यह पूर्व राशिके तुल्य है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास।

का ४ नी ० रू ३

का ० नी ९ रू ८

समीकरण करने से कालक की उन्मिति $\frac{\text{नी ९ रू ५}}{\text{का ४}}$ आई

इसके अभिन्नता के लिये कुट्टक करते हैं—

भा ० ९ । क्षे ० ५ ।
हा ० ४ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इसरीति के अनुसार न्यास ।

भा ० ९ । क्षे ० १ । वल्ली २
हा ० ४ । १
०

इससे लब्धिगुण हुए $\frac{२}{१}$ लब्धि के विषम होने से अपने अपने हरों में शुद्ध करने से $\frac{७}{३}$ हुए 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या—' इसके अनुसार लब्धि में १ जोड़ देने से लब्धि ८ हुई यह कालक का मान और गुण नीलक का मान हुआ । अब इष्ट पीतक १ कल्पना करने से 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए

पी ९ रू ८ कालक
पी ४ रू ३ नीलक

अब कालक मान से यावत्तावन्मान का ४ रू ३ में उत्थापन देतेहैं— यदि कालक १ का पी ९ रू ८ यह मान है तो कालक ४ का क्या यों पी ३६ रू ३२ हुआ इसमें रूप ३ जोड़ देने से यावत्तावत् का मान पी ३६ रू ३५ हुआ । इसमें दो आलाप घटित होते हैं (अर्थात् २ का भाग देने से पी १८ रू १७ लब्धि आती है और रू १ शेष रहता है तथा लब्धि पी १८ रू १७ में २ का भाग देने से रू १ शेष रहता है इसभांति उभयत्र शेष समान बचता है फिर पी ३६ रू ३५ इनमें ३ का भाग देने से पी १२ रू ११ लब्धि आती है और रू २ शेष रहता है तथा लब्धि पी १२ रू ११ में ३ का भाग देने से रू २ शेष रहता है यहां भी उभयत्र शेष तुल्य रहता है) अब पी ३६ रू ३५ इसमें ५ का भाग देने से लो ५ रू ३ लब्धि आई । और इसमें ५ का भाग दनेसे

शेष लो ० रू ३ रहा, अब लब्धि लो ५ रू ३ और हर ५ के घात लो २५ रू १५ में शेष लो ० रू ३ जोड़ देनेसे लो २५ रू १८ यह पूर्वराशि के तुल्य है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास।

पी ३६ लो ० रू ३५

पी ० लो २५ रू १८

समीकरण करने से यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{लो २५ रू १७}}{\text{पी ३६}}$ आई।

अब इसकी अभिन्नता के लिये कुट्टक करते हैं-

भा ० २५ । क्षे ० १७ ।

हा ० ३६ ।

वल्ली ०
१
२
३
१
१७
०

इससे लब्धिगुण हुए $\frac{१५३}{२२१}$ अपने अपने हरों से तष्टित करने से हुए $\frac{३}{५}$ लब्धि के विषम होनेसे अपने अपने हरों में शुद्ध करने से हुए $\frac{२२}{३१}$ क्षेपके ऋण होने से फिर अपने अपने हरोंमें शुद्ध करनेसे हुए $\frac{३}{५}$ लब्धि पीतक का मान और गुण लोहितक का मान हुआ और हरितक १ इष्ट मानने से 'इष्टाहतस्वस्वहरेण-' इसके अनुसार लब्धिगुण सक्षेप हुए।

ह २५ रू ३ पीतक

ह ३६ रू ५ लोहितक

अब पीतक मानसे यावत्तावत् की उन्मिति पी ३६ रू ३५ में उत्थापन देते हैं-१ पीतक का ह २५ रू ३ यह मान आता है तो ३६ पीतक का क्या, यों ह ९०० रू १०८ हुआ इसमें रूप ३५ जोड़ देने से यावत्तावत् की उन्मिति ह ९०० रू १४३ हुई।

अब हरितक में शून्य ० से उत्थापन देने से १४३ यह राशि आया। इसभांति १ आदि इष्ट मानने से अनेक विधके राशि मिलेंगे।

अथवा। लोहितक मान से यावत्तावत् उन्मिति पी ३६ रू ५ के तुल्य लो २५ रू १८ इसमें उत्थापन देते हैं—यदि १ लोहितक का ह ३६ रू ५ यह मान है तो २५ लोहितक का क्या, यों ह ९०० रू १२५ हुआ इसमें रूप १८ जोड़ देने से वही बात सिद्ध हुई ह ९०० रू १४३॥ राशि १४३ में २ का भाग देने से ७१ लब्धि आई और शेष १ रहा, तथा लब्धि ७१ में २ का भाग देनेसे १ शेष रहा। फिर ३ का भाग देने से ४७ लब्धि आई और शेष २ रहा, तथा लब्धि ४७ में ३ का भाग देने से २ शेष रहा। फिर ५ का भाग देने से २८ लब्धि आई और शेष ३ रहा, तथा लब्धि २८ में ५ का भाग देनेसे ३ शेष रहा॥

उदाहरणम्—

कौ राशी वद पञ्चषट्कविहृतावेकद्विकाग्रौ ययो-
र्द्व्यग्रं त्र्युद्धृतमन्तरं नवहृता पञ्चाग्रका स्याद्युतिः।
घातः सप्तहृतः षडग्र इति तौ षट्काष्टकाभ्यां विना
विद्वन् कुट्टकवेदिकुञ्जरघटासंघट्टसिंहोऽसि चेत्[1]॥ ८३॥

अत्र कल्पितौ राशी पञ्चषट्कविहृतावेकद्विकाग्रौ या ५ रू १। या ६ रू २ अनयोरन्तरं त्रिहृतं द्व्यग्र-

---

१ अत्र ज्ञानराजदैवज्ञाः—

अङ्कौ कौ हररामचन्द्रहरणादेकत्वमग्रे गतौ
तद्योगः शशिभक्तितोऽग्ररहितो रामाहृतं चान्तरम्।
यद्वा तौ विषयैर्निरग्र इह यद्वन्धैक्यमप्याहृतं
निःशेषं सकलैः सुरैर्वद सखे तौ रावणाक्षाग्निभिः॥

मिति लब्धं कालकस्तद्गुणहरमग्रयुतमन्तरेणानेन या १ रू १ समं कृत्वा लब्धं यावत्तावन्मानम् का ३ रू १। अनेनोत्थापितौ जातौ राशी का १५ रू ६। का १८ रू ८। पुनरनयोर्युतिर्नवहृता पञ्चाग्रेति लब्धं नीलकस्तद्गुणं हरमग्रयुतं योगस्यास्य का ३३ रू १४ समं कृत्वा कालकमानं भिन्नम् $\frac{\text{नी ९ रू ६}}{\text{का ३३}}$ कुट्टकेनाभिन्नं जातम् पी ३रू०। अनेनोत्थापितौजातौ राशी पी ४५ रू ६। पी ५४ रू ८। पुनरनयोर्घाते वर्गत्वान्महती क्रिया भवतीति पीतकमेकेनोत्थाप्य प्रथमो राशिर्व्यक्त एव कृतः ५१ पुनरनयोः सप्ततष्ट-योर्घातः सप्ततष्टः पी ३ रू २ समं कृत्वा प्राग्वत्कुट्टके-नाप्तं पीतकमानम् ह ७ रू ६ अनेनोत्थापितो जातो राशिः ह ३७८ रू ३३२ पूर्वराशेः क्षेपः पी ४५ आसीत् स हरितकेनानेन ह ७ गुणितस्तस्य क्षेपः स्यादिति जातः प्रथमः क्षेपः ह ३१५ रू ५१।

अथवा प्रथममेवैकं व्यक्तं प्रकल्प्य। द्वितीयः साध्यः। वा जातौ राशी रू ५१। ह १२६ रू ८०।

अथान्यदुदाहरणं शार्दूलविक्रीडितेनाह—काविति। हे विद्वन्, पञ्चषट्कविहृतौ एकद्विकाग्रौ कौ राशी वर्तेते। ययो राश्योरन्तरं विमरं त्र्युद्धृतं द्व्यग्रं भवति। ययोर्युतिर्नवहृता पञ्चाग्रा भवति।

ययोर्घातः ससहृतः सन् षडग्रो भवति । इति षट्काष्टकाभ्यां विना तौ राशी वद । यतः षट्काष्टकयोरप्युक्तालापसंभवे प्रसिद्धत्वात्प्रतिपादने न विद्वत्तापकर्षोऽस्तद्भिन्नौ राशी वदेति तात्पर्यम् । यदि त्वं चेत्कुट्टकवेदिकुञ्जरघटासंघट्टसिंहोसि । कुट्टकवेदिन एव कुञ्जराः करटिनः तेषां घटाः संस्थानविशेषास्ताभिर्यो संघट्टस्तत्संमर्दनार्थं संघर्षस्तत्र सिंहः शार्दूलोसि वर्तसे तदा भणेत्यर्थः ॥

उदाहरण—

ये दो कौन राशि हैं जिनमें पांच और छ का भाग देने से एक तथा दो शेष रहता है और उनके अन्तर में तीनका भाग देने से दो शेष रहता है और उनके योग में नौका भाग देने से पांच शेष रहता है और उन दोनों राशि के घात में सात का भाग देने से छ शेष रहता है, परंतु वे दोनों राशि छ और आठ से भिन्न होवें ।

यहां पर ऐसे दो राशि कल्पना करने चाहिये कि जिनमें पहिला आलाप स्वतः घटित होवे जैसा—या ५ रू १ । या ६ रू २ । अब इनमें क्रमसे ५ तथा ६ का भाग देने से १ । २ ये शेष रहते हैं राशि या ५ रू १ । या ६ रू २ । के अन्तर या १ रू १ में ३ का भाग देने से २ शेष रहता है और लब्धि का १ आती है तो हर ३ और लब्धि का १ का घात शेष २ युत का ३ रू २, राश्यन्तर रूप भाज्यराशि या १ रू १ के तुल्य हुआ

या १ का ० रू १

या ० का ३ रू २

समीकरण करने से यावत्तावत् का मान का ३ रू १ आया इससे पूर्व राशि में उत्थापन देते हैं—१ यावत्तावत् का का ३ रू १ यह मान है तो यावत्तावत् ५ का क्या, यों का १५ रू ५ हुआ इसमें १ जोड़ देने से पहिला राशि का १५ रू ६ हुआ । १ यावत्तावत् का का ३ रू १ यह

मान है तो यावत्तावत् ६ का क्या, यों का १८ रू ६ हुआ इसमें २ जोड़ देने से दूसरा राशि का १८ रू ८ हुआ। इनमें दो आलाप घटित होते हैं। फिर का १५ रू ६। का १८ रू ८ इनके योग का ३३ रू १४ में ९ का भाग देने से ५ शेष रहता है और लब्धि नीलक १ आती है हर ९ और लब्धि नी १ का घात शेष ५ युत नी ९ रू ५, भाज्यराशि का ३३ रू १४ के तुल्य हुआ

का ३३ नी ० रू १४

का ० नी ९ रू ५

समशोधन करने से कालक की उन्मिति $\frac{\text{नी ९ रू ९}}{\text{का ३३}}$ आई तीन का

अपवर्तन देने से $\frac{\text{नी ३ रू ३}}{\text{का ११}}$ हुई। अब अभिन्नमान जानने के लिये

कुट्टक करते हैं-

भा. ३। क्षे. ३।

हा. ११। वल्ली हुई ०
३
१
३
०

उक्तरीति से लब्धि गुण हुए $\begin{matrix}३\\१२\end{matrix}$ अपने अपने हार से तष्टित करने से हुए $\begin{matrix}०\\१\end{matrix}$ वल्ली के विषम होने से अपने अपने हारों में शुद्ध करने से हुए $\begin{matrix}३\\१०\end{matrix}$ क्षेपके ऋण होने से फिर अपने अपने हारों में शुद्ध करने से हुए $\begin{matrix}०\\१\end{matrix}$ लब्धि कालक का मान और गुण नीलक का मान हुआ अब पीतक १ इष्टमानने से 'इष्टाहतस्वस्वहरेण-' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए

पी ३ रू ० कालक

पी ११ रू १ नीलक

कालक मान से राशि में उत्थापन देते हैं—वहां पहिला राशि का १५ रू ६ है । १ कालक का पी ३ रू ० यह मान है तो कालक १५ का क्या, यों पी ४५ रू ० हुआ इसमें रूप ६ जोड़ देने से पी ४५ रू ६ पहिला राशि हुआ । दूसरा राशि का १८ रू ८ है । १ कालक का पी ३ रू ० यह मानहै तो कालक १८ का क्या, यों पी ५४ रू० हुआ इसमें रू ४८ जोड़ देने से दूसरा राशि हुआ पी ५४ रू ४८ अब इन में तीन आलाप घटित होते हैं । फिर इन दोनों राशि के घात करने से वर्ग होजाता है तो क्रिया फैलती है इसलिये पीतकका व्यक्तमान रूप १ कल्पना करके पहिले राशि में उत्थापन देते हैं—यदि १ पीतक का रू १ मानहै तो पीतक ४५ का क्या, यों रू ४५ हुआ इसमें ६ जोड़ देने से पहिला राशि व्यक्त हुआ ५१ । और दूसरा राशि ज्यों का त्यों रहा पी ५४रू ८। अब इनके घात को सातसे तष्टित करना है वहां रू ५१ । पी ५४ रू ८ इन्हीं को सातसे तष्टित किया रू २ । पी ५ रू १ बाद घात करने से पी १० रू २ हुआ फिर सातसे तष्टित करने से पी ३ रू २ हुआ इसमें ७ का भाग देनेसे ६ शेष रहता है और लब्धि लो १ आती है तो हर ७ और लब्धि लो १ घात शेष ६ युत लो ७ रू ६ भाज्यराशि पी ३ रू २ के तुल्य हुआ

पी ३ लो ० रू २
पी ० लो ७ रू ६

समशोधन करने से पीतक की उन्मिति $\frac{\text{लो ७ रू ४}}{\text{पी ३}}$ आई अब 'हरतष्टे धनक्षेपे—' इस सूत्र के अनुसार कुट्टकके लिये न्यास ।

भा. ७ । क्षे. १ ।
हा. ३ । वल्ली २
१

उक्तरीतिसे लब्धि गुण हुए $\frac{२}{१}$ लब्धि के विषम होने से अपने अपने हारों में शुद्ध करने से $\frac{५}{२}$ हुए 'क्षेपतक्षणलाभाढया—' इसके अनुसार लब्धि गुण हुए $\frac{६}{२}$ लब्धि पीतक का मान और गुण लोहितक का मान हुआ अब हरितक १ इष्ट मानने से 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए

ह ७ रू ६ पीतक
ह ३ रू २ लोहितक

अब पीतक मानसे राशि में उत्थापन देते हैं—दूसरा राशि पी ५४ रू ८ है। यदि १ पीतक का ह ७ रू ६ यह मान है तो पीतक ५४ का क्या, यों ह ३७८ रू ३२४ हुआ इसमें रूप ८ जोड़देने से दूसरा राशि ह ३७८ रू ३३२ हुआ। और पहिला राशि व्यक्तही है तथा पहिले राशिका क्षेप पी ४५ रहा उसको हरितक ७ से गुण देने से पाहिले राशिका क्षेप ३१५ हुआ इसभांति पहिला राशि ह ३१५। रू ५१ हुआ अब हरितकमें शून्यका उत्थापन देनेसे राशि मिले ५१। ३३२।

उक्त प्रश्नका प्रकारान्तर से उत्तर करते हैं—

कल्पना किया कि पहिला राशि व्यक्त ५१ है और दूसरा या १ है इसमें छ का भाग देने से २ शेष रहता है और लब्धि कालक १ कल्पना की अब लब्धि का १ से गुणित और शेष २ युत हर ६ दूसरे राशिके समान है।

का ६ रू २=रू ५१
इनका अन्तर हुआ
का ६ रू ४९

इसमें ३ का भाग देनेसे २ शेष रहता है और लब्धि नीलक १ कल्पना की अब लब्धि नी १ और हर ३ का घात शेष २ युत अन्तर-रूप भाज्य राशिके समान हुआ

का ६ नी० रू ४६

का० नी ३ रू २

समीकरण करने से कालककी उन्मिति $\frac{\text{नी ३ रू ५१}}{\text{का ६}}$ आई ३ के

अपवर्तन देनेसे हुई $\frac{\text{नी १ रू १७}}{\text{का २}}$ ।

कुट्टक के लिये न्यास ।

भा. १ । क्षे. १७ ।

हा. २ ।

'हरतष्टे धनक्षेपे—' इसके अनुसार न्यास ।

भा. १ । क्षे. १ । ०
 हा. २ । वल्ली १
 ०

उक्तरीति से लब्धि गुण हुए $\frac{0}{1}$ लब्धि के विषमहोने से अपने अपने हारों में शुद्ध करने से हुए $\frac{1}{1}$ 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या—' इसके अनुसार ८ जोड़ देने से लब्धि ६ हुई इस भांति लब्धि गुण हुए $\frac{9}{1}$ लब्धि कालकका मान और गुण नीलक का मान हुआ अब इष्ट पीतक १ मानकर 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए

पी १ रू ६ कालक

पी २ रू १ नीलक

अब कालक मानसे का ६ रू ४६ इस अन्तर रूप में उत्थापन देते हैं—यदि १ कालक का पी १ रू ६ यह मान है तो ६ कालक का क्या, यों पी ६ रू ५४ हुआ इसमें ऋण रूप ४६ जोड़देने से राश्यन्तर का मान पी ६ रू ५ आया इसमें ३ का भाग देने से स्वतः २ शेष रहता है । अब पी ६ रू ५ इस अन्तर को पहिले राशि के

रूप ५१ में जोड़ देने से दूसरा राशि पी ६ रू ५६ हुआ, इसका और पहिले राशि का योग पी ६ रू १०७ हुआ इसमें ९ का भाग देने से ५ शेष रहता है और लब्धि लो १ आई फिर हर ९ और लब्धि लो १ का घात शेष ५ युत भाज्य राशिके समान है इसलिये समीकरण करने के अर्थ न्यास।

पी ६ लो० रू १०७

पी ० लो ९ रू ५

समशोधन करने से पीतक की उन्मिति $\frac{\text{लो ९ रू १०२̇}}{\text{पी ६}}$ आई ३ का अपवर्तन देने से $\frac{\text{लो ३ रू ३४̇}}{\text{पी २}}$ हुई।

कुट्टक के लिये न्यास।

भा. ३ । क्षे. ३४̇ ।

हा. २ ।

'क्षेपो हारहृत: फलम्—' इसके अनुसार लब्धि गुण हुए १७̇ यहां क्षेप के ऋण होने से लब्धि ऋणगत आई। लब्धि पीतकका मान और गुण नीलकका मान हुआ अनन्तर हरितक १ इष्ट मानकर 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार लब्धिगुण सक्षेप हुए

ह ३ रू १७̇ पीतक

ह २ रू ० लोहितक

अब पीतक मान से दूसरे राशि पी ६ रू ५६ में उत्थापन देते हैं—१ पीतक का ह ३ रू १७̇ यह मान है तो ६ पीतक का क्या, यों ह १८ रू १०̇२ हुआ इसमें रूप ५६ जोड़ देने से दूसरा राशि हुआ ह १८ रू ४६̇ और पहिला राशि तो व्यक्तही है ५१। इनके योग ह १८ रू ५ में ९ का भाग देनेसे ५ शेष रहता है। अब ५१ । ह १८ रू ४६̇ इनके

सातसे तष्टित करने से २ । ह ४ रू ४ शेष बचे उनका घात ह ८ रू ८ हुआ लाघवार्थ इसको फिर सातसे तष्टित किया ह १ रू १ अब इसमें ७ का भाग देने से ६ शेष रहता है और लब्धि श्वेतक १ कल्पना की बाद हर ७ और लब्धि श्वे १ का घात शेष ६ युत भाज्यराशि ह १ रू १ के तुल्य हुआ

ह १ श्वे ० रू १
ह ० श्वे ७ रू ६

समीकरण करने से हरितक की उन्मिति $\frac{\text{श्वे ७ रू ७}}{\text{ह १}}$ आई यह स्वतः अभिन्न है इसलिये कुट्टक की आवश्यकता नहीं है । अब श्वे ७ रू ७ इससे दूसरे राशि ह १८ रू ४६ में उत्थापन देते हैं—१ हरितक का श्वे ७ रू ७ यह मान है तो १८ हरितक का क्या, यों श्वे १२६ रू १२६ हुआ इसमें रूप ४६ जोड़ देने से दूसरा राशि श्वे १२६ रू ८० हुआ । श्वेतक का मान शून्य ० मान कर अनुपात करते हैं—एक श्वेतक का शून्य ० मान है तो १२६ श्वेतक का क्या, यों ० हुआ इसमें रूप ८० जोड़ देने से दूसरा राशि ८० हुआ और पहिला राशि ५१ व्यक्त है इसभांति दोनों राशि ५१ । ८० । हुए ॥

उदाहरणम्—

नवभिः सप्तभिः क्षुण्णः को राशिस्त्रिंशता हृतः ।
यदग्रैक्यं फलैक्याढ्यं भवेत्षड्विंशतेर्मितम् ॥ ८४ ॥

---

१ ज्ञानराजदैवज्ञाः—

मार्तण्डैर्मुनिभिर्भुजैश्च भजनादेकोऽमतो दृश्यते
विश्वासः स पुनर्द्वयं समभवत्संख्यावतां संमतः ।
ऐक्यं तत्फलतोऽवतारकृतिहृत्सत्तारकाग्रं सखे
तं जानीहि गुरूपदेशविधिना बीजं विजानासि चेत् ॥

अर्थान्तरे—विश्वभासः । अवताराणां कृत्या ह्रियत इति । सत्तारकाग्रं तारकब्रह्मरूपम् । तं परमेश्वरम् । शेषं स्पष्टम् ।

अत्रैकहरत्वाच्छेषयोः फलयोर्युतिर्दर्शनाच्च गुण-योगो गुणकः कल्पितः रू १६ राशिः या १। लब्धैक्य-प्रमाणं कालकस्तद्गुणितं हरं गुणगुणिताद्राशेरपास्य जातं शेषम् या १६ का ३० एतत्फलेन कालकेन युतं या १६ का २९ षड्विंशतिसमं कृत्वा कुट्टकेन प्राग्व-ज्जातं यावत्तावन्मानम् नी २६रू २७ अत्र लब्ध्यग्रयो-गस्यैकतानिर्देशात्क्षेपो न देयः ॥

अथोदाहरणान्तरमनुष्टुभाह—नवभिरिति। को राशिः पृथङ्नवभिः सप्तभिः क्षुण्णः उभयत्र त्रिंशता हृतो ययोः शेषैक्यं फलैक्येन युतं षड्विंशतिसमं स्यात्तं राशिमाख्याहीत्यर्थः ॥

उदाहरण—

वह कौन राशि है जिसको अलग अलग नौ और सात से गुणकर दोनों स्थान में तीस का भाग देते हैं तो शेष तथा लब्धि का योग छब्बीस के समान होता है।

यहां दोनों स्थान में एकही हर होने से और शेषों का तथा लब्धियों का योग होने से लाघव के लिये ६। ७ इन गुणकों के योग १६ को गुणक कल्पना किया और राशि या १ कल्पना किया अब उस कल्पित गुणक १६ से राशि को गुण देने से या १६ हुआ इसमें ३० का भाग देने से यदि लब्धियों के योग के तुल्य लब्धि ग्रहण करें तो शेष भी दोनों शेषों के योग के तुल्य होगा इसलिये लब्धियों के ऐक्य के तुल्य लब्धि कालक १ कल्पना की अब उससे गुणे हुए हर का ३० को गुणगुणित राशि या १६ में घटा देने से शेष या १६ का ३० रहा यह शेषों के

ऐक्य के तुल्य है इस में लब्धियों के ऐक्य का १ को जोड़ देने से २६ के तुल्य हुआ इसलिये उनका समीकरण के अर्थ न्यास ।

या १६ का २६ रू ०

या ० का ० रू २६

समशोधन करने से यावत्तावत् की उन्मिति $\frac{\text{का } २९ \text{ रू } २६}{\text{या } १६}$ आई ।

इसके अभिन्नता के लिये कुट्टक करते हैं —' हरतष्टे धनक्षेपे—' इसरीति के अनुसार न्यास ।

भा. २९ । क्षे. १० ।

हा. १६ । वल्ली हुई १ १ ४ १० ०

उक्तक्रिया करने से लब्धि गुण हुए $\frac{९०}{५०}$ अपने २ हारोंसे तष्टित करने से हुए $\frac{३}{२}$ लब्धि के विषम होने से अपने २ हारों में शुद्ध करने से हुए $\frac{२६}{१४}$ 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या—' इसके अनुसार लब्धि २६ में १ जोड़देने से लब्धि और गुणहुआ $\frac{२७}{१४}$ लब्धि यावत्तावत् का मान और गुण कालक का मान हुआ बाद नीलक १ इष्ट कल्पना करनेसे 'इष्टाहत—' इसके अनुसार सक्षेप लब्धि और गुण हुआ

नी २९ रू २७ यावत्तावत्

नी १६ रू १४ कालक

यहां नीलक का मान व्यक्त शून्य ० मानकर उत्थापन देनेसे यावत्तावत् और कालक का मान २७ । १४ आया ।

आलाप—राशि २७ है, ९ और ७ से गुण देने से हुआ २७ × ९=२४३ । २७ × ७=१८९ इनमें ३० का भाग देने से ८ । ६

लब्धि मिली और ३ । ६ शेष रहे । ८ + ६ + ३ + ६ इनका योग २६ के समान है । और लब्धियों ८ । ६ का योग १४ कालक मान १४ के तुल्य है । यहां पर १ आदि इष्ट मानने से आलाप नहीं मिलेगा क्योंकि लब्धि और शेषों का योग प्रश्न में छब्बीसही के समान कहा हुआ है ॥

उदाहरणम्-

कस्त्रिसप्तनवक्षुण्णो राशिस्त्रिंशद्विभाजितः ।
यदग्रैक्यमपि त्रिंशद्धृतमेकादशाग्रकम् ॥ ८५ ॥

अत्रापि गुणयोगो गुणः प्राग्वत् रू १६ राशिः या १ लब्धं कालकः १ एतद्गुणं हरं गुणगुणिताद्राशेरपास्य शेषम् या १६ का ३० एतदग्रैक्यं त्रिंशत्तष्टमेव ततः प्रथमालापे द्वितीयालापस्यान्तर्भूतत्वादिदमेवैकादशसमं कृत्वा प्राग्वज्जातो राशिः नी ३० रू २६ ।

अथान्यदुदाहरणमनुष्टुभाह-कइति । को राशिस्त्रिधा त्रिभिः सप्तभिर्नवभिः क्षुण्णः त्रिंशता विभाजितः शेषत्रयाणामैक्यं त्रिंशता भक्तमेकादशाग्रं भवति तं राशिं वदेत्यर्थः ।

उदाहरण—

वह कौन राशि है जिसको अलग अलग तीन सात और नौ से गुणकर तीस का भाग देने से जो कुछ शेष रहते हैं उनके योग में तीस का भाग देनेसे ग्यारह शेष रहता है । कल्पना किया कि या १ राशि है, इसको गुणों ३ । ७ । ६ के योग १६ से गुण देनेसे या १६ हुआ इसमें तीस का भाग देने से लब्धि कालक १ कल्पना की, तात्पर्य यह है कि राशि को तीन सात और नौ से गुणकर बाद तीसका भाग देनेसे

जो लब्धि आवें उनका और शेषों के योग में तीसका भाग देने से जो लब्धि आवे उसका योग कालक कल्पना किया क्योंकि राशिको गुणयोग से गुणकर हरका भाग देनेसे शेष हरसे न्यूनही रहेगा तब लब्धि उक्त चार लब्धियोंकी युतिरूप होती है इस लिये शेष ग्यारह के तुल्य होगा। प्रकृतमें हर ३० गुणित लब्धि का ३० को गुणगुणित राशि या १६ में घटा देनेसे शेष या १६ का ३̇० रहा यह ११ के तुल्य है इस लिये समीकरणके अर्थ न्यास।

या १६ का ३̇० रू ०
या ० का ० रू ११

समशोधन करने से यावत्तावत्‌की उन्मिति $\frac{\text{का ३० रू ११}}{\text{या १६}}$ आई अब कुट्टक के लिये न्यास।

भा. ३० । क्षे. ११ ।
हा. १६ । वल्ली १
१
१
२
१
११
०

इससे लब्धि गुण हुए १२१ । ७७ अपने अपने हारों से तष्टित करने से हुए $\frac{१}{१}$ लब्धि के विषम होनेसे अपने अपने हारों में शुद्ध करने से हुए $\frac{२६}{१८}$ यहां लब्धि यावत्तावत् का मान और गुण कालक का मान है अब इष्ट नीलक १ मानने से 'इष्टाहत—' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए।

नी ३० रू २६ यावत्तावत्
नी १६ रू १८ कालक

नीलक में शून्य० का उत्थापन देनेसे यावत्तावत् का मान २६ और कालक का मान १८ आया।

आलाप—राशि २६ है, क्रम से ३। ७। ९ गुण देने से हुआ ८७। २०३। २६१। फिर ३० का भाग देनेसे लब्धि २। ६। ८ और शेष २७। २३। २१ आये। शेषों के योग ७१ में ३० का भाग देने से लब्धि २ और शेष ११ आया। यहां २। ६। ८। २ इन चारों लब्धियों का योग १८ कालकमान के तुल्य है। अथवा राशि २६ को गुण योग १६ से गुण देने से ५५१ हुआ इसमें हर ३० का भाग देने से कालक मान के तुल्य लब्धि १८ आई और शेष ११ के समान रहा। यहां पर राशि या १ को अलग अलग गुणकों से गुणकर प्रत्येक गुणनफल में हरका भाग देने से जो लब्धि आती हैं उनके योग के तुल्य यदि कालक कल्पना किया जावे तो शेषों के ऐक्य में तीसका भाग फिर देना चाहिये इस भांति दो आलाप हुए परन्तु वैसी कल्पना करने से क्रिया का निर्वाह नहीं होता इस लिये चारों लब्धियों के योग के तुल्य कालक कल्पना करने से शेष ११ के समान स्वतः होता है इस लिये 'प्रथमालापे द्वितीयालापस्यान्तर्भूतत्वम्' यह युक्तही कहा है॥

उदाहरणम्—

कस्त्रयोविंशतिक्षुण्णः षष्ठ्याशीत्या हृतः पृथक्।
यदग्रैक्यं शतं दृष्टं कुट्टकज्ञ वदाशु तम्॥ ८६॥

अत्र सूत्रं वृत्तम्—

अत्रैकाधिकवर्णस्य भाज्यस्थस्येप्सिता मितिः।
भागलब्धस्य नो कल्प्या क्रिया व्यभिचरेत्तथा॥७१॥

अतोऽन्यथा यतितव्यम्—अत्र स्वस्वभागहारान्यूने शेषे यथा भवतो यथा च खिलं न स्यात्तथा शेषयोगं विभज्य क्रिया कार्या । तथा कल्पिते शेषे ४० । ६० राशिः या १ एष त्रयोविंशतिगुणः षष्टिहृतः फलं कालकस्तद्गुणं हरं शेषयुतमस्य या २३ समं कृत्वा लब्धं यावत्तावन्मानम्

$\frac{\text{का ६० रू ४० ।}}{\text{या २३}}$ एवमन्यत् $\frac{\text{नी ८० रू ६०}}{\text{या २३}}$ अनयोः

समीकरणे कुट्टकेन लब्धे कालकनीलकमाने

पी ४ रू ३ का

पी ३ रू २ नी

आभ्यामुत्थापने यावत्तावन्मानं भिन्नं स्यादिति कुट्टकेनाभिन्नं जातम् लो २४० रू २० । अथवा शेषे ३० । ७० आभ्यां राशिः लो २४० रू ६० ।

अथान्यदुदाहरणमनुष्टुभाह—क इति । को राशिस्त्रयोविंशत्या गुणः पृथक् षष्ट्या अशीत्या च हृतः, यदग्रयोरैक्यं शतं शतप्रमाणं दृष्टं हे कुट्टकज्ञ, तं राशिमाशु वद ॥

अथैतदुदाहरणोपकारि सूत्रमनुष्टुभाह—अत्रेति । अत्र प्रकृतोदाहृतौ भाज्यस्थस्य एकाधिकवर्णस्य एको यो धिकवर्णः कुट्टकोपयुक्तवर्णादतिरिक्तस्तस्य भागलब्धस्य भागे हृते लब्धस्य मितिरीप्सिताभिमता नो कल्प्या न कार्या । नन्वत्र तथाकल्पने को दोष इत्यत आह—क्रिया व्यभिचरेत्तथेति । तथा कल्पने सति क्रिया व्यभिचरेत्

राशिसिद्ध्यभावात् क्रियाव्यभिचार इति तात्पर्यम् । व्यभिचारस्तु कुट्टककरणानन्तरमवसेयः ॥

उदाहरण—

ऐसा कौन राशि है जिसको तेईस से गुणकर उसमें अलग अलग साठ और अस्सी का भाग देनेसे जो शेष रहें उनका योग सौ होता है ।

कल्पना किया कि या १ राशि है इसको २३ गुण देने से या २३ हुआ इसमें साठ का भाग देने से कालक लब्धि आई और अस्सी का भाग देनेसे नीलक लब्धि आई । अब अपनी अपनी लब्धि से गुणे हुए हरको तेईस से गुणे हुए राशि में घटादेने से शेष रहे ।

या २३ का ६०. । या २३ नी ८०

इन दोनों शेषों का योग ४६ का ६० नी ८० यह १०० के समान है इसलिये समीकरण के अर्थ न्यास ।

या ४६ का ६० नी ८० रू०
या ० का० नी० रू १००

समशोधन करनेसे यावत्तावत्की उन्मिति $\frac{\text{का ६० नी ८० रू १००}}{\text{या ४६}}$

दो का अपवर्तन देने से $\frac{\text{का३० नी४०रू५०}}{\text{या २३}}$ हुई ।

यहां यावत्तावत्की उन्मिति भिन्न आती है उसको कुट्टक द्वारा अभिन्न करनी चाहिये वहां 'अन्येऽपि भाज्ये यदि सन्ति वर्णाः—' इसके अनुसार कालक अथवा नीलक इन दोनों में से किसी एक वर्ण का मान व्यक्त मानना चाहिये सो प्रकृत में अयुक्त है इसी बातको दिखलाने के लिये आचार्यने, अत्रैकाधिक—, यह सूत्र कहा है उसका अर्थ—यहां भाज्य में जो एक अधिकवर्ण अर्थात् कुट्टकानुपयुक्त वर्ण है उसका यथेष्ट व्यक्तमान न मानना चाहिये क्योंकि वैसी कल्पना करने से क्रिया व्यभिचरित होगी ।

इसकारण आचार्य ने उपायान्तर कियाहै जैसा–अपने अपने भागहार से न्यून तथा अखिल शेष कल्पना किये ४० । ६० और राशि या १ है २३ से गुण देनेसे या २३ हुआ इसमें ६० का भाग देनेसे लब्धि कालक १ आई अब लब्धि का १ से हर ६० को गुणकर उसमें शेष ४० जोड़ देने से का ६० रू ४० यह गुणगुणित राशि या २३ के तुल्य हुआ

या ० का ६० रू ४०
या २३ का ० रू ०

समशोधन करने से यावत्तावत् का मान (का ६० रू ४०) / (या २३) आया ।

फिर राशि या १ को २३ से गुणकर उसमें ८० का भाग देने से लब्धि नीलक १ आई फिर लब्धि नी १ से हर ८० को गुणकर उसमें शेष ६० जोड़ देने से नी ८० रू ६० यह गुणगुणित राशि या २३ के तुल्य हुआ

या ० का० नी ८० रू ६०
या २३ का० नी० रू ०

समशोधन करने से यावत्तावत् का मान (नी ८० रू ६०) / (या २३) आया।

इन दोनों मानों का समीकरण के लिये न्यास

(का ६० रू ४०) / (या २३)

(नी ८० रू ६०) / (या २३)

यावत्तावन्मित हरोंके तुल्य होने से छेदापगम करने से हुए

का ६० नी ० रू ४०
का ० नी ८० रू ६०

समशोधन करने से कालक का मान भिन्न $\frac{\text{नी ८० रू २०}}{\text{का ६०}}$ आया, २० का अपवर्तन देने से $\frac{\text{नी ४ रू १}}{\text{का ३}}$ हुआ।

कुट्टक के लिये न्यास।

भा. ४ । क्षे. १ । वल्ली आई १

हा. ३ । १

०

उक्तरीति के अनुसार लब्धिगुण हुए $\frac{१}{१}$ लब्धि के विषम होने के कारण अपने अपने हारों में शुद्ध करने से $\frac{३}{२}$ हुए लब्धि कालक का मान और गुण नीलक का मान है इष्ट पीतक १ मानकर 'इष्टाहत–' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए

पी ४ रू ३ कालक

पी ३ रू २ नीलक

इन से दोनों यावत्तावत् के मान में उत्थापन देते हैं वहां पहिला मान का $\frac{\text{६० रू ४०}}{\text{या २३}}$ है। १ कालक का पी ४ रू ३ यह मान है तो कालक ६० का क्या, यों पी २४० रू १८० हुआ इसमें रूप ४० जोड़कर हर या २३ का भाग देने से यावत्तावत् का मान भिन्न हुआ $\frac{\text{पी २४० रू २२०}}{\text{या २३}}$

दूसरा यावत्तावत् का मान $\frac{\text{नी ८० रू ६०}}{\text{या २३}}$ आया है। १ नीलक का पी ३ रू २ यह मान है तो नीलक ८० का क्या, यों पी २४० रू १६० हुआ इसमें रूप ६० जोड़कर हर या २३ का भाग देने से यावत्तावत् का मान $\frac{\text{पी २४० रू २२०}}{\text{या २३}}$ आया।

अब उसको अभिन्न जानने के लिये 'हरतष्टे धनक्षेपे—' इस सूत्र के अनुसार न्यास ।

भा. २४० । क्षे. १३ । वल्ली १०
हा. २३ । २
३
१३
०

इससे उक्तरीति के अनुसार लब्धि गुण हुए $\frac{६४६}{६१}$ अपने अपने हारों से तष्टित करने से हुए $\frac{२२६}{२२}$ लब्धि के विषम होने से अपने अपने हारों में शुद्ध करने से $\frac{११}{१}$ हुए फिर 'क्षेपतक्षणलाभाढ्या—' इसके अनुसार लब्धि ११ में ६ जोड़ देने से २० हुई इसभांति लब्धि और गुण हुआ $\frac{२०}{१}$ लब्धि यावत्तावत् का मान गुण नीलक का मान है अब लोहितक १ इष्ट मान कर 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इसके अनुसार लब्धि गुण सक्षेप हुए

लो २४० रू २० यावत्तावत्
लो २३ रू १ पीतक

लोहितक में शून्य ० का उत्थापन देने से यावत्तावत् का मान २० आया यही राशि है । अथवा ३० । ७० ये शेष कल्पना किये तो उक्त रीति के अनुसार लो २४० रू ६० राशि हुआ ॥

उदाहरणम्—

कः पञ्चगुणितो राशिस्त्रयोदशविभाजितः ।
यल्लब्धं राशिना युक्तं त्रिंशज्जाता वदाशु तम् ॥८७॥

अत्र राशिः या १ । एष पञ्चगुणस्त्रयोदशहृतः फलं कालकः १ एतत्फलं राशियुतं या १ का १ त्रिंशत्समं

क्रियत इत्युक्तं यत इयं क्रिया निराधारा नात्र गुणो न च हर उपलभ्यते तथा चोक्तम्-

'निराधारा क्रिया यत्रानियताधारिकापि वा ।
न तत्र योजयेत्तां तु कथं वा सा प्रवर्तते ॥'

अतोऽत्रान्यथा यतितव्यम्-अत्र किल हरतुल्ये राशौ कल्पिते १३ राशिफलयोगेनानेन १८ यदीदं ५ फलं तदा त्रिंशता किमिति लब्धं फलम् २५/३ एतत्त्रिंशतोऽपास्य शेषं जातो राशिः ६५/३ ।

अथान्यदुदाहरणमनुष्टुभाह-क इति । को राशिः पञ्चगुणितः त्रयोदशविभाजितः एवं यल्लब्धं तद्राशिना युक्तं सत् त्रिंशज्जाताः संपन्नाः तं राशिमाशु वद ॥

अथैतदुदाहरणोपयोगिनीं वृद्धिसंमतिमनुष्टुभाह-निराधारेति । यत्र खलूदाहृतौ क्रिया प्रश्नोत्तरसाधनोपायसंपत् निराधारा आधारशून्या । यमालम्ब्य क्रिया वितता भवति तेन रहितेत्यर्थः । वा अनियताधारिकापि स्यात् । अनियतोऽनिर्धारितः संदेहपदवीमारूढ इति यावत् आधारो यस्या सा । तत्र तां क्रियां तु न योजयेत् । एवं सति को दोष इत्यत आह-कथं वा सा प्रवर्त्तते निराधारानियताधारवत्तया च तस्याः प्रवृत्तिरेव नास्तीति तात्पर्यम् ॥

---

१ अत्रैकवर्णसमीकृतिद्वारेण तु सम्यङ्निर्वाहः। यथा राशिः या १ पञ्चगुणस्त्रयोदशभक्तः या ५/१३ समच्छेदेन राशियुतः या १८/१३ त्रिंशता सम इति समच्छेदीकृत्य छेदगमे न्यासः या १८ रू० । या ० रू ३९० ।

अतः समशोधनेन लब्धा यावत्तावदुन्मितिः ३९०/१८ षड्भिरपवर्तें कृते जातः स एव राशिः ६५/३ ॥

उदाहरण—

वह कौन राशि है जिसको पांचसे गुणकर तेरहका भाग देने से जो शेष रहता है उसमें राशिको जोड़ देने से तीस होते हैं।

कल्पना किया कि राशि या १ है पांच से गुणे हुए इसमें तेरह का भाग देनेसे लब्धि का १ आई इसको राशि में जोड़ देनेसे या १ का १ हुआ यह ३० के समान है परन्तु यहां पर क्रिया का निर्वाह नहीं होता क्योंकि कोई गुण हर नहीं उपलब्ध हैं इसीलिये आचार्यने कहा है कि जिस स्थान में क्रिया निराधार अथवा अनियताधार होवे वहां उसे नहीं करना चाहिये इस कारण इष्टकर्म से राशि का आनयन किया है। जैसा—हरके तुल्य राशि कल्पना किया १३ यह ५ से गुण देने से ६५ हुआ इसमें १३ का भाग देने से ५ लब्धि आई इसमें १३ जोड़ देनेसे १८ हुआ, यदि इस राशि फल योग १८ में ५ फल आता है तो राशि फल योग ३० में क्या, यों $\frac{१५०}{१८}$ हुआ इसमें ६ का अपवर्तन देने से $\frac{२५}{३}$ हुआ अब इसको समच्छेद करके ३० में घटाने से राशि शेष रहा $\frac{६५}{३} = २१\frac{२}{३}$। आलाप—राशि $\frac{६५}{३}$ है ५ से गुण देने से $\frac{६५ \times ५}{३}$ हुआ इसमें १३ का भाग देने से $\frac{६५ \times ५}{३ \times १३}$ हुआ अब $\frac{२५}{३}$ में राशि $\frac{६५}{३}$ जोड़ देने से $\frac{९०}{३}$ हुआ हर ३ का भाग देने से ३० हुए॥

अथान्योदाहरणम्—

'षडष्टशतकाः क्रीत्वा समार्घेण फलानि ये।
विक्रीय च पुनः शेषमेकैकं पञ्चभिः पणैः॥
जाताः समपणास्तेषां कः क्रयो विक्रयश्च कः।'
अत्र क्रयः या १ विक्रय इष्टं दशाधिकं शतम् ११०

क्रयः षड्गुणितो विक्रयेण हृतो लब्धिः कालकः १ लब्धिगुणं हरं षड्गुणिताद्राशेरपास्य जातम् या ६ का ११० इदं पञ्चगुणं लब्धियुतं जाताः प्रथमस्य पणाः या ३० का ५४६ । एवं द्वितीयतृतीययोरपि पणाः साध्याः तत्र लब्धिरनुपातेन–यदि षण्णां कालकस्तदाष्टानां शतस्य च किमिति लब्धिरष्टानां का $\frac{४}{३}$ शतस्य च का $\frac{५०}{३}$ । लब्धिगुणं हरं भाज्याद-पास्य शेषं पञ्चगुणं लब्धियुतं जाता द्वितीयस्य पणाः या $\frac{१२०}{३}$ का $\frac{२१६६}{३}$ । एवं तृतीयस्य या $\frac{१५००}{३}$ का $\frac{२७४५०}{३}$ । एते सर्वे समा इति समच्छेदीकृत्य छेदगमे प्रथमद्वितीयपक्षयोर्द्वितीयतृतीययोः समीकरणेन च लब्धा यावत्तावदुन्मितिस्तुल्यैव का $\frac{५४६}{या ३०}$ अत्र कुट्टकाल्लब्धं यावत्तावन्मानम् नी ५४६ रू० । नील-कमेकेनोत्थाप्य जातः क्रयः ५४६ समधनम् । इदम-नियताधारक्रियायामाद्यैरुदाहृत्य यथाकथंचित्समी-करणंकृत्वाऽऽनीतम् । इयं तथा कल्पना कृता यथात्रा-नियताधारायामपि नियताधारक्रियावत्फलमाग-

च्छति एवंविधकल्पनाच्च क्रिया संकोचाद्यत्र व्यभिचरति तत्र बुद्धिमद्भिर्बुध्द्या संधेयम् ।

तथा चोक्तम्—

आलापो मतिरमलाऽ
व्यक्तानां कल्पना समीकरणम् ।
त्रैराशिकमिति बीजे
सर्वत्र भवेक्रियाहेतुः ॥

इति श्रीभास्करीये बीजगणितेऽनेकवर्णसमीकरणम् ।

अथ सार्धानुष्टुभोक्तमाद्योदाहरणं प्रदर्शयति—षडष्टशतका इति । षट् अष्टौ शतं च धनं विद्यते येषां ते षडष्टशताः । 'अर्श आदिभ्योऽच्' इति मत्वर्थीयोऽच् प्रत्ययः । त एव षडष्टशतकाः । स्वार्थिकः कन् । एवंविधा ये फलव्यापारिणः समार्घेण समेनैव मूल्येन स्वस्वपणानुपातेन फलानि क्रीत्वा तानि समेनैव केनचिन्मूल्येन विक्रीय च यच्छेषं पणविक्रयान्न्यूनमेकैकं फलं पञ्चभिः पञ्चभिः पणैः पुनर्विक्रीय समपणाः । समाः पणा येषां ते समपणाः । एवं चेत्तर्हि तेषां फलव्यापारिणां क्रयः पणलभ्यफलप्रमाणं विक्रयः पणदेयफलप्रमाणं किमिति प्रश्नः ॥

अत्र व्यक्तरीत्या नवाङ्कुरकर्तृगुरुणा विष्णुदैवज्ञेन कृतं सूत्रं यथा—

शेषविक्रयहतेष्टविक्रयः शीतरश्मिरहितो भवेत्क्रयः ।
पुंधनादधिक इष्टविक्रयः कल्प्यमित्थमवगम्य धीमता ॥

यथा—शेषविक्रयेण ५ इष्टविक्रयो ११० हतः ५५० एकोनो जातः क्रयः ५४९ ।

अत्र वासना। आलापे कृते क्रये स्वगुणगुणिते विक्रयविहृते लब्धिः शेषंच तत्र गुणोनविक्रयतुल्यमेव शेषम् गु १ वि १ इदं शेषविक्रयगुणितम् शेवि. गु १ शेवि. वि १ इदं गुणगुणितशेषविक्रयमित्या रूपोनया लब्ध्या गु. शेवि १ रू १ युतं तत्र तुल्यधनर्णयोः प्रथमखण्डयोर्नाशे कृते समपणमानमुर्वरितम् शेवि. वि १ रू १ अतः 'शेषविक्रयहतेष्टविक्रयः-' इति सूत्रमुपपद्यते।

इह पूर्वक्रयस्य ५४९ समपणमानं ५४९ साम्येनावगमात् केवलक्रये ५४९ सैककरणेन ५५० विक्रय ११० भक्तेन ५ लब्धिः शेषविक्रयतुल्यैव। इयं खलु गुणकैः ६। ८। १०० गुणिता ३०।४०। ५००। एता रूपोना एव लब्धयः २९। ३९। ४९९। एताः शेषविक्रयमित्या ५ पृथक् पृथग्गुण ६। ८। १०० गुणितया रूपोनया २९। ३९। ४९९ समाना एव आसते। अथ गुणै ६। ८। १०० रूना इष्टविक्रया ११० एव शेषाणि १०४। १०२। १० भवन्ति कथमन्यथा पूर्वक्रयस्य समपणतुल्यत्वं संपद्यते।

अथवा क्रयः या १ स्वगुण ६ गुणितः या ६ इष्टविक्रयेण ११० भक्तो लब्धं कालकः १ इदं हरगुणितं भाज्याद्विशोध्य शेषम् या ६ का ११० शेषविक्रयगुणम् या ३० का ५५० लब्ध्या का १ युतं या ३० का ५४९ समपणमानमतो यावत्तावत्सममिति न्यासः।

या ३० का ५४९
या १ का ०

समशोधनाल्लब्धं यावत्तावन्मानम् $\frac{\text{का ५४९}}{\text{या २९}}$

अत्र कुट्टकेन यावत्तावन्मानं ५४९ कालकमानं च २९ एवमन्यगुणादपि तद्यथा-राशिः या १ अष्टगुणितः या ८ विक्रयेण ११० भक्तो लब्धं नीलकः १ इदं हरगुणितं नी ११० भाज्याद्विशोध्य

शेषम् या ८ नी ११० शेषविक्रय ५ गुणितम् या ४० नी ५५० लब्ध्या नी १ युतं या ४० नी ५४९ समपणमानमतो यावत्तावत्सममिति समशोधनाल्लब्धं यावत्तावन्मानम् $\frac{\text{नी } ५४९}{\text{या } ३९}$

अत्र कुट्टकाज्जातं यावत्तावन्मानं ५४९ नीलकमानं च ३९ अथैवं क्रयः या १ शतगुणितः या १०० विक्रयेण ११० भक्तो लब्धं पीतकः १ इदं हरगुणितं पी ११० भाज्यादपास्य शेषम् या १०० पी ११० पञ्चगुणितम् या ५०० पी ५५० लब्ध्या पी १ युतं समपणमानं या ५०० पी ५४९ यावत्तावत्सममिति साम्यकरणाल्लब्धं यावत्तावन्मानम् $\frac{\text{पी } ५४९}{\text{या } ४९९}$

अत्र कुट्टकेन क्षेपाभावत्वाल्लब्धिगुणौ $\frac{०}{०}$ 'इष्टाहतस्वस्वहरेण—' इत्यादिना यावत्तावन्मानम् ५४९ पीतकमानं च ४९९ अत्र सर्वत्र क्रय एक एव ५४९ कालकनीलकपीतकमानानि लब्धयः २९ । ३९ । ४९९ अत्र शेषविक्रय ५ हतेष्टविक्रयो ५०० रूपोन एव क्रयःसिध्यति ५४९ । परंतु पुरुषधनाधिक एवेष्टविक्रयः ११० कल्प्यतोऽन्त्यधनं शतं १०० तस्मादधिकमेवास्ति ११० तन्न्यूनत्वे आलापासंभवः शेषविक्रय ५ पुरुषधन १०० घातस्य ५०० रूपोनस्य ४९९ लब्धित्वेन लब्ध्यधिकमेव समपणमानं शेषस्य पञ्चगुणितस्य लब्धियुतस्य समपणमानत्वात् ४४९ अत उक्तं पुंधनाधिनाधिक इहेष्टविक्रयः कल्प्य इत्थमवगम्य धीमता, इति । अथात्र षडष्टशतानां धनानां ६ । ८ । १०० द्वाभ्यामपवर्तनसंभवाद्यदि समपणमानस्यापि द्व्यपवर्तनसंभवस्तदेष्टविक्रयः पुंधनाल्पोऽपि संभवति तत्रेष्टविक्रयोऽपवर्ताङ्कगुणितो यथा पुंधनादधिकः स्यात्तथात्रेष्टविक्रयकल्पने उक्तालापः स्यादिति । यथा विक्रयः कल्पितः ५१ अयमपवर्तनाङ्क २ गुणितः १०२ पुरुषधनात्

१०० अधिकोऽस्ति तेनेष्टविक्रयः ५१ शेषविक्रयः ५ गुणितः २५५ रूपोनः २५४ पूर्वरीत्या जातः क्रयः २५४ अयमपवर्ताङ्क २ भक्तः प्रकृतविक्रये ५१ जातः क्रयः १२७ ।

आलापो यथा—क्रयः १२७ षडष्टशतकैर्गुणितः ७६२ । १० १६ । १२७०० सर्वत्र विक्रयेण ५१ भक्तो लब्धानि १४ । १९ । २४९ । शेषाणि ४८ । ४७ । १ पञ्चगुणानि २४० । २३५ । ५ स्वस्वलब्धियुतानि जातानि समपणानि २५४ । २५४ । २५४ । अत्रेष्टविक्रयस्याज्ञानात्कुट्टकेन तस्य ज्ञानं जायते पञ्चमितो भाज्यः ५ केन गुणेन गुणितो रूपहीनो द्विभक्तः शुध्यतीति गुण एव विक्रयो लब्धिः क्रय इति यथा न्यासः

भा. ५ । क्षे. १ । वल्ली २
हा. २ । १
०

लब्धिगुणौ २ । १ वल्ल्या विषमत्वाद्दणक्षेपत्वाच्चाविकृतावेव २ । अत्रेष्टं कल्पितम् २५ 'इष्टाहत—' इत्यादिना लब्धिः १२७ गुणश्च ५१ तत्र लब्धिःक्रयः १२७ गुणो विक्रयः ५१ अत्र धनानां ६ । ८ । १०० समपणमानस्य २५४ द्वाभ्यामपवर्तनसंभवादनयोरेकस्यापवर्तनं कृत्वालापः स्यात् । यथा—समपणमानं २५४ द्वाभ्यामपवर्तितं जातः क्रयः १२७ अथवा धनान्येव द्वाभ्यामपवर्तितानि ३ । ४ । ५० तत्र क्रयः २५४ अत्राप्यालापः संभवति[1] ।

---

१ । कुट्टकागतक्रयविक्रयसाधने श्रीबापुदेवपादोक्तं सूत्रम्—
शेषविक्रयहृद्रूपं भाज्यं शुद्धिं च रूपकम् ।
पुंस्वापवर्तनं हारं कृत्वा कल्प्यस्तथा गुणः ॥
यथा पुंस्वापवर्तघ्नः पुंधनादधिको भवेत् ।
गुणः स्याद् विक्रयस्तत्र तथा लब्धिर्भवेत्क्रयः ॥

उदाहरण—

क, ख, ग, ये तीन व्यापारियों का धन क्रम से ६ । ८ और १०० पण है, उन्होंने तुल्य भाव से कुछ फल खरीद कर तुल्यही भाव से बेंच दिये जो फल शेष रहगये उनको पांच पांच पणपर बेंचदिये तो कहो क्रय और विक्रय क्या है ।

कल्पना किया कि क्रयका मान या १ है, ६ से गुण देनेसे या ६ हुआ. इसमें इष्ट विक्रय ११० का भाग देने से कालक, लब्ध आया अब लब्धि गुणित हर का ११० को छ से गुणे हुए क्रय या ६ में घटा देने से शेष या ६ का ११̇० रहा इसको ५ से गुणदेने से या ३० का ५५̇० हुआ इसमें लब्धि का १ जोड़ देने से पहिले का पण हुआ ।

या ३० का ५४̇९ I

पुंस्वापवर्तो भाज्यश्च न भवेतां यदा दृढौ ।
पुंस्वापवर्तनं रूपं तदा कल्प्यं विजानता ॥

